लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बैशाख शुक्ल पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 47, पृष्ठ 18+4, मूल्य: 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

मुरादाबाद, रविवार, 12 मई 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, परिवार का महत्व और बदलता स्वरूप व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

**आज का मौसम** 39.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 23 | सूर्यास्त 18 : 47



सरफरोश के सीक्वल में काम करना चाहते हैं आमिर...17

# दूल्हे सहित चार बाराती जिंदा जले

कार्यालय संवाददाता, जालौन



हादसे के बाद धू-धू कर जलती कार।

- झांसी-कानपुर हाईवे पर बड़ागांव क्षेत्र के पारीछा ओवरब्रिज पर हुआ हादसा
- एरच थाना क्षेत्र के बिलाटी गांव से बड़ागांव क्षेत्र के छापर जा रही थी बारात

**अमृत विचार** : झांसी-कानपुर हाईवे पर शुक्रवार देर रात डीसीएम और कार की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। इससे कार सवार दूल्हे समेत चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। बारात एरच थाना क्षेत्र के बिलाटी गांव से बड़ागांव थाना क्षेत्र के छापर जा रही थी। पुलिस और दमकल टीम ने कार से दो घायलों को निकालकर झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। हादसे के बाद वर-कन्या पक्ष में मातम पसर गया।

एरच थाना क्षेत्र के बिलाटी गांव से आकाश (23) बारात लेकर बड़ागांव थाना क्षेत्र के छापर गांव जा रहा था। उसके साथ कार में भतीजा ईशु (7) और आशीष (20) समेत अन्य परिजन सवार थे। शुक्रवार रात करीब 12 बजे कार जैसे ही परीछा ओवरब्रिज के पास पहुंची, तभी पीछे से तेज रफ्तार आए डीसीएम ने कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद कार में आग लग गई। सभी बाराती कार के अंदर फंस गए। कोई भी बाहर नहीं निकल पाया।

दूल्हे की कार के पीछे परिवार के लोग दूसरी गाड़ी से चल रहे थे। जब तक वे लोग पहुंचे, तब तक कार आग की लपटों से घिर गई। परिजनों ने पुलिस और दमकल को सूचना दी। पुलिस के साथ पहुंची दमकल टीम ने किसी तरह आग बुझाकर कार के अंदर से लोगों को निकाला। तब तक आकाश, ईशू, आशीष समेत कार ड्राइवर की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए।

### मणिशंकर अय्यर के परमाणु बम वाले बयान पर प्रधानमंत्री ने कसा तंज

# पाकिस्तान बम बेचने के लिए तलाश रहा खरीदार : मोदी

ओडिशा, एजेंसी



- ओडिशा में बोले प्रधानमंत्री-50 सीट भी नहीं जीत पाएगी कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 50 सीट भी नहीं जीत पाएगी और चुनाव के बाद उसे विपक्षी दल का दर्जा भी नहीं मिलेगा। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के पाकिस्तान के पास परमाणु बम संबंधी बयान पर तंज कसते हुए मोदी ने कहा कि इन डरे हुए लोगों (कांग्रेस) ने देश की जनता के उत्साह को खत्म कर दिया है। आज पाकिस्तान ऐसी स्थिति में है कि वह अपने पास मौजूद बम को संभाल नहीं पा रहा है। वे अब अपने बम बेचने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन उन्हें खरीदार नहीं मिल रहे हैं क्योंकि लोगों को पता है कि उनके बम खराब गुणवत्ता के हैं।

कंधमाल, बोलंगीर और बारगढ़ लोकसभा सीट पर चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि ओडिशा की 'अस्मिता' खतरे में है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार बनेगी और ओडिशा में भाजपा सरकार का मुख्यमंत्री वही बेटी या बेटा बनेगा जो उड़िया भाषा और उड़िया संस्कृति को समझता हो। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस को लोकसभा में प्रमुख विपक्षी दल बनने के लिए 10 प्रतिशत सीट नहीं मिल पाएंगी। राहुल गांधी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादे 2014 के चुनाव के बाद से वही स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं...।

### मोदी के चुनावी भाषण में होती हैं खोखली बातें: प्रियंका



**नंदूरबार।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने चुनावी भाषणों में खोखली बातें करते हैं, उनकी बातों में कोई विजन नहीं होता है। उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत इंदिरा गांधी के साहस और दृढ़ संकल्प जैसे गुणों को अपनाने चाहिए। वह नंदूरबार से कांग्रेस प्रत्याशी गोवाल पाडवी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित कर रही थीं।

### मोदी की डोर टेंपो वाले अरबपतियों के हाथ : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए उन्हें टेंपो वाले अरबपतियों का एक कठपुतली राजा बताया। कांग्रेस को अडाणी और अंबानी से टेंपो में नकदी मिलने की टिप्पणी को लेकर मोदी पर हमलावर हुए गांधी ने एक्स पर एक वीडियो साझा किया जिसमें शुक्रवार को लखनऊ में एक कार्यक्रम में उनके भाषण के कुछ अंश शामिल हैं।

## एक नजर

### स्कूलों में ग्रीष्मावकाश 20 मई से 15 जून तक

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यायलों में 20 मई से से 15 जून तक ग्रीष्मावकाश रहेगा। हालांकि विद्यालय 18 मई से ही बंद हो जाएंगे क्योंकि 19 मई को रविवार पड़ रहा है। वहीं 16 जून रविवार और 17 जून को ईद उल अजहा का अवकाश होने के कारण 18 जून को ही स्कूल खुलेंगे।

### चौथे चरण की सीटों पर चुनाव प्रचार थमा

**लखनऊ।** प्रदेश में चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों व एक विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए शनिवार की शाम प्रचार थम गया। मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां 12 मई को रवाना होंगी। इन सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण के सभी लोकसभा सीटों के लिए 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जबकि शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा उपचुनाव के लिए 10 प्रत्याशी हैं।

### हेमंत सोरेन मामले में तीन और गिरफ्तार

**नई दिल्ली/रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कथित तौर पर भूमि कब्जा करने से जुड़े धन शोधन मामले के सिलसिले में तीन और गिरफ्तारियां की हैं। मामले में ईडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कुछ अन्य को गिरफ्तार किया था। ईडी के अनुसार, धन शोधन (निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत नौ मई को संजीत कुमार, मोहम्मद इरशाद और तापस घोष को हिरासत में लिया गया था।

### टीएमसी विधायक ने वापस ली याचिका

**नई दिल्ली।** जेल में बंद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक माणिक भट्टाचार्य ने पश्चिम बंगाल में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों की भर्ती में कथित धांधली से संबंधित मामले में अपनी जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट से वापस ले ली है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने भट्टाचार्य को हाईकोर्ट के समक्ष कुछ अतिरिक्त दस्तावेजों के साथ एक नई याचिका दायर करने की अनुमति दे दी। पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट याचिकाकर्ता द्वारा दायर याचिका पर गुण-दोष के आधार पर और यथासंभव शीघ्रता से विचार कर सकता है।

# तीन बच्चों, मां-पत्नी की हत्या कर खुद को भी गोली मारकर दी जान

## साले का आरोप- जमीन के विवाद में पूरे परिवार को सुलाया गया मौत की नींद

संवाददाता, सीतापुर



अनुराग अपनी पत्नी प्रियंका और तीन बच्चों के साथ (फाइल फोटो)।

**मौत का तांडव**

- वर्ष 2023 में पिता की मौत के बाद अनुराग और उसके भाई अजीत के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहा था विवाद

> अनुराग द्वारा मां, पत्नी व तीन बच्चों की हत्या करने के बाद स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर लेने की बात सामने आ रही है। घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त असलहा व हथौड़ा बरामद किया गया है। प्रत्येक पहलू की गहनता से छानबीन की जा रही है।
> -चक्रेश मिश्रा, एसपी सीतापुर

**अमृत विचार** : सीतापुर जिले के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के मां, पत्नी और तीन बच्चों की हत्या करने के बाद अधेड़ ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पत्नी और मां को गोली मारकर और बच्चों को छत से फेंककर हत्या की गई। ग्रामीणों का कहना है कि हत्या करने वाला नशे का आदी था। जबकि मृतका प्रियंका (हत्यारोपी की पत्नी) का भाई भूमि विवाद में छह लोगों की हत्या का दावा कर रहा है।

ग्राम पाल्हापुर निवासी अनुराग सिंह (45) पुत्र स्व. वीरेंद्र सिंह ने शनिवार तड़के तीन बजे घर में सो रही मां सावित्री (65) व पत्नी प्रियंका (39) को पहले गोली मारी फिर पत्नी के सिर पर हथौड़े से वार किया। इसके बाद बेटी आर्ना (12), आरवी (8) और पुत्र आद्विक (5) को छत से नीचे फेंक दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद अनुराग ने स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अनुराग के भाई अजीत की सूचना पर पहुंची पुलिस व एफएसएल टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मौके से खून से सना हथौड़ा भी बरामद किया है। अजीत ने बताया कि शुक्रवार देर शाम भाई अनुराग की पत्नी और उसके बच्चे लखनऊ से आए थे। देर शाम दोनों के बीच शुरू हुआ विवाद देर रात तक चलता रहा। इस दौरान वह जाकर कमरे में सो गया। मां, भाभी व तीनों बच्चों की मौत के बारे में उसे कोई जानकारी नहीं हो सकी। छह मौतों के बाद भाई अजीत की यह बात किसी के गले नहीं उतर रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक अनुराग की पत्नी प्रियंका लखनऊ स्थित जानकीपुरम में निजी फ्लैट में अपने तीन बच्चों के साथ रहकर एक निजी इंश्योरेंस कंपनी में सेवा देती थी। परिजनों ने बताया कि प्रियंका अपने तीनों बच्चों को लखनऊ स्थित सीएमएस अलीगंज में पढ़ा रही थी। गुरुवार को स्कूल बंद होने के बाद अगले दिन वह बच्चों को लेकर गांव आई थी। अनुराग और प्रियंका की शादी करीब 14 साल पहले हुई थी। अनुराग ने सिविल सेवा के लिए तैयारी भी की थी। सफलता न मिलने पर अनुराग गांव जाकर खेती में अपने पिता का हाथ बंटाने लगा था। वहीं, प्रियंका के भाई आदित्य का कहना है कि वर्ष 2023 में पिता की मौत के बाद अनुराग व उसके भाई अजीत के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। आदित्य ने दावा किया कि सभी छह लोगों की हत्या की गई है।

# शाह को बनाया जाएगा प्रधानमंत्री योगी हटा दिए जाएंगे : केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी




- भाजपा लोकसभा चुनाव जीतती है तो जेल में होंगे विपक्षी नेता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अगले साल रिटायर हो जाएंगे। वह (मोदी) अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं। यह भी कहा कि यदि भाजपा सत्ता में आई तो पार्टी दो महीने के भीतर उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बदल देगी। दावा किया कि यदि भाजपा लोकसभा चुनाव जीतती है तो पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव समेत सभी विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया जाएगा।

केजरीवाल ने यहां आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दावा किया कि भाजपा सत्ता में वापस नहीं आएगी और चार जून को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी केंद्र में सरकार का हिस्सा बनेगी। हम दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाएंगे।

केजरीवाल ने कहा कि ये लोग 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस' (इंडिया) गठबंधन से उनके चेहरे के बारे में पूछते हैं। मैं भाजपा से पूछता हूं कि उनका प्रधानमंत्री कौन होगा? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी अगले साल 17 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं। उन्होंने नियम बनाया था कि 75 साल की उम्र वालों को 'रिटायर' कर दिया जाएगा। उन्होंने लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, सुमित्रा महाजन को रिटायर (सेवानिवृत्त) कर दिया। उन्होंने कहा कि मोदी भी अगले साल रिटायर हो जाएंगे।

जब केजरीवाल जेल में थे तो भाजपा ने उनसे इस्तीफे की मांग की थी। इस्तीफा नहीं देने के बारे में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का पद मेरे लिए महत्वपूर्ण नहीं है। मैंने मुख्यमंत्री पद नहीं छोड़ा क्योंकि एक फर्जी मामले में मुझे इस्तीफा देने के लिए मजबूर करने की साजिश रची गई थी।

### शाह का जवाब-मोदी ही करते रहेंगे नेतृत्व



**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल के दावे पर गृहमंत्री अमित शाह ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे। शाह ने कहा पूर्व हो, पश्चिम हो, उत्तर हो या दक्षिण होइस देश की जनता हर कोने में प्रधानमंत्री मोदी के प्रचंड समर्थन में खड़ी है। इंडिया गठबंधन के नेताओं को पता है कि भाजपा 400 पार करने जा रही है और मोदी तीसरी बार इस देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। इसलिए, केजरीवाल इस प्रकार की अफवाह फैला रहे हैं। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि नरेंद्र मोदी ही 2029 तक नेतृत्व करेंगे और मोदी ही आने वाले चुनाव का नेतृत्व करेंगे।

# दिल्ली में तूफान से दो की मौत, 23 घायल

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भी शटरिंग गिरने से एक की मौत

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तूफान से संबंधित घटनाओं में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। कई स्थानों पर तेज हवाओं के कारण पेड़, बिजली के खंभे उखड़ गए और दीवारों के कुछ हिस्से गिर गए। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार देर रात आई धूल भरी आंधी के कारण कई इलाकों में बिजली की आपूर्ति भी बाधित हो गई। पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी में जनकपुरी फ्लाईओवर के पास एक पेड़ की शाखा गिरने से दोपहिया वाहन सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना में एक कार भी क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन उसमें सवार लोग सुरक्षित हैं। रात करीब 11 बजे केएन काटजू मार्ग पर आईबी ब्लॉक के पास एक पेड़ के नीचे दबने एक मजदूर की मौत हो गई।

वहीं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शुक्रवार रात आई तेज आंधी के चलते नोएडा के सेक्टर 62 स्थित एलआईसी भवन के पास स्थित एक इमारत में लोहे की शटरिंग गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई है और तीन अन्य की हालत नाजुक बताई जाती है। ये मजदूर शटरिंग गिरने से लोहे के पाइप के नीचे दब गए थे।

# एनआईए ने जम्मू में छह स्थानों पर ली तलाशी

- पाकिस्तान समर्थित आतंकी साजिश मामला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने की पाकिस्तान समर्थित साजिश मामले में जम्मू में छह स्थानों पर तलाशी ली। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि जम्मू और कश्मीर में 'स्टिकी' बम, आईईडी और छोटे हथियारों आदि के साथ हिंसक हमले करने के लिए प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनकी अनुषंगी शाखाओं द्वारा साजिश रचने से संबंधित एक मामले में एनआईए की कई टीमों ने क्षेत्र के डोडा, रामबन और किश्तवाड़ जिलों में व्यापक तलाशी ली गई। तलाशी में 'हाइब्रिड' आतंकवादियों, आम जनता के बीच रहने वाले आतंकियों के सहयोगियों, आतंकी संगठनों की नवगठित अनुषंगी शाखाओं के सदस्यों और सहयोगियों, प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े उनके समर्थकों से संबंधित कई परिसर से डिजिटल उपकरणों, दस्तावेजों आदि सहित कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई हैं।

# कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में भाजपा नेता गौड़ा गिरफ्तार

बेंगलुरु, एजेंसी

- प्रज्ज्वल रेवन्ना से संबंधित अश्लील वीडियो लीक करने में पुलिस ने की कार्रवाई

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता देवराजे गौड़ा को हासन के सांसद एवं जनता दल सेक्युलर (जदएस) नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना को फंसाने वाले कथित अश्लील वीडियो को लीक करने के आरोप में पुलिस ने चित्रदुर्ग जिले से गिरफ्तार कर लिया है।

उनके खिलाफ एक महिला का यौन शोषण करने का भी मामला है। पुलिस ने भाजपा नेता एवं पेशे से अधिवक्ता गौड़ा को जिले के गुलीहाल टोल गेट से शुक्रवार रात गिरफ्तार किया। उन पर रेवन्ना और पीड़ित महिलाओं के वीडियो लीक करने का आरोप है। गौड़ा पर हासन के होलेनरसीपुर की एक महिला ने यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। महिला ने उनके खिलाफ एक अप्रैल 2024 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। महिला ने प्राथमिकी में आरोप लगाए कि गौड़ा ने उसकी संपत्ति बेचने में मदद करने के बहाने करीब 10 महीने तक उसका यौन शोषण किया। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2023 में लोकसभा चुनाव को लेकर जदएस के साथ गठबंधन होने से पहले गौड़ा ने रेवन्ना के कथित यौन शोषण के मामले को केंद्रीय नेतृत्व के ध्यान में लाया था।

# प्रख्यात पंजाबी कवि व लेखक सुरजीत पातर का निधन



**लुधियाना।** प्रख्यात पंजाबी कवि एवं लेखक सुरजीत सिंह पातर का शनिवार की सुबह निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। उनके परिजनों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े छह बजे उनकी पत्नी भूपिंदर कौर ने उन्हें जगाने की कोशिश की लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया, जिसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पातर के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं जिनमें से एक ऑस्ट्रेलिया में रहता है। पातर के करीबी सहयोगी गुरभजन गिल ने कहा कि पातर के बेटे के ऑस्ट्रेलिया से आने के बाद सोमवार को उनका का अंतिम संस्कार किया जा सकता है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सहित कई नेताओं ने पातर के निधन पर दुख व्यक्त किया और कहा कि यह पंजाबी साहित्यिक क्षेत्र के लिए एक बड़ी क्षति है। पातर को 2012 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार, पंचनद पुरस्कार, सरस्वती सम्मान और कुसुमाग्रज साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

# ड्रेस कोड : बीएसएफ में मेकअप नहीं कर सकेंगी महिला जवान

नई दिल्ली, एजेंसी



- ड्यूटी पर नहीं चलेंगी लंबी बालियां, चूड़ियां और खुले बाल

बीएसएफ में महिला जवानों के लिए ड्रेस कोड से संबंधित एक सर्कुलर जारी किया गया है। फ्रंटियर मुख्यालय, पलौडा कैंप, जम्मू के उप महानिरीक्षक/पीएसओ कार्यालय द्वारा छह मई को जारी सर्कुलर में महिला जवानों के लिए कहा गया है कि वह डयूटी के दौरान भारी मेकअप, लंबी-लंबी बालियां, खुले बाल और चूड़ियों से परहेज करें।

यह सब अनुशासन वाली फोर्स के लिए ठीक नहीं है। सर्कुलर में यह भी कहा गया है कि अगर किसी महिला जवान ने ड्रेस कोड के इन नियमों का उल्लंघन किया तो अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है। बीएसएफ सूत्रों के अनुसार इस तरह के सर्कुलर की जरूरत तब पड़ी जब कुछ महिला जवान वर्दी पहने हुए ऑन डयूटी हेवी मेकअप में नजर आईं तो कुछ लंबी-लंबी बालियां और खुले बालों में दिखाई दीं।

### ऑफ ड्यूटी में लागू नहीं होगा यह नियम

बीएसएफ को शुरू से ही बड़ी अनुशासन वाली फोर्स माना जाता है। ऐसे में बीएसएफ अधिकारियों का कहना है कि पिछले कुछ समय से ऐसा देखने को मिल रहा था। जिसमें कुछ महिला जवान भारी मेकअप करके डयूटी पर आ रही थीं। यह ठीक नहीं था। इसलिए यह सर्कुलर निकालने की जरूरत पड़ी। ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह से ऑन डयूटी वर्दी पहने हुए हेवी मेकअप, लंबी-लंबी बालियों और खुले बालों में नजर ना आएं। ऑफ डयूटी में इस तरह का कोई ड्रेस कोड उनके ऊपर लागू नहीं होता।

# दुर्घटनाग्रस्त वाहन से सात करोड़ बरामद

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने शनिवार को पूर्वी गोदावरी जिले में एक टोल नाका के पास दुर्घटनाग्रस्त एक हल्के वाणिज्यिक वाहन से सात करोड़ रुपये नकद बरामद किए। कोव्वुर उप-विभागीय पुलिस अधिकारी के सीएच रामा राव ने कहा कि नाल्लाजेर्ला मंडल में वीरावल्ली टोल नाका के पास एक ट्रक ने हल्के वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह पलट गया और उससे रासायनिक चूने की बोरियों के नीचे छिपाई गई नकदी मिली। राव ने कहा कि नकदी से लदा वाहन हैदराबाद के नचाराम से आया था और मंडपेटा की ओर जा रहा था। नकदी से भरे बक्शे रासायनिक चूने की बोरियों के बीच फंसे हुए थे।

# सीएम आवास पर होता था दंगाइयों का महिमामंडन

संवाददाता, कन्नौज/कानपुर/उन्नाव



- इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो फिर से लौट आएगा आतंकवाद का दौर
- मुख्यमंत्री ने कन्नौज, कानपुर व उन्नाव में पार्टी प्रत्याशियों के लिए जनसभा की

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा शासन में मुख्यमंत्री आवास पर दंगाइयों का महिमामंडन होता था। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो फिर से आतंकवाद का दौर लौट आएगा। मुख्यमंत्री शनिवार को कन्नौज, कानपुर व उन्नाव में भाजपा प्रत्याशियों के लिए आयोजित जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे।

तीसरे चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन मुख्यमंत्री ने तीनों सीट पर क्रमशः सुब्रत पाठक, रमेश अवस्थी, साक्षी महाराज व अकबरपुर से देवेंद्र सिंह 'भोले' को विजय दिलाने की अपील की। उन्होंने कन्नौज में सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन को यहां प्रत्याशी नहीं मिल रहा था, इसलिए वह चुनाव लड़ रहे हैं। पहले किसी को टिकट दिया, फिर उसका टिकट काट दिया। दूसरे को दिया तो वह मैदान छोड़कर भाग गया। तीसरे की घोषणा की तो उसने मना कर दिया। जब कोई नहीं मिला तो सपा अध्यक्ष कह रहे हैं कि वह सेवा करना चाहते हैं। इनके पास जब मौका था, तब कन्नौज के इत्र में बदबू फैलाने का काम कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने आम लोगों से आह्वान किया कि वह घर-घर जाएं और कहें कि उन्हें रामभक्त चाहिए, रामद्रोही नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कहा था कि 'रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे।' तब सपा के लोग रामभक्तों पर गोलियां चलाते थे। इनके समय में अयोध्या में आतंकी हमला हुआ था। यह लोग आतंकियों के मुकदमे वापस लेते थे। कांग्रेस ने देश और सपा ने यूपी की जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया।

## शहर में आज

- नन्हीं सी चिड़िया ट्रस्ट का कार्यक्रम पंचायत भवन के सभागार में दोपहर 12 बजे से।
- आरएसडी एकेडमी, रामगंगा विहार फेज टू में विश्व नर्सिंग दिवस और मातृ दिवस पर कार्यक्रम पूर्वान्ह 11.30 बजे से।

## एक नजर

### शिक्षकों व शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इनमें ओम प्रकाश शर्मा सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य मंगूपुरा, उदयराज सिंह प्रधानाचार्य स्वरूपी देवी इंटर कॉलेज, मदन सिंह प्रधानाचार्य महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज कांठ, जीवन सिंह राजकीय इंटर कॉलेज, अब्दुल सलाम सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य, प्रीतम सिंह अध्यापक जीजी हिंदू इंटर कॉलेज, मोहम्मद इकबाल प्रधानाचार्य अंसार इंटर कॉलेज, देवेंद्र सिंह सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एचएसबी इंटर कॉलेज, सुनीता आर्य प्रधानाचार्य कन्या इंटर कॉलेज कांठ आदि रहीं।



चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में सम्मानित किए गए शिक्षक। ● अमृत विचार

# विद्यार्थियों और समाज की भलाई को कार्य करें शिक्षक

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में शनिवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक संघ की ओर से शैक्षिक विचार गोष्ठी और जिला सम्मेलन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि महामंत्री एवं पूर्व एमएलसी रामबाबू शास्त्री, विशिष्ट अतिथि प्रदेश कोषाध्यक्ष महेश चंद शर्मा रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विशेष कुमार शर्मा ने किया। इस मौके पर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्र सिंह ने दिया। तीन वर्ष की आख्या जिला मंत्री शमशाद हुसैन ने दी। गोष्ठी में जिला अध्यक्ष बिजनौर सोमदेव सिंह, कैप्टन गुरमेघ सिंह, डॉ. संजीव चौहान, नसीम हुसैन, नवाब हसन, चौधरी हरपाल, वीरेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. आरपी शर्मा, सतपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## वृद्धाश्रम में रह रही मां ने बताया अपना दर्द तो छलक उठीं आंखें, अपनों से दूर रहने का गम साझा किया

# लाल के आने की उम्मीद में रास्तों को तकतीं जननी की आंखें

**धर्मेंद्र सिंह, मुरादाबाद**

**अमृत विचारः** आज मां का दिन यानि मातृ दिवस है, आज मेरा बेटा मुझसे मिलने जरूर आएगा। यह शब्द बुद्धि विहार स्थित वानप्रस्थ आश्रम में रहने वाली उन वृद्ध माताओं के थे जो सालों से किसी न किसी वजह से अपने जिगर के टुकड़ों से दूर रह रहीं हैं। इसी उम्मीद के साथ आश्रम में रह रही महिलाएं अपने-अपने बेटों की बात साझा कर रही थीं।

बातें उन्हीं की जुबानी सुनी तो कुछ माताओं की कहानी पर आंखों से आंसू बहने लगे। बेटों से दूर रहने वाली कुछ मजबूर माताओं ने फिर भी अपने बेटों की तारीफ के कसीदे पढ़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। किसी ने बताया कि वैसे तो बेटा आता नहीं, शायद मातृ दिवस पर उसे मेरी याद आ जाए। तो किसी ने बताया कि मैं अपनी मर्जी से यहां रहती हूं तो कोई कहने लगी मेरा बेटा मेरे लिए पैसे भेजता है। पूत कपूत सुने हैं पर न माता सुनी कुमाता यह आरती की चंद लाइनें वानप्रस्थ आश्रम में रहने वाली माताओं ने सही साबित कर दी।

जहां रविवार को मातृ दिवस मनाया जाएगा, वहीं आश्रम में रहने वाली माताओं को भी अपने-अपने बेटों के आने का इंतजार है। वानप्रस्थ आश्रम में कुल मिलाकर 26 वृद्ध महिला, पुरुष रहते हैं। जिसमें 13 पुरुष और 13 महिलाएं रह रही हैं।



बुद्धि विहार स्थित वैदिक वानप्रस्थ आश्रम में बैठे वृद्ध। ● अमृत विचार



सभी लोग किसी न मजबूरी में यहां रहने आते हैं। यहां के माहौल में घुलमिल जाते हैं। सभी लोग आपस में प्यार पूर्वक एक दूसरे का दुख बांटने की कोशिश करते हैं। हां, पर कभी-कभी किसी किसी का दिल भर आता है तो सब मिलकर उसे संभालते हैं।

–काले सिंह साल्टा, प्रबंधक, वानप्रस्थ आश्रम



सुषमा चड्ढा पत्नी स्वर्गीय पवन चड्ढा ढाई साल से आश्रम में रह रही हैं। वह मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली हैं। उनकी दो बेटियां हैं। बेटा न होने के कारण वो दोनों पति-पत्नी आश्रम आकर रहने लगे थे। डेढ़ साल पति का आश्रम में देहांत हो गया था। उनकी दोनों बेटियां मुरादाबाद में ही रहती हैं।



प्रमिला गुप्ता के पति रमेश गुप्ता अब इस दुनिया में नहीं है। वह मूलरूप से मुरादाबाद की रहने वाली हैं। उन्होंने बताया कि उनके दोनों बेटे बिजनेसमैन हैं। वो दोनों आज मातृ दिवस पर जरूर आएंगे। उन्होंने बेटों की बदनामी न हो, इसलिए अपने मन से आश्रम में रहना स्वीकार किया।



आदर्श शर्मा पत्नी रामेश्वर शर्मा 13 साल से आश्रम रहती हैं। वैसे मूल रूप से संभल के की रहने वाली हैं। उनके दो बेटे हैं। जिसमें एक हादसे का शिकार होने के कारण शारीरिक रूप से ठीक नहीं है। दोनों बेटे मुरादाबाद लाइनपार में रहते हैं। जिसमें छोटे बेटे ने घर बना लिया है वह कभी-कभी मिलने भी आता है।



बीना रस्तोगी पत्नी अमरनाथ रस्तोगी ने बताया कि वह 2016 से आश्रम में रह रही हैं। मूलरूप से बरेली के मूलकपुर सिटी की रहने वाली हूं। अपने बेटे को लेकर उनके मन में गुस्सा फूट गया। बोली वो आज मातृ दिवस पर भी नहीं आएगा, आया भी तो मुझे उससे नहीं मिलना है। बेटे ने बहू के पिता के साथ मिलकर धोखा दिया।

# गीतों व रंगारंग कार्यक्रमों से मां का महत्व बताया

## महानगर के स्कूलों में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुए कार्यक्रम, बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचारः** महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज अंग्रेजी माध्यम में शनिवार को मातृ दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिनके माध्यम से बच्चों ने जीवन में मां के महत्व को दर्शाया। इस दौरान प्रबंधक दयाकिशन गुप्ता, दिलीप कुमार, अमित कोठीवाल, पवन कोठीवाल, राजीव कुमार अग्रवाल, सुधांशु, प्रधानाचार्य अरुण शुक्ला, मेजर राजीव ढल आदि मौजूद रहे।



महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में अपनी माता के साथ उपस्थित बच्चे। ● अमृत विचार



सेंट मीरा एकेडमी कांशीराम नगर में अपनी माता के साथ मौजूद छात्र। ● अमृत विचार




आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल में केक काटतीं माताएं। ● अमृत विचार

### सबसे सुंदर मेकअप करने वाली माता का सम्मान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मातृ दिवस से एक दिन पूर्व पर आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल बुद्धि विहार में स्कूल के बच्चों की ओर से कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। यूकेजी के बच्चों व सीनियर वर्ग के छात्राओं ने भी नृत्य प्रस्तुत किया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. हेमंत कुमार झा ने सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी। वहीं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मीनू झा ने अभिभावकों में से सबसे सुंदर मेकअप करने वाली माता को पुरस्कृत किया। नितिन रस्तोगी ने आभार जताया। संचालन चेतना सभरवाल एवं प्रिया शर्मा ने किया। इस दौरान डॉ. मंजू सिंह रुना रॉय, इला अग्रवाल, कर्णिका, रेनू, अपराजिता, विकास, बॉबी, वर्षा आदि उपस्थित रहे।

### सेंट मीरा में पोस्टर प्रतियोगिता में रिद्धि प्रथम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कांशीराम नगर स्थित सेंट मीरा अकादमी में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने अपनी मां के प्रति अपने प्रेम को चित्रों द्वारा प्रदर्शित किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रिद्धि, द्वितीय पुरस्कार वैष्णवी, तृतीय पुरस्कार अर्पित चौहान को प्रदान किए गए। मातृ दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें विद्यार्थियों ने लघु नाटिका, नृत्य व गायन द्वारा सबको मोहित किया। विद्यालय में विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के पाद प्रक्षालन किए। इस अवसर पर माताएं भाव विभोर हो गईं। बच्चों ने अपने सुंदर हाथों से अपनी माताओं के लिए कार्ड बनाए तथा उन्हें भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन रुचिका सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या पारुल अग्रवाल ने सभी माताओं व विद्यार्थियों को बधाई दी।




आरएसडी एकेडमी में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे व स्टाफ। ● अमृत विचार

# आओ सब मिलकर मां का सम्मान करें

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** आरएसडी एकेडमी पब्लिक स्कूल में शनिवार को उल्लास के साथ मदर्स डे मनाया गया। मदर्स डे की थीम आओ मिलकर मां का सम्मान करें, के आधार पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक डॉ. विनोद कुमार, डॉ. जी कुमार व विशिष्ट अतिथि डॉ. गौरव कुमार, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. गरिमा शर्मा, डॉ. मयंक शर्मा रहे।

कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य अभिषेक शर्मा व रंगारंग कार्यक्रम का संचालन कल्पना पांडे द्वारा किया गया। अंत में आरएसडी की मदर स्वरूप डॉ. जी कुमार ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि इन बच्चों की माताओं को मेरी ओर से मदर्स डे की ढेर सारी शुभकामनाएं। आप सभी के बच्चों के भविष्य की उज्ज्वल कामना करती हूं। मां एक प्रेरणा शक्ति है, जो इस सृष्टि की रचना करती है। इस अवसर पर अंजू सुखीजा, ज्योति पाठक, नजमीन खान, शबाना, दिव्या, फरहा, काजल, शैली कटारिया, पूनम, मानसी, परमजीत कौर, रिचा, लेफ्टिनेंट सुखरानी, रितेश पाल आदि अध्यापिकाएं मौजूद रहीं।

# मां तुम हो आंगन की तुलसी, सबके मन...

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** साहित्यिक संस्था हस्ताक्षर की ओर से शनिवार को मातृ दिवस की पूर्व संध्या पर काव्य गोष्ठी का आयोजन स्वतंत्रता सेनानी भवन में किया गया। इसमें सभी ने मां पर आधारित रचनाओं से मां की ममता रेखांकित की।

कवयित्री आकृति सिन्हा द्वारा प्रस्तुत मां सरस्वती की वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अध्यक्षता रामदत्त द्विवेदी ने की। मुख्य अतिथि धवल दीक्षित और विशिष्ट अतिथि डॉ. पूनम बंसल, श्रीकृष्ण शुक्ल और फक्कड़ मुरादाबादी उपस्थित रहे। संचालन राजीव प्रखर ने किया। कमल शर्मा ने रचना पाठ करते हुए सुनाया, बचपन में रोते बच्चे पर आंचल सी बन जाती मां, सीने से हरदम चिपकाए, कितने लाड़ लड़ाती मां। कवयित्री आकृति सिन्हा के भाव इस प्रकार थे - जिसने जीवन दिया मुझे जो दुनियां में लाई मुझे। राजीव प्रखर ने क्या तीरथ की कामना, कैसी धन की आस से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। योगेन्द्र वर्मा व्योम ने मां का होना, मतलब दुनिया भर का होना है से मां की जीवन में महत्ता बताई। प्रो. ममता सिंह ने मेरी प्यारी मां ने मुझको जीवन का उपहार दिया, पढ़ी। शायर ज़िया जमीर ने कहा बांधना घर को इक धागे में कितना भारी है, कवि वीरेन्द्र बृजवासी ने मुझपे तुमपे या सारी दुनियां पे मां भरोसा कभी नहीं करती, सरिता लाल, डॉ. मनोज रस्तोगी, शायर डॉ. मुजाहिद फराज, कवि श्रीकृष्ण शुक्ल, कवयित्री डॉ. पूनम बंसल और फक्कड़ मुरादाबादी ने भी मां अपनी रचाएं पढ़ी। अध्यक्षता कर रहे रामदत्त द्विवेदी के उद्गार थे कि मां तुम हो आंगन की तुलसी, सबके मन को हर्षाती हो सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। अंत में योगेन्द्र वर्मा व्योम ने सभी का आभार जताया।




सेनानी भवन में आयोजित कार्यक्रम में बोलतीं वक्ता। ● अमृत विचार

### मेरी मां प्यारी मां पर प्रस्तुति देकर मोहा मन

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** गांधी नगर पब्लिक स्कूल में मदर्स डे हर्षोल्लास से मनाया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं की मां व दादी मांओं को आमंत्रित किया गया था। सांस्कृतिक कार्यक्रम में एलकेजी व यूकेजी के छात्र-छात्राओं ने 'मेरी मां प्यारी मां' गीत पर प्रस्तुति दी। छात्र-छात्राओं ने मुझे माफ करना ओम सांई राम, तुझसे पहले लूंगा मम्मी डैडी का नाम...। कक्षा 3 व कक्षा 4 की छात्राओं ने ऐसी होती है मां पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। मदर्स डे के उपलक्ष्य में सलाद डेकोरेशन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं की दादी व माताओं ने प्रतिभाग किया। कक्षा-8 की विदुषी गुप्ता की दादी वंदना गुप्ता ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। प्रधानाचार्या शशि शर्मा ने सभी का आभार जताया।

**परेशानी** | किसान आंदोलन के चलते समय पर नहीं पहुंचीं एक्सप्रेस व स्पेशल ट्रेनें

# गर्मी में यात्रियों को सता रही ट्रेनों की लेटलतीफी

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचारः** गर्मी के मौसम में यात्रियों को ट्रेनों की लेटलतीफी दुश्वारियों भरा सफर करने पर मजबूर कर रही है। ट्रेनों के इंतजार में यात्री बेहाल हैं। पिछले एक महीने से अंबाला में किसान आंदोलन के चलते ट्रेनों का संचालन नहीं सुधर रहा है। शनिवार को भी मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली 10 से ज्यादा ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच सकीं।

पिछले एक महीने से अंबाला मंडल में किसान आंदोलन चल रहा है। जिसके कारण रेलवे प्रशासन ने कई ट्रेनों का संचालन मार्ग बदला था। जिसके बाद से ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से बिगड़ा हुआ है। ट्रेनों का मार्ग बदलने से दैनिक व स्पेशल ट्रेनें बेपटरी हो गई हैं। मुरादाबाद में आने वाली 10 से 12 ट्रेनें प्रतिदिन अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच रही हैं। ट्रेनें लेट होने से भीषण गर्मी में यात्री परेशानियां झेल रहे हैं। शनिवार को न्यू दिल्ली समर स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित से नौ घंटे की देरी से पहुंची। जिसके चलते यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके अलावा बीकानेर समर स्पेशल ट्रेन 12 घंटे की देरी से पहुंची।



रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री।

| ट्रेन संख्या | नाम | कितनी देरी से पहुंची |
|---|---|---|
| 04003 | न्यू दिल्ली समर स्पेशल | नौ घंटे एक मिनट |
| 05050 | छपरा समर स्पेशल | छह घंटे 45 मिनट |
| 04311 | देहरादून समर स्पेशल | आठ घंटे 12 मिनट |
| 04057 | आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल | छह घंटे 57 मिनट |
| 12237 | बेगमपुरा एक्सप्रेस | तीन घंटे 35 मिनट |
| 14616 | लालकुआं साप्ताहिक एक्सप्रेस | तीन घंटे 39 मिनट |
| 04680 | गुवाहाटी समर स्पेशल | नौ घंटे 45 मिनट |
| 04722 | बीकानेर समर स्पेशल | 12 घंटे 11 मिनट |
| 15654 | गुवाहाटी अमरनाथ एक्सप्रेस | नौ घंटे 53 मिनट |
| 13152 | कोलकाता एक्सप्रेस | आठ 49 मिनट |



## एक नजर



सीएल गुप्ता नर्सिंग होम में नर्स डे पर पुरस्कारों के साथ स्टाफ नर्स।

### सीएल गुप्ता नर्सिंग होम में मनाया नर्स डे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान में इंटरनेशनल नर्स डे मनाया गया। संस्थान में नर्सिंग कार्य करने वालों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। डॉ. वीनू मान ने समस्त कर्मचारियों को मरीजों व उनके साथ के लोगों से अच्छा व्यवहार करना उनका दायित्व बताया। शनिवार को सीएल गुप्ता संस्थान में नर्स डे पर संस्थान के कर्मचारी फ्लोरेंस नाइटिंगल अवार्ड से भूपेंद्र, गौरांगी, मनोज, कामिनी, असरत को सम्मानित किया। कार्यक्रम में नर्सिंग स्टाफ ने फ्लोरेंस नाइटिंगल के जैसा बनने एवं उनके जैसी सेवाभाव को आत्मसात करने की प्रतिज्ञा ली। सभी कर्मचारियों को मरीजों व उनके साथ आए लोगों को आशा की किरण दिखाने जैसा काम करने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन गरिमा सिंह ने किया। कार्यक्रम में संस्थान के डायरेक्टर डॉ. प्रदीप अग्रवाल ने सभी को भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि संस्थान उच्च स्तरीय सेवाएं लोगों को यूं ही देता रहेगा।

### रोटरी को गतिमान बनाए रखने का आह्वान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रोटरी क्लब मुरादाबाद ब्रास सिटी स्टार्स के तत्वावधान में रामगंगा विहार स्थित होटल में पारिवारिक सभा का आयोजन किया। सभा का आरंभ मुख्य अतिथि डीजीएनडी पायल गौर ने किया। इसके बाद भगवान गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। रोटेरियन सागर जैन ने क्लब अध्यक्ष को कलर पहना कर सभा आरंभ की। रोटेरियन को सोनू पाल ने शपथ दिलाई। रोटेरियन पायल गौर एवं रोटेरियन सागर जैन को सम्मानित किया। क्लब के सदस्यों ने पायल गौर को जन्मदिन की बधाई दी। पायल ने रोटेरियन से रोटरी को गतिमान बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अनुभव रस्तोगी, रूही रस्तोगी, सचिव विदुर गर्ग, अर्ची गर्ग, अनुज अग्रवाल, भारती अग्रवाल, भरत अग्रवाल, आयुषी अग्रवाल, दिलीप रस्तोगी, नमिता रस्तोगी, विवेक अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल, अक्षय जैन, नरेंद्र छाबड़ा रहे।

## किसान आंदोलन से 92 लाख का नुकसान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एक महीने से चल रहे किसान आंदोलन ने रेलवे को लाखों रुपये का नुकसान कराया है। अंबाला मंडल में किसानों के ट्रैक पर धरने से रेलवे पर दोहरी मार पड़ रही है। आंदोलन से जहां रेल संचालन पटरी से उतर गया है तो वहीं हजारों यात्रियों ने टिकट रद्द कर यात्रा स्थगित कर दी। मुरादाबाद मंडल में 21 हजार यात्री टिकट रद्द करवा चुके हैं। इससे रिफंड के रूप में रेलवे ने 92 लाख रुपये लौटाए हैं।

एक महीने से अंबाला मंडल के शंभू स्टेशन पर किसानों की रिहाई के लिए शुरू हुए आंदोलन से रेल संचालन बिगड़ा हुआ है। आंदोलन के चलते बेपटरी रेल संचालन को देखते हुए यात्रियों ने यात्राएं रद्द कीं। मंडल में अप्रैल में 20882 यात्रियों ने टिकट रद्द करवाकर रेलवे से 92 लाख 79 हजार रुपये का रिफंड ले लिया है। मंडल में बड़े से लेकर छोटे स्टेशनों से टिकट रद्द कर रिफंड लिया।


## कार्मिकों के नाम की सूची बन रही, 14 टेबल पर होगी 4 जून को मतगणना

# मतगणना के लिए लग रही कर्मचारियों की ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद लोकसभा सीट के लिए पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। मतदान के बाद ईवीएम को मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम में त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रखा गया है। 4 जून को मतों की गणना होगी। मतों की गणना के लिए मतदान अधिकारियों व कर्मचारियों की अब ड्यूटी लगाई जा रही है।

14 टेबल पर मतों की गिनती कराई जाएगी। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को 62.05 प्रतिशत मतदान हुआ था। जिसमें सर्वाधिक 68.70 प्रतिशत मतदान ठाकुरद्वारा विधानसभा के अन्तर्गत हुआ था। जबकि सबसे कम मुरादाबाद नगर विधानसभा सीट के 56.06 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। 12 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला 4 जून को ईवीएम का लॉक खुलने और मतों की गिनती के बाद ही होगा। मतगणना के लिए जिला प्रशासन तैयारी में जुट गया है। मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम में ईवीएम व वीवीपैट को सुरक्षित रखा गया है। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह खुद ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था का फीडबैक निरीक्षण में करते हैं। जिलाधिकारी का कहना है कि शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना कराने के लिए कार्मिकों की ड्यूटी तय की जा रही है। सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी मतगणना कराने में सहयोग करेंगे।



मंडी समिति में कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह।

### मुरादाबाद लोकसभा सीट पर विधानसभावार पड़े मतों की स्थिति

| विधानसभा | मत प्रतिशत |
|---|---|
| बढ़ापुर | 61.99 प्रतिशत |
| कांठ | 66.65 प्रतिशत |
| ठाकुरद्वारा | 68.70 प्रतिशत |
| मुरादाबाद ग्रामीण | 59.29 प्रतिशत |
| मुरादाबाद नगर | 56.06 प्रतिशत |

### ईवीएम की सुरक्षा में न हो कोई लापरवाही

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम और सीसीटीवी कंट्रोल रूम का शनिवार को निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ईवीएम की सुरक्षा में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान वहां पर तैनात सुरक्षाकर्मियों की उपस्थिति पंजिका देखी। सुरक्षाकर्मियों को पूरी तरह मुस्तैद रहने का निर्देश दिया।

# नामांकन बढ़ाने को शिक्षक कर रहे संपर्क

## स्कूल चलो अभियान नगर क्षेत्र में शुरू, स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने पर जोर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के नगर क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान शनिवार से शुरू हुआ। शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने घरों पर पहुंच कर आउट आफ स्कूल और ड्राप आउट बच्चों का नामांकन कराने के लिए अभिभावकों से अपील की।

खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर मनोज कुमार बोस ने 10 मई की बैठक में इसके लिए शिक्षकों और शिक्षा मित्रों को निर्देश देकर मार्गदर्शन किया था। जिसके क्रम में आउट ऑफ स्कूल बच्चों को चिह्नित करने का काम शुरू किया गया। नगर क्षेत्र के लाइनपार, ज्ञानी वाली बस्ती, कुंदनपुर, कांठ रोड पर भीमठेर, मऊ, भटावली, सिविल लाइंस के चन्द्र नगर, लोकोशेड, रेलवे कालोनी तथा हैलेट रोड पर कंजर बस्ती में सर्वे कर आउट ऑफ स्कूल बच्चों की जानकारी शिक्षिकाओं व शिक्षामित्रों ने प्राप्त की। उनका विवरण रजिस्टर में दर्ज किया। अभिभावकों से अपने बच्चों का नामांकन बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में कराने और नियमित स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। कहा कि शिक्षा बच्चों का अधिकार है उन्हें इससे वंचित न करें। शिक्षित बच्चे ही देश और समाज को आगे बढ़ाने में अपनी बेहतर भूमिका निभा सकते हैं। सर्वे में लवली सक्सेना, चंद्रकांता, आयशा नूर, रेखा चौहान, सुजाता यादव, मोनिका पाल, राहुल शर्मा, आशीष कुमार, राशि गोयल, राधा रानी, प्रशांत कुमारी, उषा देवी आदि शामिल रहीं।



स्कूलों में बच्चों के नामांकन के लिए अभिभावकों से संपर्क करतीं शिक्षिका।

उल्लेखनीय है कि बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों का नया सत्र 1 अप्रैल से शुरू हो चुका है। लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते अभी तक स्कूल चलो अभियान और नामांकन अभियान के गति नहीं पकड़ने के कारण विद्यालयों में अपेक्षाकृत कम प्रवेश हुए हैं। जिस कारण विद्यालयों की छात्र संख्या कम हो रही है।

इसके चलते खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र मनोज कुमार बोस ने महानगर की जोन 1 व 4 के प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों के साथ बैठक करके विद्यालयों के सेवित क्षेत्र में आउट ऑफ स्कूल बच्चों को चिह्नित करके उनका प्रवेश बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों में कराने के निर्देश दिए थे। जिसके क्रम में नगर क्षेत्र के स्कूलों के शिक्षकों ने विद्यालय न जाने वाले बच्चों को सरकारी स्कूलों में नामांकित कराने के लिए डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। डोर टू डोर अभियान का प्रथम चरण 18 मई तक चलेगा। उसके बाद ग्रीष्मकालीन अवकाश 20 मई से 15 जून के बाद द्वितीय चरण का अभियान 16 जून से शुरू किया जाएगा।

## पर्यावरण प्रतियोगिता आयोजित करेगा न्यास

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास के बुद्धि विहार स्थित कार्यालय में पवन जैन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में विश्व पर्यावरण प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया।

विश्व में बढ़ रहे प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग की चिंताओं के चलते विश्व पर्यावरण दिवस पांच जून को मनाया जाता है। इनमें प्रकृति के प्रति चिंता और उसके संरक्षण की भावना को प्रेरित करने के लिए इस दिवस पर युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास पर्यावरण से संबंधित प्रश्नों के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। न्यास के अध्यक्ष पवन कुमार जैन की प्रेरणा से आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच जून से रविवार नौ जून तक ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। पवन जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में सात पुरस्कार दिए जाएंगे। जिसमें प्रथम पुरस्कार 11 हजार, द्वितीय पुरस्कार 5100, तृतीय पुरस्कार 2100, चार व सांत्वना 1100 का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।



व्हाइट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में भजनों पर झूमते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## भगवान जगन्नाथ की आरती से होती है मोक्ष की प्राप्ति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** दिल्ली रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में भगवान जगन्नाथ को छप्पन भोग और फूलों की होली का भव्य आयोजन किया। कथा व्यास धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने बताया कि भगवान जगन्नाथ की आरती और परिक्रमा से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

कथा व्यास ने बताया कि मन में दृढ़ निश्चय करो कि भगवान मेरे हृदय में सदा विराजमान हैं। मुख्य यजमान गंगा गुप्ता, जितेंद्र कुमार गुप्ता रहे। पूजन श्रुति गुप्ता, रजत गुप्ता, कोमल गुप्ता, सौरभ गुप्ता ने किया। व्यवस्था में अमित मित्तल, नीरु मित्तल, प्रदीप शुक्ला, रौनक शुक्ला, वैदिका गुप्ता, दक्ष गुप्ता, अर्पित गोयल, पुलकित अग्रवाल, सचिन खन्ना, कौशल बाबू शर्मा, सोनाली सरोज, देव कुमार, अनिल सिंघल, शिवम गुप्ता, पवन गुप्ता, गगन गुप्ता आदि मौजूद रहें।

## गोकशी व मांस तस्करों के विरुद्ध लगाया गैंगस्टर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मूंढापांडे थाना पुलिस ने गिरोह बनाकर गोकशी और मांस तस्करी करने वाले तीन आरोपियों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की है।

थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने अभियुक्त सिरसखेड़ा निवासी बाबू, मुर्सलीन और मुसरेफीन के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में एफआईआर दर्ज की है। ये तीनों लोग गिरोह बनाकर गोकशी और मांस तस्करी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। इस गिरोह का सरगना बाबू है। अन्य दोनों आरोपी गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं। तीनों आरोपियों के खिलाफ गोकशी, पशु तस्करी, मांस तस्करी के मामले पहले से दर्ज हैं। इनके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई के लिए पत्रावली तैयार कर उच्चाधिकारियों के माध्यम से डीएम के पास भेजी गई थी, जहां से गैंगचार्ट अनुमोदित होने के बाद यह कार्रवाई हुई है।

# महानगर में बनेगा ताज ग्रुप का होटल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण विकास को लेकर लगातार बेहतर प्रयास कर रहा है। जिसके तहत जल्द ही महानगरवासी ताज ग्रुप के होटल का आनंद ले सकेंगे। होटल निर्माण के लिए जमीन भी चिह्नित कर ली गई है।


देश में मशहूर होटल ताज ग्रुप महानगर में अपना होटल खोलने जा रहा है। जिसके लिए ताज ग्रुप ने काफी समय पहले मुरादाबाद विकास प्राधिकरण में आवेदन किया था। जिसके बाद एमडीए के अधिकारियों ने इस पर कार्रवाई शुरू कर दी। इससे महानगरवासियों को काफी फायदा होगा। अभी मुरादाबाद विकास प्राधिकरण और ताज ग्रुप के बीच जमीन व अन्य मामलों को लेकर वार्ता चल रही है। जिसके बाद इस योजना पर काम शुरू कर दिया जाएगा। महानगर में होटल ताज खुलने के बाद महानगरवासी दूसरे फाइव स्टार होटल का आनंद ले सकेंगे। वहीं एमडीए द्वारा नया मुरादाबाद में भारत दर्शन पार्क का भी निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा मुरादाबाद विकास प्राधिकरण दो नई कालोनियों का निर्माण कराने जा रहा है। जिसके लिए एमडीए ने किसानों से जमीन खरीद भी कर ली है।

### दिल्ली रोड पर चिह्नित की गई जमीन

होटल ताज ग्रुप के प्रस्ताव के बाद दिल्ली रोड मझोला थाने के पीछे होटल निर्माण के लिए जमीन चिह्नित की है। जल्द ही एमडीए सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद ताज ग्रुप को होटल बनवाने के लिए हरी झंडी देगा।

### मौजूदा समय में है एक ही फाइव स्टार होटल

मौजूदा समय में जनपद में एक फाइव स्टार और छह थ्री स्टार होटल हैं। महानगर के दिल्ली रोड, पाकबड़ा में फाइव स्टार होटल है। इसके अलावा दिल्ली रोड और कांठ रोड पर कुल छह थ्री स्टार होटल मौजूद हैं। होटल ताज खुलने के बाद महानगरवासी लग्जरी सुविधाओं का आनंद ले सकेंगे।



मुबंई स्थित ताज होटल।

> ताज ग्रुप मुरादाबाद में अपने होटल का प्रस्ताव लेकर आया है। इसके लिए प्राधिकरण ने भूमि चिह्नित की है। प्रस्ताव पर प्राधिकरण अपनी ओर से कार्रवाई कर रहा है।
>
> –शैलेष कुमार, उपाध्यक्ष एमडीए

सीपीएल | टीम के लिए ऋतुराज ने खेली 64 रनों की पारी, दूसरे मैच में कलेक्ट्रेट की टीम 5 विकेट से जीती

# अभिनंदन ने जेडबीएमएन को 2 रनों से हराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेडियम में खेली जा रही सीपीएल लीग में शनिवार को अभिनंदन और जेडबीएमएन के बीच रोमांचक मैच खेला गया। इस मैच में अभिनंदन ने अपने गेंदबाजों के दम पर 2 रनों से अहम जीत दर्ज करते हुए लीग में लगातार दूसरा मैच जीता। अन्य मुकाबले में कलेक्ट्रेट ने सेंसेस को 5 विकेट से हराया।

सेंसेस स्ट्राइकर्स और कलेक्ट्रेट क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। इसमें सेंसेस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 196 रन बनाए। टीम के लिए चेतन 58 और अर्यन चौधरी ने 51 रनों की शानदार पारियां खेली। वहीं कलेक्ट्रेट के लिए मोहित यादव ने 2 विकेट लिए। जवाब में कलेक्ट्रेट ने 19.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 200 रन बनाकर मैच 5 विकेट से जीत लिया। टीम के लिए चेतन मिर्जा दानिश आलम ने 47 गेंदों पर शानदार 92 रनों की पारी खेली। वहीं सेंसेस के लिए गेंदबाजी में पारस 3 और हर्षित विश्नोई ने 2 विकेट लिए।



मैच के दौरान शॉट लगाता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

अन्य मैच अभिनंदन और जेडबीएमएन के बीच खेला गया। इसमें अभिनंदन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.2 ओवर में 171 रन बनाए। टीम के लिए ऋतुराज शर्मा ने सर्वाधिक 64 और सुरजीत ने 54 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं जेडबीएमएन के लिए गेंदबाजी में हाफिज नदीम और मोहम्मद नाजिम ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में जेडबीएमएन टीम निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 169 रन ही बना पाई और इस रोमांचक मैच को 2 रनों से हार गई। ऋतुराज को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस दौरान नवेद सिद्दीकी, साजिद बेग, नईम खान, बाकर जैदी, सतेंद्र आदि मौजूद रहें।

# डेढ़ घंटे खड़े रहे मरीज, फोन पर बात करता रहा चिकित्सक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सीसीटीवी में कैद हुआ मामला सीएमएस ने लगाई फटकार

**अमृत विचार :** गर्मी में जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन जिला अस्पताल में मरीजों को चिकित्सकों की लापरवाही भी झेलनी पड़ रही है। जिला अस्पताल की ओपीडी में एक कक्ष में मरीज डेढ़ घंटे तक खड़े रहे और चिकित्सक अपने मोबाइल पर बात करते में व्यस्त रहे। यह पूरा मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया और सीएमएस ने भी देख लिया।

जिला अस्पताल की ओपीडी में अपने कक्ष में मौजूद जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर बड़ी संख्या में मरीजों के मौजूद होते हुए भी लगातार डेढ़ घंटे फोन पर बात करता रहा। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से ऑनलाइन निगरानी के लिए सीएमएस के कक्ष में लगी बिग स्क्रीन पर उसकी लगातार निगरानी होती रही। चिकित्सक का लगातार डेढ़ घंटे फोन पर बात करना और मरीजों के परेशान हो जाने के हालात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। कॉल खत्म होते ही चिकित्सक के पास सीएमएस की कॉल पहुंची। जिसके बाद चिकित्सक को सीएमएस डॉ. संगीता गुप्ता ने कड़ी चेतावनी और मरीजों को परेशान नहीं होने को लेकर सख्त नसीहत दी। सीएमएस ने यह भी साफ कह दिया कि लखनऊ में स्वास्थ्य महानिदेशालय की ओर से सीसीटीवी कैमरे के जरिये लगातार निगरानी की जा रही है। अपने कक्ष में मरीज होते हुए भी चिकित्सक के लगातार डेढ़ घंटे फोन पर बात करने की क्लिपिंग उसके खिलाफ कार्रवाई होने का सबब बन सकती है। फिलहाल सीएमएस ने चिकित्सक को चेतावनी देकर छोड़ दिया।




ओम शान्ति हॉस्पिटल



डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)

रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर

● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें

नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः–
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन

दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन

मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)



दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)



डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)

उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज

विभाग :– ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन

24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

## एक नजर

### ऑटो हटाने को लेकर मारपीट, तहरीर दी

**मैनाठेर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव लालपुर हमीर के मुंसफ ने गांव के ही एक व्यक्ति पर रास्ते में ऑटो हटाने को लेकर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। मुंसफ ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि शनिवार की दोपहर वह अपना ऑटो लेकर जा रहा था। तभी एक व्यक्ति अपना छोटा हाथी लेकर आ रहा था। जब मुंसफ ने ऑटो निकालने के लिए रास्ता देने को कहा तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। पीड़ित ने मारपीट की घटना की शिकायत करते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### जिला अस्पताल से तीमारदार की बाइक चोरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में शनिवार दोपहर इलाज कराने आए परिजन की बाइक चोरी हो गई। मझोला लाइनपार के सुरेंद्र सिंह के बड़े भाई महेंद्र की पत्नी कमलेश को बंदर ने काट लिया था। वह उन्हें इंजेक्शन लगवाने को जिला अस्पताल लेकर आए थे। अस्पताल में पर्चा काउंटर पर खड़े थे। इसी बीच उनकी बाइक गायब हो गई। सुरेंद्र ने बताया कि पर्चा काउंटर पर भीड़ थी, वह लाइन में लगे थे। पर्चा बन भी नहीं पाया था कि पीछे मुड़कर खड़े वाहनों की तरफ देखा तो उनकी बाइक गायब थी। फिर पर्चा काउंटर पर लाइन तोड़कर उन्होंने अपनी बाइक की काफी देर तक तलाश की लेकिन, पता नहीं चला है।

### निरीक्षण में परिषदीय स्कूल में लटका मिला ताला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर शिक्षा अधिकारी शनिवार को महानगर में निरीक्षण के लिए परिषदीय स्कूल पहुंचे। जहां उन्हें पूरा स्टाफ गायब मिला। इतना ही नहीं स्कूल के गेट पर ताला लटका था। नगर शिक्षा अधिकारी ने स्कूल के हेड मास्टर और पूरे स्टाफ को नोटिस जारी किया है। नगर शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार को लगातार शिकायत मिल रही थी कि महानगर में स्थित कटार शहीद कंपोजिट स्कूल का स्टाफ अकसर मनमानी करता है। नगर शिक्षा अधिकारी शनिवार को सुबह करीब 7 :45 बजे स्कूल का निरीक्षण करने पहुंच गए। लेकिन तब तक स्कूल में एक भी स्टाफ नहीं आया था। स्कूल गेट पर ताला लटका था। नगर शिक्षा अधिकारी ने बताया कि स्कूल स्टाफ को नोटिस देकर स्पष्टीकरण तलब किया गया है। स्कूल में कुल 9 शिक्षक और एक शिक्षा मित्र तैनात है

# युवक पर जानलेवा हमले में एक नामजद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- प्रेमशंकर को अगवा कर किया था धारदार हथियार से हमला

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में बुधवार रात को युवक को अगवा कर उसकी गर्दन काटे जाने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

पीड़ित के भाई बबलू सैनी ने पुलिस को बताया है कि बुधवार रात उसका भाई प्रेमशंकर घर के बरामदे में सो रहा था। रात करीब दो बजे गांव मछरिया निवासी मुशाहिद अपने तीन साथियों के साथ आया और प्रेमशंकर को नशा सूंघाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद में जान से मारने की नीयत से गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर उसे रामगंगा नदी किनारे ऊंचागांव श्मशान घाट पर मरणासन्न हालत में फेंक कर भाग गए थे। बबलू ने पुलिस को बताया है कि उसके भाई प्रेमशंकर पर हमले का कारण प्रेम-प्रसंग बताया है। उसका कहना है कि इसी कारण आरोपी ने पूर्व में भी प्रेमशंकर को जान से मारने की धमकी दी थी। मौका पाकर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रेम शंकर को मार ही डाला था, लेकिन गनीमत रही कि वह बच गया। घायल प्रेमशंकर का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस संबंध में कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी मुशाहिद और उसके तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ नशा देने और जानलेवा हमले करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। मामले में विवेचना की जा रही है।

## महाविद्यालयों के पुस्तकालय में भी किताबों की कमी, छात्र-छात्राएं मॉडल पेपर से पढ़ाई करने को मजबूर

# बाजार में नहीं मिल रहीं उच्च शिक्षा की किताबें, विद्यार्थी परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** इन दिनों केजीके कॉलेज में उच्च शिक्षा की किताबें की कमी है। स्थिति यह है कि बाजार में भी किताबें नहीं मिल रही हैं। स्नातक और परास्नातक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में सेमेस्टर की पढ़ाई माडल पेपर पर ही निर्भर होकर रह गई है। वर्ष 2020-21 में स्नातक और 2022-23 परास्नातक में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हो चुकी है। लेकिन, नई शिक्षा नीति के तहत बदले पाठ्यक्रम की किताबें महाविद्यालयों के पुस्तकालयों में नहीं मिल रही हैं।

उच्च शिक्षा की किताबों की बाजार में स्थिति अच्छी नहीं है। बाजार में परास्नातक की किताबें नहीं मिलने से छात्र माडल पेपर से पढ़ाई करके परीक्षा दे रहे हैं। जबकि किताब से विस्तार से पढ़कर ही गणित, भौतिक, रसायन विज्ञान समेत बीकाम के विषयों की पढ़ाई संभव है। कॉलेजों में भी 15 प्रतिशत किताबें ही नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पुस्तकालयों में हैं। छात्र-छात्राओं का कहना है कि कॉलेज वाले कहते है कि पुरानी किताबों में टॉपिक मिल जाते हैं। लेकिन, सवाल है कि जब पाठ्यक्रम में बदलाव हुआ है, तो पुरानी किताबों में कहां से और कैसे पढ़े यह समस्या बनी हुई है। केजीके कॉलेज में वर्ष 2023-24 में नई किताबें नहीं खरीदी गई हैं। कारण यहां पुस्तकालय के अध्यक्ष की सेवानिवृत्ति का मामला शासन स्तर पर लटका हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार उनकी आयु अभी 60 वर्ष है। लेकिन, उनकी सेवानिवृत्ति 62 वर्ष की आयु में होनी तय है। उन्होंने दिसबंर से कॉलेज आना छोड़ दिया था।



"कॉलेज की लाइब्रेरी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की बुक नहीं मिल पाती है सारी पुरानी सिलेबस की ही है, जिससे परेशानी हो रही है और पिछले दो वर्षों से बाजार में भी लगातार ढूंढ रहे हैं। लेकिन अभी तक मार्केट में भी किताबें उपलब्ध नहीं हैं। जिस वजह से अब केवल मॉडल पेपर का सहारा लेकर पढ़ना पड़ता है।"
**- विष्णु, बीएससी बायो**



"नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद विवि बरेली द्वारा परीक्षाएं कराने का कोई समय निर्धारित नहीं है, एक सेमेस्टर की परीक्षाएं सम्पन्न होने के बाद रिजल्ट आने के तुरंत बाद परीक्षा फार्म आ जाते हैं और तुरंत ही 10 से 15 दिनों में ही अगले सेमेस्टर की परीक्षाएं करा ली जाती हैं, जिससे छात्रों को पढ़ाई का समय बहुत कम मिल पाता है।" **- शुभम सिक्का, पुस्तक विक्रेता।**



"बाजार में एमएससी की एक भी बुक नहीं मिल रही है और न ही कॉलेज की लाइब्रेरी में है। ऐसे में पढ़ने के लिए कॉलेज में क्लास लेने जाते हैं तो पता चलता है कि शिक्षक की ड्यूटी एग्जाम में लगी है। ऐसे में सिलेबस भी पूरा नहीं हो पाता, जिससे रिजल्ट पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में अंतिम विकल्प माडल पेपर का रह जाता है।" **- अंकुश, एमएससी मैथ्स, द्वितीय सेमेस्टर**

"कॉलेज की ओर से सभी छात्र-छात्राओं के लिए किताबें खरीदी गई हैं। लेकिन, पुस्तकालयाध्यक्ष की सेवानिवृत्ति का मामला अटकने से थोड़ी परेशानी हुई है। अब स्थितियों में सुधार आएगा।"
**-प्रो. सुनील चौधरी, प्राचार्य, केजीके कॉलेज**



"नई शिक्षा नीति की किताबें बाजार के साथ महाविद्यालय के पुस्तकालय में न होने के कारण छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में परेशानी का सामना लगातार करना पड़ रहा है। इस सत्र से तो विवि बरेली द्वारा स्नातक भी चार वर्ष का होने जा रहा है। जिसमें फिर से सिलेबस का बदलाव होगा। स्नातक के बाद सत्र 2023-24 परास्नातक में भी नई शिक्षा नीति लागू हो चुकी है। जिसकी किसी भी विषय की पुस्तक न तो मार्केट में उपलब्ध है और न ही कॉलेज की लाइब्रेरी में उपलब्ध है।"
**- कुशल शर्मा,वरिष्ठ छात्र नेता**

# अंतर्राज्यीय गैंग की शातिर महिला समेत पांच गिरफ्तार

## अंबाला कैंट के हीरा साउंड व्यापारियों से रामगंगा पुल के नीचे की थी 4.50 लाख की लूट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अंबाला कैंट के हीरा साउंड व्यापारियों से धोखाधड़ी कर उनके 4.50 लाख रुपये की लूटने के मामले में शनिवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस घटना को मध्य प्रदेश के अंतर्राज्यीय गैंग ने अंजाम दिया था। धोखाधड़ी और लूट की घटना को महिला ने लीड किया है। पहले इसने अंबाला जाकर व्यापारियों से संपर्क किया फिर बहाने से मुरादाबाद बुलाकर अपने साथियों संग मिलकर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इसमें महिला भी है। ये सभी मध्य प्रदेश में जिला कटनी के रहने वाले हैं, जो वर्तमान में कटघर थाना क्षेत्र में डेरा डालकर रह रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों में थाना रीठी के गांव हरदुआ निवासी अल्से बहेलिया और उसकी पत्नी जगीसना, गांव टोला बूढ़ा ललकपुर निवासी राकेश पारधी पुत्र रतनलाल पारधी, गांव देवगांव के मुंजुस पारधी उर्फ मजूफल पारधी पुत्र तहेल पारधी और इंडियन पुत्र रामफूल हैं। पुलिस ने इनके पास से 64,100 रुपये और फर्जी 9 आधार कार्ड, दो मोबाइल बरामद किए हैं।

पुलिस की इस सफलता पर एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पीड़ित व्यापारी वीरेंद्र जब अंबाला में अपने प्रतिष्ठान पर थे। तभी एक महिला वहां रुद्राक्ष बेचते हुए गुजर रही थी। महिला इनके प्रतिष्ठान पर पहुंची और कहा रुद्राक्ष ले लीजिए। महिला ने वीरेंद्र को अपना नाम पूजा बताया था। यह भी बताया था कि उसके पिता भी बैंड का काम करते हैं। इस पूजा नाम वाली महिला को व्यापारी ने अपना विजिटिंग कार्ड दिया था। जिसे लेकर वह मुरादाबाद लौट आई थी। बाद में उसने व्यापारी को फोन कर कहा कि हमारे पिता जी का बैंड का कारोबार बंद हो गया और सामान वह बेचना चाहते हैं, आप चाहें तो खरीद लें। इसी लालच में वीरेंद्र और रविंद्र सामान बुधवार को मुरादाबाद आए थे। सुबह करीब 10 बजे उन्होंने उसी महिला को फोन किया तो उसने उन्हें रामगंगा पुल पर बुलाया और 4.50 रुपये लूट लिए।



घटना का खुलासा करते एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया। ● अमृत विचार

### रुद्राक्ष बेचने वाली महिला कोई और नहीं जगीसना थी

एसपी सिटी ने बताया कि अंबाला के बैंड व्यापारी वीरेंद्र व रविंद्र को रुद्राक्ष बेचने वाली महिला कोई और नहीं बल्कि जगीसना थी, जो इस घटनाक्रम की मुख्य अभियुक्त है। जगीसना ने व्यापारियों ने अपना फर्जी नाम पूजा बताया था। एसपी सिटी ने बताया कि इस अंतर्राज्यीय गैंग के लोग जगह-जगह डेरा डालकर रहते हैं। घटना में व्यापारी वीरेंद्र से लगभग एक लाख रुपये की ठगी की बात बताई जा रही है। इसमें आरोपियों के पास से कुल 64,100 रुपये, फर्जी आधार कार्ड, दो मोबाइल मिले हैं। ये लोग घटना में बरामद मोबाइल का प्रयोग कर रहे थे। एसपी सिटी ने कहा, पुलिस मान रही है कि इन अभियुक्तों ने अन्य घटनाओं को भी अंजाम दिया होगा। पुलिस तमाम बिंदुओं पर आरोपियों से पूछताछ कर रही है। इनके विरुद्ध पूर्व में यदि कहीं एफआईआर दर्ज हुई है तो उसके बारे में भी पुलिस जानकारी कर रही है। ताकि इनके द्वारा और कोई धोखाधड़ी का शिकार न होने पाए। फिलहाल, इन लोगों ने अभी तक एक ही घटना को स्वीकार किया है।

### कार्रवाई में शामिल रही टीम

कटघर थाना प्रभारी निरीक्षक तेजवीर सिंह, एसएसआई अजय कुमार, दरोगा ओम शुक्ल, एसओजी टीम में दरोगा अमित कुमार, राहुल कुमार, कृष्ण कुमार और सोनम शामिल हैं।

### 36 घंटे में खुलासा, कार में सवार थे पांच लोग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पुराने बैंड व गोल्ड सस्ते दाम पर खरीदने के लालच में फंसे अंबाला के चार व्यापारी मंगलवार को कार से मुरादाबाद आए थे। इनके साथ चालक सुमित पुत्र दिनेश निवासी दुधला मंडी थाना पड़ाव अंबाला भी था। चार व्यापारियों में अंबाला के थाना कैंट सदर की रामकृष्ण कॉलानी निवासी वीरेंद्र पुत्र इतवारी लाल व रविंद्र पुत्र ज्ञान चंद्र, थाना महेश नगर में नामदेव नगर के प्रवीन कुमार पुत्र फकीर चंद्र और कुरुक्षेत्र जिले के विनोद पुत्र ईश्वर चंद्र थे। हैरत की बात ये व्यापारी अपनी कार में तीन-चार पुराने बैंड भी रखे थे। पुलिस ने पहले फोन करने वाली महिला का मोबाइल नंबर व्यापारी वीरेंद्र से लिया था। फिर उसका सीडीआर (कॉल डिटेल रिकॉर्ड) ले लिया। इससे पुलिस के लिए घटना की गुत्थी सुलझाना आसान हो गया। फिर सर्विलांस के जरिए महिला की लोकेशन ट्रेस कर उसे उठा लिया, जिसने अपना नाम पुलिस को जगीसना बताया। फिर इसी की शिनाख्त पर अन्य साथियों को भी दबोच लिया।

### पारकर रोड पर मिला रिक्शा चालक का शव

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को पारकर रोड पर ताड़ीखाने के थोड़ा आगे रिक्शा चालक का शव मिला है। पुलिस शव की शिनाख्त नहीं कर पाई है। वैसे सड़क पर रिक्शा के पास काफी देर से पड़े व्यक्ति को देखकर काफी राहगीर निकल गए थे। मगर किसी न भी उसे देखने की जहमत नहीं उठाई।

दोपहर में एक-दो व्यापारियों ने निकट जाकर देखा तो उसके शरीर में कोई हरकत नहीं थी। जिस पर दुकानदारों ने यूपी डॉयल-112 को सूचना दी थी। इसके बाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ऊषा मलिक मौके पर पहुंची थीं। प्रारंभिक जांच की और उसकी शिनाख्त के लिए आसपास के रिक्शा चालकों से शव की पहचान कराई लेकिन, सभी ने उसे पहचानने से इनकार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को मोर्चरी भिजवाया गया है। इसके अलावा उसका फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। उम्मीद है कि उसकी शिनाख्त हो जाएगी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के रिक्शे पर उसका खाना भी रखा मिला है। खाने में पूड़ी-सब्जी है।



पीपली गांव में अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

# मजदूरों की संख्या बढ़ाकर निर्माण कार्य जल्द पूरा कराएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने शनिवार को बिलारी तहसील के पीपली ग्राम में बन रहे अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि को मजदूरों की संख्या बढ़ाकर काम समय से पूरा कराने का निर्देश दिया। कहा कि 30 जून तक अकादमी ब्लॉक का काम पूरा कराएं, जिससे एक जुलाई से विद्यालय संचालित हो सके।

निरीक्षण में लड़कों व लड़कियों का हास्टल अधूरा मिला। चहारदीवारी भी अधूरी थी। कर्मचारियों के आवास के निर्माण की प्रगति काफी धीमी होने पर नाराजगी जताई। इस दौरान एसडीएम बिलारी मणि अरोड़ा, लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### लूट की योजना बनाते दो गिरफ्तार, एक फरार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला पुलिस ने लूट की योजना बनाते हुए दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार किया है। इनके पास से तमंचा-कारतूस, मोबाइल और तीन बाइकें बरामद की हैं। इन अभियुक्तों में फैजान पुत्र यामिन और राजेश उर्फ राजा पुत्र धर्मपाल उर्फ धर्म सिंह हैं। जबकि इनका एक साथी अतबिर पुत्र अजयपाल मौके से भागने में सफल रहा। इस मामले में एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि अभियुक्त फैजान व राजेश उर्फ राजा ने पूछताछ में बताया है कि वह आपस में मिलकर रुपये के लिए चोरी-लूट करते हैं। शनिवार को भी वह घटना करने के प्रयास में थे। साथियों के बीच योजना बना रहे थे, तभी पुलिस ने उन दोनों को पकड़ लिया। अभियुक्तों ने बताया कि उनसे बरामद हुई तीनों बाइकों को उन लोगों ने अलग-अलग स्थानों से चोरी किया था।

# दहेज के 4.50 लाख लेकर दूसरी युवती संग फरार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पिता के गुजरने के बाद मां-भाई के साथ ननिहाल में गुजर-बसर कर रही युवती

**अमृत विचार :** दूल्हे ने निकाह से पहले होने वाली ससुराल से नकद 4.50 लाख रुपये ले लिए। गोद भराई आदि रस्म में भी गहने-कपड़े, फल-मिष्ठान्न लिया और अब जब निकाह की तारीख निकट आई तो युवक अपनी नानी की देवरानी की बेटी को लेकर भाग गया। इधर, खबर मिलते ही पीड़ित वधू पक्ष परेशान है। इस मामले में युवती शनिवार को एसएसपी के पास भी पहुंची थी। पूरा मामला कांठ थाना क्षेत्र का है।

निकाह के नाम पर धोखेबाजी से पीड़ित युवती ने एसएसपी को बताया कि पिता के गुजर जाने के बाद उसकी मां के दिमाग की हालत ठीक नहीं है। वह मां और अपने छोटे भाई के साथ ननिहाल में ही रहती है। उसका रिश्ता बिजनौर के थाना नूरपुर क्षेत्र के पाटली गांव से तय हुआ था। इसी साल जनवरी में मंगनी हुई थी। मामा ने अंगूठी आदि चीजें देकर उनका सम्मान किया था। मंगनी में उसके मामा ने 60,000 रुपये खर्च किए थे। पीड़िता ने बताया कि उसकी होने वाली ससुराल के लोगों ने बोला था कि उन्हें दहेज में कोई सामान नहीं चाहिए...केवल पांच लाख रुपये नकद दे दो। जिस पर चार लाख रुपये नकद दिए थे। बाकी एक लाख रुपये बाद में देने को कह दिया था। निकाह से पहले ही उसका होने वाला शौहर 9 मई को रिश्तेदारी की ही दूसरी लड़की को भगा ले गया।

### पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय अति पिछड़ा महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ एसएसपी को शिकायती पत्र देकर गांव माकनपुर के रहने वाले एक परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

शनिवार को बिलारी थाना क्षेत्र के गांव माकनपुर के रहने वाले विनीत कुमार प्रजापति के परिवार को राष्ट्रीय अति पिछड़ा महासंघ के अध्यक्ष डा. रामेश्वर दयाल तुरैहा ने पुलिस से सुरक्षा देने की मांग की है। जिसके लिए उन्होंने एसएसपी हेमराज मीना को पत्र सौंपा है। जिसमें उन्होंने बताया कि विनीत प्रजापति का थाना बिलारी निवासी रूबी चौधरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों ने बालिग होने पर गाजियाबाद में कोर्ट में मैरिज कर ली है। लेकिन थाना बिलारी पुलिस ने विनीत के पिता हेम सिंह को थाने में बिठा रखा है। उसी दिन से उसकी मां व तीन बहनें अपने घर में ही कैद हैं। लड़की पक्ष के लोग उन्हे धमका रहे हैं।

# रंगदारी मांगने के आरोप में पिता-पुत्र पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में निर्यातक से रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। रंगदारी के रुपये न देने पर झूठे मामले में फंसा देने की भी उन्हें धमकी मिल रही है। पीड़ित निर्यातक मनीष ढल शांति नगर के निवासी हैं। इस मामले में पुलिस ने निर्यातक की तहरीर पर आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

निर्यातक ने पुलिस को बताया है कि मझोला क्षेत्र के लाइनपार में उनकी फैक्ट्री थी। जिसे उन्होंने बंद कर दिया और फैक्ट्री की जमीन पर प्लाटिंग कर उसे बेच दिया है। इन भूखंडों में से एक भूखंड 69.67 वर्ग मीटर का मझोला थाना क्षेत्र के लाइनपार बौद्ध विहार निवासी जगदीश सिंह और उनकी पत्नी रामप्यारी ने 6 सितंबर 2016 को 27.87 लाख रुपये में खरीदा था। इसकी रजिस्ट्री भी उन्हें कर दी थी और कब्जा दे दिया था। जगदीश ने इस भूखंड पर अपना मकान भी बना लिया था। आरोप है कि जगदीश और उसके बेटे राकेश ने अवैध उगाही के मकसद से निर्यातक मनीष ढल के ताऊ किशन लाल ढल और तहेरे भाई अरशु ढल के खिलाफ पांच जनवरी 2019 को सिविल लाइंस थाने में धोखाधड़ी समेत अन्य आरोप में एफआईआर दर्ज कराई थी। इस प्रकरण में पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट भी लगा दी थी। आरोप है कि जगदीश सिंह और राकेश कुमार निर्यातक को डरा-धमका कर लाखों रुपये वसूल चुके हैं। इस मामले में सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर प्रकरण में विवेचना की जा रही है।

**लापरवाही** शिकायतकर्ता से जिले व स्थानीय लोकेशन जानने तक सीमित है अभियान

# 1912 पर घंटों बाद भी नहीं मिलता रिस्पांस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उपभोक्ताओं की समस्या के समाधान के विद्युत निगम के चलाए अभियान में 1912 हेल्पलाइन नंबर की पोल खुलती जा रही है। विद्युत निगम की हेल्पलाइन योजना के नंबर पर फोन करने पर जिला व उसकी लोकेशन जानने तक या फिर किसी से जल्द आप के पास फोन आने तक की बात तक सीमित रह गई है। उपभोक्ता फोन करके घंटों तक समस्या के समाधान के लिए आने वाले फोन का इंतजार करते हैं। विद्युत निगम की ओर से हेल्पलाइन नंबर को लेकर दावे तो किए जा रहे हैं, लेकिन सब हकीकत से इतर हैं।

विद्युत निगम की ओर से जिले के 6 लाख 50 हजार उपभोक्ताओं के लिए 1912 हेल्पनंबर चालू कर दिया।लेकिन हेल्पलाइन नंबर पर फोन करने पर समस्या का समाधान तो दूर जिले स्तर पर भी कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया तक नहीं मिलती। शनिवार को खुशहालपुर क्षेत्र में सुबह से बिजली कटौती शुरू हो गई। हर 20 मिनट में बिजली गुल होने को सिलसिला दोपहर एक बजे तक रहा। जिसमें खुशहालपुर सैनिक फैक्ट्री के पास सैनेटरी की दुकान करने वाले तारिक जैदी ने हेल्पलाइन नंबर पर 1:16 मिनट पर मोबाइल नंबर 9639722786 से फोन मिलाया। उधर से फोन उठाया गया और लोकेशन पूछी और फोन काट दिया गया। दो बजे तक कोई फोन स्थानीय स्तर के विद्युत कर्मचारियों का नहीं आया और न ही बिजली आपूर्ति आने के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब मिला।




बुध बाजार स्थित मारुति बुक पुस्तक भंडार के मालिक विपुल अग्रवाल ने 2:48 मिनट पर 1912 हेल्पलाइन पर दो घंटे से गुल बिजली आपूर्ति आने के बारे में जानकारी करने के लिए 7252072946 नंबर से फोन मिलाया। कई बार करने पर फोन मिला। फोन उठाने के बाद विपुल अग्रवाल से डेढ़ मिनट बात हुई और जिले से लेकर स्थानीय लोकेशन पूछी गई। बिजली जाने का समय भी नोट किया गया। जिसके बाद फोन काट दिया गया। स्थानीय विद्युत निगम से आधा घंटे तक कोई फोन नहीं आया। विद्युत निगम का हेल्पलाइन नंबर बेहतर बिजली व्यवस्था करने की लिस्ट में महज संख्या बढ़ाने की भूमिका निभा रहा है।

# कंप्यूटर केंद्र संचालक और दोस्त पर दुष्कर्म का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एसएसपी के निर्देश पर मझोला थाना पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** एसएसपी के निर्देश पर मझोला थाना पुलिस ने युवती से दुष्कर्म और मारपीट के आरोप में दो दोस्तों पर मामला दर्ज किया है। इसमें सोनू उर्फ सौरभ कुमार पुत्र मुन्नालाल निवासी सैफपुर पल्ला गतौरा और आनंद राही नामजद हुए हैं।

युवती ने जून 2016 में वह कंप्यूटर कोर्स सीखने के लिए लाइनपार सूर्यनगर में ऐंजिल कंप्यूटर सेंटर जाती थी। इसका संचालन आरोपी सोनू उर्फ सौरभ कुमार करता था। इसने युवती को कंप्यूटर सिखाने के बहाने से बहला-फुसलाकर एक दिन सेंटर में देर शाम तक अकेले रोके रखा था। युवती का आरोपी है कि वहीं उसके साथ संचालक ने जबरन दुष्कर्म किया। तस्वीरें भी खींच लीं, इस पर जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उससे मारपीट की और धमकाया। 16 अप्रैल को कंप्यूटर संचालक ने पूर्व में खींची गई तस्वीरें उसे वापस करने के बहाने से फोन कर प्रकाश नगर पर बुलाया था। जिस पर वह दोपहर को प्रकाश नगर चौराहे पहुंची थी। यहां कार में आरोपी सोनू अपने दोस्त आनंद राही के साथ बैठा था। आरोप है कि युवती ने कार में बैठने से मना कर दिया तो सोनू उसे धमकाने लगा और जबरन बैठा लिया। फिर कार को कोहनूर तिराहे से लाकड़ी की तरफ और सुनसान जगह पर घुमाता रहा और कार में ही युवती से मारपीट की। उसी के दुपट्टे से उसका गला घोंटकर जान से मारने की कोशिश की। शुक्रवार देर शाम को एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

# सपनों को पाने के लिए मेहनत जरूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कॉलेज में शनिवार को सरकारी व उच्च पदों पर कार्य कर रहीं स्कूल की पूर्व छात्राएं कॉलेज की वर्तमान छात्राओं व उनके अभिभावकों से रुबरु हुई। जिसमें करियर गाइडेंस के बारे में बताया और अपने अनुभवों को साझा किया।

पूर्व छात्राओं में ग्राम पंचायत अधिकारी मुरादाबाद ब्लाक निशा यादव, कंपनी सचिव कोपल वार्ष्णेय, रायल क्वीन मेकअप स्टूडियो की संचालिका दीपाली भाटिया, पूर्व मिस यूनिवर्स डिवाइन निशा मौर्य ने साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कालेज से लेकर अब तक की गतिविधियों के बारे में बताया। चारों पूर्व छात्राओं का परिचय वर्तमान छात्राओं द्वारा सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

ग्राम पंचायत अधिकारी निशा यादव ने कहा कि इस कालेज के गुरुजनों द्वारा मुझे जो शिक्षा दी गई उसी की बदौलत आज मैं इस मुकाम तक पहुंची हैं। कंपनी सचिव कोपल वार्ष्णेय ने कहा कि पढ़ाई के दौरान आप वाणिज्य वर्ग चुनें या फिर विज्ञान वर्ग या कला सभी में करियर को बनाने के अनेकों अवसर मिलते हैं। रायल क्वीन मेकअप स्टूडियो की संचालिका दीपाली भाटिया ने कहा कि अपने जीवन में नेतृत्व कौशल की क्षमता होना बहुत आवश्यक है। पूर्व मिस यूनिवर्स डिवाइन निशा मौर्य ने कहा कि सपने एक दिन में पूरे नहीं होते उनके लिए निरंतर प्रयास करने पड़ते हैं। कालेज प्रधानाचार्या अर्चना साहू ने कहा कि आप सभी पूर्व छात्राओं की उपलब्धियों पर साहू रमेश कुमार कालेज परिवार को गर्व है। कालेज प्रबंधक सुशील कुमार ने पूर्व छात्राओं का आभार जताया। इस दौरान कालेज प्रबंध समिति के सदस्य गौरांग साहू, राधिका साहू, श्वेता त्रिपाठी, अनीता गुप्ता, नूतन शर्मा, निमित जायसवाल, संगीता खन्ना आदि का सहयोग रहा।




साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कॉलेज में अपने विचार रखतीं पूर्व छात्रा। ● अमृत विचार

- साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कालेज में पूर्व छात्राओं ने साझा किए अनुभव

## एक नजर

### बरात में आए युवक से मारपीट और गाली गलौज

**छजलैट, अमृत विचार :** भांजी की शादी में आए युवक को ग्राम वासियों ने मारपीट व गाली गलौज कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की मांग की है। थाना डिलारी निवासी विपिन कुमार पुत्र केवल सिंह अपनी भांजी की शादी में थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम लदावली में आया हुआ था। खाने को लेकर गांव के ही युवक से उसकी कहासुनी हो गई। उसके बाद गांव के सोंटी, सतीश ,बिट्टू और संजय ने विपिन कुमार के साथ मारपीट व गाली गलौज की। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह लोग जान से मारने की धमकी दे रहे थे। पीड़ित ने थाने में नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** युवक से गाली गलौज और मारपीट के मामले में पीड़ित युवक के पिता की तहरीर पर चार लोगों पर रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बहादुरनगर निवासी हरि सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार रात मेरे पुत्र नन्हे व सोनू घर के निकट बात कर रहे थे। तभी गांव के ही अजय उर्फ नितिन पुत्र महावीर, रविकांत पुत्र रामचन्द्र, शिवम पुत्र बाबू सिंह ने दोनों से गाली गलौज करना शुरू कर दिया। जब मेरे पुत्रों ने गाली देने का विरोध किया तो इन चारों युवकों ने मेरे दोनों पुत्रों पर लाठी-डंडे व धारदार हथियार के साथ हमला कर दिया। जिसमें दोनों पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गये। दोनों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित हरि सिंह की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**भगतपुर, अमृत विचार :** भगतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने गांव के व्यक्ति पर छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप लगाया है। महिला के अनुसार वह चार मई को दोपहर 12 बजे अपने घर पर थी। तभी गांव का ही एक व्यक्ति उसके घर में घुस आया और छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। महिला ने भगतपुर पुलिस को आरोपी के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मुरादाबाद देहात की खबरें पेज 12 पर भी।

# अतिक्रमण से हाइवे पर दिनभर लगा जाम

## साप्ताहिक बाजार के दौरान हाइवे के दोनों ओर ठेले और फड़ लगने से दिक्कत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर में शनिवार को ठाकुरद्वारा-स्योहारा मार्ग लगने वाले कपड़ा बाजार के अतिक्रमण के चलते जाम लग गया। इससे लोगों को दिनभर परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क के दोनों ओर कपड़ा बाजार के अतिक्रमण के कारण पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। नगर पालिका अतिक्रमणकारियों के खिलाफ शिकंजा कसने में नाकाम नजर आ रही है। जबकि अतिक्रमणकारी लगातार जाम को बढ़ावा दे रहे हैं। इसकी कई बार शिकायत करने पर भी पालिका और तहसील के अधिकारी अनदेखी कर रहे हैं।

बता दें कि ठाकुरद्वारा-स्योहारा मार्ग के दोनों ओर शनिवार को लंबे समय से कपड़ा बाजार लगता है। अब यहां शनिवार को कपड़ा बाजार के दौरान पूरे मार्ग पर दुकानों के सामने लोग ठेले खड़े कर लेते हैं और फड़ भी लगाते हैं। इससे इस मार्ग पर दिनभर जाम की स्थिति बन जाती है।


ठाकुरद्वारा में शनिवार को स्योहारा मार्ग पर लगा जाम। ● अमृत विचार

छोटे वाहन तो किसी तरह निकल जाते हैं। लेकिन बड़े वाहन विशेषकर ट्रक, डंपर और बसें जो एक साथ यहां आते हैं, उनका गुजरना मुश्किल हो जाता है। इससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को जाम से जूझना पड़ता है। इस समस्या के समाधान को कोई पहल नहीं की गई है। न तो प्रशासन और न ही पुलिस इस ओर ध्यान दे रही है। शनिवार को कपड़ा बाजार के दौरान जाम की समस्या और विकराल

**• दिल्ली से काशीपुर जाने वाले वाहन भी बढ़ा रहे समस्या**

रूप ले लेती है। वहीं, अब दिल्ली से काशीपुर और रामनगर जाने वाले पर्यटक भी इसी मार्ग का प्रयोग करते हैं। दिल्ली से आने वाले पर्यटकों के वाहन अतरासी से अमरोहा, कांठ और कांठ से करनपुर-ठाकुरद्वारा होते हुए काशीपुर से रामनगर पहुंच जाते हैं। इससे दूरी भी घटती है और एक टोल भी बच जाता है। इससे भी यहां जाम की समस्या बढ़ जाती है। इस कारण शनिवार को सप्ताहांत, कपड़ा बाजार लगने और अतिक्रमण के चलते पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे आम जनता, नगरवासियों, क्षेत्र में खरीदारी करने आए ग्रामीणों व यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि स्थानीय प्रशासन इस ओर से अनजान बना हुआ है।

## 14 से 29 मई तक होगा निशुल्क राशन वितरण

**कांठ, अमृत विचार :** राशन डीलरों की दुकान पर 14 से 29 मई तक निशुल्क खाद्यान्न का वितरण पर्यवेक्षकों की निगरानी में ई वेइंग मशीन से होगा।

जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी जितेंद्र सिंह ने सभी राशन डीलरों को 14 में से 29 में तक निशुल्क खाद्यान्न का वितरण राशन कार्ड धारकों को करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को 14 किलोग्राम गेहूं एवं 21 किलोग्राम चावल कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न एवं गृहस्थी राशन कार्ड के प्रत्येक यूनिट पर दो किलोग्राम गेहूं और तीन किलोग्राम चावल प्रत्येक यूनिट पांच किलोग्राम खाद्यान्न निशुल्क राशन कार्ड धारक को वितरण किया जाएगा। जितेंद्र सिंह ने बताया कि इस बार राशन कार्ड धारकों को बाजरे का वितरण नहीं होगा। केवल गेहूं व चावल ही मिलेगा। उन्होंने कहा कि सुबह 6 बजे से रात्रि 9 तक खाद्यान्न मिलेगा। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न का वितरण नोडल अधिकारी पर्यवेक्षक की निगरानी में पारदर्शिता के साथ करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

## सार-संक्षेप

### सतपाल ब्लॉक अध्यक्ष और चरित्र कुमार बने मंत्री

**बिलारी, अमृत विचार :** बीआरसी केंद्र पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सम्बद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई बिलारी की ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया। शनिवार को बैठक में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष रोहित कुमार मिश्रा एवं जिला मंत्री रविकांत गहलोत का स्वागत किया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ बिलारी इकाई का गठन किया। जिसमें कपिल चौधरी को संरक्षक, सुबोध कुमार शर्मा को कोषाध्यक्ष, संसारी सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और उपाध्यक्ष मंडल में पवन कुमार गौड़, सूरज सिंह चौहान, मनीष कौशिक, अजरा शाहीन व मधुबाला को शामिल किया। प्रदीप सिंह को संयुक्त मंत्री और संगठन मंत्रिमंडल में अनस रजा, रामपाल, आजाद धामा, खदीजा बेगम, दीपावली गुप्ता को शामिल किया। प्रचार मंत्री मंडल में मुनेश, मयंक भारद्वाज, अरुण कुमार, जयपाल सिंह, रवि कुमार यादव को शामिल किया। रविंद्र शर्मा को अकाउंटेंट व धर्मेंद्र को ऑडिटर, चरित्र कुमार को ब्लॉक मंत्री व सतपाल सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया।

### 70 क्विंटल भूसा गोशाला में किया दान

**छजलैट, अमृत विचार :** प्रदेश सचिव ऑल इंडिया फेयर प्राइज उत्तर प्रदेश ने सादकपुर खिचड़ी गोशाला को 70 क्विंटल भूसा दान कर लोगों को दान के लिए प्रेरित किया है। एसडीएम एवं तहसीलदार की प्रेरणा से ऑल इंडिया फेयर प्राइस उत्तर प्रदेश के सचिव चौधरी बृजेश कुमार सिंह ने दानदाताओं के सहयोग से सादकपुर खिचड़ी को क्षेत्रीय लेखपाल सचिन चौधरी की मौजूदगी में 70 क्विंटल भूसा दान कर अन्य लोगों को भी दान करने के लिए प्रेरित किया है। इससे पूर्व भी उनके ग्राम से दानदाता 80 क्विंटल भूसा दान कर चुके हैं।


भूसा दान करते चौधरी बृजेश कुमार सिंह।

### निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं

**कांठ, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की क्षेत्रीय इकाई के उपाध्यक्ष के साले का हृदयघात से निधन हो गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा के साले सौरभ कौशिक उम्र 47 निवासी अमरोहा में शनिवार सुबह हृदय गति रुकने से कारण निधन हो गया। उनके निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भावेश शर्मा, अंकुर शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, पवित्र शर्मा, अनिल शर्मा, यतेंद्र शर्मा, रतेश शर्मा, रॉबिन शर्मा, राजीव शर्मा, रजत शर्मा, सोमदत्त कौशिक, संजय कौशिक, दिवाकर शर्मा, कुलदीप कौशिक, बालमुकुंद शर्मा, मोनू शर्मा, प्रिंस शर्मा, विकास शर्मा, राकेश शर्मा, पूर्व सभासद मुकेश शर्मा, राजीव शर्मा, डेजू, नवदीप शर्मा, हर्ष शर्मा, यश शर्मा ने शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।


भगतपुर में प्रदर्शन करते भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भाकियू टिकैत ने थाने पर किया धरना-प्रदर्शन

**भगतपुर, अमृत विचार :** भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने भगतपुर थाने में मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन के दौरान किसानों ने पुलिस से लोगों की समस्याएं सुनने और समय से निस्तारण किए जाने की मांग की। संगठन के कार्यकर्ताओं ने बथुआ खेड़ा के किसानों पर बिड़ला ग्रुप के कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार करने वालों पर कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंचे सीओ ने किसानों की मांगों को मानने का आश्वासन देते हुए धरना-प्रदर्शन खत्म कराया। प्रदर्शन में डॉ. नौ सिंह, मनोज चौधरी, शुभम राठी, यशपाल सिंह, मुजफ्फर अली व रोहित देवल रहे।


स्कूल में प्रमाणपत्र दिखातीं छात्राएं और साथ में बैठे शिक्षक। ● अमृत विचार

### हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज में मेधावियों का सम्मान

**कुंदरकी/मैनाठेर, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम डींगरपुर स्थित हबीबी पब्लिक इंटर कॉलेज में शनिवार को मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक (546/600) मोहम्मद उजैफ को प्रथम, शाजिया (543/600) को द्वितीय, समीर राजा (533/600) को तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इंटर बोर्ड परीक्षा 2024 में सर्वाधिक अंक(437/500) शीरी जैनब को प्रथम, सायबा (432/500) को द्वितीय, सैफ अली 432/500 को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मशकूर अहमद ने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को परीक्षा की तैयारी में जुट जाना चाहिए। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य जहीरुल इस्लाम, इशरत अली,वसीउद्दीन, मोहम्मद वसीम, बृजेश कुमार शर्मा, हिमांशु कुमार शर्मा, राजीव कुमार, मोहम्मद शाहनवाज, सतीश कुमार, फिरोज खान, मोहम्मद साकिब व विद्यालय के प्रबंधक महमूद जावेद उपस्थित रहे।

### किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव में एक किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म किया गया है। पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी जंगल को जा रही थी। तभी गांव निवासी तीन युवक किशोरी को जबरन गन्ने के खेत में ले गए। जहां तीनों ने उससे सामूहिक दुष्कर्म किया और किशोरी के अश्लील फोटो खींचकर भाग गए। इसके बाद होश आने पर किशोरी घर पहुंची और परिजनों को आप बीती बताई। पीड़िता की मां ने थाना डिलारी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### किशोरी के लापता होने पर दो के खिलाफ रिपोर्ट

**कुंदरकी, अमृत विचार :** गांव की महिला के साथ दवा लेने गई किशोरी लापता हो गई थी। किशोरी की मां की शिकायत पर पुलिस ने महिला सहित एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र निवासी किशोरी गांव की महिला के साथ 25 अप्रैल को कुंदरकी से दवा लेने गई थी। लेकिन वह दवा लेकर घर वापस नहीं लौटी। जिसके चलते लापता किशोरी की मां ने किशोरी के साथ गई गांव की महिला पूजा पर 15 वर्षीय बेटी को बहलाकर किसी लड़के के साथ भगा देने का आरोप लगाया है। किशोरी की मां ने महिला सहित अज्ञात के खिलाफ थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी।


झाड़ू वितरण कार्यक्रम में मौजूद प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्रा व छात्र-छात्राएं।

### सफाई के लिए झाड़ू बांटी

**बिलारी, अमृत विचार :** श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमरपुर काशी में गांव के चामुंडा मंदिर, शिव मंदिर, दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर, जाहर बाबा मंदिर में झाड़ू बांटी गईं। जिसमें मुख्य अमरपुर काशी, समसपुर, विजयपुर, पिपली, पालनपुर, हरी खेड़ा, फतेहपुर, शाहपुर, हम्जापुर, खानपुर, खाता, दिनोरा, शिव मंदिर एवं मस्जिद पर भी झाड़ू भिजवाई। कार्यक्रम में पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने सफाई का महत्व बताया। इस अवसर पर सचिन यादव, निशांत यादव, शिवकुमार, लक्ष्मी यादव, दिव्यांशी सैनी, मोनिका सैनी, नेतराम यादव, हैप्पी शर्मा, रमन ठाकुर, दीक्षा यादव, निशा यादव, गुंजन ठाकुर, नितेश ठाकुर, सचिन यादव, सुमित यादव को गांव के प्रत्येक मंदिर हेतु पहुंचने को झाड़ू दी गईं।

# गेहूं के दाम के साथ सफाई का खर्च भी देगी सरकार

संवाददाता, छजलैट

**राहत**
- किसानों को 20 रुपये प्रति क्विंटल का होगा भुगतान
- केंद्र प्रभारी ने किसानों से की पंजीकरण कराने की अपील

**अमृत विचार :** सरकार द्वारा इस वर्ष 2275 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं के दाम निर्धारित किए गए हैं। जिसके साथ 20 रुपये अतिरिक्त सफाई के भी किसान को मिलेंगे। यह अतिरिक्त धनराशि के साथ कुल 2295 रुपये प्रति क्विंटल किसानों के खाते में भुगतान होगी।

सरकार द्वारा इस वर्ष गेहूं की खरीद एक मई से 30 जून तक के लिए निर्धारित की है। जिसमें 2275 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से किसान से गेहूं की खरीद होगी। जिसके साथ में 20 रुपये प्रति क्विंटल का अतिरिक्त भुगतान गेहूं की सफाई का भी किसानों को मिलेगा। यह जानकारी देते हुए केंद्र प्रभारी सुनील कुमार त्यागी ने बताया कि इस वर्ष किसानों को 2295 रुपये प्रति क्विंटल का भुगतान होगा और 20 रुपये प्रति क्विंटल हर किसान से अग्रिम केंद्र पर जमा करने होंगे। यह धनराशि सीधे किसान के खाते में जाएगी।

उन्होंने बताया कि अभी तक 1800 किसानों के रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं और किसान अपना गेहूं लेकर पहुंच रहे हैं। केंद्र प्रभारी ने किसानों से अपील की है कि अपना पंजीकरण अवश्य कर दें और टोकन भी प्राप्त कर लें ताकि समय से गेहूं खरीदा जा सके। उसका भुगतान सही प्रकार से मिल सके। उन्होंने बताया कि सभी गेहूं खरीद केंद्रों पर किसानों के लिए पानी व बैठने की व्यवस्था की गई है।

# अवैध प्लॉटिंग से अधिकारी बने अनजान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर व ग्रामीण क्षेत्र में प्लॉटिंग का धंधा अवैध रूप से चल रहा है। इससे शासन को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। वहीं टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग से अनुमति लिए बिना किए जा रहे अवैध प्लॉटिंग में सडक, नाली, पेयजल की व्यवस्था व गार्डन आदि की सुविधाएं भी नहीं दी जा रही हैं।

क्षेत्र में जमीन के बिचौलियों के द्वारा आम जनता को कम कीमत पर भूखंड देने का लालच देकर उन्हें अंधेरे में रखा जा रहा है। ग्राहक भी नियम कायदे की जानकारी के अभाव में उनके चंगुल में फंसते जा रहे हैं। कोतवाली क्षेत्र का कोई भी कोना इन जमीन के दलालों से अछूता नहीं है, जहां इनके द्वारा अवैध प्लॉटिंग न किया जा रहा हो। कई


ठाकुरद्वारा में क्षेत्र में भूखंड पर की गई प्लॉटिंग। ● अमृत विचार

वर्षों से चल रहे अवैध प्लॉटिंग का सिलसिला जारी है। वर्तमान में कई बड़े भूखंडों पर अवैध प्लॉटिंग कर हजारों प्लाट बेचने की तैयारी की जा रही है। तहसील मुख्यालय के चारों दिशाओं में चल रहे अवैध प्लॉटिंग पर अधिकारियों की चुप्पी से इन कॉलोनाइजरों के हौसले काफी बुलंद हैं।

नगर व क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग पर प्रशासनिक अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जमीन के बिचौलियों व कॉलोनाइजर पर नियमानुसार कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे लोगों को प्लाट खरीदने के बाद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनाइजर किसानों से जमीन का सौदा कर चंद रुपयों का बयाना देकर पावर ऑफ अटार्नी ले रहे हैं। बाद में किसान सरकारी नियम कानून के चक्कर में फंसते हैं और जमीन के बिचौलिए साफ बच निकलते हैं।

> नगर पालिका बोर्ड की बैठक में नगर क्षेत्र में बनाईं जा रही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई का प्रस्ताव रखा गया था। लेकिन आचार संहिता लागू होने के कारण कार्रवाई नहीं हो सकी। आचार संहिता हटने के बाद कॉलोनी की जांच कराकर कार्रवाई कराई जाएगी।
>
> **-ललित आर्य,** अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका ठाकुरद्वारा

# सूखे और गीले कूड़े के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** पब्लिक इंटर कॉलेज में अधिशासी अधिकारी श्वेतांक सारस्वत ने नगर पंचायत ऊमरी कलां के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें स्कूल के बच्चों को गीले और सूखे कूड़े के बारे में समझाया गया।

कार्यक्रम में बच्चों को समझाया कि गीले कूड़े व सूखे कूड़े मे क्या अंतर है। हमें गीला कूड़ा तथा सूखा कूड़ा किस डिब्बे में रखना चाहिए। डिब्बे डोर टू डोर कलेक्शन को आए स्वच्छता कर्मी को देना चाहिए। अधिशासी अधिकारी ने बच्चों को समझाया कि गीला कचरा हरे कूड़े दान में जैसे रसोई का कचरा, फूल व पत्ते, फलों व सब्जियों का कूड़ा, बचा हुआ खाना, डाला जाएगा और सूखा कचरा नीले कूड़ेदान में जैसे गत्ता, डिब्बों का कूड़ा, प्लास्टिक बोतल का कूड़ा, प्लास्टिक के थैले



छात्र-छात्राओं को जागरूक करते नगर पंचायत कर्मी व अन्य। ● अमृत विचार

**• मेरा आंगन मेरी हरियाली अभियान के बारे में बताया**

का कूड़ा, प्लास्टिक पैकिंग का कूड़ा डाला जाएगा। इसका प्रयोग प्रैक्टिकल के रूप में समझाया गया और स्वच्छ सारथी क्लब का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छ सारथी क्लब का गठन किया व मेरा आंगन मेरी हरियाली का भी कार्यक्रम कराया गया। ऊमरी कलां के नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली का कहना था कि सरकार ने हमें गीला व सूखा कूड़ा घर-घर से एकत्रित करने की सुविधा दे रखी है। जिसका हमें सदुपयोग करना चाहिए। इस कार्यक्रम में पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक रियासत हुसैन, वेदपाल, सौरभ विश्नोई, गय्यूर महेंदी, मोहम्मद जीशान, जयकुमार, परम सिंह, राहुल कुमार, अंकित विश्नोई, अंकुर विश्नोई आदि उपस्थित रहे।

## ऑटो चालक से दो युवकों ने की मारपीट

**छजलैट, अमृत विचार :** बाइक सवार दो युवकों ऑटो चालक से ऑटो ठीक प्रकार से नहीं चलाने को लेकर गाली गलौज और मारपीट कर फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की मांग की है।

थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम आवी हफीजपुर निवासी मदन सिंह पुत्र सुलभ सिंह 10 मई को शाम छह बजे ग्राम मथाना से छजलैट पेट्रोल पंप पर सीएनजी भरवाने के लिए जैसे ही सड़क पर आया, पीछे से आ रहे अज्ञात बाइक सवार दो युवकों ने ऑटो चालक को रोक लिया। उसके साथ मारपीट व गाली गलौज करने लगे। वहां पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव कराया। पीड़ित ने बताया कि उसके सर पर काफी चोट आई है। इसके साथ उसकी पत्नी रीना देवी से भी गाली गलौज की। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं।

# क्षेत्राधिकारी के निर्देश पर छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, कुंदरकी

- मां के साथ जा रही किशोरी से छेड़छाड़ का है मामला
- आरोपियों ने महिला और उसकी बेटी को घर में घुसकर पीटा

**अमृत विचार :** कुंदरकी ब्लाक के मैनाठेर थाना क्षेत्र के ग्राम में किशोरी से अश्लील हरकते करने में छह लोगों के खिलाफ क्षेत्राधिकारी के आदेश पर मामला दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार मां के साथ जा रही किशोरी से दो भाइयों के अश्लील इशारे करने व विरोध करने पर परिवार वालों के साथ मिलकर घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। किशोरी की मां ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की थी। पुलिस ने क्षेत्राधिकारी बिलारी के निर्देश पर आरोपी सोनू, मोनू, बंटी पुत्र मेहंदी हसन, शमशाद पुत्र महमूद, सरफराज पुत्र पप्पू और तनवीर पुत्र मतलूब के खिलाफ मामला दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि दो भाई सोनू और मोनू उसकी बेटी पर बुरी नजर रखते हैं। 14 अप्रैल की शाम जब वह 16 वर्षीय बेटी के साथ शादी समारोह से लौटकर घर वापस आ रही थी तो रास्ते में दोनों भाइयों ने उसकी बेटी को अश्लील इशारे करने शुरू कर दिए और जब महिला ने उसका विरोध किया तो आरोपी दोनों भाई मारपीट करने के लिए उतारु हो गए। आरोप है कि इसके बाद आरोपी दोनों भाई परिवार वालों के साथ घर में घुस आए थे और उनके साथ मारपीट की थी।

## बच्चों का पोषाहार बन रहा पशुओं का चारा

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र में नौनिहाल, गर्भवती महिलाओं को मिलने वाले पोषाहार की कालाबाजारी की जा रही है। जबकि सरकार नौनिहाल और गर्भवती महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए लगातार योजनाएं चला रही है। लेकिन क्षेत्र में योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है।

क्षेत्र में ढकिया, बहादुरगंज, मासूमपुर, अकबरपुर, मिर्जापुर, मंसूरपुर, नाखूनका आदि की लाभार्थी महेश्वर जहां, खुर्शीद, आसमा, फुर्सत जहां, नगमा, प्रेमवती, कमला, रानी, चंद्रकली, हरदेई, रुखसाना, शबाना, प्रियंका आदि ने बताया कि गांव में तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्री और समूह की महिलाएं, गर्भवती महिला और नौनिहालों को मिलने वाले राशन को प्रति माह वितरण नहीं कर रही। आरोप है कि बाल विकास परियोजना अधिकारी डिलारी से हमसाज होकर पशुपालकों के हाथों काला बाजारी कर रही है। पोषाहार मांगने पर उल्टा धमकाना शुरू कर देती हैं।

**आयोजन** निजी स्कूलों में हुए विभिन्न कार्यक्रम, बच्चों की प्रस्तुति से अभिभावक हुए भाव विभोर

# मदर्स डे पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** स्टेशन रोड स्थित मनमोहन शर्मा वैद्य जी पब्लिक स्कूल में मदर्स डे पर कार्यक्रम हुए।

शनिवार को विद्यालय में मदर्स डे पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रबंधक गोपाल कृष्ण भारद्वाज एवं निदेशक अभिषेक भारद्वाज, प्रधानाचार्य आरके सिंह तथा कई अभिभावक रहे। इस दौरान कार्यक्रम में अनीता रानी, अनुपम रितु, शताक्षी, प्रीति, सोनम, भुवनेश, अर्चना शर्मा, तरुण, दीक्षा आदि अध्यापकों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में एलकेजी की जानवी, सक्षम, कोरिया, विवान, यूकेजी की आज्ञा, दिव्यांशी, लक्ष्मण, उमंग, वंशिका, सोनाक्षी, कार्तिक, श्रद्धा, रिया, अलीशा, पायल, युक्ति, वैभव, आनंद ठाकुर, दिव्या आदि बच्चों का योगदान रहा।


बिलारी में मदर्स डे पर स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।


कांठ के द मिल्लत स्कूल में मदर्स डे मनाते छात्र छात्राएं व शिक्षक।

### मिल्लत स्कूल में मनाया मदर्स डे

**कांठ, अमृत विचार :** नगर स्थित द मिल्लत स्कूल में हर्षोल्लास से मदर्स डे मनाया। बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर बच्चों की माताओं ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिताओं में लेमन रेस, बैंगल एक्टिविटी, आदि शामिल रही। इसमें रक्षी नाज, नाहिदा, फुरकाना, गुलनाज व शगुफ्ता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य पीयूष भटनागर ने सभी का आभार व्यक्त किया और बताया कि मां की ममता और पिता का अनुशासन किसी भी मनुष्य के व्यक्तित्व को बनाने में अहम भूमिका निभाती है। इस उपलक्ष्य पर बच्चों ने अपनी मांओं को कार्ड एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समस्त छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ मौजूद रहा।

## मारुति वैन की टक्कर से दो युवक घायल

**कुंदरकी, अमृत विचार :** मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर स्थित ग्राम कमालपुर फतेहाबाद स्थित चाय की दुकान के सामने खड़े दो युवकों को मारुति वैन ने टक्कर मार दी। सूचना पर पुलिस पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया।

घायलों के परिजनों ने बताया कि शुक्रवार रात सलीम उम्र 35 वर्ष पुत्र मोहम्मद अली निवासी ग्राम गजरौला सैद थाना भोजपुर और संजय निवासी बिल्सी बदायूं ट्रैक्टर ट्राली से भोजपुर से बदायूं जा रहे थे। जब वह मुरादाबाद-अलीगढ़ हाईवे के ग्राम कमालपुर फतेहाबाद पहुंचे तब उन्होंने ट्रैक्टर ट्राली को खड़ी कर सड़क किनारे दुकान पर चाय पीने जा रहे थे। तभी मारुति वैन ने दोनों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि सलीम की हालत को गंभीर देखते हुए उसे दिल्ली अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव नवाबपुरा निवासी हितेश शुक्रवार रात आठ बजे पुटसल के रहने वाले अपने साढू के घर से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। उझारी-भीकनपुर कोल्ड स्टोर के बीच अज्ञात वाहन ने हितेश की बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। घायल को राहगीरों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

### 24 मरीजों को एंटी रेबीज के इंजेक्शन लगाए

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिला अस्पताल की ओपीडी में शनिवार को 24 मरीजों को एंटी रेबीज के इंजेक्शन लगाए गए। गुरुवार को नौगांव सादात क्षेत्र में कुत्तों ने छह लोगों पर हमला कर दिया था। इससे ये सभी लोग घायल हो गए थे। धनौरा व हसनपुर में भी कुत्तों ने मासूम बच्चों पर हमले किए हैं।

### वेदांता ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मदर्स डे पर हुआ कार्यक्रम, मां के सम्मान में पेश की लघु नाटिका

# पहली गुरु होती है मां, जो हमें प्यार और संस्कार देती है: अरुण

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** वेदांता ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढवारसी में शनिवार को मदर्स डे पर विभिन्न कार्यक्रम किए गए। इनमें बच्चों ने प्रार्थना सभा में मां के सम्मान में एक लघु नाटिका प्रस्तुत की।

प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा ने कहा कि आज मां के सम्मान में मातृ दिवस मनाया जा रहा है। मां वह पहली गुरु होती है, जो हमें प्यार और संस्कार देती है। वह हमारी हर परेशानी में हमारा साथ देती है और हमारी खुशियों में सबसे ज्यादा खुश होती है। इस खास दिन पर, हम सब अपनी मां को धन्यवाद दें। उनके हर त्याग के लिए और उन्हें ये बताएं कि हम उनसे कितना प्यार करते हैं। नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के छात्र-छात्राओं ने कलरिंग के माध्यम से अपनी मां के लिए संदेश लिखे। कक्षा एक से पांच तक के बच्चों ने ग्रीटिंग कार्ड बनाए। कक्षा छह से आठ तक के बच्चों ने क्राफ्ट से कार्ड मेकिंग की। कक्षा 9 से 12 के बच्चों ने अपनी मां के संबंध में आर्टिकल्स व स्लोगन लिखे। इस दौरान अनिरुद्ध त्यागी, विवेक त्यागी, अभिषेक गोयल सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।


हसनपुर में ग्रीटिंग कार्ड दिखातीं छात्राएं। ● अमृत विचार


बुरावली में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बच्चे। ● अमृत विचार

### काड्र्स बनाकर मनाया मातृ दिवस

**बुरावली, अमृत विचार :** न्याय पंचायत बुरावली क्षेत्र केएसएलजे पब्लिक स्कूल, नालेज पार्क हाकमपुर में शनिवार को मातृ दिवस धूमधाम से मनाया। कलात्मक प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से कक्षा दो तक के विधार्थियों के लिए शिक्षकों ने काड्र्स बनाकर उन्हें अपनी माता के लिए भेंट करने की सलाह दी। कक्षा तीन से आठ तक के छात्र छात्राओं ने स्वंय अपनी माता के लिए कार्डस बनाए। कहा कि बच्चे माता से वादा करें, हमेशा उनका सम्मान करेंगें।

### मातृशक्ति के सम्मान का दिया संदेश

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के एचएसएस पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। विद्यालय प्रशासन ने मातृशक्ति के सम्मान में पोस्टर मेकिंग, कार्ड मेकिंग आदि प्रतियोगिता कराईं। कक्षा-एक से कक्षा-आठ तक के छात्रों ने कार्ड बनाकर मातृशक्ति का सम्मान किया। छोटे बच्चों ने मातृ शक्ति पर आधारित गानों पर नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य वरुण मोहन गुप्ता ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।


कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व स्कूल स्टाफ। ● अमृत विचार

# मातृ दिवस पर विद्यालय में हुए रंगारंग कार्यक्रम

संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** नगर के फाउंडेशन प्रिपेरटॉरी जूनियर हाई स्कूल में मातृ दिवस पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य कविता चौधरी ने छात्र-छात्राओं से परिचर्चा कराई। छात्राओं ने नृत्य भी किया और नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में रंजन ढिल्लो कोसम्मानित किया।

### गोया वर्ल्ड स्कूल में मनाया मदर्स-डे

**सैदनगली, अमृत विचार :** गोया वर्ल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मदर्स-डे पर प्रधानाचार्या स्वाति गुप्ता ने विचार रखे। बच्चों की माताओं को आमांत्रित किया गया था। माताओं ने स्कूल के सभागार में प्रस्तुति दी। कविताएं सुनकर कुछ माताओं ने भावुक हो गईं। इस दौरान कार्तिक खारी, ऋतिक पटेल, कुलप्रीत, वासु, मोक्षिता, अवनी, अदिति का सहयोग रहे।

# दो दिन में चार लोगों की हार्टअटैक से मौत

## अब बहन के घर कांठ गए अमरोहा के नागरिक की गई जान, लोगों में चिंता

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले में अचानक हार्टअटैक से लोगों की मौत के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। दो दिन के अंदर हार्टअटैक से दो महिलाओं समेत चार की मौत हो गई। शनिवार को अमरोहा नगर की सुबोध नगर कॉलोनी में हार्टअटैक से नागरिक की जान चली गई।

नगर के मोहल्ला बड़ी बेगम सराय निवासी यासीन की बेटी फरहीन (20) का निकाह एक माह बाद दिल्ली निवासी युवक के साथ होना था। मंगनी के बाद से परिजन निकाह की तैयारियों में जुटे थे। गुरुवार को फरहीन खाना बनाने के लिए प्याज काट कर रही थी। तभी उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसके सीने में दर्द उठा और वह अचेत होकर गिर गई। परिजन उसे उपचार के लिए एक निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बिजनौर के कस्बा शेरकोट निवासी उसकी बुआ फूल बी (55) पत्नी बाबू भी पहुंची थीं। फरहीन की मौत के सदमे में अचानक उनकी तबीयत भी बिगड़ गई।

परिजन उन्हें उपचार के लिए एक अस्पताल में लेकर पहुंचे। लेकिन वहां पहुंचते ही उनकी भी मौत हो गई। चिकित्सक ने हार्टअटैक से मौत की पुष्टि की थी। उधर, रहरा थाना क्षेत्र के गांव पतेई खादर निवासी विजय (48) शनिवार दोपहर बुरावली में घोड़ा बग्घी से बरात चढ़ा रहा था। इस दौरान डीजे की धमक से बग्गी चालक की हार्टअटैक से मौत हो गई। बग्गी पर दूल्हा बैठा था। विजय घोड़े के रस्से पकड़ कर वहीं खड़ा था। विजय के अचानक सीने में दर्द और सांस लेने की शिकायत हुई थी। दो दिन में चार लोगों की मौत से लोगों में भी दहशत है। हार्टअटैक से लोगों की मौत होने से स्वास्थ्य विभाग की भी चिंता बढ़ गई है। चिकित्सक लोगों को सलाह दे रहे हैं।

**हार्टअटैक का हमला**

- सीने में दर्द होते ही दम तोड़ रहे लोग, सांस लेने की भी शिकायत

### हार्टअटैक से नागरिक की मौत



**अमरोहा, अमृत विचार :** अमरोहा निवासी नागरिक की कांठ में अपनी बहन के घर हार्टअटैक से मौत हो गई। परिजन शव लेकर अमरोहा पहुंचे और अंतिम संस्कार कर दिया। मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। परिजनों ने मृतक की आंखों को दान कर दिया। अमरोहा की सुबोध नगर कॉलोनी निवासी सौरभ शर्मा उर्फ बंटी (45) किसी निजी कंपनी में काम करते थे। परिजनों ने बताया कि वह दो दिन पहले छुट्टी लेकर अपनी बहन के घर कांठ पहुंचे। शनिवार सुबह नौ बजे उनके सीने में दर्द हुआ तो परिजनों ने उन्हें चिकित्सकों को दिखाया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजन मौत की वजह हार्टअटैक बता रहे हैं। परिजन शनिवार दोपहर शव को अपने घर अमरोहा ले आए और अंतिम संस्कार कर दिया।

### हार्टअटैक से बचाव के लिए योगा करना जरूरी

**अमरोहा, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यपाल सिंह ने हार्टअटैक से हो रही मौत को लेकर कहा कि खान पान और योग न करने के कारण इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को सप्ताह में चार दिन 400 मीटर चलना चाहिए और 40 मिनट तक योगा करना चाहिए। खान-पान पर विशेष ध्यान दें। चिकन, गरम मसाले, शराब, सिगरेट के सेवन से दूर रहें। तनाव की वजह से भी लोगों को हार्टअटैक पड़ रहा है। छोटी-छोटी बातों को लेकर लोग अधिक तनाव लेते हैं। हार्टअटैक को लेकर लोगों में कोविड रोधी वैक्सीन को बदनाम किया जा रहा है, जबकि ऐसा नहीं है। वैक्सीन ने लोगों की जान बचाई है। अब लोग योग को अपनाएं।

# नाबालिग सौतेली बहन ने की थी चिराग की हत्या

- पूछताछ में पुलिस से बोली- चिराग उसे आए दिन चिढ़ाता और ताने मारता था

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव कैतवाली पंडकी में सौतेली बहन ने 11 वर्षीय भाई की हत्या की थी। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए किशोरी को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया।

कैतवाली में राजू सैनी का परिवार रहता है। बुधवार को उनके 11 वर्षीय पुत्र चिराग की हत्या करने के बाद शव को पड़ोस के घर में छिपा दिया गया था। पुलिस ने मामले दर्ज करने के बाद कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने चिराग की हत्या के आरोप में उसकी सौतेली बहन को हिरासत में लिया था। पूछताछ में उसने बताया कि चिराग उसका सौतेला भाई था और वह आए दिन चिढ़ाता था और ताने मारता था। उसने पुलिस को बताया कि आठ मई को चिराग और वह घर पर अकेले थे। इस बीच उसने चिराग की गर्दन पर डंडा मारा। जिससे वह बेहोश हो गया और बाद में रस्सी से उसका गला दबा दिया था। मृतक की 14 वर्षीय सौतेली बहन को बाल न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे बाल सुधार ग्रह में भेज दिया गया है। लेकिन पुलिस अभी तक चार वर्षीय माहिर की हत्या के मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने कहा कि 4 वर्षीय बालक की हत्या का भी जल्द खुलासा कर दिया जाएगा।

### युवती प्रेमी युवक के साथ रहने की जिद पर अड़ी

**हसनपुर, अमृत विचार :** छेड़खानी की तहरीर देने वाली युवती ने कोतवाली पहुंचकर हंगामा किया। वह प्रेमी युवक का हाथ पकड़ कर बोली, इसी के साथ जीना है और इसी के साथ मरना है। युवती प्रेमी युवक के साथ चली गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती ने गांव के युवक पर छेड़खानी करने का आरोप लगाया था। तहरीर के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया था। जैसे ही युवती कोतवाली पहुंची तो उसने युवक का हाथ पकड़ लिया। वह कहा कि वह इससे प्यार करती है और इसी के साथ रहेगी। उसने बताया कि युवक के खिलाफ दबाव में तहरीर दी थी। परिजनों ने युवती को समझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन उसने किसी की नहीं सुनी।

## सार-संक्षेप


मेहंदी प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

### मेहंदी प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**सैदनगली, अमृत विचार :** कस्बा ढक्का स्थित चौधरी इकबाल मैमोरियल इंटर कॉलेज में शनिवार को मेंहदी प्रतियोगिता हुई। इसमें जूनियर व सीनियर वर्ग की छात्राओं ने हिस्सा लिया। बालिकाओं ने अपने हाथों पर आकर्षक मेहंदी रचाकर प्रतिभा दिखाई। निर्णायक मंडल ने मेहंदी का निरीक्षण कर चयन किया। जूनियर वर्ग से कक्षा 6 की छात्रा सादिया प्रथम व कक्षा 8 की छात्रा अजमी को द्वितीय स्थान मिला। सीनियर वर्ग से कक्षा 10 की छात्रा सुबुही प्रथम व कक्षा 12 की छात्रा शिफा द्वितीय रहीं। प्रधानाचार्य मुजम्मिल हुसैन रिजवी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कहा कि विद्यालय में समय समय पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहना चाहिए। इससे बच्चों में छिपी प्रतिभा निखरती है। इस दौरान अम्मार हैदर रिजवी, सिराजुद्दीन, सोनू सिंह, नूर हसन, सतेंद्र कुमार, अब्दुल रऊफ, शाइस्ता, दरख्शा, सीमा, अतूफा रिजवान, रोशन आरा, जरफिशा, शबीना, अंजुम, रूबी, समर जहां, फात्मा, इफरा आदि मौजूद रहीं।

### शिविर में व्यापारियों को दी योजनाओं की जानकारी

**हसनपुर, अमृत विचार :** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के पदाधिकारियों के निर्देश पर खाद्य विभाग की ओर से व्यापारियों की सुविधा के लिए नगर में शिविर लगाया जाएगा। व्यापारियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के प्रदेश महासचिव मुकेश गुप्ता ने बताया कि नगर के व्यापारियों को नवीन लाइसेंस एवं नवीनीकरण करने के लिए असुविधा हो रही थी। इसे देखते हुए संगठन के पदाधिकारी ने खाद्य विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर कहा कि हसनपुर नगर में शिविर लगाकर व्यापारियों को सुविधा देने का काम करें। मोहल्ला कायस्थान स्थित रस्तोगी धर्मशाला में मंगलवार को शिविर लगेगा। इसमें नगर एवं क्षेत्र के व्यापारियों के अधिकारियों द्वारा नवीन लाइसेंस बनाए जाएंगे और इसी के साथ पुराने लाइसेंसों का नवीनीकरण किया जाएगा। व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता ने व्यापारियों से आग्रह किया है कि वे समय से शिविर में पहुंचकर फायदा उठाएं।


अमरोहा में क्रिकेटर प्रवीण कुमार का स्वागत करते डॉ. शजरुल हसन व अन्य।

### क्रिकेटर प्रवीण कुमार का किया स्वागत

**अमरोहा, अमृत विचार :** भारतीय क्रिकेटर प्रवीण कुमार शनिवार को अपने चिकित्सक मित्र डॉ. शजरुल हसन से मुलाकात करने यहां पहुंचे। उन्होंने आजाद रोड स्थित निर्माण अधीन एक अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने दांतों की जांच करने की आधुनिक मशीनों की जानकारी ली। डेंटल सर्जन डॉ. शजरुल हसन ने उन्हें बताया कि मशीन नई तकनीकी की है। दांतों के किसी भी तरह के इलाज के लिए अब उन्हें कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा। दो घंटे तक वह अस्पताल में रुके। मरीजों से स्वास्थ्य के बारे में जाना। क्रिकेटर प्रवीण कुमार ने बताया कि ऐसा लग रहा है कि मैं अमरोहा नहीं, किसी मेट्रो सिटी में आया हूं। क्योंकि अमरोहा में डॉ. शजरुल हसन ने बेहतर कार्य किया है। मरीज को समय पर उचित तरीके से उपचार मिलेगा। इससे पहले उन्होंने किशोर और युवाओं से मुलाकात की। उन्हें क्रिकेट में करियर बनाने के बारे में भी जानकारी दी।


जाम में फंसे वाहन सवार। ● अमृत विचार

### बाजारों में जाम से वाहन सवार परेशान

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के बाजारों में सुबह से ही जाम लगना आम बात हो गई है, जिसके कारण राहगीरों एवं व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। व्यापारी संगठनों के द्वारा कई बार अधिकारियों को शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। इससे व्यापारी वर्ग में रोष व्याप्त है। नगर के प्रमुख मार्गों के साथ ही मुख्य बाजारों में जाम की वजह से नगरवासी परेशान हैं। नगर के पुराना डाकघर मार्ग में जाम की समस्या सबसे ज्यादा है। इस रास्ते से होकर ई रिक्शा गुजरते दिखाई देते हैं। दुकानों के सामने व्यापारियों ने अतिक्रमण कर लिया है। इससे लोगों को निकलने में परेशानी होती है। उप जिलाधिकारी भगत सिंह ने बताया कि नगर में अतिक्रमण की समस्या का समाधान करने के लिए पालिका प्रशासन को लिखा गया है। जल्दी अतिक्रमण हटाया जाएगा।

### पुलिस ने पकड़ा जिला बदर

**रहरा, अमृत विचार :** थाना रहरा पुलिस ने जिला बदर राहुल को एक तमंचे के साथ पकड़ लिया। राहुल गांव तरौली का रहने वाला है।


पंचायत में मौजूद भाकियू शंकर के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# भाकियू शंकर करेगी प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** सेवा निकेतन जमापुर आश्रम में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन शंकर की पंचायत हुई। इसमें कार्यकारिणी के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने सर्व सहमति से निर्णय लिया। 15 मई को जिला गन्ना कार्यालय पर दोपहर 11 बजे से धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

राष्टीय अध्यक्ष ने कहा कि चीनी मिल अमरोहा को चालू करना, पेराई सत्र 2023-24 का अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान, चीनी मिल मंडी धनौरा, राणा चीनी मिल बेलवाड़ा, राणा चीनी मिल शाहाबाद (करीमगंज) चीनी मिलों पर बकाया भुगतान है, इसे शीघ्र दिलाया जाए। पांच वर्ष बाद हसनपुर चीनी मिल का विस्तार नहीं हुआ। आरोप है कि तत्कालीन जिला गन्ना अधिकारी ने लगभग 10 करोड़ रुपये का गबन किया था। इसमें कुछ कर्मचारी भी शामिल थे, उनसे रिकवरी की जाए। पंचायत में चौधरी धर्मवीर सिंह, महिपाल सिंह, राकेश, गजराम चौहान, शुभम आदि रहे।

### नगर में पांच घंटे तक ठप रही विद्युत आपूर्ति

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर की विद्युत आपूर्ति पांच घंटे बाधित रही। इससे नगर के लाखों की आबादी गर्मी में बिना बिजली के रही।

उझारी बिजली घर से हसनपुर नगर के लिए 33 केवीए की विद्युत लाइन गांव ढक्का से कई गांव में होती हुई हसनपुर बिजली घर तक आ रही है। विभाग द्वारा ढक्का, दाउदपुर एवं हैबतपुर में आबादी को देखते हुए विद्युत लाइन अंडरग्राउंड की गई थी। लेकिन अंडरग्राउंड फाल्ट होने के कारण विभाग को दिक्कत होती थी। अंडरग्राउंड विद्युत लाइन को ओवरहेड किया जा रहा है। शनिवार को दोपहर 12 बजे कार्य प्रारंभ हुआ तो वह 5 बजे तक चला। इससे पांच घंटे गर्मी में लाखों लोगों को बिना विद्युत आपूर्ति रहना पड़ा। टीजीटू रवीश कुमार त्यागी ने बताया की 33 केवीए की अंडरग्राउंड लाइन को ओवरहेड कर जा रहा है विद्युत आपूर्ति कुछ घंटे के लिए बाधित रही है।

# शोभायात्रा में युवकों ने लहराई तलवारें वीडियो वायरल, की जा रही पहचान

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** महाराणा प्रताप की जयंती पर कोतवाली क्षेत्र के गांव में निकाली गई शोभायात्रा में युवाओं ने तलवारें लहराई थीं। किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इससे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

ग्राम धोरिया में गुरुवार को महाराणा प्रताप जयंती पर खड़गवंशी समाज के लोगों ने शोभा यात्रा निकाली थी। इसमें कई गांवों के लोग शामिल हुए थे। डीजे पर युवक डांस कर रहे थे। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल कई युवक तलवार हवा में लहरा रहे थे। दो घंटे तक गांव के मार्गों पर शोभायात्रा निकाली गई। इस बीच किसी ग्रामीण ने शोभायात्रा में तलवारों के प्रदर्शन का वीडियो बनाकर शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इससे पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया। कुछ राजनीतिक लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी राजनीतिक दबाव के चलते वायरल वीडियो पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।


वायरल वीडियो का स्कीन शॉट। ● अमृत विचार

- महाराणा प्रताप की जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा की घटना

**श्रीरामनवमी** भजनों पर झूमे श्रद्धालु, कलाकारों ने गणेश वंदना पर नृत्य कर मन मोहा

# महोत्सव में श्रवण कुमार की लीला का किया मंचन

संवाददाता,गजरौला

**अमृत विचार :** श्रीश्याम मित्र मंडल की ओर से आयोजित दो दिवसीय श्रीरामनवमी महोत्सव में शुक्रवार रात कलाकारों ने झांकी से श्रद्धालुओं को श्रीराम लला के दर्शन कराए। श्रद्धालु भजनों पर झूम उठे।

नगर के अवंतिका पार्क में शुक्रवार रात कार्यक्रम का आरंभ गणेश वंदना से किया गया। कलाकारों ने गणेश वंदना पर नृत्य कर सभी का मन मोहा। श्रवण कुमार की लीला का सुंदर मंचन किया। इसमें श्रवण कुमार अपने नेत्रहीन माता-पिता को तीर्थ यात्रा पर लेकर निकले हैं। रास्ते में प्यास लगने पर श्रवण कुमार अपने माता-पिता के लिए पानी लेने गंगा तट पर जाते हैं। वहां शिकार कर रहे अयोध्या नरेश राजा दशरथ तीर से श्रवण कुमार का वध कर देते हैं। वहीं श्रवण कुमार की लीला देख श्रद्धालुओं की आंखें नम हो जाती हैं। इस दौरान अध्यक्ष डा. राजीव शुक्ला, कपिल सिंघल, संजय सैनी, अंकुर सिंघल, देवेश शर्मा, संजीव सिंघल, अंकित अग्रवाल, होशियार सिंह, अर्जुन अग्रवाल, दीपक शर्मा, पंकज शर्मा, राकेश चौहान, निश्चल शर्मा, आयुष जिंदल, रोहित बंसल, अनुज अग्रवाल आदि का योगदान रहा।


श्रीरामनवमी पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

# जंगल से आते समय सांड़ ने मां-बेटी पर किया हमला

**घटना**

- लुहारी खादर में हुई घटना, दोनों को कई बार जमीन पर पटका
- ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से सांड़ को भगाकर बचाई दोनों की जान

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में खेत से लौट रही मां बेटी पर सांड़ ने हमला कर दिया। सांड़ कई बार मां-बेटी उठाकर जमीन पर पटका। इससे दोनों घायल हो गईं। परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

कोतवाली क्षेत्र में छुट्टा पशुओं से ग्रामीण परेशान हैं। पशु उनकी फसल को नष्ट कर रहे हैं। गर्मी में हिंसक होकर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। अब गांव लुहारी खादर में शुक्रवार देर रात्रि किसान डाले सिंह की पत्नी हर प्यारी व बेटी शीला देवी खेत से चारा लेने गई थीं। देर रात जब वे चारा लेकर घर लौट रही थीं। जैसे ही वे दोनों गांव के निकट पहुंचीं तो पीछे से आ रहे एक सांड़ ने मां-बेटी पर हमला कर दिया। दोनों की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और लाठी डंडों से सांड़ को भगाया। इसके बाद परिजनों ने घायल मां-बेटी को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उनकी हालत सही बताई जा रही है। पशुओं के हमले से क्षेत्र में दहशत है। पूर्व में भी छुट्टा पशुओं के हमले में काफी किसान घायल हो चुके हैं और कई मौत के घाट उतार चुके हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से इन छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग की है।

# आंधी-बारिश में गिरा कच्चा मकान

## मलबे में दबकर ग्रामीण, उसका बेटा व बेटी घायल, डेढ़ लाख का सामान बर्बाद

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार**:आंधी बरसात के दौरान ग्रामीण का कच्चा मकान गिर गया। मकान के मलबे में दबकर ग्रामीण, उसका बेटा व बेटी घायल हो गए। जबकि तमाम सामान दबकर बर्बाद हो गया। मौके पर इकट्ठा हुए आसपास के लोगों ने मलबे से निकालकर घायलों को उपचार के लिए निजी डॉक्टर के पास भर्ती कराया।

पंवासा विकासखंड क्षेत्र के गांव सैजना मिलक निवासी मजदूर मक्खन सिंह कच्ची दीवारों के बने मकान के ऊपर छप्पर डालकर अपनी परिवार के साथ रहता था। शुक्रवार की रात मक्खन सिंह अपने बेटे ओमप्रकाश व बेटी गुड्डों के साथ मकान के बाहर सो रहा था। देर रात आंधी चली और बरसात होने लगी। बरसात से बचने के लिए मक्खन सिंह बेटे ओमप्रकाश व बेटी गुड्डो सहित मकान के अंदर जाकर सो गया। थोड़ी देर बाद अचानक मकान भरभराकर गिर गया। मक्खन सिंह, ओमप्रकाश व गुड्डो मलबे में दब गए। तेज आवाज के साथ गिरे मकान की आवाज को सुनकर आसपास के लोग नींद से जागकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने आनन फानन में मलबा हटाकर नीचे से दबे मक्खन सिंह, ओमप्रकाश व गुड्डो को बाहर निकाला। घायल मक्खन सिंह, ओमप्रकाश और गुड्डो को उपचार के लिए पास के ही निजी चिकित्सक के पास भर्ती कराया।



बारिश के बाद पंवासा में मुख्य मार्ग पर बने जलभराव के हालात। ● अमृत विचार

### बारिश से मुख्य मार्ग पर जलभराव से हुई दिक्कत

**संभल, अमृत विचार** : पंवासा कस्बे में चंदौसी तक जाने वाले मुख्य मार्ग पर बरसात के बाद जलभराव हुआ तो लोगों को आवागमन मे परेशानी का सामना करना पडा। कहा जा रहा है कि ग्रामीणों ने नालियों में कूड़ा डाल रखा हैं। इसी के चलते बरसात हुई तो सड़क तालाब में तब्दील हो गई। शुक्रवार की रात तेज बारिश से पंवासा-चंदौसी मार्ग पर पानी भर गया है। जलभराव की वजह से सड़क से होकर गुजरने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। पानी इतना है कि मोटर साइकिल के पहिए पानी में डूब कर चल रहे हैं। जलभराव की वजह से इस रास्ते से होकर गुजरने वाले लोग परेशान हो रहे हैं। ग्राम प्रधान पति पंवासा विनोद दिवाकर का कहना है कई बार जेसीबी से नालों को साफ करा दिया गया गया है। गांव के दबंग व्यक्तियों से कूड़ा डालने को मना किया जाता है तो यह लोग मारने पीटने को उतारू हो जाते हैं।

## एक नजर

### नीलगाय से टकराई कार बाल बाल बचे सगे भाई

**संभल, अमृत विचार** :नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर सगे भाइयों की कार अचानक से सड़क पर आई नीलगाय से टकरा गई। संभल निवासी खालिद शनिवार की सुबह 11 बजे अपने भाई रिहान के साथ कार में सवार होकर किसी काम से दिल्ली जा रहे थे। खालिद कार लेकर जैसे ही नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर गांव सिंहपुरसानी के पास पहुंचे तो जंगल की ओर से दौड़ती हुई नीलगाय अचानक से सड़क पर आ गई। नीलगाय कार से टकराई तो कार क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर के लगते ही कार के एयरबैग खुल गए। जिससे खालिद व रिहान दोनों भाई चोटिल होने से बाल बाल बच गए।

### बाइक सवार युवक पर हमला कर किया घायल

**संभल, अमृत विचार** :सदर कोतवाली क्षेत्र में रिश्तेदारी से दावत खाकर घर जा रहे बाइक सवार की चार पांच अज्ञात लोगों ने लात घूसों से पिटाई की और बाइक की चाबी से हमला कर युवक को घायल कर दिया। नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला रायसत्ती खेड़ा निवासी मोहम्मद फिरोज शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव गोविंदपुर रिश्तेदारी में दावत खाकर रात दस बजे बाइ क पर सवार होकर घर वापस आ रहा था। कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग पर मुहल्ला सैफ खां सराय में चार पांच अज्ञात लोगों ने मोहम्मद फिरोज से बाइक रुकवा ली। आरोप है कि बाइक के रुकते ही सभी लोगों मिलकर लात घूसों से मोहम्मद फिरोज के साथ मारपीट की और बाइक की चाबी सिर में मारकर जख्म कर दिए।

### बच्चों को दी जाए अच्छी तरबियत

**संभल/सिरसी, अमृत विचार** : सिरसी में हुई पहली मजलिस मर्सिया ख़्वानी मेहताब हुसैन और उनके हमनवां ने पढ़ी। मजलिस को मेहजर अली ने खिताब किया। दूसरी मजलिस को मौलाना मौलवी असगर अब्बास ने तथा तीसरी मजलिस को दिल्ली से आए मौलाना जिलान असगर ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि हम लोगों को अपने बच्चों को अच्छी तरबियत देनी चाहिए। बच्चा अगर अच्छी तरबियत हासिल करता है तो उसे समाज के अंदर जीने का सलीका आता है। फजाइल के बाद जब कर्बला में शहीद हुए इमाम हुसैन के कुनबे के बारे में विचार रखे तो अजादार फूट-फूट कर रोने लगे।

# धीमरखेड़ी में तेंदुए का वीडियो वायरल, ग्रामीणों में दहशत

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार**: हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में गेंहू के खाली खेत में दौड़ते हुए तेंदुए के बच्चे का शनिवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो थाना क्षेत्र के गांव धीमरखेड़ी का बताया जा रहा है। फरवरी माह में भी थाना क्षेत्र के गांव तिमनपुर में भी जंगली जानवर देखा गया था। वन विभाग ने तेंदुआ कैद करने के लिए जंगल में पिंजरा व सीसीटीवी कैमरा लगाया था।

थाना क्षेत्र के गांव तिमनपुर में पहली बार 16 फरवरी को तेंदुआ देखा गया था और 29 फरवरी को एक खेत से दूसरे खेत में तेंदुए के जाने का एक वीडियो वायरल हुआ था। दो माह बाद अब गांव धीमरखेड़ी के जंगल में खाली पड़े गेहूं के खेत में ग्रामीणों तीन दिन से तेंदुए का बच्चा देखने का दावा किया है।

शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो भी संभल से गांव धीमरखेड़ा आने वाले रास्ते पर स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के पीछे खाली खेत का बताया जा रहा है। वीडियो में जंगली जानवर खाली खेत से दौड़ते हुए दूसरे खेत में लगी फसल में जाता दिखाई दे रहा है। खेतों में जंगली जानवर होने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण अब समूह बनाकर काम करने खेतों पर जा रहे हैं।

### सड़क हादसों में दो लोग घायल, एक गंभीर

**गुन्नौर अमृत विचार** : सड़क हादसों में दो व्यक्ति घायल हो गए। इनमें एक की हालत गंभीर होने पर रेफर किया गया। कस्बे के टंकी मुहल्ला निवासी हाजी लियाकत (65) जुगाड़ वाहन से बबराला से गुन्नौर जा रहा था। आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर पेट्रोल पंप के पास वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे हाजी लियाकत घायल हो गया। वहीं गांव गढ़िया का महेश गांव पैदल जा रहा था। मेरठ-बदायूं राजमार्ग पर कोल्ड स्टोर के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने से महेश के कानों से खून बहने लगा। हालत गंभीर होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से महेश को मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ रेफर किया गया।

## पांच परिवारों की फिर से पटरी पर लौटी जिंदगी

**बहजोई, अमृत विचार**: पुलिस परिवार परामर्श समझौता केंद्र छोटी-छोटी बातों को लेकर टूटे परिवारों का पहुंचना प्रारंभ हो गया। जहां काउंसलर ने उन्हें समझाया कि छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद नहीं करना चाहिए। आपसी सामंजस्य से परिवार को चलना चाहिए। यह बात पांच दंपती के समझ में आ गई। उन्होंने समझौते के आधार पर अपना विवाद समाप्त कर दिया।

महिला सेल प्रभारी निरीक्षक पूनम आनंद ने बताया कि 39 पत्रावली सुनकर 13 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। पांच परिवारों को मिलाया गया तथा चार पत्रावली में विधिक कार्रवाई करने की संतुति की गई। चार पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने व आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद की गई। इस अवसर पर काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय, संगीता भार्गव, पूनम अरोड़ा, कंचन महेश्वरी, बबीता शर्मा, श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य, शाजिया खान आदि ने सहयोग किया।



असमोली के सैदपुर गंगू गांव में बैठक को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

# भाकियू संयुक्त मोर्चा में कई को मिली जिम्मेदारी

संवाददाता संभल/असमोली

**अमृत विचार** : ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर गंगू में भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी के नेतृत्व में हुई। जिसमें दलजीत सिंह को राष्ट्रीय महासचिव, प्रदीप चौधरी को जिलाध्यक्ष अमरोहा, नरेश धारीवाल को मंडल उपाध्यक्ष, मोहित कुमार को ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किया गया। 40 लोगों को भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान ऋषिपाल सिंह मंगत, जोगिंदर सिंह, संजीव चौधरी, मयंक धारीवाल, रवि चौधरी, अमित चौधरी, मुस्तकीम, मोहम्मद शाहिद आदि मौजूद रहे।

# किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता,संभल

**अमृत विचार**:नखासा थाना क्षेत्र में किशोरी को घर से कार में बैठाकर ले जाने व किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। युवक अपने परिजनों के साथ मिलकर किशोरी को अप्रैल माह में कार से कहीं ले जाकर दुष्कर्म किया था।

थाना क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोप में फरार फैजान शनिवार को मुहल्ला रायसत्ती में अमरोहा बस स्टैंड के पास खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फैजान को गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि 3 मई को किशोरी के पिता ने मुहल्ला निवासी फैजान व उसके पिता रफी, मां सबब और भाई फरमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि 29 अप्रैल की रात फैजान अपने पिता रफी, मां सबब और भाई फरमान के साथ मिलकर पुत्री को कार में बैठाकर कहीं ले गया है। जानकारी होने पर किशोरी का पिता फैजान के घर पहुंचा और यहां मौजूद अज्ञात लोगों ने मारपीट करते हुए किशोरी के पिता को धमकी देते हुए भगा दिया।

बताया था कि फैजान ने ड़रा-धमकार किशोरी के साथ निकाह का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल किया था।

- **3 मई को किशोरी के पिता ने फैजान,उसके पिता रफी, मां सबब और भाई फरमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी**

### रिश्ते के भाई ने किशोरी से किया दुष्कर्म का प्रयास विरोध करने पर की मारपीट

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार** :रजपुरा थाना क्षेत्र में घर में घुसकर रिश्ते के भाई ने किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। इस मामले में किशोरी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक किशोरी रिश्ते के भाई को राखी बांधती थी। किशोरी घर पर अकेली थी तो आरोप है कि मौका पाकर युवक घर में घुस गया। युवक ने किशोरी को पकड़ लिया तो दुष्कर्म का प्रयास करते हुए किशोरी को कमरे में खींचने लगा। किशोरी ने विरोध करते हुए शोर मचाया तो उसके साथ मारपीट की गई। ज्यादा शोर होने पर युवक घर की दीवार कूदकर भाग गया। इस मामले में परिजनों के साथ थाने पहुंची किशोरी ने पुलिस को तहरीर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि राहुल निवासी डुप्टा कला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।



आग की घटना के बाद मौके पर पुलिस कर्मी व अन्य लोग। ● अमृत विचार

# घर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, कई उपकरण जले

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार** :नगर में पुलिस चौकी के सामने अधिवक्ता के घर में शनिवार को शाम शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की लपटों से इनवर्टर, दो बैटरे, स्टेबलाइजर और कूलर जलकर खराब हो गए। फायर ब्रिगेड और आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

अधिवक्ता संजय वार्ष्णेय के घर में शनिवार को शाम करीब साढ़े चार बजे धुआं उठते देख आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। पुलिस भी पहुंच गई।

घर में सीढ़ियों के नीचे रखे इनवर्टर, स्टेबलाइजर, बैटरे और कूलर आदि धू धू कर जल रहे थे। फायर ब्रिगेड और लोगों ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया। संजय वार्ष्णेय ने आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया। आग से कई उपकरण जलकर नष्ट हो गए। जिससे हजारों रुपये का नुकसान हुआ।

# देवर-भाभी से नकदी व जेवर लूटे

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



लूट के शिकार देवर व भाभी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार**: कोतवाली क्षेत्र के गांव असालतपुर जारई के पास बाइक सवार देवर-भाभी को दो बाइक पर सवार छह युवकों ने नकदी व जेवर लूट लिए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और कांबिंग की, लेकिन आरोपी हाथ नहीं आए। महिला ने लूटपाट करने वाले दो आरोपियों को पहचान लिया।

कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव भीकनपुर निवासी यशवीर यादव की पत्नी नीशू यादव अपने देवर रवेंद्र यादव के साथ शनिवार की शाम चन्दौसी दवा लेने आई थी। रात आठ बजे देवर-भाभी दवा लेकर बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। चन्दौसी-बेरनी मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के गांव असालतपुर जारई से कुछ आगे मोहम्मदपुर काशी मार्ग के मोड़ पर पीछे से आ रहे दो बाइकों पर छह लोगों ने आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी। जिससे देवर-भाभी गिर गए और हथियारों के बल पर लुटेरों ने महिला से सोने की चेन व सोने दो कुंडल लूट लिए। साथ ही देवर की जेब से दो हजार रुपये की नकदी निकाल ली। इसके बाद आरोपी गणेशपुर वाले कच्चे मार्ग से बाइकों पर सवार होकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित देवर-भाभी से जानकारी की। कुछ देर बाद पीड़ितों के परिजन व कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई। महिला ने बताया कि लूटपाट करने वाले दो युवकों को पहचानती है। पुलिस कांबिंग की मगर आरोपी हाथ नहीं लग सके। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।

- **दवा लेकर देवर के साथ घर लौट रही थी महिला**
- **दो बाइक पर छह युवकों ने दिया घटना को अंजाम**

# सीएचसी के सीसीटीवी कैमरे बंद हो रहीं मोबाइल चोरी की घटनाएं

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार** :सीएचसी जुनावई पर मोबाइल चोर गिरोह के सदस्य सक्रिय हो गए। ग्रामीण के कुर्ते की जेब से चोर ने मोबाइल चोरी कर लिया। ग्रामीण ने डॉक्टर और कर्मचारी को घटना की जानकारी दी लेकिन सीसीटीवी कैमरे बंद होने की बात कह दी गई। तीन दिन पहले भी एंबुलेंस 108 का सीयूसी नंबर का मोबाइल और ईएमटी का मोबाइल भी चोरी हुआ था।

थाना क्षेत्र के गांव लतीपुर धीर निवासी पालू कुछ कागज जमा करने के लिए सीएचसी पहुंचा। उसके साथ प्रेम प्रकाश भी दवा लेने के लिए आया। जिस समय दोनों काउंटर पर पर्ची बनवाने के लिए पहुंचे तो भीड़ लगी थी। इस बीच पालू के कुर्ते की जेब से किसी ने मोबाइल चोरी कर लिया। उसने स्वास्थ्य केंद्र पर कर्मचारी और डॉक्टर को घटना की जानकारी दी। सीसीटीवी कैमरे के बारे में पूछा तो बताया गया कि कैमरे बंद हैं।

तीन दिन पहले सीएचसी पर ही एंबुलेंस 108 का सीयूजी नंबर का मोबाइल और ईएमटी मन्दीप का मोबाइल भी चोरी हुआ था। उस समय भी सीसीटीवी कैमरे बंद थे।

सीएचसी पर लगातार मोबाइल चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं लेकिन अस्पताल प्रशासन गंभीर नहीं दिख रहा है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नरेश यादव ने कहा कि जिस दिन दो मोबाइल चोरी हुए थे, उस दिन बैटरी डाउन होने के कारण कैमरे बंद थे।

- **पहले एंबुलेंस 108 का सीयूजी मोबाइल और ईएमटी का मोबाइल हुआ चोरी**



बबराला के विद्या कुंज स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

# चलो स्कूल थीम पर मनभावन प्रस्तुति दी

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार** :विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

स्थापना दिवस में मुख्य अतिथि रोटरी क्लब की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पायल गौड़ रहीं। अतिथि धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, रोटेरियन सागर शर्मा ने सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। बच्चों ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। बच्चों ने चलो स्कूल थीम पर सामूहिक नृत्य की मनभावन प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। राजस्थानी वेशभूषा में नृत्य पेश कर समां बांध दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान लघु नाटिका और संगीत के साथ विभिन्न धार्मिक झांकियां भी प्रस्तुत की गईं। विद्यालय संरक्षक अतुल गोयल ने विद्यालय के इतिहास एवं विकास पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की और अतिथियों व उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान कार्तिक गोयल, निशु शर्मा, पायल देबनाथ, खदीजा खालिक, अनारकली, श्वेता वार्ष्णेय, श्वेता सिंह, वैष्णवी सक्सेना आदि रहे।

- **विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम**

# मानव को ईश्वर के चरणों में जीवन समर्पित करना चाहिए

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** :नगर के शिशु शिक्षा केंद्र में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में तीसरे दिन कथा वाचक संत धनवंतरी दास महाराज ने भक्त प्रहलाद की भक्ति, नृसिंह अवतार और ध्रुव चरित्र की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मानव को अपना जीवन ईश्वर के चरणों में समर्पित करना चाहिए। जिससे मानव का जीवन सफल हो सकेगा।

धनवंतरी महाराज ने कहा कि भक्त प्रहलाद ने प्रेम भाव से नारायण को प्राप्त करने के लिए भक्ति की। नृसिंह ने हिरण्यकश्यप का वध करके प्रहलाद को अपने हृदय से लगाकर यह बताया कि ईश्वर हर कण में विराजमान है। इस दौरान शुभि अग्रवाल, नमन अग्रवाल, हरित गौड़, सत्याभ गौड़, सुरेंद्र गौड़, प्रशांत शर्मा आदि रहे।

### हनुमान कथा से पूर्व महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**चन्दौसी, अमृत विचार** : शिव पंचायत मंदिर में श्री हनुमान कथा का आरंभ किया गया। शनिवार को पहले दिन महिलाओं ने मोहल्ला खातियान स्थित शिव पंचायत मंदिर से कलश यात्रा निकाली। जिसमें महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर चल रही थी। कलश यात्रा ने शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। इसके बाद कथा का आरंभ किया गया। जिसमें कथा वाचक आचार्य शिव शंकर भारद्वाज ने हनुमान के जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि हनुमान के पिता केशरी को ऋषियों द्वारा वरदान पाने के कारण बल, बुद्धि व विद्या से संपन्न पुत्र हनुमान के रूप में प्राप्त हुआ। भगवान शंकर मां अंजनी के भक्त थे। शिव का तेज हनुमान में समाहित था। पवन देव के आशीर्वाद के कारण हनुमान हवा में उड़ सकते थे। सीता हरण के बाद जब राम-लक्ष्मण वन में भटक रहे थे, तब हनुमान जी ने ही उनकी सुग्रीव से मित्रता कराई थी।

अनदेखी — संभल में ई -रिक्शों में क्षमता से अधिक भरे जा रहे स्कूली बच्चे और लोग

# सड़कों पर दौड़ रहे खस्ताहाल ई-रिक्शे, हादसे का अंदेशा

अमृत विचार पड़ताल

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** :संभल की सड़कों पर बड़ी संख्या में खस्ताहाल अवैध ई-रिक्शा फर्राटा भर रहे हैं जो कभी भी हादसे का सबब बन सकते हैं। ई रिक्शों में न सिर्फ क्षमता से अधिक लोगों को ढोया जा रहा है बल्कि स्कूली बच्चों को भी स्कूल और घर छोड़ने का काम हो रहा है। खस्ताहाल ई-रिक्शों से कभी भी हादसा हो सकता है लेकिन इनके खिलाफ सरकारी अमला कार्रवाई नहीं कर रहा है।

अमृत विचार ने शनिवार को पड़ताल की तो खस्ताहाल ई-रिक्शा दौड़ते मिले। चंदौसी चौराहा से एक ई-रिक्शा गुजरा तो दोनों तरफ लकड़ियां निकल रही थीं। इस भीड़ वाले चौराहा से इस तरह ई रिक्शे के गुजरने से हादसा हो सकता था लेकिन किसी ने रोकने की जहमत नहीं उठाई। कुछ मिनट बाद ही एक और ई रिक्शा लकड़ियां ले जाता हुआ नजर आया। बिना नंबर वाले एक ई रिक्शे में पीछे दो सीटों पर छह युवा बैठे थे तो चालक के बराबर में भी एक युवक बैठा नजर आया। खास बात यह रही कि इस ई रिक्शा को भी यातायात पुलिस कर्मियों ने नहीं रोका और न ही चालक को टोका गया। इस चौराहा से बिना पंजीकरण वाले कई ई रिक्शा गुजरे, जिनकी हालत बेहद खस्ता नजर आई। ई रिक्शों में क्षमता से अधिक लोग सवार थे। ऐसे खस्ताहाल ई रिक्शों से ही कभी भी कोई हादसा हो सकता है लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है। बताते चलें कि शहर में अवैध ई रिक्शे मुख्य मार्गों और चौराहों के अलावा बाजारों तक पहुंच जाते हैं। जिनकी वजह से अकसर जाम लगता है और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि यातायात प्रभारी अनुज मलिक का कहना है कि ऐसे ई रिक्शों पर लगातार कार्रवाई होती रहती है। चुनाव में व्यस्तता की वजह से तेज अभियान नहीं चल पाया। आगे कार्रवाई की जायेगी।



यातायात पुलिस कर्मी के सामने से गुजरता अवैध ई रिक्शा। ● अमृत विचार

### अभियान पड़ा सुस्त तो बढ़ गए अवैध ई रिक्शा

**संभल अमृत विचार** : संभल में कुछ महीनों पहले परिवहन विभाग, प्रशासन और यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से अवैध ई रिक्शों के खिलाफ अभियान चलाया था। दर्जनों अवैध ई रिक्शा पकड़कर कार्रवाई की गई थी। तब नगर में पंजीकृत ई रिक्शों की संख्या में बढ़ोतरी हुई थी। बाद में अभियान सुस्त हो गया तो लोग फिर से बिना नंबर वाले ई रिक्शों का संचालन करने लगे। चूंकि अब कार्रवाई तो दूर टोकना भी नहीं हो रहा तो अवैध ई रिक्शे सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं।

# बरात की चढ़त के दौरान मारपीट दूल्हे के रिश्तेदार सहित दो घायल

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार**:कैलादेवी थाना क्षेत्र में बरात में शामिल होने आए दूल्हे के गांव निवासी दो लोगों व उसके रिश्तेदार के बीच किसी बात को लेकर जमकर मारपीट हुई। जिसमें दो लोग घायल हो गए। थाने में पुलिस को तहरीर देकर परिजनों ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

थाना क्षेत्र के गांव सिहावली निवासी प्रवेश यादव की बरात शुक्रवार की शाम थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर सौंधन निवासी ग्रामीण के घर आई थी।

बरात में शामिल होने के लिए प्रवेश यादव के रिश्तेदार गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव अकबरपुर निवासी प्रेमशंकर और गांव निवासी वीरेंद्र व रिंकू भी अन्य लोगों के साथ आए थे। खाना खाने के बाद रात को एक बजे प्रवेश यादव की बरात चढ़ रही थी। किसी बात को लेकर एक पक्ष के वीरेंद्र, रिंकू व दूसरे पक्ष के प्रेमशंकर के बीच कहासुनी व गाली गलौज होने लगी। विवाद इतना बढ़ गया कि देखते ही देखते वीरेंद्र, रिंकू और प्रेमशंकर के बीच लात घूसे चलने लगे। जिसमें वीरेंद्र और प्रेमशंकर घायल हो गए। जिसके बाद परिजन घायलों को लेकर थाने पहुंचे और दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर देकर वीरेंद्र और प्रेमशंकर को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

विवाद

- **खाना खाने के बाद रात को एक बजे चढ़त के समय हुई कहासुनी**
- **पुलिस को तहरीर देकर वीरेंद्र और प्रेमशंकर को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया**

## एक नजर

### महिला को मारपीट कर घर से निकाला

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव सराय सिकंदर में महिला ने ससुराल वालों पर मारपीट कर घर बाहर निकालने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। महिला ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि गांव सराय सिकंदर में अपनी ससुराल में रहती है। उसके तीन बच्चे भी है। पति गलत संगत में पड़ गया है। मना करने पर वह आए दिन मारपीट करता रहता है। विरोध करने पर शनिवार को पति व अन्य ससुराल वालों ने महिला को मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। महिला ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### बबराला में सैलून संचालक की संदिग्ध दशा में मौत

**गुन्नौर, अमृत विचार :** कस्बे में तहसील के पास हेयर सैलून चलाने वाले शख्स की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसे लेकर लोग तरह तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। हालांकि परिजनों ने पुलिस को इत्तिला दिए बगैर सुपुर्द ए खाक कर दिया। कस्बे के टंकी मोहल्ला निवासी नफीस (55) पुत्र बाबू की शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कस्बे में चर्चा है कि नफीस ने गले में फंदा कस कर सुसाइड कर लिया। लेकिन परिजनों ने पुलिस को सूचित किए बगैर शाम को शव कब्रिस्तान में दफन कर दिया।

### चोरी के सामान के साथ दो लोग गिरफ्तार

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव हैदरपुर उर्फ हाजीपुर निवासी गोलू उर्फ हार्दिक ने मंगलवार की रात गांव में ही दीवार फांदकर ग्रामीण के घर में घुसकर जेवर व नकदी चोरी की थी। चोरी कर जाते समय गोलू ने महिला के कानों से कुंडल खींच भी लिए थे। शनिवार को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोलू उर्फ हार्दिक को जेवर, मेकअप के डिब्बे और 9500 रुपये की नकदी के साथ गिरफ्तार कर लिया। दूसरी ओर थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर सलार उर्फ हाजीपुर निवासी वकील शनिवार को प्लास्टिक की बोरी में बंदकर चोरी के दो स्टार्टर के ढक्कन, दो डिब्बे खाली लोहे के और जले हुए तार बेचने जाने की तैयारी कर रहा था। वकील के घर से निकलने से पहले ही पुलिस सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची और चोरी का सामान बरामद कर वकील को हिरासत में ले लिया।



चन्दौसी बाल विद्या मंदिर में कार्यक्रम के दौरान मौजूद माताएं व बच्चे। ● अमृत विचार


सिल्वर स्टोन स्कूल में मदर्स डे पर प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार


बहजोई में अपनी मां के साथ प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

# मां शब्द जितना छोटा उतना अधिक महत्वपूर्ण

## सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंड्री स्कूल में मनाया मदर्स डे ,बच्चों ने नाटक की प्रस्तुति देकर भाव विभोर कर दिया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंड्री स्कूल में मदर्स डे पर बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि के रूप में दीप्ति अग्रवाल व आंचल वार्ष्णेय ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ किया। बच्चों ने अपने-अपने तरीके से मां के प्रति प्यार जताया। जिसमें स्कूली बच्चों ने वृद्ध आश्रम व मदर- सन लाइफ साइकिल नाटक की प्रस्तुति देकर मातृ शक्ति व दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। बच्चों ने अपनी मां के सम्मान में कविताएं व स्लोगन सुनाए व सुंदर-सुंदर ग्रीटिंग कार्ड भी बनाए। कक्षा एक से आठ के बच्चों ने फिल्मी गीतों पर अपनी प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य कपिल दीप ने कहा कि मां शब्द जितना छोटा है, उसका महत्व उतना ही ज्यादा है, मां की ममता व स्नेह एवं पिता का अनुशासन किसी भी मनुष्य के व्यक्तित्व को बनाने में अहम भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में माताओं के मध्य भी अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। साथ ही उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिवांगी, दीपक ठाकुर, शोभित राघव, सुनीता, सिमरन, पांचाल, दिव्या, शशि बाला, शिवानी मिश्रा, नैंसी आदि मौजूद रहे।



बबराला में मदर्स डे कार्यक्रम में सम्मानित की गई माताएं। ● अमृत विचार

### मां एक शब्द नहीं बल्कि संपूर्ण संसार है

**बबराला, अमृत विचार :** मां के प्रति सम्मान, प्यार और कृतज्ञता व्यक्त करने के उद्देश्य से लोहिया कान्वेंट स्कूल में मदर्स डे मनाया गया। शनिवार को स्कूल में खास कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों की माताओं को आमंत्रित किया गया। पीले रंग की साड़ी में सजी धजी माताएं आकर्षण का केंद्र रहीं। अतिथियों के स्वागत गान से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं में माताओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष नीलेश यादव ने कहा कि मां एक शब्द नहीं है बल्कि यह संपूर्ण संसार है। मां के त्याग और उपकार का बदला नहीं चुकाया जा सकता। प्रबंधक उमेश यादव ने कहा कि मां के प्रति अपना सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए मदर्स डे सेलिब्रेट किया जाता है। प्रतियोगिताओं में विजेता माताओं को स्कूल प्रबंधन की ओर से पुरस्कृत किया गया। बेंगल बैलून में पूजा, हुलाहुप में शोभना और म्यूजिकल चेयर में अनीता ने बाजी मारी। पीले रंग की साड़ियों में सजी धजी माताओं ने कैटवॉक किया तो हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। नीलम यादव, सारिका, सविता सिंह, हेमलता, माधुरी, प्राची, पूनम आदि मौजूद रहे। प्रधानाचार्य हरिओम ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### मदर्स डे पर मम्मियों के मध्य कराई गईं प्रतियोगिताएं

**चन्दौसी, अमृत विचार :** चन्दौसी बाल विद्या मंदिर में मदर्स डे पर बच्चों व उनकी माताओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इसके बाद माताओं के हाऊजी गेम्स खिलाया गया। पिंकी, दीपक, शिवानी, पिंकी राठौर विजयी रही। इसके बाद माताओं ने रैंप पर वॉक किया। जिसमें सामंत मिश्रा व वर्षा मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैलून गेम में सोनिया रत्नाकर, मौजमा बी व पिंकी राठौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। माताओं के मध्य नृत्य प्रतियोगिता भी संपन्न कराई गई। विजेता माताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य श्रुति अग्रवाल, उपप्रधानाचार्य ममता नागर, पूजा, अलका चौधरी, मानसी राघव, शिखा सक्सेना, अल्पना, ममता मेहता आदि मौजूद रहे।

# तू कितनी अच्छी है, तू कितनी प्यारी है ओ मां...

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** रॉयल पब्लिक स्कूल में मदर्स डे धूमधाम के साथ मनाया गया। अपनी माता के साथ गीतों पर नृत्य कर बच्चों ने जमकर तालियां बटोरीं। मदर्स डे पर केक काटकर बच्चों ने अपनी मम्मी को केक खिलाकर मदर्स डे की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रबंधक डॉ. रश्मि वार्ष्णेय, प्रधानाचार्य नैना गुप्ता व समाज सेविका नीतू वार्ष्णेय ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद छोटे बच्चों ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया। बच्चों ने अपनी माताओं साथ तू कितनी अच्छी है तू कितनी भोली है प्यारी प्यारी है गीत पर प्रस्तुति दी तो सभी तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। बच्चों ने अपनी माता के साथ केक काटकर मदर्स डे मनाया। उन्हें के खिलाकर मदर्स डे की शुभकामनाएं दी। आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में माता अंजू वार्ष्णेय ने प्रथम, लवी डीआर ने द्वितीय व शिप्रा वार्ष्णेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें प्रबंधक ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान डोली वार्ष्णेय, साक्षी जैन, निशा, कुंजन, अनामिका, छाया, तनीषा, कात्यानी, राधा, महक, खुशी आदि ने सहयोग किया। संचालन नैना गुप्ता ने किया।


महिला को उपहार देकर सम्मानित करती जायंट्स ग्रुप की पदाधिकारी।

### जायंट्स ग्रुप आफ वुमेन शिखर ने मनाया मातृशक्ति दिवस

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप आफ वुमेन शिखर चन्दौसी द्वारा मातृदिवस मनाया गया। जिसमें निर्धन महिला को उपहार आदि दिए गए। ग्रुप की सदस्य शीनू शर्मा के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में एक निर्धन महिला को गिफ्ट, खाद्य सामग्री व नगद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि जायंट्स का उद्देश्य निर्धन, असहाय लोगों को मदद करना है। ग्रुप अपने कर्तव्यों को निभाता रहेगा। जरुरतमंद लोगों की सहायता करने आत्मशांति मिलती है। अध्यक्ष शालिनी शर्मा ने बताया कि हमें अपने बड़ों का सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर शिखा शर्मा, शोभा शर्मा, नीतू रस्तोगी, सीमा अग्रवाल, रेखा दीक्षित आदि मौजूद रही।

## सार-संक्षेप


एबीसी मांटेसरी स्कूल में रैंप वॉक करती महिलाएं। ● अमृत विचार

### रैंप वॉक में सुधा, मानसी व मंजू रहीं प्रथम

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें माताओं के मध्य रैंप वॉक व सेल्फी प्वाइंट प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें माताओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आरंभ बच्चों की माताओं को फूल व उपहार देकर किया। कार्यक्रम में बच्चों ने माताओं ने विद्यालय परिसर में कैट वॉक कर तालियां बटोरी, इसके बाद सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिचवाई। रैंप वॉक तीन राउंड में हुआ। जिसमें सुधा, मानसी अग्रवाल व मंजू ने प्रथम, पारुल, दिव्या रस्तोगी व प्रिया अग्रवाल ने द्वितीय, रुपल, नेहा रस्तोगी व गरिमा तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में रीवा ग्रोवर व ज्योति ग्रोवर मौजूद रही। विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव ने कहा कि यह दिन सभी माताओं के सम्मान में समर्पित होता है। इस दिन लोग अपनी मां को उपहार देते हुए। दुनिया में मां सबसे खास होती है, इसलिए भगवान से भी पहले मां का दर्जा होता है। इस दौरान इशिता, सोनल, प्रिया, गौरव, दिव्या, नेहा, नीरज, शालू, इशिता, मुस्कान, दीक्षा, दीपाली, सरिता, रक्षा, रुपाली, काजल, गौरी, अध्या, निशा, सोनाली, काजल आदि मौजूद रहे।



गैलुआ गांव में जल संरक्षण की शपथ लेते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### जरूरत से ज्यादा जल का उपयोग न करने का लिया संकल्प

**संभल, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव गैलुआ में जल बचाओ जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिसमें ग्रामीणों ने जरूरत से अधिक जल का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में चौधरी रविराज चाहल एडवोकेट ने कहा कि जल अमूल्य है। अगर सभी लोग जागरूक नहीं हुए तो हमारी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संकट में पड़ जाएगा। अगर अनावश्यक जल का दोहन नहीं रोका गया तो आने वाले समय में जल का संकट खड़ा हो जाएगा। इसलिए जल को जितना हो सका बचाया जाए। चौधरी यशपाल सिंह ने कहा कि पानी की एक-एक बूंद को बचाने का संकल्प लेना चाहिए। सोमदत्त शर्मा ने कहा कि हमें समरसेबल से पानी अनावश्यक नहीं बहने देना चाहिए। ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि घरों के समरसेबल और वाटर टैंक आदि से अनावश्यक जल नहीं बहाएंगे। पानी की बर्बाद नहीं होने देंगे। इस दौरान दीपांशु चाहल, खिलेंद्र चाहल, संजीव शर्मा, राजेंद्र सिंह, पुष्पेंट जाटव, कपिल जाटव, नागेंद्र सिंह, देवराज सिंह, अंकित कुमार, गुड्डू जाटव, शीशपाल जाटव आदि रहे।


पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय का फूलमाला पहनाकर स्वागत करती महिला।

### पिता की पुण्यतिथि पर वृद्ध सेवा सदन का आरंभ

**चन्दौसी, अमृत विचार :** शनिवार को रघुवीर नगर में पिता की पुण्यतिथि पर वृद्ध सेवा सदन का आरंभ किया गया। शनिवार की विशाल वार्ष्णेय व विकास वार्ष्णेय ने अपने पिता रमेश चंद्र वार्ष्णेय की पुण्यतिथि के अवसर पर रघुवीर नगर में वृद्ध सेवा सदन आरंभ किया। जिसमें पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने फीता काटकर आरंभ किय। सेवा सदन के माध्यम से व्हील चेयर, ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, एयर मैटर्स, बेड रेस्ट जरुरतमंदों को उपयोग करने के लिए निशुल्क दिया जाएगा। इस दौरान विकास वार्ष्णेय, मुकुल शर्मा, राहुल वार्ष्णेय, ब्रजवाला वार्ष्णेय, कंचन वाला, मधु रानी, शशिबाला, तृष्टि वार्ष्णेय, तोशी शर्मा, सरोज वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर बांधा समां

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** गोया वर्ल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल रम्पुरा जट में मदर्स-डे पर आयोजित कार्यक्रम में माताओं ने कार्यक्रम प्रस्तुत किये तो बच्चों ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माताओं का मन मोह लिया। इस दौरान इंसान के जीवन में मां के महत्व पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या स्वाति गुप्ता के सानिध्य में किया गया। इस मौके पर अध्यापक व अध्यापिकाओं ने विद्यालय परिसर को सुसज्जित कर सजाया। बच्चों की माताओं ने स्कूल के सभागार में सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। अध्यापक एवं अध्यापिकाओं के समक्ष सभी बच्चों ने अपनी माताओं को मदर्स डे का कार्ड दिया। कुछ प्रतिभाशाली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर माताओं के मन को मोह लिया। बच्चों ने भावनात्मक कविताएं सुनाई तो वहां मौजूद माताएं भावुक हो गईं। कार्यक्रम के दौरान इंसान के जीवन में मां के महत्व पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में कार्तिक खारी, ऋतिक पटेल, कुलप्रीत, वासु, मोक्षिता, अवनी, अदिति आदि बच्चों ने प्रस्तुति दी। प्रबंधक आकाश गर्ग ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट करते हुए बच्चों को मां की ममता विषय पर भाषण दिया।



स्कूल में मदर्स डे पर केक काटती माताएं व स्कूल स्टाफ। ● अमृत विचार

● गोया वर्ल्ड स्कूल में हुआ मदर्स-डे का सेलिब्रेशन

### संगीतमय सुंदर कांड में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**चन्दौसी, अमृत विचार:** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से आवास विकास में संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम दीनदयाल शर्मा ने विधि विधान से सभी देवी-देवताओं का पूजन कराया। इसके पश्चात केजी शर्मा, अजय सक्सेना, रमेश ग्रेवाल, राजीव उपाध्याय, योगेंद्र कुमार शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, राजीव शर्मा, संजीव शर्मा ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। साथ भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने नगरी हो अयोध्या सी, रघुकुल घराना हो और चरण हो राघव के जहां मेरा ठिकाना है, सच्चिदानंद शर्मा ने सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं आदि भजन सुनाए। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। ब्रजेंद्र शर्मा, राकेश चौबे, कल्पना वार्ष्णेय, सुधा शर्मा, मीनाक्षी पांडे, सर्वेश गुप्ता, कपिल शर्मा आदि रहे।


कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

# मदर्स ने स्कूल में बच्चों के साथ किया गीतों पर नृत्य

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** एएम वर्ल्ड स्कूल में मदर्स डे पर धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया। कार्यक्रम का आरंभ चेयरपर्सन अलका मंगलम ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित करके किया।

बच्चों के साथ आई माताओं का स्वागत, तिलक लगाकर व गुलाब का फूल देकर किया गया। इसके बाद छोटे बच्चों ने मां के लिए कविता गायन की। बच्चों ने अपनी-अपनी माताओं के साथ सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। माताओं ने अपने बच्चों के लिए सुंदर गीत गाये। अंत में बच्चों के साथ माताओं ने कैट वॉक किया। इसके बाद बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत सभी को तालियां बजाने को मजबूर कर दिया। इस दौरान समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।


सिरसी में पुरस्कार के साथ छात्राएं। ● अमृत विचार

# पेड़ की छांव की तरह होती है मां

संवाददाता, संभल/सिरसी

**अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय सिरसी द्वितीय में मदर्स डे हर्षोल्लास से मनाया गया। बच्चों ने गीत, नृत्य, पोस्टर, ग्रीटिंग काड्र्स आदि गतिविधियों में हिस्सा लेकर मां के प्रति अपने भाव प्रकट किए।

सहायक अध्यापिका मधुलिका सिंह ने बच्चों और माताओं को नमन किया। मां का सम्मान करने का संकल्प लेकर मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया। इंचार्ज अध्यापिका निगहत जैदी ने बच्चों को मां का महत्व बताते हुए कहा कि मां एक पेड़ की छांव की तरह होती है। वह अपने बच्चों को अपने में समेट कर रखती है। इसलिए सबसे ज्यादा अपनी मां सम्मान करें। खुशबू अग्रवाल, ऊषा ने मदर्स डे की शुभकामनाएं दी। इस दौरान अलीशा, महक, नुजहत, अमान, अलीना, अकलीमा, अब्बास सयादा, फसल अब्बास, इकरा कनीज आदि रहे।

**मदर्स डे पर विशेष** — खुद पढ़ी-लिखी नहीं तो क्या, बच्चों को शिक्षित बनाने के लिए ईंट भट्टे पर कर रहीं मजदूरी

# बच्चों का भविष्य संवारने को मेहनत कर पसीना बहा रहीं माताएं

श्याम मिश्रा, चंदौसी

- संतोष पिछले आठ वर्ष से पति के साथ भट्टे पर मजदूरी कर रही हैं
- बच्चों को पढ़ा लिखाकर अच्छा इंसान बनाना है : अंगूरी

**अमृत विचार:** दुनिया भर में मां को ईश्वर तुल्य माना जाता है। बच्चे के लिए मां ही उसकी सबकुछ होती है। मां के प्रेम, त्याग व बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

अपने बच्चों के लिए मां बड़ी से बड़ी मुसीबतों का सामना करने से पीछे नहीं हटती और बच्चों की सलामती और तरक्की के लिए हर मुसीबत का डट कर सामना करती है। आज विश्व भर में मदर्स डे पर कार्यक्रम के आयोजन कर मां की ममता का गुणगान किया जा रहा है। वहीं कुछ माताएं बच्चों का भविष्य संवारने के लिए मेहनत मजदूरी कर पसीना बहा रही हैं।

थाना बनियाठेर के गांव मऊ अस्सू निवासी महिलाएं संभल मार्ग स्थित एक ईंट भट्टे पर मजदूरी करती हैं। क्योंकि इनके परिवार की इतनी आय नहीं है कि जिससे बच्चे शिक्षा ग्रहण कर सकें। इसलिए इन्होंने और पति के साथ ईट भट्टे पर मजदूरी का कार्य शुरू कर दिया। ताकि उनके बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सुखद भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें। ये माताएं दिन निकलते ही भट्टे पर मजदूरी का कार्य शुरू कर देती है और धूप, गर्मी की परवाह न कर मेहनत करती नजर आती हैं।


अपने बच्चों के साथ संतोष देवी।


अंगूरी। ● अमृत विचार

इसमें एक संतोष देवी पत्नी सुशील कुमार है। बनियाठेर थाना क्षेत्र के मऊ अस्सू निवासी संतोष पिछले आठ वर्ष से पति के साथ भट्टे पर मजदूरी कर रही हैं। पति की मजदूरी पर परिवार का खर्च तो चल जाता है, मगर बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पाती। इसलिए मजदूरी करनी पड़ रही है। उनका पुत्र विमल कक्षा नौ, पुत्री पूजा कक्षा आठ, पायल कक्षा पांच व पुत्र प्रियांजल कक्षा तीन का छात्र है। जबकि एक बच्चा छोटा है। महिला बताती है कि वह अपने बच्चों को पढ़ा लिखाकर बड़ा आदमी बनाना चाहती है। इसलिए गर्मी, ठंड की परवाह न करते हुए मजदूरी कर बच्चों की जिंदगी बनाने में जुटी हुई।

दूसरी महिला अंगूरी पत्नी सतवीर भी गांव मऊ अस्सू में रहती है। यह महिला भी छह वर्ष से भट्टे पर मजदूरी कर परिवार के भरण पोषण में सहयोग कर रही हैं। इनका भी मकसद अपने बच्चों को पढ़ा लिखाकर अच्छा इंसान बनाना है। अंगूरी के एक पुत्र व दो पुत्रियां है। जिसमें पुत्र शिवराज कक्षा चार व पुत्री लवी कक्षा एक की छात्रा है। जबकि तीसरी पुत्री छोटी है।

# प्राचीन काल से संस्कृति आधारित राष्ट्र रहा है भारत



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

सांप्रदायिक राजनीति आर्थिक नीतियों से जुड़े गरीबी-अमीरी, शिक्षा और स्वास्थ्य आदि मूलभूत प्रश्नों को महत्व नहीं देती। वे राजनीति में भी कट्टरपंथी मजहबी अलगाववाद चलाते हैं। सांप्रदायिक अलगाववादी जिस देश में रहते हैं,उस देश की संवैधानिक व्यवस्था से भी टकराते हैं। राजनीति वोट बैंक के तुष्टीकरण के कार्यक्रम बनाती है।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने मुस्लिम संख्या वृद्धि के तथ्य उद्घाटित किए हैं। सलाहकार परिषद स्वतंत्र निकाय है। यह समय-समय पर तथ्य व आंकड़ों के आधार पर भिन्न-भिन्न विषयों पर परामर्श देती है। परिषद ने दुनिया के 167 देशों के जनसांख्यकीय चरित्र का अध्ययन किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के किसी भी देश में बहुसंख्यक आबादी की बढ़त नहीं दिखाई पड़ी है,लेकिन कई देशों में अल्पसंख्यक आबादी की बढ़त पाई गई है। भारत में मुस्लिम आबादी की संख्या बढ़ी है। मुस्लिम संख्या वृद्धि के ताजा आंकड़ों को लेकर देश में खासी बहस चल रही है।

भारत में हिन्दू मुस्लिम सहअस्तित्व सामाजिक पुनर्गठन की बड़ी चुनौती रहा है। गांधी जी ने हिन्दू मुस्लिम सहअस्तित्व के लिए आजीवन काम किया और अंत में कहा कि इस प्रश्न पर मेरी हार हुई। मुस्लिम राजनीति अन्य पंथों पर आक्रामक रही है। मुस्लिम साम्प्रदायिकता के कारण ही भारत का विभाजन हुआ था। गांधी जी ने मोहम्मद अली जिन्ना से पाकिस्तान की मांग न करने और साथ-साथ रहने का आग्रह किया था। इस सम्बंध में उन्होंने जिन्ना को (15 सितंबर 1944) पत्र लिखा था। उन्होंने जिन्ना से पूछा था कि, ''मजहब के अलावा हिन्दू और मुसलमान में क्या कोई और भी भेद है? मुसलमान शेष भारतवासियों से क्यों अलग हैं? जिन्ना ने जवाबी पत्र (17 दिसम्बर 1944) में लिखा था, ''हम मानते हैं कि मुसलमान और हिन्दू देश की किसी भी परिभाषा के आधार पर अलग-अलग कौमें हैं। हमारी संस्कृति, सभ्यता, भाषा, साहित्य, कला, कानून, परम्परा व इतिहास अलग-अलग है। जीवन के प्रति हमारा नजरिया भी अलग है। हम किसी भी अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर अलग राष्ट्र हैं।" यह मुस्लिम लीग और जिन्ना का घोर साम्प्रदायिक दृष्टिकोण था। इस साम्प्रदायिकता के दृष्टिकोण को माने तो हिन्दू मुसलमान जब मिलकर रहते थे, तब भी मुसलमान अलग राष्ट्र थे। भारत के भीतर दो राष्ट्र थे। यह सोच अलगाववादी थी। वस्तुतः भारत प्राचीन काल से ही एक संस्कृति आधारित राष्ट्र है।

सांप्रदायिक राजनीति स्वयं को अलग राष्ट्र मानती रही है। मजहब आधारित जनसंख्या में बढ़त इसीलिए चिन्ता का विषय है। मजहब के आधार पर अलग राष्ट्र की मांग करना, इसके लिए लाखों लोगों की हत्या हिंसा किसी भी सूरत में उचित नहीं हो सकता। यह मानवता के विरुद्ध अपराध है। जनसंख्या के आधार पर ही मुस्लिम लीग ने अलग देश मांगा। भयंकर रक्तपात हुआ। इसलिए साम्प्रदायिक आबादी की बढ़त की कोई भी सूचना देश को चिंता में डाल देती है।

आंकड़ों के निष्कर्ष सत्य के उद्घाटन के लिए पर्याप्त हैं। अविभाजित भारत की अंतिम जनगणना 1941 में हुई थी। तब हिन्दू आबादी 84.44 प्रतिशत थी और मुस्लिम 13.38 प्रतिशत थे। मुसलमानों की इस संख्या में आज के पाकिस्तान और बांग्लादेशी मुस्लिम भी सम्मिलित थे। फिर देश का बंटवारा हुआ। भारत स्वतंत्र हुआ। कुल मुस्लिम आबादी की संख्या में पाकिस्तानी व बांग्लादेशी मुस्लिम जनसंख्या घट गई। स्वतंत्र भारत की प्रथम जनगणना 1951 में हुई। तब पाकिस्तानी व बांग्लादेशी मुस्लिम जनसंख्या नहीं रही। इसलिए हिन्दू जनसंख्या का अनुपात 87.24 हो गया। मुस्लिम आबादी घटकर 10.43 हो गई। लेकिन 50 वर्ष बाद 2001 की जनगणना में हिन्दू घटकर 84.21 प्रतिशत हो गए। मुस्लिम आबादी का अनुपात अविभाजित भारत के 13.38 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गया। आबादी के इसी अनुपात पर मुस्लिम लीग ने अलग देश की मांग की थी और पाकिस्तान अस्तित्व में आया था। इस तरह की जनसंख्या बढ़त से एक और मजहबी साम्प्रदायिक देश की जनसंख्या तैयार हो गई है।

सांप्रदायिक राजनीति आर्थिक नीतियों से जुड़े गरीबी-अमीरी, शिक्षा और स्वास्थ्य आदि मूलभूत प्रश्नों को महत्व नहीं देती। वे राजनीति में भी कट्टरपंथी मजहबी अलगाववाद चलाते हैं। सांप्रदायिक अलगाववादी जिस देश में रहते हैं, उस देश की संवैधानिक व्यवस्था से भी टकराते हैं। राजनीति वोट बैंक के तुष्टीकरण के कार्यक्रम बनाती है। कट्टरपंथी मजहबी राजनीति की मांगे खतरनाक हैं। वे तुष्टीकरण की साम्प्रदायिक राजनीति को सेकुलर कहते हैं। वस्तुतः सेकुलर विचार में आस्था और अंधविश्वास नहीं होने चाहिए। मजहबी राजनीति सेकुलर हो ही नहीं सकती। इस्लामी विचारधारा के अंतरराष्ट्रीय विद्वान प्रोफेसर डेनियल पाइप के अनुसार, ''दूसरे पंथों के विपरीत इस्लाम में सामाजिक जीवन के परिचालन के लिए एक महत्वपूर्ण प्रोग्राम है। दूसरे पंथ केवल मौलिक मूल्यों के ही उपदेश देते हैं और भौतिक विषयों पर समय अनुसार विधान और नियम बनाने का काम समाज पर छोड़ देते हैं। इस्लामी राजनैतिक चिन्तन सुस्पष्ट ध्येय निर्धारित करता है। सभी मुसलमानों को इन नियमों का पालन अनिवार्य है। दूसरे पंथों में राजनीतिक क्रियाकलापों के लिए लिखित आदेश नहीं है। मुस्लिम विश्वास में ईश्वर पर विश्वास के साथ ही उनके पवित्र कानून भी हैं। यह कानून 'शरिया' कहा जाता है। यह राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित करता है। इस्लामी राजनीति में मजहब की प्रचंड प्रेरणा है।" (प्रोफेसर डेनियल पाइप-'इन द पाथ आफ गॉड' पृष्ठ तीन)

गांधी जी हिन्दू मुसलमान की साझा राष्ट्रीयता चाहते थे। वे असफल रहे। डॉक्टर आंबेडकर हिन्दू-मुसलमान के पक्ष पर गांधी जी से असहमत थे। डॉ. आंबेडकर ने लिखा है, ''गजनी के मोहम्मद ने भारत पर अपने अनेक हमलों को जेहाद छेड़ने की संज्ञा दी थी।" मोहम्मद के इतिहासकार अल उतबी ने उसके हमले के बारे में लिखा था, "उसने मंदिरों में मूर्तियों को तोड़ा और इस्लाम की स्थापना की। उसने शहरों पर कब्जा किया, नापाक कमीनों को मार डाला। मूर्ति पूजकों को तबाह किया और मुसलमानों को गौरवान्वित किया। तदुपरांत वह घर लौटा और इस्लाम के लिए की गई विजयों का ब्योरा दिया और यह संकल्प व्यक्त किया कि वह हर वर्ष हिन्द के खिलाफ जेहाद करेगा।" यही स्थिति अन्य हमलों की भी है। हजारों मंदिर तोड़े गए थे। श्रीराम जन्मभूमि, ज्ञानवापी काशी और मथुरा की घटनाओं के प्रसंग इस समय भी ताजा हैं।

यूरोप के अनेक देश मुस्लिम आक्रामकता को लेकर चिन्तित हैं। फ्रांस में पैगम्बर का कार्टून बनाने को लेकर भयानक हिंसा हुई। डेनमार्क में भी ऐसी ही साम्प्रदायिक हिंसा हुई थी। पाकिस्तान में ईश निंदा कानून के अंतर्गत ढेर सारे गैर मुसलमानों का उत्पीड़न जारी है। अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर भी इसी तरह का हमला हुआ था। इसलिए जनसंख्या की बढ़त को लेकर चिंता स्वाभाविक है। भारत के लिए यह और भी चिंता का विषय है। मुस्लिम साम्प्रदायिकता के कारण ही देश टूटा था। अपनी इच्छा अनुसार जीवन ध्येय निर्धारित करना प्रत्येक मनुष्य का अधिकार है। विवेक आधारित जीवन रस का आस्वाद प्रत्येक मनुष्य की अभिलाषा है। अपने अनुभव और विश्वास के अनुसार जीने का अधिकार स्वाभाविक है। इसलिए कि प्रत्येक मनुष्य अद्वितीय है। अनूठा भी। किसी की जीवन पद्धति में हस्तक्षेप न करना और सबको अपने ढंग से जीवन जीने का अवसर मिलना प्राकृतिक न्याय है। दुनिया को सुन्दर बनाने की यह न्यूनतम शर्त है, लेकिन साम्प्रदायिक मजहबी राजनीति अपने मत को श्रेष्ठ और बाकी को 'इनकार करने वाला' मानती है और इनकार करने वालों के लिए सजा का औचित्य भी सिद्ध करती है। मुस्लिम जनसंख्या की बढ़त के प्रभाव का विवेचन जरूरी है। यह चिन्ता मुस्लिमों के विरुद्ध नहीं है। चिन्ता का विषय आक्रामक साम्प्रदायिकता और अलगाववाद से छुटकारा पाना है। भारत के राष्ट्रजीवन व संविधान में सभी आस्था समूहों का सम्मान है। इसलिए जनसंख्या का असंतुलन गहन रूप में विचारणीय है।

# जमानत आसान: विधि वेत्ता हैरान

अब जब वे जाएंगे, तो केजरीवाल की नजीर सामने होगी। ऐसे में न्यायालय शायद सोरेन का प्रार्थना पत्र भी खारिज न कर सके। बड़े वकील तो जेल में बंद अलगाववादी मुल्जिमों का भी मुद्दा यह कहकर उभार रहे हैं कि चुनाव प्रचार के लिए तो वे भी कोर्ट से आग्रह कर सकते हैं। तब क्या आदेश होंगे?



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

दिल्ली शराब घोटाले के आरोपी अरविंद केजरीवाल,जो तिहाड़ जेल में बंदी थे,को सर्वोच्च न्यायालय ने कुछ शर्तों के साथ,प्रचलित लोकसभा चुनावों में प्रचार हेतु अंतरिम जमानत दे दी है,उन्हें दो जून को पुनः समर्पण करना होगा। वे इस अवधि में मुख्यमंत्री पद से संबंधित कोई कार्य नहीं कर सकेंगे। शराब घोटाले पर कुछ नहीं बोल सकेंगे और न मामले से संबंधित गवाहों से बातचीत कर सकेंगे। इस ऐतिहासिक आदेश के कई प्रभाव स्पष्ट हैं।

विचाराधीन बंदी और अपराध करने का मन बना रहे लोग हृदय में प्रसन्न हैं,क्योंकि जमानत का एक नया और आसान आधार मुहैया हो गया है। चुनाव प्रचार को उच्चतम न्यायालय ने एक प्रकार से मानव की आवश्यक बुभुक्षा मान लिया है और स्वाभाविक है कि यह अधिकार सबको मिलेगा,क्योंकि संविधान में अनुच्छेद 14 में समानता का अधिकार संरक्षित है। वैसे भी न्याय की देवी आंखों में पट्टी बांधे दिखलाई जाती हैं,वे विभेद कर ही नहीं सकतीं। चुनाव तो देश में कहीं न कहीं होते ही रहते हैं। वे किसी स्तर के हों और सारा देश एक है तथा हर नागरिक को देश के किसी हिस्से में किसी चुनाव में प्रचार करने का हक है। रही बात बड़े छोटे की,तो जैसे बड़े नेता के लिए लोकसभा का चुनाव महत्व रखता है,वैसे ही गांव गिराव के नेता को ग्राम पंचायत चुनाव।

न्यायाधीश के लिए कोई बड़ा छोटा होता ही नहीं है। अलबत्ता इस निर्णय से विधि वेत्ता हैरान हैं। वे सोचते हैं कि अब तो विचाराधीन और सजा काट रहे जघन्य अपराधों में संलिप्तता वाले बंदी किसी न किसी चुनाव प्रचार हेतु जमानत मांगेगें,तब संगत न्यायालय कैसे इंकार कर पाएंगे? वे यदि मना करेंगे तो वह आदेश विभेदकारी होगा। कानूनविदों की सोच है कि इसके पहले इस आधार पर जमानतें मांगी गई थीं, जो नहीं प्रदान की गई।

हाल ही में झारखंड के मुख्यमंत्री रहे,जेल काट रहे हेमंत सोरेन भी सुप्रीम कोर्ट जमानतार्थ गए थे,क्योंकि उनकी ऐसी अर्जी उच्च न्यायालय से खारिज हो गई थी। उच्चतम न्यायालय ने उनसे अगले हफ्ते आने के लिए कहा।

अब जब वे जाएंगे तो केजरीवाल की नजीर सामने होगी। ऐसे में न्यायालय शायद सोरेन का प्रार्थना पत्र भी खारिज न कर सके। बड़े वकील तो जेल में बंद अलगाववादी मुल्जिमों का भी मुद्दा यह कहकर उभार रहे हैं कि चुनाव प्रचार के लिए तो वे भी कोर्ट से आग्रह कर सकते हैं। तब क्या आदेश होंगे? बहरहाल,यह तो निकट भविष्य में साफ हो पाएगा कि उच्च और अवर न्यायालय इस बहस भरे बिंदु पर क्या रुख अपनाते हैं,किंतु एक नई बहस छिड़ तो गई ही है।

फिलहाल केजरीवाल प्रथम दृष्ट्या दोषी माने गए हैं,क्योंकि उन्हें पुनः समर्पण के आदेश हैं और घोटाले पर कुछ भी बोलने की मनाही की गई है। तथ्य यह भी है कि संप्रति उनकी गिरफ्तारी को अवैध करार देने वाली याचिका अनिर्णीत है।

# चुनावों को प्रभावित करता सॉफ्टफेक



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

कंटेंट बनाने वाली कंपनियों को इन वॉटरमार्क का इस्तेमाल कैसे किया जाना चाहिए, यह परिभाषित करने पर बारीकी से विचार करना चाहिए।

विगत फरवरी माह में इंडोनेशिया और पाकिस्तान में मतपत्रों के जरिए संपन्न हुए चुनावों में साफ झलक मिली कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीकें चुनावी गतिविधियों में भी घुसपैठ कर चुकी हैं। यह चिंताजनक परिदृश्य है,जो तथ्यहीन सूचनाओं या फर्जी खबरों के प्रसार से कहीं ज्यादा व्यापक और दुष्प्रभावी है।

विश्वप्रसिद्ध वैज्ञानिक जर्नल के अभी हाल के 9 अप्रैल 2024 के अंक में छपे लेख के अनुसार ट्विटर (अब एक्स) में मशीन लर्निंग, एथिक्स, ट्रांसपेरेंसी एंड अकाउंटेबिलिटी (मेटा) टीम की निदेशक रह चुकी रुम्मन चौधरी ने जनरेटिव एआई (जीएआई) के जरिए चुनाव संबंधी गलत सूचनाओं की पहचान करने और उन्हें रोकने के लिए चल रहे बड़े पैमाने पर प्रयासों का ब्योरा दिया था। ऐसे प्रयासों में जेनरेटिव एआई के दुरुपयोगों का उल्लेख था,किंतु राजनेताओं और राजनीतिक दलों द्वारा एआई का उपयोग अब ऐसे उद्देश्यों के लिए भी हो रहा है,जो दुर्भावनापूर्ण तो नहीं हैं,फिर भी वे गहरी नैतिक चिंताएं पैदा करते हैं। डीफफेक के साथ ही जेनरेटिव एआई 'सॉफ्टफेक' के युग की शुरुआत कर रहा है जिनसे ऐसी छवियां, वीडियो ऑडियो क्लिप बनाई जाती हैं,जो राजनीतिक उम्मीदवार को अधिक आकर्षक और जनप्रिय बनाती हैं,जबकि डीपफेक (डिजिटल रूप से परिवर्तित दृश्य मीडिया) और चीपफेक्स (कम गुणवत्ता वाले परिवर्तित मीडिया) आपत्तिजनक होते हैं।

सॉफ्टफेक अक्सर उम्मीदवार की चुनावी अभियान टीम द्वारा ही बनाए जाते हैं। उदाहरण के लिए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति चुनाव में विजयी उम्मीदवार प्रबोवो सुबिआंतो ने जीएआई पर बहुत अधिक भरोसा किया और खुद को एक जनप्रिय नेता के रूप में ब्रांड/प्रोजेक्ट करने के लिए कार्टून अवतारों का निर्माण और प्रचार किया। उन्हें 'जन जन प्यारा और गले लगाने वाला' नेता प्रोजेक्ट किया गया। यह एआई संचालित मेकओवर युवा मतदाताओं को आकर्षित करता था। एक उच्च रैंकिंग वाले सेना अधिकारी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मानवाधिकारों के हनन से उन्हें जोड़ने वाले आरोपों को खारिज करने के व्यापक प्रयास का यह एक हिस्सा था,जबकि चर्चित न्यूज एजेंसी बीबीसी ने उन्हें इंडोनेशिया का 'खूनी अतीत वाला" तक करार दिया था।

यही नहीं सुबिआंतो का समर्थन करने वाले एक समूह द्वारा इंडोनेशिया के दिवंगत हो चुके पूर्व राष्ट्रपति सुहार्तो की एक एआई जनित झूठी अपील 'गेट आउट टू वोट' का वर्चुअल रीमेक किया गया और डीपफेक का चतुर उपयोग भी किया गया। यह सब उनकी आश्चर्यजनक जीत में योगदान देने वाला माना जाता है। लाहौर,पाकिस्तान में स्थित शोध और वकालत के संगठन डिजिटल राइट्स फाउंडेशन की संस्थापक निघत दाद के अनुसार दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशियाई



चुनावों में उम्मीदवारों के कई भाषाओं में बोलने,पुराने कर्णप्रिय गाने गुनगुनाने आदि के डीपफेक वीडियो की बाढ़ आ गई जिसमें नेताओं को वैसा जीवंत मानवीय रूप दिया गया है,जैसा कि उम्मीदवार स्वयं अभिनीत नहीं कर सकते।

अब प्रश्न यह है कि क्या किया जाना चाहिए? चुनावों में जीएआई के उचित उपयोग के बारे में वैश्विक दिशा-निर्देशों पर विचार किया जा सकता है,लेकिन वे क्या होने चाहिए? इस दिशा में कुछ आरंभिक प्रयास हुए हैं। उदाहरण के लिए यूएस फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन ने फोन कॉल में एआई जनरेटेड वॉयस के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है,जिसे रोबोकॉल के रूप में जाना जाता है। मेटा जैसे व्यवसायों ने कतिपय वॉटरमार्क लांच किए हैं,जो एक लेबेल या एम्बेडेड कोड सरीखे होते हैं, जिन्हें किसी छवि या वीडियो में जोड़ा जाता है। हेर-फेर किए गए मीडिया को चिह्नित करने के लिए,लेकिन ये कम असरकारी और अक्सर स्वैच्छिक रुप से अपनाए जाने वाले उपाय हैं,जबकि डिजिटल संचार की में ठोस नियमों को लागू करने की आवश्यकता है,जो उन कंपनियों से जो एआई सामग्री उत्पन्न करती हैं। सोशल-मीडिया प्लेटफॉर्म,जो उन्हें वितरित करते हैं,सभी पर लागू हों।

कंटेंट बनाने वाली कंपनियों को इन वॉटरमार्क का इस्तेमाल कैसे किया जाना चाहिए? यह परिभाषित करने पर बारीकी से विचार करना चाहिए। वॉटरमार्किंग एक स्टैंप की तरह होनी चाहिए है या कंटेंट वितरकों द्वारा उठाए जाने वाले एम्बेडेड मेटाडेटा की तरह भी जटिल हो सकती है। कंटेंट वितरित करने वाली कंपनियों को न केवल गलत सूचना,बल्कि आधिकारिक,उम्मीदवार-समर्थित चैनलों के माध्यम से जारी किए जाने वाले चुनाव-अस्थिर करने वाले, अनुचित प्रभाव डालने वाले सॉफ्टफेक की निगरानी के लिए सिस्टम और संसाधन स्थापित करने चाहिए। अभी तक उम्मीदवारों के लिए कंटेट में वॉटरमार्किंग का प्रावधान नहीं है। इसे चुनाव संचालित करने वाली मशीनरी और नियामक संस्थाओं द्वारा अनिवार्य बनाना होगा। सोशल मीडिया नियंत्रित करने वाले प्रतिष्ठान ऐसे वाटरमार्क वाले या इनसे रहित कंटेंट के बारे में दर्शकों को उचित अलर्ट दे सकती हैं और उन्हें सूचित कर सकती हैं।

मीडिया आउटलेट सॉफ्टफेक पर स्पष्ट नीतियां बना सकते हैं। उदाहरण के लिए वे बस ऐसे एकाध डीपफेक की अनुमति दे सकते हैं जिसमें एक विजेता के भाषण का कई भाषाओं में अनुवाद किया जाता हो,लेकिन उम्मीदवारों का समर्थन करने वाले मृत राजनेताओं के डीपफेक की अनुमति नहीं होनी चाहिए। चुनाव विनियामक और सरकारी निकायों को चुनावी काल में कुकुरमुत्ते की तरह उगती उन कंपनियों की बारीकी से जांच करनी चाहिए,जो ऐसी नकली कंटेंट के निर्माण में संलग्न हैं।

जैसे न्यूयॉर्क शहर में स्थित एक एआई कंपनी इलेवन लैब्स के टेक्स्ट-टू-स्पीच और वॉयस इम्यूलेशन सॉफ्टवेयर को रोबोकॉल बनाने के लिए तैनात किया गया था जिसने जनवरी में न्यू हैम्पशायर के प्राथमिक चुनावों में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को वोट देने से मतदाताओं को रोकने की कोशिश को नाकाम किया। ऐसे ही जेल की कोठरी से अपने 2024 के अभियान के आउटरीच के दौरान पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के सॉफ्टफेक बनाने के प्रयास भी हुए थे।

जीएआई उपयोगों पर चुनावी मानक स्थापित करना आवश्यक है। ऐसे कानूनों का एक लंबा इतिहास है,जो यह विनियमित करते हैं कि उम्मीदवार कब,कैसे और कहां प्रचार कर सकते हैं और उन्हें क्या कहने और क्या न कहने की अनुमति है? जागरूक नागरिकों की भी इसमें भूमिका है। हम सभी जानते हैं कि इंटरनेट पर जो सब कुछ उपलब्ध होता है,उस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। अब हमें न केवल बदले हुए मीडिया को पहचानने के लिए सजगता विकसित करनी चाहिए, बल्कि यह सोचने की भावनात्मक इच्छा से भी बचना चाहिए कि अमुक उम्मीदवारों के सॉफ्टफेक कितने 'मजेदार' या 'प्यारे' हैं,जो अक्सर स्पष्ट रूप से एआई द्वारा जनित होते हैं। इसका लक्ष्य बस उम्मीदवार को पसंद करने योग्य बनाना है।

सॉफ्टफेक पहले से ही दुनिया के कुछ सबसे बड़े लोकतंत्रों में चुनावों को प्रभावित कर रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में भी इस समय सामान्य निर्वाचन का समय है। मतदाताओं को जागरूक रहने का वक्त है। कृत्रिम बुद्धि के ऐसे झांसों में न आकर विवेकपूर्ण मतदान करना ही बुद्धिमानी होगी।

# समष्टीकरण

समष्टीकरण की प्रक्रिया भारत के लिए कोई नई बात नहीं है। जरूरत है-शब्द और भाषा को भेदने की। भारत की ज्ञान परंपरा आख्यानात्मक है,जीवन और प्रकृति के तत्वबोध को मनीषियों ने किसी न किसी कथानक या आख्यान के रूप में व्यक्त किया है। आधुनिक स्वतंत्रता संघर्ष और लोकचेतना के अध्येता के लिए यह चुनौती भरा काम है कि वह उस कथानक या आख्यान में समाए हुए उस तत्त्वबोध को,उन अवधारणाओं की पहचान करे।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

शक्ति उपासना की परंपरा में एक ग्रंथ का नाम है दुर्गासप्तशती। दुर्गा सप्तशती के दूसरे अध्याय में महाशक्ति के प्रादुर्भाव की एक रूपक-कथा है,महिष से परास्त होकर देवता ब्रह्माजी के नेतृत्व में भगवान शंकर और विष्णु के पास गए। निवेदन किया कि भगवान। सूर्य, इंद्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, यम, वरुण तथा अन्य देवताओं के अधिकार छीनकर महिषासुर स्वयं ही सबका अधिष्ठाता बना बैठा है। इस निरंकुशता की बात सुनकर चक्रपाणि विष्णु को क्रोध आया और उनके आवेश से एक तेज प्रकट हुआ। उनके तेज को देखा तो ब्रह्मा,शंकर तथा इंद्र आदि अन्य देवताओं के शरीर से भी बड़ा भारी तेज निकला। वह सब तेज मिलकर एक हो गया। वह तेज पुंज जलते पर्वत सा जान पड़ा,उसकी ज्वालाएं,सभी दिशाओं में व्याप्त हो गईं। वह देवी या व्यापक महाशक्ति अपनी हजारों भुजाओं से सभी दिशाओं को आच्छादित करके खड़ी थीं। रणभूमि में दैत्यों के साथ युद्ध करती हुई अंबिका देवी ने जितने निःश्वास छोड़े वे तत्काल सैकड़ों-हजारों गणों के रूप में प्रकट हो गए और असुरों का सामना करने लगे। सुमहत्तेजस्तच्चैक्यं समगच्छत,सभी के सात्विक आवेश से निकलने वाला वह महान तेज एक बन गया। विभिन्न दिशाओं में बिखरी हुई ऊर्जा को एक निश्चित दिशा मिली और वह संगठित हो गई।

अन्याय के विरुद्ध यह समष्टि का सात्विक क्रोध है। इसमें "मैं" और "मेरे" की राजस-तामस गंध नहीं और इस समष्टिगत और सात्विक क्रोध से एक तेज निकलता है और वह तेज भी समष्टि का तेज बन जाता है। वही महाशक्ति है। अन्याय-अत्याचार के विरुद्ध वह जागरण शक्ति है। सामूहिक शक्ति है। यह लोकचेतना है,अक्षय-ऊर्जा का अव्ययस्रोत। यदि आप इसे अभिधा में ही पढ़ना चाहते हैं और आपका आग्रह है कि यह तो हिस्ट्री है,देशकाल में घटित घटना का शब्दगत सच,तो वह आप जानें,किंतु यदि इसके अर्थ की गहराई में जाएं,व्यंजना को समझें तो एकता की महाशक्ति का स्वरूप बहुत स्पष्ट हो सकेगा।

# किसकी हवा चल रही है



अनूप शुक्ल
कानपुर

दोनों विरोधी नेताओं की प्रचार सामग्री एक ही प्रेस में छपी है। सोचते हैं अबकी बार कोई पूछेगा किसकी हवा चल रही है तो बता दूंगा- 'फ़लाने प्रिंटिंग प्रेस की हवा चल रही है।'

शहर में वोटिंग हो रही थी तो सुबह जरा आराम से उठे। अपना वोट दूसरे शहर में हैं। इसलिए यहां निश्चिंत सोते रहे। वहां होते तो शायद अब तक उंगली की नीली स्याही दिखाते हुए सोशल मीडिया पर फोटो सटा दिए होते। क्या पता अनगिनत नीली स्याही लगी उंगलियों को देखकर कोई विकास पुरुष कहता हो- "तुम मुझे उंगली दिखाओ,हम तुम्हें अंगूठा दिखाएंगे।"

दोस्तों से बात होती है तो कोई पूछता है-"वहां हवा किसकी चल रही है?" हम बताते हैं- ''हमें तो कोई हवा नहीं दिख रही।'' अभी तक तो किसी ने बताया नहीं कि वो अपना वोट किसको देगा। जिस भी दोस्त से बात हुई उसने यही पूछा- "यार ये मंहगाई भत्ते की बढ़ी किस्त अभी मिली नहीं। कुछ पता है कब तक आएगी?"

मन करता है अबकी कोई पूछे तो बता देंगे कि यहां तो सिर्फ 'मंहगाई भत्ते' की हवा चल रही है। क्या पता हम किसी का नाम ले देते तो वो गाने लगता जबलपुर में तो उनकी हवा चल रही है। फिर वह जबलपुर में किसी को फोन करके बताता- "तुमको पता नहीं जबलपुर में तो उसकी हवा चल रही है। दो-चार फोन के बाद वह हवा अंधड़ में बदल जाती और लोग आंख मूंदकर मान लेते। इसके बाद पड़ोसी को बताता- "अरे तुमको पता नहीं जबलपुर में तो फलाने की हवा चल रही है।" अगर वह पूंछता-"खबर पक्की है? तुमको कैसे पता चला?" उसको शायद जबाब मिलता-"हां एकदम पक्की खबर है। हमको कानपुर के लोगों ने बताया कि जबलपुर में फलाने जीत रहे हैं।" अपने यहां यही हो रहा है। जबलपुर की हवा के बारे में कानपुर वाला बता रहा है। बिहार के बारे में नागालैंड वाला। आसाम के बारे में गुजरात वाला। दिल्ली के बारे में झुमरीतलैया वाला।

हाल यह है कि जो जहां नहीं है,वह वहां की हवा के बारे में बता रहा है,जो जिस जगह से जितना दूर है,उसके पास उस जगह के बारे में उतनी ही पुख्ता सूचना है। अमेरिका को तो भारत की हवा के बारे में इत्ती पुख्ता खबर है कि वहां विदेश मंत्रालय के पत्ते फेंट दिए गए। नारद जी ने नाम न बताने की विद्या कसम दिलाते हुए बताया है कि मीडिया पर भारत में बहती हवा को देखते हुए यमराज को अतिरिक्त ताकतों से लैस किया जा रहा है। हवा का ताजा रुख जानने के लिए मैं अखबार खोलता हूं। अखबार में एक साथ दो विरोधी पार्टियों के नेताओं की अपीलें लिपटीं हैं। एक ही साइज के पर्चे,एक ही छपाई में दोनों एक जैसे मुस्कराते हुए दिखते हैं। एक साथ लिपटे होने के कारण दोनों की तस्वीरें गले मिलतीं दिखीं।

अखबार खुलते ही दोनों अपीलें जमीन पर गिर जाती हैं। नीचे गिरी मुस्कराती तस्वीरें देखते हुए सोचता हूं- "इस देश के नेता को चुनाव जीतने के चक्कर में कितना तप करना पड़ता है,मुस्कराते हुए कितना गिरना पड़ता है।"

दोनों विरोधी नेताओं की प्रचार सामग्री एक ही प्रेस में छपी है। सोचते हैं अबकी बार कोई पूछेगा किसकी हवा चल रही है तो बता दूंगा-''फलाने प्रिंटिंग प्रेस की हवा चल रही है," लेकिन चुनाव में तो पैसा भी लगता है। आजकल बिना पैसे के चुनाव जीतता असंभव माना जाता है। हाल यह है कि जैसे प्राइवेट स्कूल वाले बच्चे के एडमिशन के पहले बच्चे के मां-बाप की आमदनी नापते हैं,उसी तरह राजनीतिक पार्टियां चुनाव में टिकट देने के पहले उम्मीदवार की टेंट देखते हैं। टिकट उसी को देते हैं,जो चुनाव में पैसा खर्च कर सके,बहा सके और जरूरत पड़े तो चुनाव आयोग से नजरें बचाकर लुटा भी सके। पैसा उम्मीदवार की साख से ज्यादा जरूरी है,क्योंकि चुनाव साख से नहीं पैसे से जीते जाते हैं। इमेज जरूरत होगी तो पैसे से बन जाएगी, लेकिन इमेज से पैसा नहीं पैदा होता न!

पहले चुनाव में पैसा कम लगता था,क्योंकि लोग चुनाव देश सेवा के लिए लड़ते थे। अपने पैसे से चुनाव लड़कर देश सेवा का शगल पूरा कर लेते थे,लेकिन इधर पिछले कुछ दशकों से देश सेवा धंधा बन गई है। धंधा बनने के बाद देश सेवा के काम में बहुत बरक्कत हुई है। अब पूरा बाजार और कारपोरेट देशसेवा का टेंडर भरता है। ग्लोबल कंपनियां तक इसमें अपना पैसा लगाती हैं। हाल यह है कि देश के कल्याण के लिए विदेशी तक बेचैन रहते हैं। ये सब मिलकर बाजार में शामिल हैं। बाजार देश सेवा का कोई ठेका अपने हाथ से जाने नहीं देता। एक-एक सीट के लिए कई-कई टेंडर भरता है बाजार। पक्ष में भी बाजार का आदमी होता और विपक्ष पक्ष में भी। चाहे इस पार्टी का उम्मीदवार जीते या उस पार्टी का देश सेवा का काम आखिर में बाजार को ही मिलना है। सोचते हैं अबकी बार कोई फोन करके पूछेगा किसकी हवा चल रही है तो बता देंगे उसको, ''यहां तो बाजार की हवा चल रही है।" आप बताओ आपके उधर किसकी हवा चल रही है?

# बेरोजगारी से बढ़ती चिंता

युवाओं के इस देश में जहां 100, बेरोजगारों में 83 युवा हैं तो ऐसे में देश की असल प्रगति कैसे संभव होगी? रोजगार सर्जन आने वाली सरकार की प्राथमिकता होगी,यह आशा की जानी चाहिए।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हाल के अखबारो की सुर्खिया देखकर डर लग रहा है कि देश किस ओर जा रहा है। आज की एक इकोनॉमिक अखबार की खबर है कि तेल मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश की कुछ प्रमुख तेल और गैस कंपनियों ने 15700 जॉब्स घटा दिए, जबकि पिछले वर्षों में उनका राजस्व दो गुना हुआ है। यही नहीं देश के सर्वोच्च तकनीकी संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों को जॉब नहीं मिलने के आंकड़े इन दिनों की सुर्खियां बन रहे हैं। अर्थव्यवस्था की चमकती तस्वीर के बीच बेरोजगारी की भयावह स्थिति बनी हुई है। हमें समझना होगा कि मजदूर पूंजी पैदा करता है,मजदूर समाज में सुख और शांति पैदा करता है। यह एक अन्याय पूर्ण व्यवस्था है कि अपने श्रम से पूंजी पैदा करने वाला नंगा और भूखा है और पूंजी का बड़ा हिस्सा पूंजीपतियों की तिजोरियों और बैंकों के खातों में जमा हो रहा है।

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआई) के हाउस होल्ड सर्वे में दावा किया गया है कि पिछले महीने में 47 लाख लोगों का रोजगार छिन गया जिसमें सबसे ज्यादा संख्या ग्रामीण एरिया में रहने वाले लोगों की रही है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2012 में लगभग एक करोड़ लोग बेरोजगार थे,जबकि 2022 में यह संख्या 2.29 करोड़ जा पहुंची। देश में श्रम बल का आकार लगातार घट रहा है,जो मार्च में 43.38 करोड़ से घटकर अप्रैल में 42.91 करोड़ रह गया जिसका सबसे ज्यादा प्रकोप ग्रामीण क्षेत्र में हुआ शहरी क्षेत्र में स्थिति मार्च जैसी ही है। युवाओं के इस देश में जहां 100, बेरोजगारों में 83 युवा हैं तो ऐसे में देश की असल प्रगति कैसे संभव होगी? रोजगार सर्जन आने वाली सरकार की प्राथमिकता होगी,यह आशा की जानी चाहिए।

# किसानों ने बिजली घर का किया घेराव

## एसडीओ व जेई को बंधक बनाया, आश्वासन के बाद पंचायत खत्म

संवाददाता, बढ़ापुर

**अमृत विचार :** बिजली की समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन की पंचायत शनिवार को तय्योपुर बिजलीघर पर हुई। इसमें मांगों पर सहमति न होने पर किसानों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को बंधक बना लिया। बाद में मांगें पूरी होने का आश्वासन मिलने पर पंचायत समाप्त हुई।

विद्युत विभाग से संबंधित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने पूर्व में दिए गए ज्ञापन में लो वोल्टेज, जर्जर खंभे व तार, ग्राम मिट्ठोपुर में 25 केवीए के ट्रांसफार्मर के स्थान पर 100 केवीए का ट्रांसफार्मर रखवाने की मांगे पूरी न होने पर बिजली घर का घेराव किया। किसानों ने एसडीओ व जेई को बंधक बनाकर रखा। बाद में एसडीओ ने कुछ मांगों का मौके पर निस्तारण करवाया। गांव मिट्ठोपुर में एक माह में ट्रांसफार्मर रखवाने का आश्वासन दिया। ग्राम रसूलपुर ढेला में नदी के कटान से नष्ट हुई विद्युत लाइन पर काम कराने, 15 मई तक लो वोल्टेज की समस्या से दूर करने व अन्य समस्याओं के निस्तारण का एसडीओ विवेक विश्वकर्मा ने आश्वाशन दिया। इस पर किसानों ने पंचायत खत्म कर दी। पंचायत की अध्यक्षता सरदार हरदीप सिंह ने व संचालन राजीव चौहान ने किया। पंचायत मे वीरेंद्र कुमार, मितेंद्र कुमार, सत्यम शर्मा, लोकेंद्र शर्मा, प्रियास कुमार, गौरव कुमार, रामपाल सिंह, महमूद अहमद, विक्रम सिंह, धर्मपाल सिंह, महिला कार्यकर्ता उम्मती खातून आदि ने भारतीय किसान यूनियन की सदस्यता ग्रहण की व बढ़ापुर निवासी योगेंद्र सिंह को नगर अध्यक्ष की जिमेदारी सौंपी गई।



तय्योपुर बिजली घर में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

### खाद के साथ दवाइयां देने का विरोध

**नहटौर, अमृत विचार :** किसान सहकारी समिति आंकू पर खाद के साथ दवाइयां देने के विरोध में भाकियू अराजनैतिक ने धरना दिया। किसानों ने खाद के साथ दवाइयां नहीं देने की मांग उठाई। आंकू में स्थित किसान सहकारी समिति पर भाकियू अराजनैतिक के नेतृत्व में किसान एकत्रित हुए। उन्होंने कहा कि समिति पर किसानों को यूरिया, डीएपी व एनपीके खाद लेने पर जबरन दवाइयां दी जा रही हैं। कहा कि किसान बमुश्किल खाद के लिए रुपये का इंतजाम करते हैं। ऊपर से उस पर दवाई लेने का दबाव बनाया जाता है। किसानों का शोषण किया जा रहा है। किसानों ने खाद के साथ दवाई नहीं दिए जाने की मांग को लेकर समिति पर धरना दिया। इस मौके पर तेजवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, सतीश कुमार, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### गोल्डिका ने फुटबॉल में जीता गोल्ड मेडल



**नहटौर, अमृत विचार :** फुटबॉल प्रतियोगिता में गोल्डिका दक्ष ने गोल्ड मेडल जीता है। गोल्डिका दक्ष हॉस्पिटल के एमडी डॉ. एके दक्ष की पुत्री है। एसडीएम रितु चौधरी ने गोल्डिका दक्ष को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। फुटबॉल प्रतीयोगिता पुष्प निकेतन स्कूल धामपुर में सम्पन्न हुई।

### चोरी के मामले में पुलिस को दी तहरीर

**हल्दौर, अमृत विचार :** नगर स्थित टेंपो अड्डे के पास चोर एक दुकान के शटर के ताले तोड़कर हजारों का सामान चोरी कर फरार हो गए। दुकानदार ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। नगर के मोहल्ला आल्हावाला निवासी आशीष कुमार की पानीपत-खटीमा मार्ग स्थित टेंपो अड्डे के पास वेल्डिंग की दुकान है। गुरुवार देर रात चोरों ने उसकी दुकान के शटर के ताले तोड़कर रखी वेल्डिंग मशीन समेत हजारों रुपये का अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### गुलदार के हमले से युवक जख्मी, भर्ती कराया

**नहटौर, अमृत विचार :** गांव ढकौला के जंगल में नहर किनारे झाड़ियों से निकलकर गुलदार ने जंगल जा रहे तीन युवकों में से एक पर हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। गांव ढकौला निवासी संजय सिंह, लोकेन्द्र कुमार व राजा जंगल जा रहे थे। बताया जाता है कि गांव के पास ही नहर किनारे जाते समय गुलदार ने संजय पर हमला कर दिया। गुलदार के अचानक सामने आने पर अन्य दो युवकों ने शोर मचा दिया। इसके बाद गुलदार भाग गया। गुलदार ने संजय के सिर व बाजू पर हमला किया।

### दो बाइकों की भिड़ंत में व्यक्ति घायल

**किरतपुर, अमृत विचार :** नेशनल हाइवे पर दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। इससे एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। शविवार शाम इतवार बाजार के सामने बाइक सवार सुरेश सिंह निवासी मोहल्ला लाडपुरा अपने घर से बाइक पर बाजार की ओर निकला था।

# ताइक्वांडो में नहटौर के कॉलेज और स्कॉलर के खिलाड़ियों का दबदबा

**नहटौर, अमृत विचार :** धामपुर स्थित आरएसएम इंटर कॉलेज में तहसील स्तरीय अंडर 14 में बालक-बालिकाओं के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। खेलों का आरंभ एसडीएम रितु चौधरी ने किया।

ताइक्वांडो में नहटौर क्षेत्र से एसएनएसएम इंटर कॉलेज व स्कॉलर पब्लिक स्कूल बिलाई के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। बालक वर्ग में शिवा ने स्वर्ण पदक, शौर्या ने सिल्वर, लक्षित ने सिल्वर मेडल, विष्णु ने ब्राउज मेडल, ग्रंथ कुमार ने गोल्ड मेडल, यशवर्धन ने गोल्ड मेडल, ऋषभ ने ब्राउज मेडल, बालिका वर्ग में परी ने गोल्ड मेडल, वैष्णवी ने ब्रॉन्ज मेडल, लक्षिका ने ब्राउज मेडल, अंशिका ने गोल्ड मेडल, पल्लवी ने ब्राउज मेडल, जहान्वी सैनी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

ताइक्वांडो कोच चमन सैनी ने बताया कि स्कॉलर पब्लिक स्कूल बिलाई बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर रहा। एसएनएसएम इंटर कॉलेज के प्रबंधक इंजीनियर दर्पण त्यागी व स्कॉलर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मुकेश चौहान ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

## सार-संक्षेप



वालिया ग्लोबल अकादमी में हुए कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राएं व अन्य।

### छात्र-छात्राओं को मां का महत्व समझाया

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** वालिया ग्लोबल अकादमी के प्रधानाचार्य श्याम प्रकाश तिवारी के निर्देशन में मातृ दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमे कक्षा छह से 12वीं तक के छात्र छात्राओं की माताओं को आमंत्रित किया गया। सभी छात्र छात्राओं ने अपनी माताओं के चरण स्पर्श किए। छात्र छात्राओं उर्वी, अराधया, सिद्धी, इरा, पूर्वी, अभियांशी, माही ने गीत संगीत के माध्यम से मां के महत्व व उनके प्रीति प्रेम की भावना को दर्शाया। रश्मि अग्रवाल ने बच्चों को अपने माता पिता के कर्तव्यों का बोध करवाया। विद्यालय के प्रबंधक कमलकांत वालिया, इंदु वालिया, रामाकांत वालिया, रुचिका वालिया ने बताया कि मां ईश्वर का उपहार है, जो जीवन भर हमारा मार्गदर्शन करती हैं। उन्होंने कहा कि इसी दिन नहीं, बल्कि प्रीति दिन हमें मां का सम्मान करना चाहिए।




कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राएं और माताएं। ● अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति से मन मोहा

**कोतवाली देहात, अमृत विचार :** केएस चिल्ड्रंस अकादमी में शनिवार को मातृ दिवस पर कार्यक्रम हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। नर्सरी की छात्रा ख्याति ने अपनी मां के साथ नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा तीन की छात्रा उर्वशी ने प्रस्तुति दी। कक्षा आठ के छात्रों ने स्किट प्रतियोगिता में भाग लिया। लेमन रेस में आसमा परवीन, म्यूजिकल चेयर में नगमा, बैलून गेम में आशी जैन और रैंप वॉक में पारुल मेहरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में नर्सरी की छात्रा मीतू जैन की मां आशी जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बेस्ट मदर का अवार्ड कक्षा नर्सरी की छात्रा ख्याति जैन की मां आशी जैन के नाम रहा। डॉ. स्वाति भारद्वाज ने कहा कि संसार में सब कुछ मिल सकता है, लेकिन मां नहीं मिल सकती।

### जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में छात्र-छात्राओं ने मचाई धूम

**हापुड़, अमृत विचार :** जेएमएस स्कूल में मदर्स डे पर विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नृत्य और नाटिका भी पेश की। प्रधानाचार्या डॉ. निधि मलिक, प्रबंध निदेशक डॉ. आयुष सिंघल, सचिव डॉ. रोहन सिंघल ने शुरुआत की। डांस बैटल में रंजना पांडे प्रथम, साड़ी ड्रेपिंग प्रतियोगिता में राधिका प्रथम, फन ब्लाइंड फोल्ड गेम में राखी प्रथ रहीं। मानवी और दिव्यांशी की माताओं को सराहा, शिवाली ने परिवार के साथ नृत्य किया।

### युवकों ने तीन लोगों पर किया जानलेवा हमला

**हापुड़, अमृत विचार :** गांव सादुल्लापुर निवासी जयंत सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। उसने बताया कि वह शुक्रवार रात संदीप कुमार, सचिन सिंह और दो बच्चों के साथ कार से एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। युवकों ने उन्हें देखकर गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया।

# वॉलीबाल के फाइनल में सुभाष सदन की टीम जीती

● ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में हुई वालीबॉल प्रतियोगिता

संवाददाता, नहटौर

**अमृत विचार :** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वालीबॉल प्रतियोगिता में मौलाना, नेहरू, सुभाष, टैगोर सदन के छात्रों ने भाग लिया। सुभाष सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पहला मुकाबला मौलाना व टैगोर सदन की टीमों के बीच हुआ।

टैगोर सदन ने 10-09, 10-03 से हराकर अंतिम चार में स्थान सुरक्षित किया। दूसरा मुकाबला नेहरू व टैगोर सदन की टीमों के बीच खेला गया। सुभाष सदन ने 10 - 05, 10 - 05 से नेहरू सदन को हराकर सेमीफानल में अपना स्थान बनाया। फाइनल मुकाबले में सुभाष सदन ने टैगोर सदन की टीम को 20 - 14, 20-14 से हराकर जीत दर्ज की। विजयी टीम को ट्रॉफी, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वालीबॉल में टैगोर व मौलाना सदन ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौलाना सदन से गर्वित त्यागी, तपिस चौहान, सत्यम, शान्तनु, हितेश, आवेज, शौय राठी तथा नेहरू सदन से विवेक सैनी, गर्वित कुमार, दिपांशु, पियुष, जैद, लक्ष्य व सुभाष सदन से शौर्य काल्ते, रिजवान अंसारी, उमैर, आर्यन, वरूण, यश वत्सल, अलमास, हर्षित और टैगोर सदन से ध्रुव, अस्मित, जीत निशांत, विदित, प्रशांत, नितिन आदि छात्र शामिल रहे। इस दौरान इस दौरान प्रधानाचार्य इदरीस अहमद, क्रीड़ा शिक्षक अनुज कुमार, अमित कुमार, ललित कुमार, फरजाना खातून, महबूब आलम आदि रहे।

# युवकों ने कारोबारी पर उड़ेला डीजल

**नहटौर, अमृत विचार :** भतीजी की शादी में शामिल होने आए कारोबारी पर मैरिज हाल जाते समय दो युवकों ने डीजल उड़ेल दिया। उसने पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है।

मोहल्ला सादात सहदरी निवासी सुबहान अंसारी की बेटी की शादी का कार्यक्रम एक बैंक्वेट हॉल में चल रहा था। उनके बड़े भाई अब्दुल मन्नान अंसारी पूना में रहते हैं। दो दिन पहले ही वह भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए आए थे। बताया है कि वह बैंक्वेट हॉल में पैदल जा रहे थे। मुस्लिम फंड के सामने खड़े होकर ई-रिक्शा का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान मोहल्ले के ही दो युवक आए और उन पर डीजल उड़ेल दिया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी गई। आरोप है कि घर में शादी की वजह से छोड़ने की बात कहते हुए दोनों युवक मौके से चले गए। कस्बा इंचार्ज सुरेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर पूछताछ की है।

# मकान बिकाऊ के पोस्टर लगने से पुलिस में हडकंप

संवाददाता, हापुड़

**अमृत विचार :** गांव पसवाड़ा के लोगों ने अपने ही घरों पर मकान बिकाऊ के पोस्टर लगाकर पड़ोसियों पर दबंगई दिखाने का आरोप लगाया है। मामले की जानकारी पर पुलिस में भी हड़कंप मच। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। पुलिस का दावा है कि जिस मामले में आरोप लगाए जा रहे है, उसमें मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण आत्महत्या होना पाया गया है। दोनों पक्षों के लोगों को मुचलका पाबंद किया गया है। गांव के भोलू की तीन दिन पहले संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। युवक शव उसके ही घर के कमरे में रस्सी से लटका मिला था। मामले की जानकारी पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। अब मृतक के परिजनों समेत उनके सामाज के लोगों ने पड़ोसियों पर युवक की हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाते हुए अपने मकानों पर बिकाऊ के पोस्टर लगा दिए। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही बहादुरगढ़ पुलिस में हडक़ंप की स्थिति बन गई। पुलिस टीम तुरंत ही मौके पर पहुंची और पोस्टर लगाने वाले पक्ष को समझाने का प्रयास किया। इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र ने उन्हें बताया कि मृतक की मौत का कारण आत्महत्या पाया गया, जिसमें हत्या की पुष्टि नहीं हो सकी है। उसके बाद भी वह लोग नहीं माने और पड़ोसियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। सीओ आशुतोष शिवम ने बताया कि मृतक का बेटा पड़ोसी किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में जेल में बंद है। मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी आत्महत्या की पुष्टि हुई है।

# टीवी-फ्रिज के शोरूम में आग से 10 लाख रुपये का नुकसान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

> शोरूम में आग लगने की जानकारी मिलने के बाद वाहनों को मौके पर भेजा गया। फायर कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।
> – अंकुश मित्तल, सीएफओ

**अमृत विचार :** शनिवार की सुबह बरेली गेट स्थित मैगजीन मोहल्ले में टीवी-फ्रिज के शोरूम में शार्ट सर्किट से आग लग गई। इसमें करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हो गया। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारियों का कहना है कि आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव जुठिया निवासी साजिद अली का बरेली गेट स्थित मोहल्ला मैगजीन में एसएस ट्रेडर्स के नाम से शोरूम है। यहां टीवी-फ्रिज के अलावा शादी में उपहार स्वरूप दिए जाने का सामान भी मिलता है। रोजाना की तरह साजिद अली शुक्रवार की रात शोरूम बंद करके घर चले गए थे। शनिवार की सुबह 8:30 बजे आसपास के लोगों ने शोरूम से आग की लपटें उठती देखीं। इस पर लोग मौके पर एकत्र हो गए। इसके बाद आसपास के लोगों ने शोरूम स्वामी को सूचना दी। जानकारी मिलते ही वह मौके पर आ गए। फ्रिज, एलईडी और गद्दे जलकर राख हो गए। शोरूम स्वामी साजिद अली ने बताया कि आग से करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

# तालाब किनारे मिला ग्रामीण का शव, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया

**स्वार, अमृत विचार :** युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब किनारे मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंचे सीओ और कोतवाल ने जांच की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रतनपुरा निवासी 34 वर्षीय बरकत अली उर्फ गुत्थी शुक्रवार को अपने घर से निकला था। देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने उसे तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार की सुबह बरकत अली का शव मोहल्ला रसूलपुर स्थित नई बस्ती में तालाब किनारे पड़ा मिला। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। तालाब किनरे शव मिलने की खबर जंगल में लगी आग की तरह फैल गई।

# पंचायत भवनों पर लटके ताले

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र में जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते अधिकतर पंचायत भवन बंद रहते हैं। सहायक सचिवालयों में बैठते नहीं हैं। ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। ऐसे में वह ब्लॉक के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

क्षेत्र के गांव पाल व सगरथली में पंचायत भवन है। यहां कंप्यूटर ऑपरेटर की तैनाती भी है। ग्राम प्रधान, सचिव, कम्प्यूटर आपरेटर व अन्य कर्मी रोजाना सचिवालय में बैठकर लोगों के जरूरी कार्यों को निस्तारण करते हैं। लेकिन यहां पंचायत भवनों का ताला नहीं खुलता है। ऑपरेटर, ग्राम प्रधान और सचिव से मिलने के लिए ग्रामीणों को मशक्कत करनी पड़ती है। ग्राम प्रधान तो ग्रामीणों को मिल जाते हैं। लेकिन सचिव और ऑपरेटर ढूंढे नहीं मिलते। ऐसे में ग्रामीणों को पांच किलोमीटर की दूरी तय कर ब्लॉक कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। हालात तब है जबकि सरकार ने ग्राम पंचायत सचिवालयों को हाईटैक बनाने के लिए खासा बजट भी खर्च किया है। शनिवार को भी क्षेत्र के गांव पाल व सगरथली में पंचायत भवनों पर ताला लटका रहा। बीडीओ विकास मित्तल ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। जांच कर सचिवालय बंद मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।




सचिवाल में लटका ताला।

# पति से तंग आकर शिक्षिका ने की जान देने की कोशिश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय की सहायक अध्यापक ने फंदे पर लटककर जान देने की कोशिश की है। परिजन महिला को जिला अस्पताल में लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर लिया है। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी में आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता है। महिला के देवर विनोद ने बताया कि शनिवार दोपहर भाभी संगीता और बड़े भाई दीपक में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। नाराज भाभी ने पंखे से लटक कर जान देने की कोशिश की। गनीमत रही कि छोटा भाई के बेटे ने देख लिया और शोर मचाकर घर वालों को बता दिया। जिससे घर के लोगों ने संगीता को बचा लिया। लेकिन, उसकी हालत बिगड़ गई थी।

**मौसम की मार** | मंडी में खरीदारी नहीं होने से कच्चा आम खराब होने की आशंका

# तेज हवा से गिरे कच्चे आम, मालिकों को नुकसान

संवाददाता, अमरोहा/हसनपुर

**अमृत विचारः** शुक्रवार रात आई आंधी से आम की फसल को भारी नुकसान हो गया है। कच्चा आम पेड़ों से टूटकर गिर गया। इससे उत्पादन घटने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

आम के बाग की रखवाली कर रहे रिजवान ने बताया कि देर रात आई आंधी से आम की फसल को काफी नुकसान हुआ है। उद्यान विभाग की टीम नुकसान की रिपोर्ट शासन को भेज चुकी है। जिले में 3 लाख मैट्रिक टन से अधिक आम उत्पादन की उम्मीद है, लेकिन मौसम ने बाग स्वामियों के सपनों पर पानी फेर दिया है। शुक्रवार रात 10 बजे से रात 12 बजे तक चली आंधी के साथ हल्की बारिश भी हुई। इससे लोग गर्मी से राहत मिली। लेकिन तेज हवा से बाग में पेड़ पर लगे कच्चे आम टूटकर जमीन पर गिर गए। इससे मालिकों को काफी नुकसान हुआ। सब्जी मंडी में खरीदार न होने के कारण कच्चा आम बिक नहीं पाया। बाग मलिक साकेत अग्रवाल ने बताया कि रात तेज हवा चलने से बागों में काफी नुकसान हुआ है।



कट्टों में भरा कच्चा आम।

### आसमान में छाए रहे बादल, बारिश के आसार

**अमरोहा, अमृत विचार :** शनिवार को आसमान में छाए बादलों को देख किसानों में बारिश की आस जाग गई। किसानों को इस समय खेतों की सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता है। शुक्रवार रात मौसम में बदलाव हो गया। देर रात धूल भरी आंधी चली और हल्की बूंदाबांदी भी हुई। पूरी रात तेज हवा के साथ आसमान में बदल छाए रहे। शनिवार सुबह तक मौसम बदला रहा। इससे आंधी व बारिश के आसार बने रहे। तेज हवा के साथ आसमान में बादलों के उमड़ने से मौसम सुहाना बना रहा। जिला कृषि अधिकारी बबलू सिंह ने मौसम विभाग के अनुसार जल्द बारिश होने की उम्मीद जताई है।

### दोपहर को निकली चिलचिलाती धूप

**गजरौला, अमृत विचार :** शुक्रवार रात 12 बजे मौसम का मिजाज बदल गया। शनिवार सुबह आसमान में बादल छाए रहे और तेज हवा चली। लेकिन दोपहर को तेज धूप और गर्म हवा से लोग बेहाल हो गए। हालांकि बादल छाने से तापमान में गिरावाट आने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। दोपहर बाद तापमान 42 डिग्री पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शुक्रवार की अपेक्षा अधिकतम तापमान में एक डिग्री बढ़ोतरी व न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की कमी आई है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो आने वाले दिनों में और अधिक तापमान बढ़ सकता है। शनिवार सुबह मौसम का मिजाज बदलते ही किसानों के चेहरे खिल उठे थे। लेकिन दोपहर को चिलचिलाती धूप निकलने पर किसान मायूस नजर आए। ऐसे में किसान उम्मीद कर रहे हैं कि अगर जल्द ही एक हल्की बारिश हो जाए तो फसलों का लाभ मिलेगा।

# आरके पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता होगी

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता को लेकर जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन अमरोहा की एक बैठक सचिव नौबहार सिंह के आवास पर हुई।

इसमें बताया कि योगासन प्रतियोगिता आरके पब्लिक स्कूल में 16 मई को होगी। जिला योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन 3 वर्षों से प्रतियोगिता आयोजित करता आ रहा है। इसमें जनपद के सीबीएसई, माध्यमिक एवं बेसिक विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। साथ ही सीनियर कैटेगरी में कोई भी योगासन खिलाड़ी भाग ले सकता है। एसोसिएशन के सचिव नौबहार सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता चार प्रकार की होगी। असमें ट्रेडिशनल योगासन, आर्टिस्टिक योगासन सिंगल, आर्टिस्टिक योगासन पेयर और रिदमिक योगासन पेयर की प्रतियोगिता होगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. जोगेन्द्र सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता सब जूनियर कैटेगरी (9 से 14), जूनियर कैटेगरी (14 से 18 वर्ष), सीनियर कैटेगरी (18 से 28 वर्ष), सीनियर ए कैटेगरी (28 से 35 वर्ष), सीनियर बी कैटेगरी (35 से 45 वर्ष ) और सीनियर सी कैटेगरी(45 से 55 वर्ष) में आयोजित की जाएगी। इसमें जनपद का 9 वर्ष से 55 वर्ष तक का कोई भी योगासन खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकता है। इस दौरान जिला योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पुरुजीत सिंह, दीक्षा कौशिक, कोमल चौधरी, सचिन चौधरी, पूनम शर्मा, गौरव धारीवाल, सचिन सिद्धू, दयानंद आर्य आदि उपस्थित रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलोजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### वासुदेव तीर्थ मंदिर का डीएम ने किया निरीक्षण

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर स्थित वासुदेव तीर्थ मंदिर को पर्यटक स्थल बनाने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने संचालन का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार के साथ वासुदेव तीर्थ मंदिर स्थल का निरीक्षण किया। सौंदर्यकरण व पर्यटक स्थल बनाने के लिए सुझाव दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वासुदेव तीर्थ स्थल एक अच्छा पर्यटक स्थल जिले में होगा। अधिशासी अधिकारी ने जिलाधिकारी को सौंदर्यकरण के संबंध में बताया कि रंगीन पत्थरों, लाइटों से वासुदेव तीर्थ स्थल को सजाने की तैयारी की जा रही है। पर्यटक स्थल बनाने का प्रस्ताव उन्होंने शासन को भेजा दिया है जिसकी मंजूरी भी मिल चुकी है।

### अंजुमन ए यादगारे हुसैनी के अध्यक्ष बने हैदर

**नौगांवा सादात, अमृत विचार:** कस्बा नौगांवा सादात में मोहर्रम के नजदीक आते ही अंजुमन ए यादगार हुसैनी ने अपने सभी सदस्यों की बैठक मोहल्ला बड़ी इमली मास्टर अच्छन के आवास पर हुई। इसकी अध्यक्षता तौकीर रजा और संचालन मंजूर हैदर ने किया। सदस्यों ने अध्यक्ष पद पर वकार हैदर के लिए सहमति जताई। सर्वसम्मति से उन्हें अध्यक्ष चुना गया। सेक्रेटरी के पद पर अली हैदर उर्फ पप्पू को नियुक्त किया गया। इस दौरान सजर अब्बास, सिराज अब्बास, कोकब मुस्तफा, अली मंजर, अली हैदर उर्फ बानू, जिया अब्बास, अली अन्सर, यादगार रजा, रहमत अली, नईम हैदर, यावर अब्बास आदि मौजूद रहे।

### ताजियों के जुलूस मार्ग की मरम्मत करने के लिए ईओ को दिया ज्ञापन

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर में 10 जुलाई को ताजिये निकाले जाएंगे। इसके लिए मार्ग की मरम्मत कराने को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारी ने ज्ञापन दिया है। खुर्शीद अहमद जैदी ने कमेटी के अन्य सदस्यों के साथ नगर पालिका पहुंचकर अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार से मुलाकात की और उनको मोहर्रम जुलूस मार्ग के मरम्मत करने के लिए ज्ञापन भी दिया। ईओ ने कमेटी के लोगों को आश्वासन दिया कि मोहर्रम तक मार्गों की हालत में सुधार कर दिया जाएगा।

# एसबीआई के एटीएम में लगी आग, 11 लाख रुपये हुए राख

## हाईटेंशन लाइन में फाल्ट से केबिन में लगे मीटर में लगी आग

**संवाददाता, कादरचौक (बदायूं)**

**अमृत विचार :** बदायूं के कादरचौक में हाईटेंशन लाइन में फाल्ट से एसबीआई के एटीएम में आग लग गई जिससे एटीएम में रखा सारा कैश जल गया। फायर ब्रिगेड ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। करीब 11 लाख रुपये राख हो गए। सर्वे टीम की जांच के बाद जली रकम की स्पष्ट जानकारी हो सकेगी।

कादरचौक क्षेत्र में लभारी रोड पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने भारतीय स्टेट बैंक की शाखा है। बैंक में एटीएम लगा है। शनिवार सुबह लगभग सात बजे हाईटेंशन लाइन में फाल्ट से एटीएम के केबिन में लगे मीटर में आग लग गई। आग ने लकड़ी से बने केबिन को भी चपेट में ले लिया। केबिन धू-धू कर जलने लगा। आग की लपटें देख अफरा-तफरी मच गई। थाना प्रभारी उदयवीर सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच गए। लोगों ने बाल्टी से पानी लाकर आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन लपटें तेज होने की वजह से आग नहीं बुझा सके। कुछ देर बाद अग्निशमन विभाग की एक गाड़ी पहुंची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद पुलिस ने भीतर जाकर देखा। एटीएम और उसकी ट्रे में रखे रुपये पूरी तरह राख हो गए। केबिन में लगा एसी भी जल गया।

बैंक शाखा प्रबंधक गौरव त्रिपाठी ने बताया कि दो दिन पहले एटीएम में 12 लाख रुपये रखे गए थे। उच्चाधिकारियों को जानकारी दे दी गई है। सर्वे टीम आकर एटीएम का कैश ट्रे खोलकर जांच करेगी। उसके बाद ही कितने रुपये जले इसकी स्पष्ट जानकारी होगी। बहरहाल अंदाजा लगाया जा रहा है कि एटीएम से कुछ रुपये लोगों ने निकाल लिए होंगे। करीब 11 लाख रुपये जल गए। थाना प्रभारी उदयवीर सिंह ने बताया कि एटीएम में अचानक आग लग गई थी। जांच की जा रही है।



शॉर्ट सर्किट से जला एटीएम।

# आरएसीएल कंपनी में आग से लाखों रुपये का नुकसान

**संवाददाता, गजरौला**

**अमृत विचार:** नगर के हाईवे स्थित आरएसीएल कंपनी के एक प्लांट में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग पर काबू पाने के लिए कई दमकल गाड़ियों से पानी डाला गया। घटना में कई लाख के नुकसान का दावा किया गया है। अग्निशमन विभाग के उपनिरीक्षक के मुताबिक, अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं लग सका है।

नगर के हाईवे स्थित रौनक गियरटेक लिमिटेड के प्लांट हीट ट्र टवेंट में आग भड़क गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धरण कर लिया।

घटना की सूचना पर कंपनी के अधिकारी व सुरक्षा अधिकारी मौके पर पहुंचे। अग्निशमन गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गईं। आग को काबू पाने के लिए कई अग्निशमन गाड़ियों को करीब दो घंटे तक पानी की बौछार करनी पड़ी। कंपनी के एचआर हेड वीसी भारद्वाज ने बताया कि कंपनी के एक प्लांट में आग लगी थी, लेकिन उस पर काबू पा लिया गया था। किसी की जान को कोई नुकसान नहीं हुआ है। अग्निशमन विभाग के उपनिरीक्षक रतन सिंह ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



आग बुझाने का प्रयास करते कर्मी।

## सार-संक्षेप

### पंचायत में उठाया छुट्टा पशुओं का मुद्दा

**गजरौला, अमृत विचार :** गांव भगवानपुर भूड़ में शनिवार को भाकियू संयुक्त मोर्चा की पंचायत हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने चौपाल लगाकर किसानों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान लोगों ने छुट्टा पशुओं को लेकर रोष जताया। प्रदेश अध्यक्ष ने छुट्टा पशुओं को पकड़वाने के लिए जिलाधिकारी से बात करने की बात कही। 20 किसानों की ग्राम कार्यकारिणी बनाई गई। नए पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर मनोनीत किया। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, युवा जिला अध्यक्ष रवि चौधरी, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला इरशाद चौधरी, अंसार चौधरी, अजीम चौधरी आदि किसान मौजूद रहे।

### विद्यालय की दीवार पर दिखाई दिया तेंदुआ, वीडियो वायरल

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** गांव बसेड़ा तगा स्थित नवोदय विद्यालय की दीवार पर शनिवार को तेंदुए दिखा। इंटरनेट मीडिया पर इस वीडियो वायरल हो रहा है। गांव के युवक अपने खेतों पर जा रहे थे। उनकी नजर दीवार पर बैठे तेंदुए पर गई और उन्होंने वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। तेंदुआ युवकों को देखकर दीवार कूद कर जंगल में भाग गया। इससे गांव और विद्यालय में दहशत का माहौल है।

### नवीन नामांकन को चलाया गया जनसंपर्क अभियान

**हसनपुर, अमृत विचार :** गुलामपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों ने शनिवार को बच्चों के दाखिलों में वृद्धि के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया। लोगों से अधिक से अधिक बच्चों के दाखिले करने की अपील की। विद्यालय के प्रधान अध्यापक और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि छह से 14 आयु वर्ग के बच्चों का परिषदीय विद्यालयों में दाखिला करना अनिवार्य है। प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलामपुर के समस्त स्टाफ द्वारा गांव में घर–घर जाकर नवीन नामांकन के तहत प्रवेश कराने पर जोर दिया गया। उस दौरान एआरपी विकास राहुल, संकुल शिक्षक संजय सिंह, करनपाल सिंह, इंचार्ज अध्यापक मदनपाल, सहायक अध्यापक सतेन्द्र सिंह, अमित कुमार, अजय सागर, मनीष यादव, रेनू कंसल, चंद्रमुखी, संतराम सिंह, राशिद अली आदि मौजूद रहे।

### बीएसडी अकादमी के 21 छात्रों का सैनिक स्कूल में चयन

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** बीएसडी अकादमी के 21 छात्रों का ऑल इंडिया सैनिक स्कूल में चयन हुआ है। इससे अकादमी और उनके परिवारों में खुशी है।प्रबंधक नितिन धारीवाल ने शनिवार को बताया कि ऑल इंडिया सैनिक स्कूल ने अपने परिणाम की दूसरी सूची जारी की है। इसमें अकादमी के आठ छात्रों का चयन हुआ। इससे पहले 9 अप्रैल को भी पहली सूची में 13 छात्र छात्राओं का चयन हुआ था। इनमें अर्पित, आहद, प्रिंस, राज आर्यन, सिप्पी, रक्षित, प्रीत, जतिन, रिद्धि सारस्वत, वंश, पार्थ, मनीष, प्रिया, मानवी, वंश वर्मा, मृत्युंजय, हर्ष, कुशल, अंशजीत, दक्ष, ह्रदयांश सहित अकादमी में खुशी है। प्रबंधक व निर्देशिका सुशीला देवी ने चयनित छात्र छात्राओं को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर रवि कौशिक, रौनक अलूना, नीतू सागर, राहुल पाल, विकास महंत, सोनिया जैन, मुनाजिर, संचित, तेजपाल सहित आदि मौजूद रहे।

### लू से बचाव के उपाय बताए

**सैदनगली,अमृत विचार :** नगर पंचायत के डॉ. सैय्यद लईक हैदर बाकरी ने गर्मी में लू से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि हाटस्ट्रीक लोगों के लिए घातक हो सकता है। वातावरण गर्म और शुष्क है। हीट स्ट्रोक या सन स्ट्रोक को आम भाषा में लू लगना कहते है। वह लोग जो धूप में अत्याधिक चल फिर रहे हैं या परिश्रम करते हैं। लोग धूप से बचें। धूप में परिश्रम करने वाले लोग तरल पदार्थों का उपयोग करें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। व्यक्ति को प्रतिदिन छह लीटर में पानी पीना चाहिए। सूती कम वजनी कपड़े पहनें।

### किराना की दुकान में नकब लगाकर सामान चोरी

**आदमपुर, अमृत विचार:** कस्बा ढबारसी में शुक्रवार रात्रि चोरों ने किराना दुकान में नकब लगाकर साढ़े तीन हजार की नकदी व सामान चोरी कर लिया।

कस्बा ढबारसी के बस स्टैंड पर गोयल की किराने की दुकान है। शनिवार सुबह उन्होंने दुकान खोली तो सामान बिखरा था। दुकान से लगभग 15 हजार रुपये का सामान व गल्ले में रखी साढ़े तीन हजार रुपये की नकदी गायब थी। व्यापारियों को जब दुकान में चोरी की सूचना मिली तो रोष व्याप्त हो गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ढबारसी के अध्यक्ष शिव ओम गुप्ता ने बताया कि अगर तीन दिन में घटना का खुलासा नहीं किया गया तो व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों की चाभी ढबारसी पुलिस चौकी को सौंप देंगे। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। एक संदिग्ध की तस्वीरें सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में कैद हो गई हैं। घटना का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

# मारपीट व पथराव के मामले में प्रधान समेत 17 नामजद

**संवाददाता, आदमपुर**

**अमृत विचार:** क्षेत्र में महाराणा प्रताप का बोर्ड लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। दोनों ओर से पथराव व मारपीट हुई थी। पुलिस ने इस मामले में मौजूदा व पूर्व ग्राम प्रधान समेत 17 लोगों को नामजद व 90 से 100 अज्ञात के विरुद्ध बलवा करने, सामाजिक विद्वेष फैलाने, गाली गलौज, मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने और सरकारी कार्य में बाधा डालने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव कोकापुर में महाराणा प्रताप की जयंती पर बोर्ड लगाया गया था। इसके बाद गांव के ही पाल समाज के लोगों ने विरोध किया था। बोर्ड को हटाने की मांग को लेकर दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए थे। पाल समाज के लोगों का कहना था कि बोर्ड उनके घर के सामने न लगाया जाए, क्योंकि अगर कोई तीसरा पक्ष बोर्ड के साथ छेड़खानी करता है तो उनका नाम ही आएगा। खडगवंशी समाज के लोग दूसरे स्थान पर बोर्ड नहीं लगाने की जिद पर अड़ गए। इसे लेकर दोनों पक्षों में नोकझोंक हो गई थी और उसके बाद मारपीट व पथराव शुरू हो गया। इसमें मुकेश खडगवंशी पत्थर लगने से घायल हो गया था। पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को समझा बुझाकर शांत करने का प्रयास किया, लेकिन कोई सहमति नहीं बन सकी थी। समाधान न निकलने पर पुलिस ने बोर्ड को कपड़े से ढक दिया था। थाना अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि कोकापुर में बोर्ड लगाने को लेकर विवाद हो गया था। इस मामले में 17 लोगों को नामजद करते हुए 90 से 100 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है।

## युवती से छेड़खानी के दो आरोपी गिरफ्तार

**गजरौला,अमृत विचार:** युवती से छेड़खानी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शिकायत करने पर आरोपियों ने युवती के भाई को मारा पीटा था।

क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती बाजार में कुछ सामान खरीदने जा रही थी। आरोप है कि गांव के ही युवक ने उसके साथ छेड़खानी की थी। शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गया था। युवती ने घर आकर परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। युवती का भाई आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचा था। आरोप है कि अपने साथियों के साथ मिलकर आरोपी ने युवती के भाई की पिटाई कर दी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि घटना के आरोपी लोकेंद्र व पुष्पेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। दोनों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

## किसान का बेटा बन गया लेफ्टिनेंट

**अमरोहा, अमृत विचार:** रजबपुर क्षेत्र के गांव फरीदपुर निवासी कपिल के बेटे निर्भय का लेफ्टिनेंट पद पर चयन हुआ है। उसने सीडीएस परीक्षा पास की थी। निर्भय ने बताया कि उसकी इस कामयाबी में उसकी मां आदेश और पिता कपिल की कड़ी मेहनत रही है। निर्भय ने हाल ही में यूपीएससी सीडीएस की परीक्षा की परीक्षा पास की। ऑल इंडिया स्तर पर उसकी 35वीं रैंक आई है।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

## सार-संक्षेप



परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र तथा प्रधानाचार्य एवं डायरेक्टर। ● अमृत विचार

### 40 ने उत्तीर्ण की ताइक्वांडो कलर बेल्ट प्रमोशन परीक्षा

**बिलारी, अमृत विचार :** एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जिला स्तरीय ताइक्वांडो कलर बेल्ट प्रमोशन परीक्षा हुई। जिसमें 40 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। शनिवार को विद्यालय में परीक्षा येलो बेल्ट, ग्रीन बेल्ट के लिए कराई गई। येलो बेल्ट के लिए आयुष्मान, शेखावत, दिव्यम सैनी, शिवा सैनी, अयाना खान, जेद इलियास ने किक पंच दिखाकर हैरान कर दिया। परीक्षा का आयोजन एसबीएस स्कूल द्वारा किया गया। परिक्षक नेशनल रेफरी अर्जुन थापा तथा प्रकाश विश्वकर्मा रहे। कोच सुमित शर्मा तथा फिजिकल एजुकेशन टीचर यशवीर चौधरी और आशीष चौधरी ने बताया कि कलर बेल्ट परीक्षा तीन महीने में कराई जाती है। स्कूल के प्रिंसिपल संयोग वशिष्ठ एवं स्कूल के डायरेक्टर राजीव सहाय ने ताइक्वांडो के खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

### उपकेंद्र में फाल्ट से चार घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के विद्युत उप केंद्र में फाल्ट होने से दोपहर चार बजे विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। इससे घरों में लगे इनवर्टरों ने भी जवाब देना शुरू कर दिया। स्थिति यह बनी की साढ़े सात बजे के आसपास कम क्षमता वाले इनवर्टर भी जवाब दे गए। जिससे घरों में अंधेरा छा गया। विद्युत विभाग के एसडीओ ने बताया कि फाल्ट को ठीक करने का कार्य चल रहा है। रात्रि सवा आठ बजे फाल्ट ठीक करने के बाद विद्युत आपूर्ति जारी कर दी गई। तब लोगों ने रात की सांस ली।

### पीएचडी प्रवेश परीक्षा की आंसर की जारी, जल्द आएगा परिणाम

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा की आंसर की जारी कर दी है। एक सप्ताह में परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया जाएगा। शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार ने बताया कि जो अभ्यर्थी आंसर की से संतुष्ट नहीं हैं वह लॉगिन आईडी से 16 मई शाम 5 बजे तक चुनौती दे सकते हैं। लागिन आईडी से प्रश्नपत्र और आंसर की दिखेगी। बता दें कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा (आरईटी) 7 अप्रैल को सात केंद्रों पर हुई थी। परीक्षा में 2215 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें 1587 उपस्थित और 628 अनुपस्थित रहे थे।

**पीएचडी कोर्स वर्क के फार्म 14 से भरे जाएंगे :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने पीएचडी कोर्स वर्क मुख्य परीक्षा 2024 के संस्थागत और बैक परीक्षा के फार्म भरने की तिथि निर्धारित कर दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक फार्म 14 से 25 मई तक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाइन भरे जाएंगे। महाविद्यालयों को 27 मई तक भरे हुए फार्म ऑनलाइन सत्यापित करने होंगे।

### एमसीए के परीक्षा फार्म 14 तक भरने का मौका

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में संचालित एमसीए की मुख्य परीक्षा के द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के संस्थागत, बैक और छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा फार्म शनिवार से ऑनलाइन भरने शुरू हो गए। छात्र 14 मई तक फार्म भरकर जमा कर सकेंगे। विभाग को 15 मई तक ऑनलाइन फार्म सत्यापित करने होंगे।

### अर्थशास्त्र एमए की व्यक्तिगत परीक्षा 16 को होगी

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के एमए अर्थशास्त्र के व्यक्तिगत छात्रों की परीक्षा 16 मई को होगी। परीक्षा में बरेली कॉलेज के अलावा दूसरे कॉलेज के भी छात्र शामिल होंगे।

## गंगा में दो युवक डूबे गोताखोरों ने बचाया

**गजरौला, अमृत विचार:** तिगरी गंगाधाम में शनिवार दोपहर नहाते समय दो युवक गंगा में डूब गए। शोर मचाने पर गोताखोरों ने दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दोनों युवक हापुड़ के रहने वाले हैं। दोनों एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए आए थे।

सैदनगली निवासी एक महिला का अंतिम संस्कार करने लिए शनिवार दोपहर परिजन तिगरीधाम के श्मशान घाट पहुंचे थे। इसमें शामिल होने के लिए उनके रिश्तेदार हापुड़ के गढ़ रोड निवासी अंशुल गुप्ता और पंकज कुमार भी यहां आए थे। दोनों युवक अन्य लोगों के साथ गंगा स्नान करने लगे। इस दौरान वे गहरे पानी में चले गए। दोनों पानी में डूबने लगे। तभी लोगों ने शोर मचाया तो गोताखोर दौड़े। उन्होंने समय रहते दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

# पेड़ कटान की सूचना पर पहुंची टीम को देख आरोपी हुए फरार

**संवाददाता, ठाकुरद्वारा**

**अमृत विचार :** सिंचाई विभाग की भूमि पर खड़े लाखों रुपये की कीमत के पेड़ काटने की सूचना पर पहुंची टीम को देख पेड़ काट रहे लोग मौके से फरार हो गए।

मामला पुलिस चौकी क्षेत्र सुरजननगर से रामपुर जाने वाले मार्ग पर स्थित सिंचाई विभाग की जमीन का है। शनिवार को सवेरे से छह लोगों ने 25 से 30 वर्ष पुराने यूकेलिप्टस के पेड़ों को काटना शुरू कर दिया। जिसकी सूचना तहसीलदार रमेश चंद पांडे को मिली। जिस पर नायब तहसीलदार अंकित गिरी, ठाकुरद्वारा के सिंचाई विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो पेड़ों को काट रहे छह लोग वाहनों में बैठकर फरार हो गए।

सिंचाई विभाग के अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि उक्त भूमि ठाकुरद्वारा सिंचाई विभाग के तहत नहीं है। उनको भी सूचना मिली थी कि उक्त भूमि पर पेड़ों को काटा जा रहा है।

नायब तहसीलदार अंकित गिरी ने बताया कि इस संबंध में काशीपुर सिंचाई विभाग से जानकारी जुटाई जा रही है। लेकिन अभी पुष्टि नहीं हुई है कि उक्त भूमि पर लगे पेड़ों की नीलामी की गई है या चोरी से काटे जा रहे थे। आशंका है कि पेड़ों को चोरी से काटा जा रहा था। उत्तराखंड काशीपुर सिंचाई विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें अवगत करा दिया है। फिलहाल इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को देखकर जांच कराने के निर्देश दिए हैं।



चैंपियशिप में विजयी प्रतिभागियों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 200 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** सेक्रेड हार्ट कान्वेंट स्कूल में पहला जिला स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें दस टीमों के 200 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि जिला ओलंपिक सचिव आशु शर्मा रहे। चैंपियनशिप में सेक्रेड हार्ट स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि दूसरे स्थान पर शिशु वाटिका ताइक्वांडो अकादमी, तीसरा स्थान किड्स ताइक्वांडो अकादमी ने हासिल किया। जिसमें परिधि रस्तोगी, दृष्टि शर्मा, अर्श, अफ्फान, सार्थक पाल, शरान इकबाल, अलीना नाज आदि विजेता घोषित किए गए हैं। प्रतियोगिता तकी ईमाम के नेतृत्व में संपन्न कराई गई। जिसमें रेफरी की भूमिका मुस्तुफा, नोमान, वासित, नजफ, मुकीत, मुस्कान, रचित, योगिता, अक्षय पाल ने निभाई।

### भूल सुधार

मेरा नाम हाई स्कूल सर्टिफिकेट एवं मार्कशीट में shumaila multani ओर पिता का नाम shafi multani व माता का नाम shakila shafi लिखा हूआ है। जब कि वास्तव मै SHUMAILA MULTANI Father name MOHAMMAD SHAFI और माता का नाम SHKILA BEGUM है।

### नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम G U N J A N AGARWAL से बदलकर GUNJAN AGRAWAL कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जाये। GUNJAN AGRAWAL W/O MANOJ KUMAR AGARWAL निवासी मौ० साहुकारा तह० व थाना बिलासपुर जिला रामपुर ।

### सम्बन्ध-विच्छेद

मेरा पुत्र कुतुबुद्दीन व पुत्रवधु रूखसाना पत्नी इस्लामुद्दीन व पौत्र एहतशाम व फाहिज पुत्रगण इस्लामुद्दीन गलत संगत में पड़ गये हैं। यह सभी मेरे साथ गाली-गलौच व मारपीट करते हैं। मैं स्वेच्छा से अपने पुत्र, पुत्रवधु व दोनो पौत्र पुत्रगण इस्लामुद्दीन को स्वेच्छा से अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करती हूँ। इन सभी के द्वारा किये गये कुकृत्यों एवं लेन देन के ये स्वंय जिम्मेदार होंगें। हफीजा पत्नी शमसुद्दीन निवासी मौ० पृथ्वीगंज, थाना व तह० कांठ जि० मुरादाबाद।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty

**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

**मेडिकल साइंसेंज**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेन्टल साइंसेज**
डिप्लोमा – डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा – डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

**पैरामेडिकल साइंसेज**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

**फोरेंसिक साइंसेज**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

**योगा एंड नेचुरोपैथी**
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in


# भाजपा से लड़ाई में आप-कांग्रेस के सामने वोटों की लंबी चढ़ाई


## दोहराना होगा 2014 वाला प्रदर्शन : मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद माहौल बदलने पर टिकी गठबंधन की उम्मीद


मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** देश की राजधानी दिल्ली में सभी सात लोकसभा सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरी भाजपा के लिए इस बार परिस्थितियां पहले जैसी नहीं हैं। इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस-आप मिलकर सभी सीटों पर तगड़ी चुनौती देते नजर आ रहे हैं। इस माहौल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अंतरिम जमानत पर बाहर आने से आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं का जोश हाई हो गया है। पिछले दो चुनावों में भाजपा, कांग्रेस और आप के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने से भाजपा की जीत की राह आसान रहती थी लेकिन इस बार आमने-सामने का संघर्ष होने से भाजपा के सामने जीत के लिए पिछले चुनाव की तरह 50 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त करने की चुनौती है। भाजपा ने 2019 के चुनाव में 56.86 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। पार्टी को हर लोकसभा सीट पर 52 प्रतिशत से ज्यादा मत मिले थे। इसके मुकाबले कांग्रेस को 22.51 तथा आम आदमी पार्टी को 18.11 प्रतिशत मिले थे। किसी भी सीट पर आप व कांग्रेस के मतों का जोड़ 45 प्रतिशत का आंकड़ा नहीं छू पाया था। इस तस्वीर से साफ है कि भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए कांग्रेस-आप गठबंधन को कम से कम 10-12 प्रतिशत मत बढ़ाने होंगे। हालांकि कांग्रेस-आप गठबंधन को इस कोशिश में 2014 लोकसभा चुनाव के परिणाम हौसला बढ़ाने वाले हैं। 2014 में सभी सातों सीटों पर जीत दर्ज करने के बाद भी भाजपा का मत प्रतिशत किसी भी सीट पर 50 प्रतिशत नहीं पहुंच सका था। भाजपा को कुल मिलाकर 46.60 प्रतिशत मत ही मिले थे, जबकि कांग्रेस और आप के वोट शेयर का जोड़ 48 प्रतिशत था। पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट को छोड़कर किसी भी सीट पर भाजपा को आप और कांग्रेस को मिले कुल मतों से ज्यादा वोट नहीं मिले थे। 2014 में आम आदमी पार्टी को 32.90 प्रतिशत तो कांग्रेस को 15.10 प्रतिशत मिले थे।










**07** सीटों पर भाजपा तीसरी बार जीत दर्ज करने की कोशिश में



**04** सीटों पर आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ रही है



**03** सीटों पर कांग्रेस ने उतारे हैं अपने उम्मीदवार

**10-12 %** प्रतिशत मत बढ़ाने होंगे कांग्रेस-आप गठबंधन को भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए

### किस लोकसभा सीट पर कितने मतदाता

| लोकसभा क्षेत्र | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता | थर्ड जेंडर | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| चांदनी चौक | 8,83,760 | 7,62,030 | 168 | 16,45,958 |
| उत्तर पूर्वी दिल्ली | 13,26,040 | 11,36,970 | 149 | 24,63,159 |
| पूर्वी दिल्ली | 11,51,211 | 9,69,269 | 104 | 21,20,584 |
| नई दिल्ली | 8,30,190 | 6,94,803 | 78 | 15,25,071 |
| उत्तर पश्चिम दिल्ली | 13,83,711 | 11,83,450 | 262 | 25,67,423 |
| पश्चिम दिल्ली | 13,70,398 | 12,17,448 | 131 | 25,87,977 |
| दक्षिण दिल्ली | 12,67,484 | 10,23,944 | 336 | 22,91,764 |

### कहां कौन मुकाबले में

| सीट | भाजपा | इंडिया गठबंधन (कांग्रेस और आप) |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | बांसुरी स्वराज | सोमनाथ भारती (आप) |
| चांदनी चौक | प्रवीण खंडेलवाल | जेपी अग्रवाल (कांग्रेस) |
| पूर्वी दिल्ली | हर्ष मल्होत्रा | कुलदीप कुमार (आप) |
| उत्तर-पूर्वी दिल्ली | मनोज तिवारी | कन्हैया कुमार (कांग्रेस) |
| उत्तर-पश्चिमी दिल्ली | योगेंद्र चंदोलिया | उदित राज (कांग्रेस) |
| पश्चिमी दिल्ली | कमलजीत सहरावत | महाबल मिश्रा (आप) |
| दक्षिणी दिल्ली | रामवीर सिंह बिधूड़ी | सहीराम पहलवान (आप) |

### चुनाव लड़ने का खूब रिवाज

| लोकसभा क्षेत्र | 2024 में प्रत्याशी | 2019 में प्रत्याशी |
|---|---|---|
| चांदनी चौक | 25 | 26 |
| उत्तर पूर्वी | 28 | 24 |
| पूर्वी दिल्ली | 20 | 26 |
| नई दिल्ली | 17 | 27 |
| उत्तर पश्चिमी | 26 | 11 |
| पश्चिमी दिल्ली | 24 | 23 |
| दक्षिण दिल्ली | 22 | 27 |



**07** सीटों पर दिल्ली में 162 उम्मीदवार, हर बूथ पर लगेंगी दो-दो ईवीएम

**02** बार भाजपा कर चुकी है दिल्ली में क्लीन स्वीप अब हैट्रिक को तैयार

## उत्तर पूर्वी सीट: पूर्वांचल व बिहार के चर्चित चेहरे मनोज तिवारी व कन्हैया कुमार में जंग

उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर इस बार पूर्वांचल और बिहार से आने वाले दो चर्चित चेहरों के बीच रोचक मुकाबला हो रहा है। यहां से भाजपा सांसद भोजपुरी अभिनेता मनोज तिवारी हैं। भाजपा ने उन्हें तीसरी बार चुनाव मैदान में उतारा है, बाकी दिल्ली की छह सीटों पर प्रत्याशी बदल दिए हैं। कांग्रेस से उनके सामने जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार ताल ठोंक रहे हैं। कन्हैया कुमार ढाई साल पहले माकपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। 2019 में कन्हैया ने बिहार की बेगूसराय सीट पर भाजपा के गिरिराज सिंह के सामने चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे। कन्हैया कुमार राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में उनके साथ चले थे। मनोज तिवारी और कन्हैया कुमार दोनों ही नेता अपने दलों की स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हैं। कन्हैया कुमार को तमाम स्थानीय नेताओं की नाराजगी के बाद भी राहुल गांधी की पसंद के कारण टिकट मिला है। यही नहीं पार्टी ने उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान के नेता सचिन पायलट को जिम्मेदारी भी दी है। कन्हैया कुमार के साथ युवाओं का एक वर्ग प्रचार में उत्साह से शामिल रहता है। उनके भाषणों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निशाने पर रहते हैं, तो मोदी ने भी उनकी उम्मीदवारी पर कह दिया था कि कांग्रेस पार्टी टुकड़े-टुकड़े गैंग का सुल्तान बनी हुई है। उधर, मनोज तिवारी पूर्वांचल का अपना गढ़ संभालने के साथ बीते दस साल के काम, राम मंदिर और मोदी की गारंटी पर वोट मांग रहे हैं। 2009 में हुए पहले चुनाव में उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर कांग्रेस को जीत मिली थी। कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश अग्रवाल ने भाजपा के बीएल शर्मा प्रेम को 2.22 लाख वोटों से हरा दिया था। 2014 के चुनाव में भाजपा ने मनोज तिवारी को यहां से उम्मीदवार बनाया था। मनोज तिवारी ने आम आदमी पार्टी के आनंद कुमार को 1,44,084 वोटों से पराजित कर दिया था। 2019 के चुनाव में मनोज तिवारी और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बीच मुकाबला हुआ था। इसमें शीला दीक्षित को 3,66,102 के बड़े अंतर से हार मिली थी।

### पिछली बार इस सीट पर आप को सबसे कम सिर्फ 13 फीसदी वोट मिले थे

2019 में उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर मनोज तिवारी को 54 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस और आप को मिलाकर 32 फीसदी वोट मिले थे। इस बार दोनों पार्टियां साथ लड़ रही हैं। कन्हैया कुमार के लिए सबसे बड़ी चुनौती वोट प्रतिशत का बड़ा अंतर पाटना है। पिछले लोकसभा चुनाव में उत्तर पूर्वी दिल्ली की सीट पर आप को सबसे कम 13 प्रतिशत वोट ही मिले थे। हालांकि 2014 के चुनाव में आप और कांग्रेस का वोट प्रतिशत करीब 51 प्रतिशत था, जबकि मनोज तिवारी को 45.25 प्रतिशत मत ही मिले थे।



कन्हैया कुमार तथा मनोज तिवारी।

## उत्तर पश्चिम सीट: सांसदों से निराश यहां की जनता, तलाश रही विकास का रास्ता



योगेंद्र चंदोलिया, उदित राज।

उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। भाजपा ने यहां के अपने सासंद हंसराज हंस का टिकट काटकर दलित चेहरे करोलबाग के रैगरपुरा निवासी योगेंद्र चंदोलिया पर दांव लगाया है। कांग्रेस से यहां दलित नेता उदित राज मैदान में उतरे हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में शहरी इलाके के साथ कच्ची कालोनियां और ग्रामीण क्षेत्र जुड़ा है। यहां करीब 125 गांव और 200 से अधिक अनाधिकृत कालोनियां हैं, जो बेहतर बुनियादी सुविधाओं और मेट्रो कनेक्टिविटी की राह देख रही हैं। इस सीट से 2019 में भाजपा के हंसराज हंस जीते थे तो कांग्रेस प्रत्याशी उदित राज भी 2014 में भाजपा के टिकट पर चुनाव जीत चुके हैं। साल 2009 में कांग्रेस की कृष्णा तीरथ ने इस सीट से जीत हासिल की थी। यह संसदीय क्षेत्र दिल्ली के सबसे घनी आबादी वाले इलाकों में गिना जाता है। कांग्रेस प्रत्याशी उदित राज का पार्टी में ही काफी विरोध हुआ था। बाहरी होने के सवाल पर वह कहते हैं कि मैं 1980 से दिल्ली में हूं। जेएनयू में पढ़ाई की है। यहीं मेरी पोस्टिंग हुई। 2014 में सांसद बना। इसी इलाके में मेरी जमीन भी है, तो मैं बाहरी कैसे हो गया। ऐसे तो आधी से ज्यादा दिल्ली बाहरी हो जाएगी। वह लोगों से बता रहे हैं कि अपने सांसद कार्यकाल में उन्हें दो साल श्रेष्ठ सांसद चुना गया था। वह जनता दरबार लगाकर सबका काम करवाने की कोशिश करते थे। वह अपने बाद बने सांसद बने हंसराज हंस को निशाना बनाते हुए कहते हैं कि अगर मेरा काम अच्छा लगे तो ही मुझे वोट देना। इसके जबाव में भाजपा प्रत्याशी चंदोलिया का कहना है कि उदित राज ने पांच साल के कार्यकाल में कोई काम नहीं किया, सिर्फ जातिवाद की राजनीति की। इस कारण लोग उनसे नाराज हैं। हंसराज हंस सेलेब्रिटी थे, इलाकों में थोड़ा कम गए मगर मोदी सरकार ने क्षेत्र में 2200 करोड़ का एनआईटी बनाया। विकास कार्यों की झड़ी लगा दी। 50 बेड का होम्योपैथिक अस्पताल दिया। मैं लोगों से साफ कह रहा हूं कि अगर मैं सांसद बनता हूं तो आपको नई दिल्ली नहीं आना पड़ेगा, मैं क्षेत्र में रहूंगा। मैं इस सीट पर अपना वोट ट्रांसफर कर लिया है, किराए पर फ्लैट ले लिया है। 24 घंटे मेरा दफ्तर खुला रहेगा। आम आदमी की वादाखिलाफी से लोग गुस्से में हैं। यहां टैंकर माफिया का राज है। पानी की बड़ी समस्या है। राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड के लिए लोग परेशान हैं।

## जेल, जमानत और जनतंत्र से जीत पाएंगे जनता के जज्बात

### दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रचार से कितनी बदलेगी चुनावी तस्वीर

राजपुरुष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अक्सर यह आरोप लगाया जाता रहा है कि वह मीडिया में हेड लाइन मैनेजमेंट करने में महारथ रखते हैं, तो इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी कम नहीं है, मीडिया में हाईप पाना और चर्चा में बने रहना उन्हें खूब आता है। अंतरिम जमानत पर बाहर आते ही उन्होंने अपनी इस सियासी कला का नमूना पेश भी कर दिया। दिल्ली में तमाम लोगों ने इसे लेकर कहा कि 'अब रायता फैल गया है'। केजरीवाल का चुनावी प्रचार दिल्ली में जनता के जज्बात पर कितना असर डालेगा और आप-कांग्रेस की जीत की संभावनाओं को कितना बल प्रदान करेगा, यह तो समय बताएगा, लेकिन इतना तय है कि आप कार्यकर्ताओं को बूस्टर डोज वाला टॉनिक जरूर मिल गया है। वर्ना अभी तक केजरीवाल की पत्नी सुनीता जहां सहानुभूति की चादर ओढ़े रोड शो कर रही थीं, वहीं पार्टी के नेता 'जेल का जवाब वोट से' अभियान छेड़े हुए थे। जाहिर है, केजरीवाल के बाहर आने के बाद अब गठबंधन नए सिरे से चुनावी रणनीति बनाने में जुट गया है, जिसका असर अगले दो-तीन दिन में जमीन पर नजर भी आने लगेगा। लेकिन बड़ा सवाल यही है कि क्या केजरीवाल 25 मई को होने वाले मतदान से पहले उतने मत प्रतिशतों का इंतजाम कर पाएंगे, जितने दिल्ली में भाजपा को हराने के लिए जरूरी हैं। फिलहाल, केजरीवाल के प्रचार से इंडिया गठबंधन को कुछ फायदा होने की उम्मीद भले लगाई जा रही हो, लेकिन इससे कांग्रेस को पंजाब में नुकसान भी संभावित है, जहां आप और कांग्रेस दोनों अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं।



## नई दिल्ली सीट: सुषमा स्वराज के संस्कारों की बांसुरी के सामने तीन बार के विधायक सोमनाथ भारती



बांसुरी स्वराज, सोमनाथ भारती।

नई दिल्ली लोकसभा सीट पर भाजपा ने अपनी दो बार की सांसद मीनाक्षी लेखी के स्थान पर दिवंगत वरिष्ठ नेता सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को चुनाव मैदान में उतारा है। बांसुरी के सामने मुकाबले में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और तीन बार के विधायक वकील सोमनाथ भारती हैं। अपनी पहली चुनावी लड़ाई के लिए प्रचार कर रही बांसुरी हर भाषण में अपनी मां का जिक्र जरूर करती हैं। वह अपनी सौम्य मुस्कान के साथ मतदाताओं के साथ रिश्ता बनाते समय कहती हैं, मैं सुषमा स्वराज के संस्कारों का प्रतीक हूं, मैं कभी आपको निराश नहीं करूंगी। उधर, सोमनाथ भारती सांसद मीनाक्षी लेखी पर क्षेत्र की अनदेखी करने के साथ केंद्र की भाजपा सरकार को निशाना बना रहा हैं। 2019 के चुनावों में मीनाक्षी लेखी ने लगभग 55% (5.04 लाख) वोट हासिल किए थे। उन्होंने कांग्रेस के अजय माकन और आप के बृजेश गोयल को हराया था। अजय को 2.47 लाख और बृजेश को 1.50 लाख वोट मिले थे। 2014 के चुनाव में मीनाक्षी लेखी ने लगभग 47% (4.53 लाख) वोट पाए थे। उन्होंने कांग्रेस के अजय माकन और आप के आशीष खेतान को हराया था। अजय को 1.82 लाख और आशीष को 2.90 लाख वोट मिले थे, जो कि मीनाक्षी लेखी को मिले मतों से अधिक थे। यहां भी सोमनाथ भारती को जीत के लिए 2014 जैसे वोट शेयर की तलाश है।

### पहले आडवाणी फिर शत्रुघ्न सिन्हा से किया था राजेश खन्ना ने मुकाबला

- नई दिल्ली सीट से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी भी 1777 और 1980 में सांसद चुने गए थे। 1991 से 96 के बीच इस सीट पर दो बार चुनाव हुए। भाजपा से लाल कृष्ण आडवाणी के सामने कांग्रेस ने सिने स्टार राजेश खन्ना को उतारा। कड़े मुकाबले में राजेश खन्ना 1589 वोटों से हार गए थे। लेकिन आडवाणी ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था। उन्होंने नई दिल्ली लोकसभा सीट छोड़ दी, इस पर 1992 में उप चुनाव हुआ तो भाजपा ने राजेश खन्ना के सामने शत्रुघ्न सिन्हा को उतार दिया। एक बार फिर बड़ा रोचक मुकाबला हुआ, लेकिन राजेश खन्ना ने जीत हासिल की।

## दक्षिण सीट: दो विधायकों के संघर्ष में जाति-बिरादरी का समर्थन पाने के लिए जोर आजमाइश

दक्षिण दिल्ली लोककसभा सीट पर भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद रमेश बिधूड़ी को बदलकर इस बार रामवीर सिंह बिधूड़ी को मैदान में उतारा है। रामवीर सिंह बिधूड़ी बदरपुर से विधान सभा क्षेत्र से विधायक हैं और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं। वहीं उनके मुकाबले आम आदमी पार्टी ने तुगलकाबाद से दो बार के अपने विधायक गुर्जर नेता सहीराम पहलवान पर दांव लगाया है। सहीराम इससे पहले बसपा में रह चुके हैं और दो बार पार्षद भी चुने गए थे। सहीराम दक्षिण दिल्ली नगर निगम के उप महापौर भी थे। इस बार लोकसभा क्षेत्र में मुकाबला बराबरी का माना जा रहा है। 2019 लोकसभा चुनाव में इस सीट पर भाजपा के रमेश बिधूड़ी ने अपनी जीत कायम रखी थी। उन्होंने आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा को 3,67,043 वोटों के अंतर से हराया था। रमेश बिधूड़ी को 6,87,014 मत मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी के कर्नल देविंदर सेहरावत को शिकस्त दी थी। इस चुनाव में रमेश बिधूड़ी को 497980 और कर्नल देविंदर सेहरावत को 390980 वोट मिले थे। कांग्रेस के रमेश कुमार 125213 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

## पश्चिमी सीट: अनुभव और नए चेहरे के बीच नजर आ रही है कड़ी टक्कर

पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट पर भाजपा नेता प्रवेश वर्मा 2014 में 2.68 लाख और 2019 में 5.78 लाख वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे। इसके बावजूद भाजपा ने उनकी जगह पूर्व मेयर कमलजीत सेहरावत को मैदान में उतारा है। आम आदमी पार्टी ने यहां पूर्व सांसद महाबल मिश्रा पर दांव लगाया है। लोकसभा क्षेत्र में शहरी आबादी के साथ झुग्गी बस्तियां भी हैं। महाबल मिश्रा चुनाव प्रचार में भाजपा प्रत्याशी को यह कहकर घेर रहे हैं कि मैं पूर्व सैनिक हूं, पार्षद और तीन बार विधायक तथा एक बार सांसद चुना गया हूं। क्षेत्र में पहले भी काम किया है। इसके मुकाबले भाजपा की प्रत्याशी सहरावत मोदी की गांरटी का जिक्र करते हुए गांवों और अनाधिकृत कालोनियों में पार्क, ओपन जिम, सामुदायिक हॉल बनवाने के साथ बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा कर रही हैं। महाबल इस क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर 2009 में सांसद चुने गए थे। वह पूर्वांचल समाज पर पकड़ रखते हैं। दिल्ली के सीएम केजरीवाल के जमानत पर रिहा होने से पहले तक 'जेल का जवाब वोट से' अभियान चला रहे थे। वह अपनी जीत का आधार क्षेत्र में आने वाली सभी 10 विधानसभा सीटों पर आप पार्टी का कब्जा और जीत का अंतर 2.5 लाख होना बताते हैं। उधर, भाजपा को नया चेहरा होने के बावजूद संगठन पर भरोसा है। प्रवेश वर्मा की ही तरह कमलजीत भी जाट समुदाय से हैं। वह 2017 में पहली बार पार्षद बनीं और दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की मेयर रही हैं। वर्तमान में भी पार्षद हैं।

## चांदनी चौक : कांग्रेस के सामने यहां भगवा प्रचार से निपटने की चुनौती

चांदनी चौक लोकसभा सीट पर भाजपा-कांग्रेस ने वैश्य समाज के प्रत्याशी उतारकर व्यापारी वर्ग को साधने की कोशिश की है। यहां कांग्रेस के पुराने नेता जेपी अग्रवाल का सामना भाजपा के व्यापारी नेता प्रवीण खंडेलवाल से है। भाजपा ने दो बार से जीत रहे सांसद डॉ. हर्षवर्धन की जगह खंडेलवाल को मौका दिया है, जबकि कांग्रेस ने 2019 में चुनाव हारने वाले अग्रवाल पर भरोसा कायम रखा है। वह यहां से पहले जीतु के हैं, इसलिए कांग्रेस को उम्मीद है कि इस बार आप का साथ पाकर जीत का परचम फहरा देंगे। कांग्रेस प्रत्याशी को साफ-सुथरी छवि और पुराने रिश्तों का लाभ मिलने के साथ मुस्लिम मतदाताओं का एक मुश्त समर्थन मिलता नजर आ रहा है। दिल्ली सरकार द्वारा चांदनी चौक का विकास कराने का फायदा भी उनके खाते में है। इसके मुकाबले खंडेलवाल बड़े व्यापारी नेता माने जाते हैं। व्यापारियों के विभिन्न मुद्दों पर उन्होंने केंद्र सरकार से समाधान निकालने की कोशिश की है। इस संघर्ष का चुनाव में उन्हें लाभ मिल रहा है। खंडेलवाल ने प्रचार भगवामय कर रखा है। कभी त्रिशूल तो कभी गदा लेकर निकल पड़ते हैं। ढोल की थाप पर जय श्री राम के नारे लगाती भीड़ साथ चलती है। रोड शो व जनसंपर्क में वह मोदी सरकार के कामकाज तथा राम मंदिर की स्थापना को गारंटी बता रहे हैं। 2019 में इस सीट से भाजपा के डॉ. हर्ष वर्धन ने कांग्रेस के जय प्रकाश अग्रवाल को 2.28 लाख वोटों से हराया था।

## पूर्वी सीट: मिश्रित आबादी क्षेत्र में वोटों के गणित पर टिका जीत का समीकरण

पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर इस बार कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है। यहां के भाजपा सांसद पूर्व क्रिकेटर ने चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा जताई थी। भाजपा ने यहां हर्ष मल्होत्रा को प्रत्याशी बनाया है वह मेयर रह चुके हैं। आम आदमी पार्टी ने विधायक कुलदीप कुमार को मैदान में उतारा है। इस लोकसभा क्षेत्र में पंजाबी, ब्राह्मण, गुर्जर, दलित और मुस्लिम के साथ उत्तराखंड के लोग बहुतायत में हैं। इस क्षेत्र में पॉश इलाके भी आते हैं, जिनमें विवेक विहार, प्रीत विहार, निजामुद्दीन ईस्ट, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी शामिल हैं। इसके अलावा जेजे क्लस्टर, त्रिलोकपुरी, कल्याणपुरी, खिचड़ीपुर, शाहीन बाग और ओखला जैसे इलाके भी शामिल हैं। भाजपा और आम आदमी पार्टी दोनों दलों के प्रत्याशी जनता से वादा कर रहे हैं कि चुने जाने पर वह क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाई प्रदान करेंगे। इसके साथ ही दोनों एक-दूसरे के दलों को भी कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी मोदी की गारंटी और योजनाएं लेकर लोगों के बीच जा रहे हैं तो आप प्रत्याशी बेटा बनकर आत्मीयता जोड़ने के साथ मुख्यमंत्री केजरीवाल को लेकर सहानुभूति बनाने का प्रयास करने में जुटे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से भाजपा प्रत्याशी पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर 6,96,156 वोट पाकर जीते थे। कांग्रेस प्रत्याशी अरविंदर सिंह लवली 3,04,934 वोटों के साथ दूसरे स्थान और आप प्रत्याशी आतिशी मार्लेना 2,19,328 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रही थीं।



शुक्रिया आपका

नई दिल्ली के महरौली में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के सीएम भगवंत मान के साथ रोड शो किया तो लोगों ने फूल बरसाए।

# बूथ के रण से निकलेगा जीत का समीकरण

**कन्नौज लोकसभा सीट**

इरा अवस्थी कन्नौज



- सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए समर्थन तो दिख रहा, लेकिन भाजपा का वोटर भी लामबंद
- जातीय मतों में सेंधमारी डाल सकती भाजपा–सपा के लिए प्रतिष्ठा बनी सीट के परिणाम पर असर

**अमृत विचार।** भाजपा और सपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बनी कन्नौज लोकसभा सीट पर अंतिम समय में हार-जीत के समीकरण करीबी संघर्ष की तरफ बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव माना जा रहा है कि यहां भाजपा प्रत्याशी सांसद सुब्रत पाठक से पिछले चुनाव में मिली नजदीकी हार का बदला चुकाने उतरे हैं। 2019 के चुनाव में सुब्रत ने सपा अध्यक्ष की पत्नी डिंपल यादव को 12 हजार मतों से हरा दिया था। इस बार भी यहां भाजपा और सपा में सीधी और कांटे की टक्कर नजर आ रही है, कोई मुकाबला भाजपा, तो कोई सपा के पक्ष में जाता बता रहा है, ऐसे में माना जा रहा है कि जातीय समीकरणों के साथ जो बूथ जीतेगा, उसके ही चुनाव जीतने की संभावनाएं बलवती हो जाएंगी।

दो दिन पहले केके इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित प्रत्याशी अखिलेश यादव और कांग्रेस महासचिव राहुल गांधी की सभा में भीड़ उमड़ी थी, तो प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में झींझक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हुंकार भरी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृहमंत्री अमित शाह तक जोर लगा गए हैं। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश के यहां से चौथी बार चुनाव मैदान में हैं। उनके लिए यह सीट नाक का सवाल है। ऐसे में राष्ट्रीय नेता के रूप में राहुल का कन्नौज आना सपा के लिए फायदेमंद हो सकता है। इस सभा में राहुल गांधी का संविधान को लेकर जनता को उद्वेलित करने का प्रयास, अखिलेश का कन्नौज से पुराना नाता जोड़कर लोगों से सीधे जुड़ने का प्रयास, और कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी व आप सांसद संजय सिंह द्वारा सपा अध्यक्ष के अपमान की बात उठाने की चर्चा गली और चौराहों में गूंज रही है। इस हाल में भले ही समीकरण थोड़े गड़बड़ाते दिख रहे हों, लेकिन भाजपा किसी कीमत पर यह सीट हाथ से निकलने नहीं देना चाहती है। शनिवार को शहर में बड़ी बाइक रैली निकालकर पार्टी ने अपनी ताकत दिखाई।

### भाजपाइयों का भितरघात कर सकता नुकसान

- प्रचार बंद होने के साथ ही भाजपा के छाते के नीचे आक्रोश पनपने की चर्चा जोर पकड़ती सुनाई दी। सांसद व मौजूदा प्रत्याशी द्वारा पिछले पांच साल तक की गई अनदेखी व विकास के प्रति बेरुखी से कुछ निष्ठावान भाजपाइयों की नाराजगी को हवा देने की कोशिश की गई। हालांकि भाजपा नेताओं ने ऐसी खबरों को बकवास बताकर खारिज किया और कहा कि पूरा संगठन एकजुट होकर सुब्रत पाठक की जीत सुनिश्चित करने में लगा है।

### जातीय गणित का जोड़-तोड़

- चुनाव कोई भी हो मुद्दों से बात शुरू होती है और अंत में पूरा दारोमदार जाति और धर्म पर टिक जाता है। इस चुनाव में भी जाति और धर्म का गणित किसी का खेल बनाएगा तो किसी का बिगाड़ने का काम करेगा। समाजवादी पार्टी गठबंधन के बैनर तले चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस के साथ होने तथा संविधान की रक्षा का मुद्दा उठाए जाने से दलित वोटर गोलबंद होता नजर आ रहा है। ठाकुर और पाल बिरादरी के मतों में सेंध लगने की बात कही जा रही है। यादव और मुस्लिम मतदाता पहले ही अखिलेश की जीत के लिए मुखर है। ऐसे में ब्राह्मण और ओबीसी मतदाताओं का बंटवारा परिणाम पर असर डाल सकता है।



**पिछली बार 2019 में सपा-बसपा साथ होकर भी नहीं दिखा पाए थे कोई कमाल**

# बुंदेलखंड में भाजपा की हैट्रिक में नहीं गांठ का बंधन

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर वाहनों की तेज रफ्तार वर्षों से उपेक्षित रहे इस इलाके में विकास पहुंचने का अहसास जरूर कराती है, लेकिन लोगों के बुनियादी सवाल अभी भी अनुत्तरित हैं। गरीबी, पानी की समस्या, पलायन और रोजगार के साधन नहीं होने जैसे मुद्दे सालों से समाधान की बाट जोट रहे हैं, इन्हीं मुद्दों के चलते इस इलाके में रह-रहकर उठने वाली अलग बुंदेलखंड प्रदेश की मांग शायद यह पहला चुनाव है, जब कहीं सुनाई नहीं देती। बुंदेलखंड के चार संसदीय क्षेत्रों हमीरपुर-महोबा, बांदा-चित्रकूट, झांसी-ललितपुर और जालौन-गरौठा में 2019 के चुनाव में सपा और बसपा के मजबूत माना जा रहा गठबंधन कोई कमाल नहीं दिखा पाया था। इसके बावजूद इस बार सपा ने कांग्रेस से गठबंधन करके भाजपा की घेराबंदी की है। चारों सीटों पर भाजपा और सपा- कांग्रेस गठबंधन में सीधे नजर आ रहे मुकाबले को बसपा प्रत्याशी त्रिकोणीय बनाने में लगे हैं।

पिछले चुनाव में बुंदेलखंड की चारों सीटों पर भाजपा ने 2014 का चुनावी इतिहास दोहराते हुए कमल खिलाया था। इस बार पार्टी ने यहां हैट्रिक लगाने के लिए पूरी ताकत लगा रखी है।



भानु प्रताप वर्मा।



नारायण दास अहिरवार।



सुरेश चंद्र गौतम।

### जालौन-गरौठा में केंद्रीय मंत्री की प्रतिष्ठा दांव पर

- जालौन– गरौठा संसदीय सीट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा की प्रतिष्ठा दांव पर है। 2014 और 2019 के चुनाव में जीत चुके वर्मा को सपा के नारायण दास अहिरवार और बसपा के सुरेश चंद्र गौतम ने घेर रखा है। इन दलों के बनाए हुए चक्रव्यूह से निकलने के लिए एड़ी– चोटी का जोर लगाए हुए हैं। इस बार यदि वर्मा जीतते हैं तो उनकी हैट्रिक तो होगी ही इस सीट पर उनकी छठवीं बार जीत होगी। इसे पहले वे 1996 और 1998 में जीते पर हैट्रिक से चूक गए थे। 1999 में हारने के बाद 2004 में उन्हें फिर जीत मिली लेकिन 2009 का चुनाव उनके लिए बुरी खबर लेकर आया था।

### बांदा-चित्रकूट में अंतरकलह से जूझ रही भाजपा

- बांदा– चित्रकूट संसदीय सीट पर भाजपा के उम्मीदवार वर्तमान सांसद आरके सिंह पटेल को अपनों की चुनौती से ही दो–चार होना पड़ रहा है। उन्हें अपनी ही पार्टी के पूर्व सांसद भैंरो प्रसाद की नाराजगी का सामना करना पड़ा रहा है। भैंरों न तो प्रचार के लिए निकल रहे हैं और न ही उनके समर्थक उत्साहित दिख रहे हैं। यहां पार्टी में जबरदस्त अंतरकलह दिख रही है। हालांकि आरके सिंह पटेल को पूरी उम्मीद है कि मोदी की गारंटी, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के दम पर वे यहां लगातार दूसरी बार जीतने में कामयाब होंगे और उनकी पार्टी हैट्रिक लगेगी। सपा ने भी यहां कुर्मी जाति की कृष्णा पटेल को मैदान में उतारा है। इससे कुर्मी वोटों का बंटवारा होने का डर भी भाजपा को है। इसमें बसपा के मयंक द्विवेदी अपना फायदा देख रहे हैं। वे मुकाबले को त्रिकोणीय बनाकर मैदान मारने की जुगत में हैं।

### हमीरपुर में रोचक मुकाबला जातीय समीकरण का खेल

- हमीपुर– महोबा संसदीय सीट पर भी मुकाबला इस बार रोमांचक दिख रहा है। कांग्रेस– सपा गठबंधन के उम्मीदवार अजेंद्र राजपूत जहां भाजपा के कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल की हैट्रिक रोकने के लिए लोगों को स्थानीय समस्याओं के समाधान के साथ ही संविधान बचाने के लिए साथ आने की अपील कर रहे हैं तो पुष्पेंद्र सिंह चंदेल यह बताने में जुटे हैं कि पानी की समस्या का समाधान उनकी सरकार ने किया है। मोदी की गारंटी के नाम पर वे वोट मांग रहे हैं। तो बसपा ने ब्राह्मण चेहरे निर्दोष दीक्षित पर दांव लगाया है। यहां चुनाव धीरे–धीरे जातीय आधार पर आधारित होता जा रहा है। सपा को लगता है कि ब्राह्मण वोट जितना बसपा काटेगी उतना ही भाजपा का नुकसान होगा। लोध व अन्य पिछड़ी जातियों के सहारे अजेंद्र राजपूत मैदान मारने की तैयारी कर रहे हैं।

### झांसी में राष्ट्रीय मुद्दों के आगे ठंडी पड़ी जाति-बिरादरी

- झांसी– ललितपुर संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रीय मुद्दे हाबी नजर आ रहे हैं। यहां जातीय समीकरण पूरी तरह से ठंडा नजर आ रहा है। बसपा ने जहां रवि प्रकाश कुशवाहा को मैदान में उतारा है तो भाजपा ने वर्तमान सांसद अनुराग शर्मा और कांग्रेस ने पूर्व सांसद प्रदीप आदित्य जैन को। 2014 में यहां पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता उमा भारती जीतीं थीं लेकिन 2019 में पार्टी ने उनके स्थान पर अनुराग शर्मा को मैदान में उतारा था। वे भी जीते। कांग्रेस गठबंधन के सहारे जहां फिर से यहां स्थापित होना चाहती है तो भाजपा को अपनी हैट्रिक की पूरी उम्मीद है। वैसे यह सीट 1989 से 1998 तक हुए चार चुनावों में भाजपा का अभेद्य किला रही, लेकिन 1999, 2004 और 2009 में पार्टी यहां हारी। 2014 से फिर कब्जा है। कांग्रेस स्थानीय मुद्दों को उभारना चाहती है। साथ ही संविधान और आरक्षण बचाओ की बात कर रही है लेकिन भाजपा के लोग सिर्फ मोदी की गारंटी और भ्रष्टाचार के खात्मे पर वोट मांग रहे हैं।

# सुभासपा व भाजपा समर्थकों के बीच दूरी, घोसी में पड़ रही भारी



अरविंद राजभर।



राजीव राय।



बालकृष्ण चौहान।

**घोसी संसदीय सीट**

विनय जायसवाल, मऊ

घोसी संसदीय सीट पर मुकाबला तो सपा के राजीव राय और भाजपा की सहयोगी सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर के बीच है। बसपा के बालकृष्ण चौहान मुकाबले को त्रिकोणीय बनाना तो चाह रहे हैं पर कितना सफल होते हैं अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। बसपा से यह सीट छीनने को सपा और सुभासपा के उम्मीदवार आतुर तो दिख रहे हैं पर मतदाताओं की चुप्पी से ये समझाना कठिन हो गया है कि किसका पलड़ा भारी होगा। यहां सुभासपा और भाजपा भले ही एक साथ आ गए हैं पर धरातल पर दल के साथ दिल का मिलन होता नहीं दिख रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं के दिल भी सुभासपा के लोगों से मिले इसके लिए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक समेत पार्टी के कई बड़े नेता प्रयास कर चुके हैं। अरविंद राजभर पूर्व में हुई बयानबाजी को लेकर माफी भी मांग चुके हैं पर उनका ये दांव कितना सफल होगा यह मतगणना के दिन ही पता चलेगा। फिलहाल सपा की नजर भाजपा के उन पदाधिकारियों पर टिकी है जो सुभासपा से नाराज हैं और सार्वजनिक बयानबाजी तो नहीं कर रहे हैं पर प्रचार से भी परहेज कर रहे हैं।

2014 में इस सीट पर कब्जा करने वाली भाजपा को उम्मीद थी कि वह 2019 में भी जीत दर्ज करेगी पर ऐसा हुआ नहीं। पार्टी के उम्मीदवार को बसपा के अतुल राय ने हरा दिया था। हालांकि इस बार अतुल राय मैदान में नहीं हैं। पार्टी ने उनका टिकट काटकर पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को दिया है। बालकृष्ण चौहान बसपा के परंपरागत वोटों को सहेजने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि भाजपा, बसपा के वोटों में लाभार्थी परक योजनाओं के जरिए सेधमारी पहले ही कर चुकी है। अब सुनिश्चित करने में लगी है कि ये मतदाता सुभासपा के अरविंद राजभर के खाते में जाएं। यहां कांग्रेस- सपा के नेताओं का गठजोड़ धरातल पर दिखने लगा है लेकिन सुभासपा और भाजपा के नेताओं में दूरियां दिख रही हैं। हालांकि भाजपा नेतृत्व लगातार इस दूरी को पाटने की कोशिश कर रहा है। दूरी पटी तो भाजपा 2014 का इतिहास दोहरा सकती है। यह सीट सुभासपा के खाते में जा सकती है।





इसे भी चुनें

ओडिशा के बारगढ़ में रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'वोकल फार लोकल' के तहत गोरक्षा पर पेंटिंग भेंट की गई तो उन्होंने लोगों से गाय की रक्षा का आह्वान किया।

# ध्रुवीकरण भाजपा के लिए कठिनाई भी, मलाई भी

**कानपुर लोकसभा सीट**

अभिषेक वर्मा, कानपुर






रमेश अवस्थी।



आलोक मिश्रा।



कुलदीप भदौरिया।

**अमृत विचार।** कानपुर के चुनावी समर में इस बार चेहरे भले नए हों, लेकिन मुकाबला वही पुराना कांग्रेस और भाजपा के बीच है। पिछले दो चुनाव जीत चुकी भाजपा इस बार हैट्रिक लगाने के लिए पूरा जोर कसे है, तो कांग्रेस वापसी के लिए ताकत लगा रही है। इस सियासी माहौल से मुकाबला धीरे-धीरे कांटे का बनता नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो से बनी हवा को काटने का काम कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव साझा रैली से कर गए हैं। ऐसे में दोनों दलों के समर्थकों के अपने-अपने दावे और गुणा-गणित है, लेकिन मतदाता है कि जैसे अपनी खामोशी बूथ पर ही खोलने के लिए हवा का रुख भांपने में लगा है।

चुनावी अभियान समाप्त होने के साथ अब दोनों प्रत्याशी अपने-अपने ज्यादा से ज्यादा वोट डलवाने की रणनीति बनाने में जुट गए हैं। प्रचार के अंतिम दिन भाजपा जहां तीसरी जीत के लिए एड़ी- चोटी का जोर लगाती दिखी तो कांग्रेस उम्मीदवार आलोक मिश्रा पार्टी का वनवास खत्म करने के लिए सपा और आप नेताओं के साथ गली-गली दौड़ते नजर आए। फिलहाल, मतदाता जीत का आशीर्वाद तो सभी को दे रहे हैं पर वे किसके साथ हैं यह समझ में किसी को नहीं आ रहा है। हां घनी आबादी वाले इलाकों में एनआरसी, सीएए और तीन तलाक जैसे मुद्दों पर कांग्रेस के साथ लोग दिखते हैं पर इतना जोड़ देते हैं कि मोदी की गारंटी में भी दम है। भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बनी इस सीट पर जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोड शो कर चुके हैं तो गृह मंत्री अमित शाह भी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर एक- एक वोट पाने की गणित समझा चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी जनसभा कर भाजपा के पक्ष में समीकरण धने का प्रयास किया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जीआईसी मैदान में आयोजित जनसभा में आरक्षण और संविधान बचाने के नाम पर कांग्रेस को वोट देने के लिए मतदाताओं को समझा गए।

### बसपा नहीं बनाती नजर आ रही त्रिकोण

- इस चुनाव में बसपा तमाम कोशिश के बाद भी त्रिकोण नहीं बना पा रही है। हालांकि पूर्व के चुनावों में भी पार्टी के उम्मीदवार कोई करिश्मा नहीं दिखा पाए थे। इस बार बसपा प्रत्याशी कुलदीप भदौरिया कांग्रेस– भाजपा के मुकाबले प्रचार भी बहुत सक्रियता नहीं दिखा पाए हैं।

### विधानसभा चुनाव में भाजपा को लगा था झटका

- लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की पांच सीटें हैं। विधानसभा चुनाव में भाजपा को जबरदस्त झटका लगा था। आर्यनगर, कैंट और सीसामऊ सीट सपा के खाते में गई थी जबकि सिर्फ दो सीटें गोविंद नगर और किदवई नगर भाजपा के खाते में गई है।

### ब्राह्मण वोटों पर कांग्रेस की पैनी निगाह

कानपुर संसदीय सीट पर ब्राह्मण मतदाताओं को निर्णायक मना जाता है। यही वजह है कि भाजपा पिछले कई चुनावों से ब्राह्मण चेहरे पर ही दांव लगाती रही है। कांग्रेस को भी यह बात समझ में आई और उसने भी इस बार आलोक मिश्रा के रूप में ब्राह्मण चेहरा समर में उतार दिया। कांग्रेस जहां इस चुनाव को स्थानीय बनाम बाहरी बनाने में लगी हुई है तो फर्रुखाबाद के मूल निवासी रमेश अवस्थी यह बताने में लगे हैं कि वर्षों से उनकी कर्मभूमि कानपुर रहा है। जन्म भले ही फर्रुखाबाद में हुआ पर वे वर्षों से कानपुर में ही रह रहे हैं। दोनों दलों की निगाह ब्राह्मण मतदाताओं पर है। ब्राह्मण समाज के गणमान्य नेताओं को ये दल आगे कर रहे हैं। कांग्रेस– सपा गठबंधन को यह उम्मीद है कि मुस्लिम मतदाता पूरी तरह से उसके साथ होगा। ऐसे में अगर ब्राह्मण मतदाता भी उसके पक्ष में आया तो जीत आसान हो जाएगी। जबकि रमेश अवस्थी को ब्राह्मण मतों के भाजपा के पक्ष में मजबूती से खड़े रहने के साथ ही मोदी की गारंटी पर भी भरोसा है।

**2014** और 2019 में चुनाव जीत चुकी भाजपा इस बार हैट्रिक लगाने की तैयारी में

- कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा सियासी गोटियां फिट कर दे रहे तगड़ी चुनौती



### 1991 में पहली बार खिला था कमल

- कानपुर लोकसभा सीट पर सपा और बसपा को कभी जीत नहीं मिली है। कभी यह सीट वामपंथ का गढ़ हुआ करती थी। जनता पार्टी के मनोहर लाल ने 1977 में यहां से जीत दर्ज की थी, जबकि इसके पहले के चार चुनाव श्रमिक नेता एसएम बनर्जी स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में जीत चुके थे। जब 1980 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने आरिफ मोहम्मद खान को मैदान में उतारा था। वर्तमान में केरल के राज्यपाल हैं। उनकी यहां ससुराल है। 1984 में कांग्रेस ने नरेश चंद्र चतुर्वेदी को मैदान में उतारा था वे भी जीते, लेकिन जब देश में प्रचंड राम लहर थी तब यहां से माकपा की सुभाषिनी अली जीत गई थीं। यहीं से कांग्रेस का वनवास शुरू हो गया था। 1991, 96 और 98 में लगातार तीन बार जगतवीर सिंह द्रोण भाजपा के टिकट पर जीते। हालांकि 1999, 2004 और 2009 में कांग्रेस के श्रीप्रकाश जायसवाल सांसद बने और केंद्र सरकार में मंत्री भी रहे। लेकिन 2014 की मोदी लहर में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने कांग्रेस से उसका किला जीत लिया। 2019 में उनका टिकट कटा तो सत्यदेव पचौरी मैदान में आए और उन्होंने भी श्रीप्रकाश जायसवाल को पटखनी दे दी। अब इस चुनाव में भाजपा के रमेश अवस्थी के सामने किला बरकरार रखने की चुनौती है।

## यह राष्ट्र का मंदिर है : राजेंद्र अरलेकर

**अयोध्या, अमृत विचार :** करोड़ों राम भक्तों की इच्छा थी कि राम मंदिर बने। अब राम मंदिर बन गया है। यह राष्ट्र का मंदिर है। इसको लेकर पूरे देश में एक अच्छा वातावरण बना है। ये बातें शनिवार को रामलला के दर्शन करने के बाद बिहार के राज्यपाल राजेंद्र अरलेकर ने कहीं। दर्शन के बाद सर्किट हाउस पहुंचे राज्यपाल राजेंद्र अरलेकर ने कहा कि इस राष्ट्र मंदिर को लेकर सभी के मन में एक सद्भावना जागृत हुई है। मैंने प्रभु राम से यही मांगा है कि उत्तर प्रदेश-बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश को लोगों को सुख शांति प्रदान करें। पहले की अयोध्या और आज की अयोध्या में बहुत परिवर्तन आया है। सरकार और यहां के लोगों के सहयोग से जो काम हुआ है वह बहुत ही सराहनीय है।

### काश बेटे की चीख सुन पाती, मां को कम सुनाई पड़ता है

# नोचते रहे कुत्ते और बेटा लगाता रहा गुहार, मौत

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

- गांव के लोगों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर दहशत

**अमृत विचार :** मुजम्मिल की मां शहरुनिशा को इस बात का मलाल आखिरी दम तक रहेगा कि अगर वह बेटे की पहली चीख सुन पाती तो वह बच्चे को कुत्तों की झुंड से बचा लेती, भले ही खुद जख्मी हो जाती। यह सब इसलिए हुआ कि वह ऊंचा सुनती हैं।

कुत्ते नोचते रहे और बेटा गुहार लगाता रहा, पर उसके कानों तक उसी चीख नहीं पहुंच पा रही थी। जब उसने मुड़कर देखा तो कलेजे का टुकड़ा खून से लथपथ हो चुका था और सांसें गिन रहा था। यह दृश्य देखकर वह सकते में आ गई। फिर चीख पुकार शुरू की, लेकिन तबतक तक बेटा हमेशा के लिए उससे दूर जा चुका था। मौत के बाद जिला मुख्यालय के नौगढ़ डिहवा में मुहल्ले में गम का माहौल है। मुजम्मिल (12) अब्दुल मुईद का सबसे छोड़ा लड़का था। इसके अलावा उससे बड़ा शमशाद (17) और गुफरान (14) हैं।

मुजम्मिल बहुत ही होशियार था और सभी का दुलारा था। बकरी पालन इसलिए करते हैं कि कुछ कमाई हो जाती है। पिता भी मेहनत मजदूरी करके बच्चों की परवरिश



करता है। कल का दिन परिवार के लिए बहुत ही मनहूस रहा। मुजम्मिल जिद करके मां के साथ बकरी चराने के लिए निकला था। उसे क्या पता था कि अब वह कभी भी घर नहीं लौटेगा।, मां शहरुनिशा भी बेटे की मौत से सदमे में हैं। उसे पूरी जिंदगी बेटे को खोने का मलाल रहेगा। काश वह सुन सकती और कुत्तों के आक्रमण करते ही वह बच्चे की पहले ही चीख पर जान जाती और बचा लेती। गांव के लोगों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर दहशत है। हमले के बाद लोग बच्चों को घरों में कैद कर रखे हैं।

### पहले भी हो चुकी हैं दो घटनाएं

जिले के अलग-अलग हलकों में अप्रैल माह में कुत्तों के वहशियाना हमले में दो बच्चे मारे जा चुके हैं। इटवा थाना क्षेत्र के कहरिया सघन गांव में 9 साल के रमज़ान नामक बच्चे को कुत्तों ने 24 अप्रैल को नोचकर मार डाला था। दो माह पहले भी इटवा क्षेत्र में एक बच्चे को नोचकर मार दिया था। लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की।

## इंडिया गठबंधन के लिए मांगा समर्थन

**लखनऊ, अमृत विचार:** लोक सभा चुनाव पर दुनिया भर की निगाहें लगी हुई हैं। इसके पीछे मुख्य कारण यह है कि पिछले 10 वर्ष से भारत के लोकतंत्र की लगातार हत्या हो रही है। सामाजिक सद्भाव सरकार द्वारा खत्म किया जा रहा है। यह आरोप शनिवार को इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस अमेरिका के प्रेसिडेंट मोहिंदर सिंह ने गोमती नगर स्थित एक होटल में लगाया। मोहिंदर सिंह ने कहा सरकार संविधान बदल कर दलितों और पिछड़ों का आरक्षण समाप्त करना चाह रही है। इस दौर में सिर्फ एक उम्मीद राहुल गांधी ही हैं। मीडिया के माध्यम से देश की जनता से अनुरोध करना चाह रहे हैं कि देश को मजबूत बनाने और संविधान की रक्षा के लिये इंडिया गठबंधन के हर प्रत्याशी को अपना भरपूर समर्थन दें।

## सार-संक्षेप

### गाजियाबाद में युवती से दुष्कर्म व आपत्तिजनक वीडियो बनाने के आरोप में मौलवी गिरफ्तार

**गाजियाबाद, एजेंसी :** गाजियाबाद में पुलिस ने 32 वर्षीय एक मौलवी को युवती से दुष्कर्म करने और उसका आपत्तिजनक वीडियो बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। ग्रामीण क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) विवेक चंद्र यादव ने इस मामले में दर्ज शिकायत के हवाले से बताया कि जिले में मसूरी थाना इलाके की एक युवती (22) दो वर्ष पूर्व मौलवी जब्बार के यहां पढ़ने जाती थी और उसी दौरान मौलवी ने उससे कथित तौर पर दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बना लिया। डीसीपी ने शिकायत के हवाले से कहा कि इसके बाद से मौलवी उसे डरा-धमकाकर लगातार उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। वह उसे धमकी देता था कि अगर वह उसके साथ शारीरिक संबंध नहीं बनाएगी तो वह उसका वीडियो सार्वजनिक कर देगा। यादव ने बताया कि कुछ दिन पहले मामले का वीडियो गांव में सार्वजनिक हो गया जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पीड़िता के माता-पिता को इस बारे में सूचित किया। उन्होंने बताया कि इसके बाद मौलवी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

### बाबू सिंह को लेकर नाराज बाबा दुबे का सपा से इस्तीफा

**लखनऊ, अमृत विचार :** बाबू सिंह कुशवाहा को जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए से नाराज पूर्व विधायक बाबा दुबे ने समाजवादी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। जौनपुर जिले के बदलापुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे बाबा का कहना है कि बाबू सिंह सपा की विपरीत विचारधारा के व्यक्त हैं। पूर्व विधायक ने शनिवार को अपने त्यागपत्र में लिखा है कि मैंने जीवन में कभी निजी व राजनीतिक जीवन में सिद्धांतों के विपरीत रहने वाले व्यक्त का कभी समर्थन या प्रचार नहीं किया है। न ही वर्तमान में ऐसा करना स्वीकार करूंगा। इसलिए समाजवादी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता त्याग रहा हूं। यह पत्र उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नाम लिखा है। बाबा दुबे वर्ष 2012 में पहली बार सपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीता था। उनकी गिनती उद्योगपतियों में भी होती है। उन्होंने अपना पहला चुनाव वर्ष 2004 में जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से बसपा के टिकट पर लड़ा था। इस चुनाव में वह सपा के पारसनाथ यादव से हार कर गए थे। उन्होंने 2009 में सपा के टिकट पर रारी विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव लड़ा था। सपा के टिकट पर 2017, 2022 में भी चुनाव लड़ा था। अपने पत्र में बाबा ने बाबू सिंह कुशवाहा की ओर से चुनाव आयोग को दिए गए हलफनामे में बताए गए आपराधिक मुकदमों का भी उल्लेख किया है।

### सरकार ने आतंकवाद की नाभि पर किया है प्रहार : योगी



**कानपुर/उन्नाव, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर इंडी गठबंधन सत्ता में आता है तो देश में फिर आतंकवाद और नक्सलवाद का दौर शुरू हो जाएगा। कांग्रेस ने सबसे पहले भारतीय संविधान में संशोधन करते हुए अभिव्यक्ति की आजादी को रौंदने का कार्य किया था। मोदी सरकार ने आतंकवाद की नाभि पर प्रहार किया है। मुख्यमंत्री शनिवार को कानपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कानपुर को मां गंगा के आशीर्वाद से उर्वरता और उद्यमिता का वरदान मिला है। ये क्रांति धरा होने के साथ ही देश के विकास की ऊर्जा की भूमि भी है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन नकारात्मक राजनीति के कारण अपनी विश्वसनीयता खो रहा है। इनको पाकिस्तान के हितों और आतंकियों पर दायर मुकदमों को वापस लेने की चिंता होती है। उन्नाव में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि राम भक्त की राजनीति राष्ट्र के लिए होती है, वहीं रामद्रोहियों की राजनीति परिवार के लिए होती है। वह अपने परिवार से ज्यादा कुछ नहीं सोचते हैं। समाजवादी पार्टी ने अपने ही परिवार के लोगों को टिकट दिया है। वर्तमान में यह पांच सीटों पर लड़ रहे हैं। अभी इनके बच्चे और नाती पोते होने दीजिये, वह भी चुनाव लड़ेंगे।

# स्वास्थ्य महानिदेशक व निदेशक के बीच अधिकार को लेकर लड़ाई

### अकेले फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकेंगे स्वास्थ्य महानिदेशक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- महानिदेशक से पहले निदेशक के पास भेजी जाएंगी पत्रावली

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग में महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर और निदेशक (प्रशासन) डॉ.राजा गणपति के बीच अधिकार को लेकर वर्चस्व की लड़ाई शुरू हो गई है। निदेशक प्रशासन ने निदेशालय की हर पत्रावली खुद के पास भेजने के निर्देश जारी किये तो पलटकर महानिदेशक ने आदेश जारी किया फाइलें पूर्व की भांति ही भेजी जाएंगी, मुखिया होने के नाते पत्रावलियों को अनावश्यक रूप से निदेशक प्रशासन के समक्ष भेजने का कोई औचित्य नहीं है।

निदेशक प्रशासन डॉ.राजागपति ने गुरुवार को निर्देश दिये की महानिदेशक के समक्ष जाने से पहले पत्रावलियां उनके सामने लाई जाये। यह निर्देश महानिदेशालय के सभी 20 विभागों पर लागू किया गया है।




अधिकारों की कटौती होते देख अगले ही दिन शुक्रवार को महानिदेशक ने शासनादेश के तहत उक्त आदेश का खंडन करते हुए कहा कि बतौर मुखिया पत्रावलियां सीधे उनके पास आनी चाहिये।

पत्रावलियों में किसी भी प्रकार के अन्य अधिकारी के अनुमोदन या हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। शुक्रवार को इस पत्र के जारी होते ही निदेशक प्रशासन डॉ.राजागणपति ने पुनः शासनादेश 13 जनवरी 1982 का हवाला देते हुए बतौर विभागाध्यक्ष समस्त पत्रावलियां उनके पास भेजने के लिए निर्देश दिये हैं। दोनों उच्च अधिकारियों के मध्य अधिकारियों के मध्य छिड़ी जंग को लेकर पूरे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में चर्चा का दौर शुरू हो चुका है, वहीं महानिदेशालय में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों में निर्देशों के अनुपालन को लेकर असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। मालूम हो कि इससे पहले महानिदेशक प्रशिक्षण द्वारा भी पदस्थ अधिकारों के हनन को लेकर पत्राचार किया जा चुका है।

> प्रशासनिक दृष्टिकोण से पत्रावलियां, विभागाध्यक्ष के माध्यम से ही प्रस्तुत किया जाना चाहिये। इसमें किसी के अधिकारों का हनन नही है। संबन्धित शासनादेश के क्रम में ही निर्देश जारी किये गये हैं। -डॉ.राजा गणपति
> निदेशक प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग

## डीआईओएस से किया जवाब तलब

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य पद की अर्हता को स्पष्ट करते हुए कहा कि कॉलेज के प्रधानाचार्य के लिए एक शारीरिक शिक्षा शिक्षक को कैसे अनुमोदन दिया जा सकता है जो वरिष्ठता क्रम में अन्य शिक्षकों की अपेक्षा काफी नीचे और उपरोक्त पद के लिए पूरी तरह से अयोग्य है। मामले की अगली सुनवाई 16 मई 2024 को सुनिश्चित की गई है।


श्रीमती मीना सिंह राम सूरत सिंह इंटर कॉलेज, तारीघाट, गाज़ीपुर में वरिष्ठ प्रवक्ता के रूप में कार्यरत हैं और प्रधानाचार्य के प्रभार के लिए पूर्णतः उपयुक्त हैं, क्योंकि कार्यालय में कोई नियमित पदाधिकारी नहीं है। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक, गाजीपुर द्वारा प्रबंध समिति के किसी प्रस्ताव और बिना अधिकार के एक कार्यवाहक प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया है जो उक्त पद के लिए किसी भी दृष्टि से योग्य नहीं है, क्योंकि वह एक पीटी टीचर है और शिक्षकों के पदानुक्रम में वह इतना निम्न है कि उसे प्रधानाचार्य का कार्यभार सौंपना बिल्कुल उचित नहीं है।

# नोएडा पुलिस करेगी 15 हजार करोड़ के फर्जीवाड़े की जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नोएडा में करीब 15 हजार करोड़ रुपये के जीएसटी फर्जीवाड़े की जांच अब स्थानीय पुलिस करेगी। पूर्व में आरोपी की मांग पर फर्जीवाड़े से जुड़े 3 मामलों की जांच नोएडा पुलिस से हटाकर आर्थिक अपराध शाखा मेरठ को दे दी गई थी। मामले में अब तक कई अरबपति कारोबारियों समेत 41 आरोपी गिरफ्तार भी हो चुके हैं।

मालूम हो कि फर्जी तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट में फर्जीवाड़ा करके सरकार को करीब 15 हजार करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचाने वाले गिरोह का पर्दाफाश नोएडा पुलिस ने जून 2023 में किया था। पुलिस को इस मामले की जांच दी गई थी। बाद में इसी प्रकरण में एक आरोपी दिल्ली के कारोबारी संजय ढिंगरा की मांग पर यह जांच नोएडा पुलिस से हटाकर आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) मेरठ को दे दी गई। जांच अभी शुरू भी नहीं हुई थी कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अन्य आरोपी कारोबारी संजय को उनकी




- आरोपी की मांग पर जांच नोएडा पुलिस से हटाकर मेरठ ईओडब्ल्यू को दी गई थी
- शासन ने निरस्त किया स्थानांतरण आदेश, मामले में अब तक 41 की हो चुकी है गिरफ्तारी

पत्नी और बेटे के साथ गिरफ्तार कर लिया। वहीं, आरोपी की मांग पर जांच स्थानांतरित किए जाने की बात सामने आते ही शासन-प्रशासन में इसको लेकर चर्चा शुरू हो गई। हालांकि अब गृह विभाग ने ईओडब्ल्यू के एडीजी को जांच स्थानांतरण संबंधी 18 अप्रैल के आदेश को निरस्त किए जाने की जानकारी देते हुए इस प्रकरण में कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## बसपा सरकार बनी तो सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की होगी नीति : माया

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार :** बसपा सुप्रीमो मायावती ने जिले के जेतवन मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस, बीजेपी व अन्य दल आपको गुमराह कर सत्ता में आना चाहते हैं। ऐसे में पूंजीपतियों की पोषक इन पार्टियों के वादों में न फंसे, इन्हें इस बार सत्ता से बाहर कर दें। मायावती ने कहा कि केन्द्र में बसपा की सरकार बनी तो सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाया की नीति पर शासन चलेगा।



बसपा प्रमुख ने कहा कि आजादी के बाद सबसे ज्यादा कांग्रेस ने पूरे देश पर राज किया लेकिन अपनी गलत कार्यप्रणाली के चलते उसे सत्ता से बाहर होना पड़ा। भाजपा भी पूंजीपतियों की पोषक है। कांग्रेस की तरह पूंजीवादी सोच के चलते भाजपा राज में भी दलित, गरीब, मुस्लिम, व आदिवासियों का उत्थान नहीं हो पाया। ऊंची जाति के गरीबों का भी भला नहीं हुआ। आरक्षण के अधूरे पड़े कोटे को भरा नहीं गया। आज भी प्राइवेट सेक्टर को काम दे देने से दलित वर्ग को आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। मायावती ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ब्राम्हणों की हालत सपा ने खराब किया था अब भाजपा कर रही है। उन्होंने सर्वसमाज को आह्वान किया कि अन्य पार्टियों के वायदों से होशियार रहें, अपना वोट न बांटे और इन्हें केन्द्र की सत्ता में आने से रोकें। उन्होंने कहा कि बीजेपी मुफ्त राशन अपने पैसे से नहीं आपके टैक्स के पैसे से दे रही है। इसलिए एकजुट होकर बसपा प्रत्याशी को वोट देकर पूंजीवादी पार्टियों को सत्ता से बाहर करें। जनसभा में बसपा सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि केंद्र सरकार जो निःशुल्क खाद्यान्न दे रही है। वह अपने पैसे से नहीं बल्कि आपके ही टैक्स के पैसे से दे रही है। बीजेपी व उनके सहयोगी दलों के जातिवादी, पूंजीवादी, सांप्रदायिक व द्वेषपूर्ण नीतियों के कारण उनकी कथनी व करनी में अंतर है।

# उपस्थिति रजिस्टर कमरे में ले जाने पर प्रधानाध्यापिका ने शिक्षिका को पीटा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** इटियाथोक शिक्षा क्षेत्र का प्राथमिक विद्यालय संझवल शनिवार को कुरुक्षेत्र बन गया। अटेंडेंस रजिस्टर को अपने कमरे में ले जाकर हस्ताक्षर करने से नाराज प्रधानाध्यापिका ने अपनी सहयोगी शिक्षिका के साथ मिलकर अपने ही स्कूल की सहायक शिक्षिका की डंडे से पिटाई कर दी। इस पिटाई से पीड़ित शिक्षिका घायल हो गयी। उसके हाथ की चूड़ी भी टूट गयी। पीड़ित शिक्षिका ने प्रधानाध्यापिका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए खरगूपुर थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इटियाथोक की रहने वाली नेहा जैन क्षेत्र के ही प्राथमिक विद्यालय संझवल में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। कहकशां बेगम इस स्कूल की इंचार्ज प्रधानाध्यापक हैं। नेहा जैन के मुताबिक शनिवार को करीब सात बजे स्कूल पहुंचने पर उपस्थिति रजिस्टर लेकर वह अपने कमरे में गई और सहयोगी अध्यापक प्रिया वर्मा के साथ हस्ताक्षर बनाने लगी। इसी दौरान इंचार्ज प्रधानाध्यापक कहकशां बेगम अपनी सहयोगी शिक्षिका तरन्नुम परवीन के साथ उनके कमरे में पहुंची और नेहा पर डंडे से हमला कर दिया। नेहा ने विरोध किया तो उसकी पिटाई करते हुए नोच खसोट कर उसे घायल कर दिया। नेहा का कहना है कि पिटाई से उसके हाथ की चूड़ी टूट गयी और हाथ में जख्म हो गया। पीड़ित शिक्षिका ने इंचार्ज प्रधानाध्यापक कहकशां बेगम व सहायक अध्यापक तरन्नुम परवीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए खरगूपुर थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राथमिक विद्यालय संझवल में प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक के बीच हुई मारपीट की घटना को बीएसए प्रेमचंद यादव ने गंभीरता से लिया है। बीएसए ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में मारपीट जैसी घटनाएं अक्षम्य हैं। संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी से रिपोर्ट मांगी जा रही है। दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। विद्यालय का माहौल खराब करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे।

### पहले भी कई बार हो चुकी है मारपीट

अमृत विचार : सहायक अध्यापक नेहा जैन की पिटाई का यह कोई पहला मामला नहीं है। इसके पहले भी इंचार्ज प्रधानाध्यापक सहायक शिक्षिका को पीट चुकी हैं। नेहा जैन ने बताया कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक उनके साथ पहले भी कई बार मार पीट कर चुकी हैं। आरोप है कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक कहकशां बेगम व सहायक अध्यापक तरन्नुम परवीन उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर बनाकर अक्सर स्कूल से गायब रहती हैं। रजिस्टर पर फर्जी सीएल चढ़ाया जाता है। जब इसकी शिकायत की जाती है तो उनके साथ मारपीट की जाती है। इस पूरे प्रकरण की शिकायत वह जिलाधिकारी व बीएसए से भी कर चुकी हैं।

- पीड़ित शिक्षिका ने प्रधानाध्यापिका के खिलाफ थाने पर दी तहरीर

## वर्ग पहेली-67

**बाएं से दाएं**

1. महीने-महीने, हर महीने, मासिक, प्रतिमास।
3. रोब, रुआब, दबदबा।
6. आसमान में उड़ने वाला जहाज़, वायुयान।
9. बड़े-बड़े टुकड़ों वाला काला नमक।

**ऊपर से नीचे**

2. बेतार प्रणाली (वायरलैस) द्वारा इंटरनेट के माध्यम से कंप्यूटरों में परस्पर संपर्क स्थापित करने तथा सूचना एवं आँकडों को आदान-प्रदान करने का एक स्थानीय संचार जाल (लोकल एरिया नेटवर्क) जिसके लिए उच्च आवृति की रेडियो तरंगों का प्रयोग किया जाता है।
4. 1. किसी शुभ अवसर पर अथवा किसी अच्छे कार्य के पूर्ण होने पर दिया जाने वाला संदेशा, मुबारकबाद 2. शुभ अवसर पर गाया जाने वाला गाना; मंगलाचार 3. बधावा, उत्सव 4. उक्त शुभ अवसर पर संबंधियों को दिया जाने वाला धन।
5. 1. व्यवस्थापक 2. प्रबंध करने वाला, प्रबंधक 3. एक पदवी।
7. हाथी की पीठ पर रख कर ले जाई जाने वाली पुरानी तोप, गजनाल।
8. 1. स्वर्ग 2. पानी, जल 3. ब्रह्म 4. पृथ्वी 5. सहारा, आश्रय 6. दूध पीने वाला बछड़ा 7. किसी वस्तु को सुरक्षित रखने का स्थान 8. अग्नि 9. संमति।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | 4 |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ | |
| 5 | ■ | | ■ | ■ | ■ | |
| 6 | | | | 7 | | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | | ■ | 8 |
| | ■ | ■ | ■ | | ■ | |
| | ■ | 9 | | | | |

### वर्ग पहेली -66 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 सो | ■ | ■ | ■ | 2 जु | ■ |
| 3 जा | र | क | ■ | 4 अँ | ग | ना |
| ■ | दि | ■ | 5 उ | ■ | जु | ■ |
| 6 जी | व | नो | प | यो | गी | ■ |
| ■ | स | ■ | जी | ■ | ■ | 7 पू |
| 8 भा | ■ | ■ | व | ■ | ■ | र |
| 9 न | वी | नी | क | र | ण | ■ |

## सुडोकू -146

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | 2 | | 3 |
| | 2 | | | | 3 | | | 4 |
| | 5 | | | | | | | 7 |
| | | 3 | 4 | | | | | |
| | | 8 | | | | 9 | | |
| | | 1 | | 7 | 9 | 6 | | |
| 6 | | | 8 | | | | 1 | |
| 4 | | | 9 | | | | | |
| 7 | | 9 | | | | | | |

### सुडोकू -145 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 1 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 7 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 9 | 8 | 1 | 2 | 7 | 5 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 5 | 7 |
| 7 | 1 | 6 | 8 | 5 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 7 | 4 | 1 | 2 | 9 | 8 | 3 |
| 1 | 3 | 2 | 7 | 9 | 8 | 5 | 6 | 4 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 मई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 13 मई 02.03 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 10.27 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।


मेष
आज विवाह से जुड़े मामलों में परिवार में चर्चा हो सकती है। संभव है कि आप परिजनों के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जाएं। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। व्यवसाय में लाभ तो होगा, लेकिन तनाव भी बढ़ सकता है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।


वृष
आज प्रतिद्वंद्वी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे। वैवाहिक जीवन की परेशानियों का निवारण होगा। आप घर पर आराम करना पसंद करेंगे। धार्मिक कार्यों में आप काफी रुचि लेंगे। अधिकारियों से आपको काफी अच्छा सहयोग प्राप्त होगा। आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।


मिथुन
आज महंगे उत्पादों की खरीदारी में धन खर्च हो सकता है। गुप्त शत्रुओं से छुटकारा मिल सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण कार्यभार मिल सकता है। व्यापार में आपको पार्टनरशिप करनी पड़ सकती है।


कर्क
आज धन की उधारी करने से बचना चाहिए। परिजनों से आप नाखुश हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण हो सकता है। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करने से पहले आपको उसकी योजना अच्छी तरह से बना लेनी चाहिए।


सिंह
आज का दिन कार्यक्षेत्र के दृष्टिकोण से भाग्यशाली रहेगा। समाज में आपका यश बढ़ेगा। बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप अपनी कमियों का मूल्यांकन करेंगे जिससे आपके काम की गुणवत्ता में निखार आएगा।


कन्या
आज अटके हुए मामलों को समझदारी पूर्वक सुलझा लेंगे। पिता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपकी योजना सफल होगी। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। विदेशों में रह रहे प्रवासियों के लिए दिन शानदार है।


तुला
आज अपनी व्यवसायिक नीतियों में बदलाव ला सकते हैं। आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी, किंतु किसी पुरानी गलती को लेकर पश्चाताप होगा। आपको बोलते समय शब्दों पर नियंत्रण रखना चाहिए। छात्र पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे।


वृश्चिक
आज अपनी कार्यप्रणाली में कोई बड़ा बदलाव न करें। गर्भवती महिलाओं को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना होगा। शांत होकर परिस्थितियों का अवलोकन करें। असंतुलित खानपान के कारण गैस और पेटदर्द की समस्या हो सकती है।


धनु
आज राजनेताओं के जनसंपर्क का दायरा विस्तृत होगा। घर में मेहमानों का आगमन होने की संभावना है। योग और मेडिटेशन को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। बीमार लोगों की सेहत में सुधार देखने को मिलेगा।


मकर
आज गलतफहमी को लेकर रिश्तों में अनबन हो सकती है। भावनाओं में बहकर महत्वपूर्ण बातों को सबके सामने शेयर न करें। व्यवसाय में गति सामान्य रहेगी। आपको कारोबार में बड़े बदलाव करने से बचना चाहिये। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है।


कुंभ
आज सरकारी जॉब कर रहे लोग छुट्टी के लिए विचार कर सकते हैं। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। घर के लिए किसी महंगे सामान की खरीदारी कर सकते हैं। अपने लक्ष्यों को लेकर एकाग्र रहेंगे, लेकिन आप अपनी उपलब्धियों से सतुष्ट नहीं रहेंगे।


मीन
आज युवाओं को अपने करियर की चिंता रहेगी। अनावश्यक यात्रा करनी पड़ सकती है। धार्मिक क्रियाओं में आपका मन लगेगा। पीठ के दर्द से जूझना पड़ सकता है। घर के सदस्यों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | होते होते प्यार हो गया | दोपहर : 12.00 |
| B4U Movies | देवता | रात : 07.48 |
| &pictures | सर्कस | सुबह : 10.57 |
| &pictures | कंजूस मक्खीजूस | रात : 08.00 |
| Sony Pix | सीजे 7 | सुबह : 11.09 |
| Sony Pix | जस्टिस लीग | रात : 09.00 |
| Zee Cinema | ब्लैंक | सुबह : 09.10 |
| Zee Cinema | भारत | शाम : 04.25 |
| Colors Cineplex | रुध्रन | दोपहर : 01.11 |
| Colors Cineplex | ओएमजी 2 | शाम : 06.30 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 04.25 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा- यह सामने वाला होटल कितना साफ है। हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा-मेहरबानी करो यार, कम-से-कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बाते मत किया करो।

लड़के वाले- आपकी लड़की क्या करती है?
लड़की वाले- जी, इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट का काम करती है।
लड़के वाले- समझे नहीं।
लड़की वाले- गूगल से शायरियां उठाती है और वाट्सऐप पर चिपकाती है।

# पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत का : शाह

## तेलंगाना के विकाराबाद और नागरकुर्नूल की चुनावी रैली में केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस को घेरा

हैदराबाद, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और उसके नेताओं पर तीखा प्रहार करते हुए शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम होने के डर से सबसे पुरानी पार्टी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर भारत का अधिकार छोड़ना चाहती है। राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के आखिरी दिन तेलंगाना के विकाराबाद और नागरकुर्नूल में चुनावी रैलियों में शाह ने याद दिलाया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आज ही के दिन 1998 में पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था और देश को परमाणु शक्ति बनाया था।



● देश की पुरानी पार्टी के पास सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमला करने का साहस नहीं

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पास सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले करने का साहस नहीं है। देश पर पाकिस्तानी आतंकवादियों के हमले के दस दिन में प्रधानमंत्री मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक एवं हवाई हमले किए और आतंकवादियों का खात्मा कर दिया।

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर एवं नेशनल कांफ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला के पाकिस्तान के पास परमाणु बम होने संबंधी बयान पर शाह ने कहा कि वह राहुल गांधी से पूछना चाहते हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है इसलिए क्या पाक के कब्जे वाले कश्मीर को पड़ोसी देश को दे देना चाहिये। जब तक यहां भाजपा है, ऐसा कभी नहीं हो सकता और पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे। शाह ने कहा कि परमाणु बम के डर से वे पीओके पर हमारा अधिकार छोड़ना चाहते हैं। लेकिन आप चिंता न करें, मोदी जी फिर से प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और पाकिस्तान की गोलियों का जवाब तोप से दिया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की कथित टिप्पणी कि तेलंगाना के लोगों का कश्मीर से क्या लेना देना है, शाह ने कहा तेलंगाना के युवा कश्मीर के लिये अपनी जान दे सकते हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की टिप्पणी पर शाह ने कहा कि रेवंत रेड्डी आपका दिमाग ठिकाने पर नहीं है। क्या आपने इसे इटली में रखा है। रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को कहा था कि पुलवामा हमला खुफिया विफलता का नतीजा था। मोदी ने पुलवामा घटना के बाद सर्जिकल स्ट्राइक से राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की। मेरा मोदी से सवाल है कि आप क्या कर रहे हैं?

### आतंकवाद के प्रति कांग्रेस का रुख नरम : सीतारमण



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि आतंकवाद के प्रति उसका रुख नरम रहा है। आपने कांग्रेस की दस साल के शासनकाल के दौरान देखा कि कैसे आतंकवादी हमलों को बर्दाश्त किया गया.... उपयुक्त जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के युवाओं के साथ संवाद के दौरान कहा कि वे इस हद तक पाकिस्तान को डोजियर भेजने में यकीन करते थे कि आपको स्मरण आएगा कि मुंबई में हमला कराने वालों को दंडित नहीं किया गया। सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर 26/11 के आतंकवादी हमले के बाद इस डर से कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया कि उसका 'वोटबैंक' खिसक जाएगा। सीतारमण ने कहा कि भारत उस दौर को कभी नहीं भुला पाएगा जब देश में बार-बार आतंकवादी हमले होते थे और कांग्रेस के नेता आतंकवाद के अपराधियों के साथ बैठा करते थे।

# स्पष्ट करें, छेड़खानी के आरोपों पर राज्यपाल को इस्तीफा क्यों नहीं देना चाहिए : ममता

सप्तग्राम (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को राज्यपाल सी वी आनंद बोस पर लगे छेड़खानी के आरोपों को लेकर उनकी आलोचना की और कहा कि उनको यह स्पष्ट करना चाहिए कि उन्हें पद से इस्तीफा क्यों नहीं दे देना चाहिए।

हुगली लोकसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार रचना बनर्जी के समर्थन में चुनावी रैली में मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक बोस राज्यपाल बने रहेंगे तब तक वह राजभवन के अंदर कदम नहीं रखेंगी। तृणमूल प्रमुख ने कहा, राज्यपाल कहते हैं कि दीदीगीरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी... लेकिन, श्रीमान राज्यपाल मैं कहती हूं कि आपकी दादागीरी अब काम नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि बोस को साफ



● 24 अप्रैल और दो मई को महिला कर्मी से छेड़खानी का सीवी आनंद बोस पर लगा आरोप

करना चाहिए कि उनके खिलाफ इस तरह के आरोप लगाए जाने के बाद उन्हें इस्तीफा क्यों नहीं देना चाहिए। राजभवन की एक संविदा महिला कर्मचारी ने पिछले हफ्ते कोलकाता पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि बोस ने 24 अप्रैल और दो मई को राजभवन में उसके साथ छेड़खानी की थी। बोस ने अपने खिलाफ लगाए आरोपों पर स्थिति स्पष्ट करने के लिए नौ मई को राजभवन की कई सीसीटीवी फुटेज दिखाई थीं। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्यपाल ने संपादित वीडियो जारी किया। मैंने पूरी फुटेज देखी है।

### महिला कर्मचारी से दुर्व्यवहार की मंत्री ने की आलोचना

**कोलकाता।** प. बंगाल के मंत्री अखिल गिरि ने राजभवन की अस्थायी कर्मचारी से राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा कथित तौर पर दुर्व्यवहार किए जाने की आलोचना की। राज्य के पूर्व मेदिनीपुर जिले के रामनगर में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार उत्तम बारिक के समर्थन में सार्वजनिक रैली में प्रशासनिक सुधार मंत्री गिरि ने कहा कि राज्यपाल बूढ़े हो गए हैं और अत्यधिक गर्मी से अपना आपा खो बैठे हैं। उन्होंने आकर्षित होकर राजभवन की एक महिला कर्मचारी बांहों में खींच लिया होगा। अगर ऐसा है तो उन्हें दक्षिण भारत जाने दें और इस कृत्य को दोहराने दें।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्ग 43 गुमला-रांची मार्ग पर बतौली थाना क्षेत्र अंतर्गत शांतिपारा के पास दो वाहनों में आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गये। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। शव वाहन में फंसे होने की वजह से पुलिस द्वारा गैस कटर मशीन से वाहन को काट शवों को निकाला गया। बतौली पुलिस के अनुसार शुक्रवार देर रात तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई थी। बताया जा रहा है कि कार अंबिकापुर से सीतापुर की ओर तथा दूसरा वाहन सीतापुर से अंबिकापुर की ओर आ रहा था तभी यह हादसा देखने को मिला।

### दो पक्षों में संघर्ष में दो की मौत, एक दर्जन घायल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के भोपाल जिले के नजीराबाद थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए संघर्ष में दो लोगों की मौत हो गई और लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नजीराबाद इलाके के शुक्ला गांव में जमीन को लेकर दो परिवारों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। शनिवार सुबह जमीन पर कब्जे को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इसी दौरान जसवंत गुर्जर और रंगलाल गुर्जर पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया गया, जिससे उनकी मौत हो गई।

# एसआईटी जांच संबंधी याचिका पर जल्द होगी सुनवाई

कोलकाता, एजेंसी

**चुनावी बॉण्ड घोटाला**

● वकील प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की निगरानी में एसआईटी के गठन की उठाई मांग

वकील प्रशांत भूषण ने चुनावी बॉण्ड को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में सबसे बड़ा घोटाला करार देते हुए शनिवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय उस याचिका पर शीघ्र सुनवाई शुरू करेगा जिसमें कॉरपोरेट संस्थाओं और राजनीतिक दलों के बीच लाभ लेकर फायदा पहुंचाने की कथित व्यवस्था की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराए जाने का अनुरोध किया गया है।

उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में एक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष एसआईटी का गठन किया जाना चाहिए। भूषण ने कोलकाता प्रेस क्लब में कहा, शीर्ष अदालत में दायर की गई उस याचिका पर जल्द सुनवाई शुरू होगी जिसमें एसआईटी गठित करने का अनुरोध किया गया है। उच्चतम न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में एक निष्पक्ष एसआईटी का गठन किया जाना चाहिए। एसआईटी में सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को शामिल नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि वे भी इस मामले में आरोपी हैं। भूषण ने कहा कि जांच से पता चलेगा कि चुनावी बॉण्ड घोटाले में कौन शामिल था और राजनीतिक दलों से पैसा कैसे वसूला जा सकता है।

# झारखंड के माओवादी क्षेत्र में चुनाव कर्मियों को हवाई मार्ग से पहुंचा रहा निर्वाचन आयोग

**रांची।** झारखंड में मतदान शुरू होने में 36 घंटे शेष हैं लेकिन नक्सल प्रभावित सिंहभूम क्षेत्र में ट्रेन और हेलीकॉप्टर से चुनाव कर्मियों को भेजने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कई क्षेत्रों में पहली बार या कई दशकों के बाद मतदान होने जा रहा है। सिंहभूम लोकसभा सीट एशिया के सबसे घने साल जंगल 'सारंडा' का भी घर है, जो देश में वामपंथी उग्रवाद से ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में से है। पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप चौधरी ने कहा कि 95 मतदान दलों को शनिवार को चक्रधरपुर से राउरकेला के लिए विशेष ट्रेन से रवाना किया गया। मनोहरपुर, जराइकेला और पोसैता स्टेशन पर पहुंचने के बाद, वे अपने मतदान केंद्रों तक वाहन से या पैदल पहुंचेंगे।

# सोरेन के खिलाफ धन शोधन में तीन और गिरफ्तार

नई दिल्ली/रांची, एजेंसी

● संजीत कुमार, मोहम्मद इरशाद और तापस घोष को ईडी ने जालसाजी के आरोप में पकड़ा

ईडी ने शनिवार को कहा कि इसने कथित तौर पर भूमि कब्जा करने से जुड़े धन शोधन मामले के सिलसिले में तीन और गिरफ्तारियां की हैं। मामले में ईडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कुछ अन्य को गिरफ्तार किया था।

ईडी के अनुसार धन शोधन (निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत नौ मई को संजीत कुमार, मोहम्मद इरशाद और तापस घोष को हिरासत में लिया गया था। संघीय एजेंसी ने कहा कि इनको छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम के तहत निर्धारित गैर-बिक्री योग्य भूमि के उपयोग की प्रकृति में बदलाव के लिए भू अभिलेखों की जालसाजी, उनमें छेड़छाड़ करने और फर्जी दस्तावेज तैयार करने में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया है। कुमार और घोष रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस में संविदा कर्मचारी हैं। सोरेन सहित, आईएएस अधिकारी छवि रंजन, राजस्व विभाग के पूर्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद और अन्य को ईडी ने जांच के तहत गिरफ्तार किया है। ईडी ने जांच में पाया कि उपरोक्त आरोपियों द्वारा फर्जीवाड़ा और जालसाजी से हासिल की भूमि हेमंत सोरेन के अवैध कब्जे में है।

# सेना के जवान की ससुर ने की हत्या

● वैवाहिक विवाद को लेकर बेटी की पिटाई से नाराज पिता ने गुस्से में मारी गोली

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शनिवार को सैनिक की उसके ससुर ने कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि केम्बल डांगा गांव में विलेज डिफेंस गार्ड (वीडीजी) के सदस्य दौलत राम ने अपने दामाद एवं सेना के जवान अमित सिंह पर कथित तौर पर गोली चलाई, जिससे उनकी मौत हो गई। पनासा गांव निवासी दौलत राम छुट्टी पर आए अपने दामाद अमित से मिलने पहुंचा था। जब दौलत राम को पता चला कि अमित सिंह ने वैवाहिक विवाद को लेकर अपनी पत्नी की पिटाई की है तो उसने गुस्से में आकर गोली चला दी, जिससे अमित घायल हो गए। गोलीबारी की घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा और अमित सिंह तथा उनकी पत्नी को अस्पताल पहुंचाया। अमित की पत्नी भी पिटाई से घायल हुई हैं।

### धमतरी-गरियाबंद जिले की सीमा पर मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के धमतरी और गरियाबंद जिलों की सीमा पर शनिवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

धमतरी जिले के पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि यह मुठभेड़ शनिवार दोपहर तब हुई जब धमतरी से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) का एक दल नक्सल विरोधी अभियान पर निकला था। उन्होंने बताया कि गोलीबारी रुकने के बाद सुरक्षाबलों ने एक नक्सली का शव बरामद किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मारे गए नक्सली की पहचान अब तक नहीं हो पाई है और आस-पास के इलाकों में अब भी तलाश जारी है।

# हैरान हूं, आयोग ने मेरी शिकायतों की अनदेखी की

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि निर्वाचन आयोग ने उनके द्वारा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं को लिखे पत्र का जवाब देने का तो फैसला किया, लेकिन उनके द्वारा सीधे आयोग में की गई शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों को संबोधित पत्र में उन्होंने कहा कि आयोग सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं के दिए घोर सांप्रदायिक और जातिवादी बयानों से निपटने में तत्परता नहीं दिखा रहा है यह हैरान करने वाला है। पहले दो चरणों के मतदान के आंकड़े जारी करने में निर्वाचन आयोग की देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए खरगे द्वारा 'इंडियन



● मुख्य निर्वाचन आयुक्त को कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा पत्र

नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' के नेताओं को लिखे गए पत्र के जवाब में, आयोग ने शुक्रवार को इसे स्पष्टीकरण मांगने की आड़ में पूर्वाग्रहपूर्ण विमर्श को आगे बढ़ाने का प्रयास बताया था।

खरगे ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से गठबंधन सहयोगियों को संबोधित एक खुला पत्र था, न कि आयोग को। खरगे ने शनिवार को निर्वाचन आयोग के भेजे अपने पत्र में कहा, आश्चर्य की बात है कि भारत निर्वाचन आयोग इस पत्र का जवाब देना चाहता था, जबकि सीधे तौर पर दी गई कई अन्य शिकायतों को नजरअंदाज कर रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग का पत्र एक तरफ कहता है कि आयोग नागरिकों के सवाल पूछने के अधिकार का सम्मान करता है और दूसरी तरफ, नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह के रूप में धमकाता है। मुझे खुशी है कि आयोग समझता है कि उसे संविधान के तहत निर्बाध, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का अधिकार है। हालांकि, चुनावी प्रक्रिया को दूषित करने वाले सत्ताधारी दल के नेताओं द्वारा दिए जा रहे घोर सांप्रदायिक और जातिवादी बयानों के खिलाफ कार्रवाई करने में आयोग द्वारा दिखाई गई तत्परता की कमी हैरान करने वाली लगती है।

### अगर अंबानी, अडाणी कांग्रेस को काला धन भेज रहे थे तो मोदी सरकार ने कार्रवाई क्यों नहीं की

**समस्तीपुर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि अगर उनके आरोप के अनुसार उद्योगपति मुकेश अंबानी एवं गौतम अडाणी कांग्रेस को काला धन भेज रहे थे तो उनकी सरकार ने इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की। बिहार के समस्तीपुर में चुनावी रैली में खरगे ने कहा कि मोदी भारत के प्रधानमंत्री केवल इसलिए बन सके क्योंकि कांग्रेस ने इसकी आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री कहते हैं कि हम अंबानी और अडाणी पर चुप हैं, हम चुप नहीं हैं... मैं पूछ रहा हूं कि अगर उनके आरोप के अनुसार, हमें इन उद्योगपतियों से काला धन प्राप्त हुआ तो उनकी सरकार ने इस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। क्या ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्होंने स्वयं काला धन प्राप्त किया था।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-995 फ्लैग-1115 डीएमओ-880 बोल्ड-1165
**चन्दौसी :** शिवालिक- 1000 फ्लैग-1110 बोल्ड- 1160 डीएमओ- 950

### मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव : दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88-90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118-125 रुपये उड़द : 95 -101 रुपये धोआ उड़द : 110-120 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

### आईआईएचएल की बोली को सैद्धांतिक मंजूरी

**नई दिल्ली।** बीमा क्षेत्र के नियामक इरडा ने रिलायंस कैपिटल के अधिग्रहण के लिए हिंदुजा समूह की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) की बोली को सशर्त मंजूरी दे दी है। आईआईएचएल के एक प्रवक्ता ने कहा कि हमें अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर 10 मई को इरडा से मंजूरी मिलने की खुशी है। मंजूरी कुछ नियामक, वैधानिक और न्यायिक मंजूरियों/ अनुपालनों के अधीन है। प्रवक्ता ने कहा कि आईआईएचएल अधिग्रहण को जल्द पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसका लक्ष्य एनसीएलटी की निर्धारित तिथि 27 मई तक इसे पूरा करने का है। इससे पहले आईआईएचएल के चेयरमैन अशोक हिंदुजा ने कहा था कि आईआईएचएल इस सौदे के लिए नवंबर से ही भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के संपर्क में है। उन्होंने कहा था कि आईआईएचएल इरडा की मंजूरी के 48 घंटे के भीतर बोली राशि का भुगतान करके सौदा पूरा कर लेगी। आरकैप की 9,650 करोड़ की खरीद के लिए राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण की 27 मई की समयसीमा खत्म होने में कुछ दिन बचे हैं।

# 15 हजार महिलाएं करेंगी ड्रोन से खेती

## ड्रोन दीदी योजना के लिए महिंद्रा और कौशल विकास तथा उद्यमिता मंत्रालय ने की साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

कृषि उपकरण निर्माता कंपनी और ट्रैक्टर निर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने ड्रोन दीदी योजना के तहत दो पायलट परीक्षण करने के लिए कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के साथ एक समझौता किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस साल के आरंभ में शुरू की गई इस योजना का लक्ष्य 15,000 महिलाओं को उर्वरक बुआई, फसल निगरानी और बीज बुआई जैसे कृषि उद्देश्यों के लिए ड्रोन संचालन के लिए प्रशिक्षित करना है, जिससे नई प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में कौशल प्रदान करके महिलाओं के लिए आजीविका के नए अवसर पैदा हो सकें। इस साझेदारी के तहत, महिंद्रा और एमएसडीई हैदराबाद और नोएडा में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) में 500 महिलाओं को कौशल प्रदान करने के लिए दो पायलट कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसमें केवल 20 महिलाओं वाले विशेष बैच होंगे।



● फसल निगरानी और बुआई जैसे कृषि उद्देश्यों के लिए ड्रोन संचालन का दिया जाएगा प्रशिक्षण

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा अनुमोदित 15 दिवसीय पाठ्यक्रम इन केंद्रों पर आरपीटीओ (रिमोट पायलट प्रशिक्षण संगठन) प्रशिक्षकों के माध्यम से वितरित होगा। महिंद्रा ग्रुप के ग्रुप सीईओ और एमडी डॉ. अनीश शाह ने कहा, हमारे इस उदयोन्मुखी दर्शन के अनुरूप, महिंद्रा ग्रुप महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्हें वर्कफोर्स में शामिल होने और आर्थिक स्वतंत्रता हासिल करने के लिए कौशल प्रदान किया जाएगा। एमएसडीई के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने कहा कि हम व्यापक प्रशिक्षण के लिए उनकी कृषि विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। कृषि में ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लक्ष्य के साथ हैदराबाद और नोएडा में दो एनएसटीआई को पायलट कार्यक्रम के लिए चुना गया है। राष्ट्र निर्माण के लिए महिलाओं को कुशल बनाने का हमारा यह मिशन, विशेष रूप से उभरते व्यवसायों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ड्रोन दीदी कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन के माध्यम से यह सहयोग आगे भी बरकरार रहेगा।

### जहीराबाद, तेलंगाना और नागपुर, महाराष्ट्र में दिया जाएगा प्रशिक्षण

प्रशिक्षण केन्द्रों पर एनएसटीआई प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने के लिए बुनियादी ढांचा, प्रतिभागियों के लिए छात्रावास सुविधा प्रदान करेगा और भागीदारी बढ़ाने के लिए स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों और गैर सरकारी संगठनों से संपर्क करेगा। महिंद्रा समूह सिमुलेशन मशीनरी/ड्रोन, सिम्युलेटर नियंत्रक, सिम्युलेटर सॉफ्टवेयर, आई5 प्रोसेसर और प्रशिक्षकों के साथ कंप्यूटर के माध्यम से प्रारंभिक सेट-अप सहायता प्रदान करेगा और डीजीसीए लाइसेंस धारक प्रशिक्षकों की लागत सहित पायलट परियोजना की अवधि के लिए परिचालन लागत को पूरा करेगा। देश भर में चिह्नित एनएसटीआई/आईटीआई में ड्रोन दीदी योजना को आगे बढ़ाने में एमएसडीई की सहायता करेगें। योजना आगे बढ़ाने के लिए, महिंद्रा जल्द ही जहीराबाद, तेलंगाना और नागपुर, महाराष्ट्र में कंपनी के कौशल केंद्रों में महिलाओं के लिए ड्रोन प्रशिक्षण शुरू करेगी।

# ऑस्ट्रेलिया में लिथियम संपत्ति का अधिग्रहण करने की तैयारी में खनिज विदेश इंडिया

नई दिल्ली, एजेंसी

खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड (काबिल) को इस साल ऑस्ट्रेलिया में लिथियम ब्लॉक हासिल करने की उम्मीद है। खान सचिव वीएल कांथा राव ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि विदेश में खनिज संपत्तियों की खोज के तहत काबिल पिछले साल से ऑस्ट्रेलिया में काम कर रहा है। राव ने यहां काबिल के पंजीकृत कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर कहा, काबिल के ऊपर अन्य देशों पर ध्यान देने की जिम्मेदारी है। हमें ऑस्ट्रेलिया में अपने प्रयासों को बढ़ाना होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान हम एक और संपत्ति को लक्षित करें।

काबिल का स्वामित्व तीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को), हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) और मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (एमईसीएल) के पास है। उन्होंने अगले



● खनिज संपत्तियों की खोज के तहत पिछले साल से ऑस्ट्रेलिया में काम कर रहा है काबिल

अधिग्रहण के बारे में बताया, मैं उम्मीद कर रहा हूं कि यह ऑस्ट्रेलिया होना चाहिए, क्योंकि हम (वहां) पिछले साल से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना के विपरीत, ऑस्ट्रेलिया थोड़ा महंगा होगा, इसलिए काबिल की चुकता पूंजी बढ़ानी होगी।

इस समय काबिल की चुकता पूंजी 100 करोड़ रुपये है। राव ने बताया, हम 500 करोड़ रुपये तक जाने के लिए अधिकृत हैं और हमारे पास 200 करोड़ रुपये तक की मंजूरी है। उन्होंने कहा कि अगले दो से तीन वर्षों में अर्जेंटीना के लिथियम ब्लॉकों में खनन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 86300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 95000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74700 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55650-55850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 84,100 |
| चांदी तैयार | 84,000 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 73000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 72000 |
| चांदी पक्की | 825 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,100 |
| चांदी आभूषण | 83,500 |

# एक जून से बेंगलुरु-देवघर के बीच सीधी उड़ान शुरू करेगी इंडिगो

कोलकाता, एजेंसी

इंडिगो ने एक जून से झारखंड के देवघर और बेंगलुरु के बीच सीधी उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। सीधी उड़ानें सप्ताह में तीन बार मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को संचालित होंगी।

एयरलाइन ने बताया कि उड़ान संख्या 6ई 6435 बेंगलुरु से सुबह 10.05 बजे उड़ान भरेगी और दोपहर 12.25 बजे देवघर पहुंचेगी। वापसी की उड़ान 6ई 6437 दोपहर 12.55 बजे देवघर से रवाना होगी और 3.25 बजे बेंगलुरु में उतरेगी। इंडिगो ने कहा कि नया मार्ग भारत के दक्षिणी



हिस्से से झारखंड के प्रसिद्ध धार्मिक केंद्रों तक संपर्क बढ़ाएगा। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा कि बेंगलुरु और देवघर के बीच सीधी उड़ान से न केवल ग्राहकों को झारखंड के पवित्र शहर तक पहुंच मिलेगी, बल्कि छात्रों और रोजगार चाहने वालों को भी सुविधा होगी। देवघर प्रसिद्ध बैद्यनाथ मंदिर है, जो भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में एक है।

### गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस का आईपीओ 15 मई को खुलेगा

**अहमदाबाद।** गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम आईपीओ 15 मई को खुलेगा। कंपनी ने शनिवार को बयान दिया कि आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 15 मई बुधवार को खुलेगा और 17 मई शुक्रवार को बंद होगा। प्राइस बैंड 258 से 272 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया है। निवेशक न्यूनतम 55 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। 55 शेयरों के मल्टीपल यानी गुणक में बोली लगाई जा सकती है। दस रुपये प्रति इक्विटी शेयर की फेस वैल्यू वाला यह ऑफर फ्रेश इश्यू और ओएफएस यानी ऑफर फॉर सेल का मिक्स है।

# भारत का कपास निर्यात 27 % बढ़कर 28 लाख गांठ होने का अनुमान

मुंबई, एजेंसी

भारतीय कपास संघ (सीएआई) ने शनिवार को अनुमान लगाया कि 24 सितंबर को समाप्त होने वाले फसल वर्ष 2023-24 के दौरान कपास निर्यात लगभग 27 प्रतिशत बढ़कर 28 लाख गांठ हो जाएगा।

सीएआई ने कहा कि फसल सत्र 2022-23 (अक्टूबर-सितंबर) में कपास का निर्यात 22 लाख गांठ था। एक गांठ 170 किलोग्राम के बराबर होती है। सीएआई के अध्यक्ष अतुल गनात्रा ने बताया कि दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के दौरान



● अंतर्राष्ट्रीय कीमतों की तुलना में 8-10 प्रतिशत कम होने से भारतीय कपास की मांग बढ़ी

कीमतें अंतर्राष्ट्रीय कीमतों की तुलना में 8-10 प्रतिशत कम होने के कारण भारतीय कपास की मांग बढ़ गई। हमारा कपास मुख्य रूप से बांग्लादेश, चीन और वियतनाम जैसे देशों को निर्यात किया जाता है। सीएआई ने वर्ष 2023-24 के लिए कपास उत्पादन 309.70 लाख गांठ होने का अनुमान लगाया है, जो पिछले महीने के अनुमान के समान है। हालांकि उत्पादन पिछले सत्र के 318.90 लाख गांठ से कम रहने की उम्मीद है।

अप्रैल 2024 के अंत तक कुल कपास आपूर्ति 315.86 लाख गांठ होने का अनुमान है। अप्रैल 2024 तक कपास की अनुमानित खपत 192.50 लाख गांठ है जबकि निर्यात 21.50 लाख गांठ आंका गया है।

## आज का मुकाबला

चेन्नई सुपरकिंग्स
बनाम
राजस्थान रॉयल्स
दोपहर 3:30 बजे

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
दिल्ली कैपिटल्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 12 | 20 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 12 | 634 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 11 | 533 |

## रॉयल्स को हराकर सीएसके मजबूत करना चाहेगी दावा

चेन्नई, एजेंसी



चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल के प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को मजबूत करने के लिए राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। सुपर किंग्स की टीम अभी 12 मैच में 12 अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर है लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुक्रवार को हार के कारण उस पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है और उसे अब बाकी बचे दोनों मैच में जीत दर्ज करने की जरूरत है।

दूसरी तरफ रॉयल्स के 16 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है लेकिन पिछले दो मैच में सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार के कारण उसका मनोबल गिरा है। रॉयल्स की टीम पर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने का खतरा नहीं मंडरा रहा है लेकिन संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम नॉकआउट चरण से पहले जीत की राह पर लौट के लिए बेताब होगी। सुपर किंग्स को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सबसे बड़ी निराशा शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों अजिंक्य रहाणे, रचिन रविंद्र और कप्तान रुतुराज गायकवाड से मिली। यह तीनों बल्लेबाज रॉयल्स के खिलाफ उसकी भरपाई करना चाहेंगे। डेरिल मिचेल और मोईन अली का अच्छा प्रदर्शन सुपर किंग्स के लिए इस मैच में सकारात्मक पहलू रहा। विश्व कप टीम में चुने गए शिवम दुबे गुजरात के खिलाफ 13 गेंद पर 21 रन ही बना पाए थे।

## अब भी प्लेआफ में जा सकती है गुजरात, चमत्कार होते हैं : गिल

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल को उम्मीद है कि उनकी टीम आईपीएल के प्लेआफ में जगह बनायेगी हालांकि चेन्नई सुपर किंग्स को 35 रन से हराने के बावजूद उसके लिए राह आसान नहीं है।

गुजरात 12 मैचों में 10 अंक लेकर आठवें और चेन्नई 12 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। गिल ने कहा हमारी क्वालीफाई करने की संभावना 0.1 या 1 प्रतिशत है। हम सभी को लगता है कि हम अभी भी प्लेआफ में जगह बना सकते हैं। क्योंकि मैने देखा है कि इस टीम ने चमत्कार किए हैं और हम फिर कर सकते हैं। चेन्नई के खिलाफ शतक जमाकर टीम को तीन विकेट पर 231 रन तक पहुंचाने वाले गिल का मानना है कि उनकी टीम कुछ रन पीछे रह गई। 15 ओवर में बिना किसी नुकसान के स्कोर 195 रन था और 250 तक पहुंचना चाहिए था।



### धीमी ओवरगति के लिए गिल पर लगा जुर्माना

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया है। यह टीम का इस सत्र में धीमी ओवरगति का दूसरा अपराध था। इसके लिए हर खिलाड़ी पर छह लाख रूपये या मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया है।

## आरसीबी के लिए दिल्ली से करो या मरो का मुकाबला

बेंगलुरु, एजेंसी



लगातार चार मैच जीतकर प्लेआफ की दौड़ में बनी हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को अपना दावा बनाए रखने के लिए आज दिल्ली कैपिटल्स को हर हालत में हराना होगा। आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को दो बार हराने के अलावा पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद को हराया है। गुजरात और पंजाब से आरसीबी को कोई चुनौती नहीं मिली और सनराइजर्स को उसने करीबी मुकाबले में हराया। दूसरी ओर दिल्ली के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली टीम ने 27 अप्रैल को मुंबई इंडियंस पर दस रन से मिली जीत में चार विकेट पर 257 रन बनाये थे तो 29 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ नौ विकेट पर 153 रन ही बना सकी।

आरसीबी 12 मैचों में 10 अंक लेकर सातवें स्थान पर है और अब हारने से उसके लिये रास्ते बंद हो जाएंगे। कोहली के अलावा कप्तान फाफ डु प्लेसी, रजत पाटीदार, कैमरन ग्रीन और दिनेश कार्तिक ने भी अच्छा पारियां खेली हैं। वहीं, दिल्ली के जैक फ्रेसर मैकगुर्क के सामने होगी जो 235.87 के स्ट्राइक रेट से सात मैचों में 309 रन बना चुके हैं। सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने भी 157 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं पर प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखी।

## खेल डायरी

### स्ट्राइक रेट बेहतर करने की जरूरत : यूनिस खान



**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान यूनिस खान ने बाबर आजम, फखर जमां और मोहम्मद रिजवान जैसे अन्य अनुभवी खिलाड़ियों को आधुनिक क्रिकेट की आवश्यकताओं के अनुरूप स्ट्राइक रेट बढ़ाने की सलाह दी है। यूनिस ने कहा कि खिलाड़ियों को टी 20 प्रारूप में किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहना चाहिए। इसी तरह गेंदबाजों को दबाव की स्थिति में गेंदबाजी करने के लिए तैयार रहना चाहिए। पाकिस्तान को 2009 में टी20 विश्व कप खिताब दिलाने वाले यूनिस ने कहा मुझे लगता है कि बाबर, रिजवान, फखर जैसे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को स्ट्राइक रेट पर काम करना शुरू करना होगा।

### विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप के दूसरे दौर में रमित

**नई दिल्ली।** भारत के रमित टंडन ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के फराज खान को हराकर काहिरा में चल रही विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 36वें नंबर के खिलाड़ी और इस टूर्नामेंट में सीधा प्रवेश पाने वाले टंडन ने विश्व में 57वें नंबर के अमेरिकी खिलाड़ी को केवल 13 मिनट में 11-1, 11-3, 11-3 से करारी शिकस्त दी। इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे एकमात्र भारतीय खिलाड़ी टंडन का अगला मुकाबला रविवार को इंग्लैंड के सातवीं वरीयता प्राप्त मोहम्मद अल शोरबागी से होगा।

### नडाल इटैलियन ओपन में हुर्काज से हारे

**रोम।** राफेल नडाल डेढ़ साल में पहली बार शीर्ष 10 के खिलाड़ी के सामने थे लेकिन उन्हें इटैलियन ओपन के तीसरे दौर में नौवीं रैंकिंग के हुबर्ट हुर्काज से हार का सामना करना पड़ा। नडाल अपने पसंदीदा क्ले कोर्ट पर हुर्काज से 1-6, 3-6 से हार गए। अब हुर्काजा का सामना टॉमस एचेवेरी से होगा जिन्होंने थियागो सेबोथ को 6-3, 7-5 से मात दी। अगर नडाल फ्रेंच ओपन में अंतिम बार प्रतिस्पर्धी होना चाहते हैं तो उन्हें 26 मई से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट से पहले कड़ा अभ्यास करना होगा। नडाल पहले ही संकेत दे चुके हैं कि यह टूर पर उनका अंतिम सत्र होगा।

### धीमी ओवर गति के कारण हुआ पंत का निलंबन




**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत आरसीबी के खिलाफ आज के अहम मैच में नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें मौजूदा सत्र में तीन बार धीमी ओवर गति के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सात मई को दिल्ली कैपिटल्स की 20 रन की जीत के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए पंत पर 30 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था। दिल्ली कैपिटल्स की टीम इस मैच के आखिरी ओवर में तय समय से 10 मिनट पीछे थी। ऋषभ पंत पर सात मई 2024 को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ धीमी ओवर गति के कारण आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया है और उन्हें एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है।

### वेस्टइंडीज ने जारी किया वार्षिक कार्यक्रम

**मुबंई।** वेस्टइंडीज की टीम 23 मई से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 शृंखला खेलेगी। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने इस साल के अपने घरेलू अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम की घोषणा की है जिसके अनुसार टीम मई से दिसंबर के बीच दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और बांग्लादेश के खिलाफ मैच खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका सीरीज के तुरंत बाद टी20 विश्व कप की शुरुआत होगी, जिसकी सह मेजबानी अमेरिका के साथ वेस्टइंडीज कर रहा है। विश्व कप के बाद जुलाई में टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज, इंग्लैंड की मेजबानी करेगा। अगस्त में साउथ अफ्रीकी टीम फिर से वेस्टइंडीज पहुंचेगी, जहां उन्हें दो टेस्ट और तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलना है। टेस्ट सीरीज से पहले दोनों टीमों के बीच टारौबा में चार दिनों का एक अभ्यास मैच भी होगा। नवंबर में फिर से इंग्लैंड की टीम तीन वनडे और पांच टी20 मैचों के लिए कैरेबियन द्वीप का दौरा करेगी।

# केकेआर ने मुंबई को दिया 157 का लक्ष्य

## बारिश के बाद 16-16 ओवर का हुआ मुकाबला, वेंकटेश ने खेली 42 रनों की पारी, बुमराह और पीयूष को मिले दो-दो विकेट




कोलकाता, एजेंसी

मुंबई इंडियंस की अनुशासित गेंदबाजी के सामने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में वेंकटेश अय्यर की 21 गेंद में 42 रन के बावजूद सात विकेट पर 157 रन ही बना सकी।

बारिश के कारण मैच एक घंटा 45 मिनट की देरी से शुरू हुआ और इसे 16-16 ओवर का कर दिया गया जिसके बाद मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। वेंकटेश अय्यर ने हैमस्ट्रिंग से जूझते हुए केकेआर को सत्र की सबसे खराब शुरुआत से उबारा।ऊंगली की चोट के कारण 11 मैच नहीं खेलने वाले उप कप्तान नितीश राणा (23 गेंद में 33 रन) ने रन आउट होने से पहले अय्यर के साथ 24 गेंद में 37 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी बनाई, लेकिन मुंबई ने लेग स्पिनर पीयूष चावला की मदद से वापसी की, जिन्होंने अपने तीन ओवरों में 38 रन देकर दो विकेट झटके। उन्होंने वेकेंटेश अय्यर और आंद्रे रसेल (14 गेंद, 24 रन) के दो महत्वपूर्ण विकेट लिए। रसेल आक्रामक मूड में दिख रहे थे जिससे केकेआर की टीम कुछ अतिरिक्त रन जुटाने से वंचित रह गई। बुमराह (चार ओवर में 39 रन पर दो विकेट) ने रिंकू सिंह (12 गेंद में 20 रन) पर आउट करके अपने शानदार स्पैल का अंत किया।



विकेट लेने के बाद खुशी मनाते मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी। ● एजेंसी

शहर में लगातार बारिश के कारण तीन दिनों तक पिच कवर से ढकी रही। केकेआर ने सत्र की सबसे खराब शुरुआत की और अपने दोनों सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट (06) और सुनील नरेन (0) के विकेट सात गेंद के अंदर गंवा दिये।

सॉल्ट ने नुआन तुषारा पर पारी की पहली ही गेंद पर छक्का जड़ दिया लेकिन पांचवीं गेंद पर आउट हो गये। ओवर की अंतिम गेंद पर वेंकटेश अय्यर ने चौका जड़ा। सुनील नारायण (शून्य) खाता भी नहीं खोल सके और दूसरे ओवर की पहली गेंद पर बुमराह का शिकार हुए। बुमराह की इनस्विंग यार्कर ने उनके ऑफ स्टंप उखाड़ दिये। वेंकटेश अय्यर ने स्क्वायर लेग से फेंके गये थ्रो से चोट लगने के बाद कुछ उपचार के बाद मुंबई के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज पर आक्रमण कर एक छक्का और एक चौका लगाकर इस ओवर में 15 रन जुटाए। उनकी पारी ने सुनिश्चित किया कि केकेआर ने पावरप्ले में तीन विकेट पर 45 रन बनाए। बारिश के कारण पावरप्ले पांच ओवर का कर दिया गया था।

### केकेआर 157/7

16 ओवर, अतिरिक्त : 06

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट का कम्बोज बो तुषारा | 6 | 5 | 0/1 |
| सुनील नारायण बो बुमराह | 0 | 1 | 0/0 |
| वेंकटेश अय्यर का यादव बो चावला | 42 | 21 | 6/2 |
| श्रेयस अय्यर बो कम्बोज | 7 | 10 | 1/0 |
| नितीश राणा रन आउट | 33 | 23 | 4/1 |
| आंद्रे रसेल का कम्बोज बो चावला | 24 | 14 | 2/2 |
| रिंकू सिंह का किशन बो बुमराह | 20 | 12 | 0/2 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 17 | 8 | 1/1 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 2 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** नुआन तुषारा 3-0-31-1, जसप्रीत बुमराह 4-0-39-2, अंशुल कम्बोज 3-0-24-1, हार्दिक पंड्या 3-0-32-0, पीयूष चावला 3-0-28-2

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.476 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | +0.406 |
| चेन्नई | 12 | 6 | 6 | 12 | +0.491 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.769 |
| बेंगलुरु | 12 | 5 | 7 | 10 | +0.217 |
| गुजरात | 12 | 5 | 7 | 10 | -1.063 |
| मुंबई (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| पंजाब (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.423 |

## एंडरसन वेस्टइंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के बाद लेंगे संन्यास

लंदन, एजेंसी

महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने शनिवार को घोषणा की कि इस सत्र में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू शृंखला का पहला टेस्ट उनके अर्तलाष्ट्रीय करिअर का आखिरी मैच होगा। एंडरसन ने अपने 20 साल के करिअर में 700 टेस्ट विकेट लिए है। 2003 में पदार्पण करने वाले एंडरसन सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज के साथ इस प्रारूप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली सूची में मुथैया मुरलीधरन (800) और शेन वार्न (708) के बाद तीसरे स्थान पर है।



एंडरसन ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, सभी को नमस्कार। मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि आगामी घरेलू सत्र में लॉर्डस मैदान पर खेला जाने वाला पहला टेस्ट मेरा आखिरी टेस्ट होगा। जिस खेल को मैं बचपन से पसंद करता था उसमें अपने देश का 20 साल तक प्रतिनिधित्व करना अविश्वसनीय रहा है। इंग्लैंड के लिए खेलने की कमी मुझे बहुत खलेगी।

## भारत को ओलंपिक में अच्छे नतीजे मिलेंगे : किम

नई दिल्ली, एजेंसी

मशहूर तीरंदाजी कोच और मेंटोर किम ह्युंग ताक का मानना है कि हाल ही में विश्व कप में ऐतिहासिक स्वर्ण जीतने वाले भारतीय तीरंदाजों को मजबूत तकनीकी अभ्यास का फायदा ओलंपिक में मिलेगा जहां वे स्वर्ण पदक जीत सकते हैं। अभी तक तीरंदाजी में भारत के लिये एकमात्र ओलंपिक कोटा धीरज बोम्मादेवरा ने जीता है। किम ने सोनीपत में भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में कोचों के सेमिनार के बाद कहा भारतीय रिकर्व टीम ने काफी दमदार तकनीकी अभ्यास किया है। इससे उन्हें ओलंपिक में अच्छे नतीजे मिलने में मदद मिलेगी। अभ्यास और तैयारियों में निरंतरता बनाये रखने से पेरिस में पदक जीतना संभव है।

भारतीय रिकर्व तीरंदाज तुर्की के अंताल्या में 14 से 17 जून तक होने वाले आखिरी



क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में टीम कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। बोम्मादेवरा, तरूणदीप राय और प्रवीण जाधव ने 28 अप्रैल को शंघाई में ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को हराकर 14 साल बाद विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। किम ने कहा कि भारत के सीनियर तीरंदाज युवाओं की मदद करने को तत्पर रहते हैं। दीपिका और तरूणदीप जैसे सीनियर उन्हें मार्गदर्शन देते हैं। इससे टीम बनाने में मदद मिलती है।

### मनु और अनीश ओलंपिक चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान पर

**भोपाल।** ओलंपियन निशानेबाज मनु भाकर और अनीश भानवाला शनिवार को राइफल और पिस्टल के लिए ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में अपनी स्पर्धाओं के क्वालीफिकेशन राउंड में मजबूत स्कोर से शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। अनीश ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में 587 अंक के स्कोर से शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि मनु महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में 585 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। फाइनल आज होगा जिसमें क्वालीफाई करने वाले पांच निशानेबाजों महत्वपूर्ण पोडियम अंक जुटाने होंगे। महिलाओं की पिस्टल स्पर्धा में रिदम सांगवान 586 अंक से शीर्ष पर रहीं जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ 585 अंक के साथ मनु को पछाड़कर दूसरे स्थान पर रहीं। ईशा सिंह चौथे और अभिदन्या अशोक पाटिल पांचवें स्थान पर रहीं।

## ब्राजील की टीम से बाहर हुए नेमार



**रियो डी जनेरियो।** घुटने की गंभीर चोट से उबर रहे नेमार को कोपा अमेरिका अभियान के लिए ब्राजील की टीम से बाहर कर दिया गया है।अक्टूबर में बाएं घुटने के क्रूसिएट लिगामेंट के टूटने के बाद से नेमार ने नहीं खेला है और 32 वर्षीय खिलाड़ी के अमेरिका में 20 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए फिट होने की बहुत कम संभावना जताई गई थी।मैनचेस्टर यूनाइटेड के मिडफील्डर कासेमिरो और टोटेनहम हॉटस्पर के फॉरवर्ड रिचर्डसन भी टीम में जगह बनाने से चूक गए। दोना अपने-अपने क्लबों में खराब फॉर्म और चोटों से जूझ रहे हैं। मैनेजर डोरिवल जूनियर ने 23 सदस्यीय टीम में पाल्मेरास के किशोर एंड्रिक को नामित किया है। फारवर्ड जुलाई में 18 साल का होते ही रियल मैड्रिड में शामिल हो जाएगा, उन्होने वेम्बली स्टेडियम में इंग्लैंड पर 1-0 की जीत में और मार्च में सैंटियागो बर्नब्यू में स्पेन के खिलाफ 2-2 से ड्रा में ब्राजील के लिए गोल किया था। ब्राजील अपने कोपा अमेरिका अभियान की शुरुआत 24 जून को लॉस एंजिल्स में कोस्टा रिका के खिलाफ करेगा और ग्रुप चरण में पराग्वे और कोलंबिया से भी भिड़ेगा।

## बॉलीवुड हलचल



### सरफरोश के सीक्वल में काम करना चाहते हैं आमिर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान अपनी सुपरहिट फिल्म सरफरोश के सीक्वल में काम करना चाहते हैं। वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म सरफरोश में आमिर खान, सोनाली बेन्द्रे और नसीरउद्दीन साह ने मुख्य भूमिका निभायी थी। इस फिल्म में आमिर खान ने एक आईएएस ऑफिसर की भूमिका अदा की थी।फिल्म सरफरोश को रिलीज हुए 25 साल पूरे हो गए हैं। फिल्म के 25 साल पूरे होने पर आमिर खान और सरफरोश की टीम ने एक शानदार पार्टी रखी थी और जूहू के पीवीआर में स्पेशल स्क्रीनिंग रखी थी। आमिर खान ने खुलासा किया कि वह इस फिल्म के सीक्वल की तैयारी कर रहे हैं। सरफरोश 2 को लेकर आमिर खान ने कहा, मैं एक बात के बारे में कमिटेड हो सकता हूं, कि हम निश्चित रूप से इसके लिए सही स्क्रिप्ट और सही तरह की फिल्म के साथ आने के लिए वाकई में सीरियस होकर काम करेंगे।

### जापान में धूम मचा रही टाइगर 3

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की फिल्म टाइगर 3, जापान में धूम मचा रही है। यशराज बैनर तले बनी मनीष शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म टाइगर 3 पिछले साल प्रदर्शित हुई थी। टाइगर 3 में सलमान खान, कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म टाइगर 3 जापान में रिलीज की गई है। जापान में इंडियन फिल्मों का बहुत क्रेज है। जापान में फिल्म टाइगर 3 के रिलीज के एक सप्ताह पूरे हो गए हैं। जापान में फिल्म की रिलीज से पहले सलमान खान ने जापानी फैंस के




लिए एक मैसेज भी छोड़ा था। सलमान खान इस वीडियो में कहते दिख रहे थे कि वह फिल्म टाइगर 3 के जापान में रिलीज होने पर बेहद एक्साइटेड हैं और फिल्म की रिलीज के मौके पर जापान में होना चाहते थे। टाइगर 3 ने जापान में सात दिनों में करीब 15 मिलियन की कमाई कर ली है।

### निर्देशन की दुनिया में आए बोमन ईरानी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी ने द मेहता बॉयज के साथ निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है। बोमन ईरानी एक दशक से अधिक समय से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। वह अब एक फिल्म निर्माता के रूप में, अपनी बहुप्रतीक्षित निर्देशित पहली फिल्म द मेहता बॉयज के साथ चर्चा में हैं। अपने निर्देशन की पहली फिल्म द मेहता बॉयजमें बोमन ईरानी ने अविनाश तिवारी और श्रेया चौधरी के साथ अभिनय किया है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



चमोली : हेमकुंड साहिब के गुरुद्वारा परिसर में जमी बर्फ को हटाने का काम जारी है। भारतीय सेना के जवान परिसर से बर्फ हटाते हुए। ● एजेंसी

# ऑरोरा की रंग बिरंगी रोशनी से नहाया लद्दाख का आसमान


संवाददाता, नैनीताल

● दोरजे अंगचुक देश के सर्वश्रेष्ठ एस्ट्रो फोटोग्राफरों में से एक

**अमृत विचार :** लदाख में दुर्लभ ऑरोरा रंग बिरंगी रोशनी की दुर्लभ खगोलीय घटना देखी गई। लद्दाख वेधशाला के प्रभारी इंजीनियर का दोरजे अंगचुक ने ऑरोरा की तस्वीर कैमरे में कैद की हैं। आने वाले दिनो में भी यह घटना देखी जा सकेगी।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के निदेशक व सौर विज्ञानी प्रो दीपांकर बनर्जी ने बताया कि लदाख से पिछली बार, लगभग एक वर्ष पूर्व लद्दाख के हानले स्थित वेदशाला से डिटेक्ट की गई थी। भारत के लद्दाख में ऑरोरा देखा जाना देश ही नही बल्कि दुनिया के लिए बड़ी खबर है। इनके भविष्य में देखे जाने के संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। मगर यह पृथ्वी की दिशा में आने वाले सौर तूफानों पर निर्भर करता है। उन्होंने बताया कि का दोरजे अंगचुक देश के सर्वश्रेष्ठ एस्ट्रो फोटोग्राफरों में से एक हैं। लद्दाख में ऑरोरा की तस्वीरें कैमरे मे उतारने के लिए जुटे हुए हैं। यह 25 वा सोलर साइकिल चल रहा है। इन दिनों सूर्य मैक्सिमा यानी अत्यधिक सक्रियता के दौर से गुजर रहा है। जिस कारण पृथ्वी के ध्रुवीय व चुम्बकीय क्षेत्रों में मनमोहक रंग में ऑरोरा नजर आते रहेंगे। लद्दाख के का दोरजे अंगचुक से फोन पर हुई वार्ता में उन्होंने बताया कि बीती रात तीन बजे तक ऑरोरा की तलाश में जुटे रहे। रात दो से तीन बजे के बीच स्याह अंधेरे में ऑरोरा की तस्वीरें कैमरे में कैद करने की सफलता मिल गई।

उन्होंने बताया कि इन दिनों सूर्य बेहद सक्रिय है और सूर्य की सतह से निरंतर सौर भभुकाएँ ( ज्वालाएं) उठ रही हैं। जिस कारण दुर्लभ ऑरोरा पृथ्वी के चुम्बकीय क्षेत्रों में पहुच रहे हैं। जिनके अगले कुछ दिन देखे जाने की संभावना बनी हुई है।




## एक नजर

### उत्तरी अफगानिस्तान में बाढ़ से 300 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ में 300 से अधिक अफगान लोगों की मौत हुई है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने कहा है कि बाढ़ की वजह से उत्तरी प्रांत बगलान में 1,000 से अधिक घर भी नष्ट हो गए हैं। यह बाढ़ पिछले कुछ हफ्तों में अफगानिस्तान में असामान्य रूप से भारी बारिश के बाद आई। देश का उत्तरी क्षेत्र बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित हुआ है। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि इस विनाशकारी बाढ़ में सैंकड़ों लोगों की मौत हुई है जबकि काफी संख्या में लोग घायल हुए हैं।

### पाकिस्तानी ड्रोन पर जवानों ने की फायरिंग

**श्रीनगर।** बीएसएफ के सतर्क जवानों ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब मंडरा रहे पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलीबारी की। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि बीएसएफ के जवानों ने शुक्रवार देर रात सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर के नारायणपुर इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक पाकिस्तानी ड्रोन देखा। ड्रोन को रोकने के लिए कुछ राउंड गोलीबारी की।

### पाकिस्तान में मुठभेड़ में पांच सैनिक मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में शनिवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में पांच सैनिकों की मौत हो गयी। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। मुठभेड़ स्थानीय समयानुसार सुबह पूर्वाह्न 8 :30 बजे हुई। प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में बम निरोधक दल को ले जा रहे एक सैन्य वाहन शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण की चपेट में आ गया। जिसके बाद वाहन पर घात लगाकर बैठे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी।

### अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** फार्मा ओपियोइड्स को बड़ा झटका देते हुये एसटीएफ ने हिमाचल प्रदेश के बद्दी में एक फार्मा फैक्ट्री से चल रहे अवैध साइकोट्रोपिक पदार्थों और आपूर्ति इकाइयों के निर्माण के एक अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि 70 .42 लाख नशीली गोलियां/कैप्सूल, 725 .5 किलोग्राम नशीली ट्रामाडोल पाउडर सहित सात ड्रग तस्करों/आपूर्तिकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया।

# कुवैत के अमीर ने भंग की संसद

## राजनीतिक उठापटक के बीच विभाग कंट्रोल में लिए, कहा-देश के लिए मुश्किल फैसला लिया

कुवैत, एजेंसी

तेल की अकूत संपदा से मालामाल खाड़ी देश कुवैत के नए अमीर शेख मिशाल ने संसद को भंग कर दिया है। अमीर ने सरकारी टीवी पर एक संबोधन में इसकी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने संविधान के कुछ अनुच्छेदों को भी निलंबित कर दिया है। कहा गया है कि ये संविधान पर निलंबन चार साल से ज्यादा नहीं होगा। इस दौरान देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सभी पहलुओं का अध्ययन किया जाएगा। सरकारी टीवी के मुताबिक, इस दौरान नेशनल असेंबली की सभी शक्तियां अमीर और देश की कैबिनेट के पास होंगी।

83 साल के कुवैती अमीर ने कहा कि कुवैत हाल ही में कुछ कठिन समय से गुजर रहा है, जिससे देश को बचाने और अपने उच्चतम हितों को सुरक्षित करने के लिए कड़े फैसले लेने में झिझक या देरी के लिए कोई जगह नहीं बचती है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले कुछ वर्षों राज्य के अधिकांश विभागों में भ्रष्टाचार की पहुंच से कुवैत का माहौल खराब हुआ है। दुर्भाग्य से भ्रष्टाचार सुरक्षा और आर्थिक संस्थानों तक पहुंच गया है। उन्होंने न्याय प्रणाली में भी भ्रष्टाचार होने की बात कही है।

सालों से चल रहा राजनीतिक संकटकुवैत पिछले कुछ सालों से घरेलू राजनीतिक विवादों से घिरा रहा है. देश का वेल्फेयर सिस्टम इस संकट का एक प्रमुख मुद्दा रहा है और इसने सरकार को कर्ज लेने से रोका है. इसकी वजह से अपने तेल भंडार से भारी मुनाफे के बावजूद सरकारी खजाने में पब्लिक सेक्टर के कर्मचारियों को वेतन देने के लिए बहुत कम पैसे बचे हैं. कुवैत में भी दूसरे अरब देशों की तरह शेख वाली राजशाही सिस्टम है, लेकिन यहां की विधायिका पड़ोसी देशों से ज्यादा पावरफुल मानी जाती है।

कुबैत की संसद भंग होने के बाद प्रमुख देश यहां की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।



### लोकतंत्र के गलत इस्तेमाल की कही बात

कुवैती अमीर ने कहा कि मैं देश को बर्बाद करने के लिए लोकतंत्र के गलत इस्तेमाल की अनुमति कभी नहीं दूंगा। क्योंकि कुवैत के लोगों का हित सबसे ऊपर है। कुवैत ने लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक गतिरोध से बाहर निकलने की कोशिश में इसी अप्रैल में राष्ट्रीय चुनाव करवाए थे, जो पिछले कुछ वर्षों में चौथी बार था। कुवैत में भी अरब देशों की तरह शेख वाली राजशाही व्यवस्था है, लेकिन यहां पर विधायिका पड़ोसियों के मुकाबले अधिक प्रभाव रखती है। पिछले कई वर्षों से कुवैत घरेलू राजनीतिक विवाद में फंसा हुआ है। इस गतिरोध ने शेखशाही व्यवस्था को कर्ज लेने से रोक दिया है। इसके चलते तेल भंडार से अपार धन कमाने के बावजूद कुवैत के खजाने में सरकारी कर्मचारियों को वेतन देने के लिए बहुत कम राशि बची है।

### 28 सालों में 12 बार कुवैत की संसद भंग हुई है

कतर की संसद में 50 सदस्य होते हैं, जिसका नेता प्रधानमंत्री होता है। ये सारे सदस्य निर्दलीय रूप से चुने जाते हैं, क्योंकि कुवैत में राजनीतिक पार्टियां पर प्रतिबंध है। इसके अलावा 16 सदस्यों की एक कैबिनेट होती है, जिसे पीएम खुद चुनते है। हालांकि प्रधानमंत्री का पद पर नियुक्ति कुवैत के अमीर ही करते है। और संसद पर भी उन्हीं की ही पकड़ होती है।वे जब चाहे संसद को भंग कर सकते हैं। हालांकि असेंबली भंग करने के 2 महीनों के अंदर ही चुनाव करवाने होते हैं। इससे पहले भी कुवैत की संसद कई बार भंग की जा चुकी है। 2006 से 2024 के बीच लगभग 12 बार कुवैत की जनरल असेंबली को भंग किया जा चुका है। बीबीसी के मुताबिक कुवैत के इतिहास में राजनीतिक उठापटक के कारण 4 बार संसद को भंग किया गया है।

# आईएमएफ को कर्ज चुकाने की पाकिस्तान की क्षमता पर संदेह

**इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि पाकिस्तान को कर्ज चुकाने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वैश्विक वित्तीय निकाय ने नकदी की कमी से जूझ रहे देश की कर्ज चुकाने की क्षमता पर संदेह किया है। एक मीडिया रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के बारे में वाशिंगटन स्थित बैंक का आकलन ऐसे वक्त में आया है, जब आईएमएफ सहायता दल शुक्रवार को यहां अधिकारियों के साथ बातचीत करने के लिए पहुंचा है। ईएफएफ के तहत नए राहत पैकेज का अनुरोध किया था।

# रूस ने उत्तर-पूर्वी यूक्रेन के पांच गांवों पर नियंत्रण का दावा किया

कीव, एजेंसी

रूस के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को दावा किया कि रूसी बलों ने उत्तर-पूर्वी यूक्रेन के पांच गांवों पर नियंत्रण हासिल कर लिया है। यूक्रेन के पत्रकारों ने शुक्रवार को बताया कि रूसी सैनिकों ने बोरिसिव्का, ओहिरत्सेव, पिल्ना और स्ट्राइलेचा गांवों पर कब्जा कर लिया है और ये सभी गांव यूक्रेन के खार्किव क्षेत्र में स्थित हैं।

रूसी अधिकारियों ने यह भी दावा किया कि उन्होंने प्रांत पर किए गए हालिया हमले में एक अन्य गांव प्लेटेनिव्का पर भी कब्जा कर लिया है। यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा कि रूसी बलों के हमले के कारण 1,700 से अधिक आम लोगों को क्षेत्र से निकलना पड़ा।

### लुगांस्क पर हमले में तीन लोगों की मौत

**लुगांस्क।** यूक्रेन ने रूस के कब्जे वाले शहर लुगांस्क के बाहरी क्षेत्र रोवेंकी में एक तेल डिपो पर मिसाइल हमला किया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गये। स्थानीय नेता लियोनिद पासेचनिक ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा लुगांस्क के रोवेन्की पर आज का हमला संभवत : क्लस्टर हथियारों से लैस अमेरिकी निर्मित एटीएसीएमएस मिसाइलों के साथ किया गया।

# छह आतंकवादियों के पुलिस ने जारी किए स्केच

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में हुई मुठभेड़ में शामिल छह आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, इन आतंकवादियों ने पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसपैठ की और घने जंगलों में भागने से पहले गोलीबारी में एक गांव के रक्षा गार्ड की गोली मारकर हत्या कर दी।

उधमपुर के एसएसपी जोगिंदर सिंह ने आतंकवादियों के एक सहयोगी की गिरफ्तारी के साथ इस मामले में पहली सफलता मिलने की घोषणा की। आतंकवादियों के इस सहयोगी ने सीमा पार से घुसपैठ के बाद आतंकियों को इलाके तक पहुंचने में मदद की थी। एसएसपी सिंह ने कहा कि छह आतंकवादियों के स्केच विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों, जनता और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ के आधार पर तैयार किए गए हैं।

### शोपियां में दो आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि शोपियां पुलिस, सेना की 44 राष्ट्रीय राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ( सीआरपीएफ) की 14 बटालियन की संयुक्त टीम ने दोनों आतंकवादी सहयोगियों को मलिक चेक क्रॉसिंग पर गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि दोनों आतंकवादी सहयोगियों के नाम सुहैब इकबाल मलिक और तुफैल यूसुफ मलिक है और दोनों शोपियां के बाबा मोहल्ला में रहते हैं।

# पाकिस्तान की शीर्ष अदालत के फैसले के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन ने 27 आरक्षित सीट गंवायी

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पीएमएल-एन की अगुवाई वाले सत्तारूढ़ गठबंधन को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि प्रांतीय एसेम्बली के अध्यक्ष ने 27 जन प्रतिनिधियों की सदस्यता स्थगित कर दी है। मीडिया ने यह जानकारी दी है। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने एक निचली अदालत के उस फैसले को निलंबित कर दिया जिसमें उसने सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल को महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीट में उसका हिस्सा देने से इनकार कर दिया था।

प्रांतीय एसेंबली के अध्यक्ष मोहम्मद अहमद खान ने आरक्षित सीट पर नियुक्त की गयी महिलाओं और गैर मुसलमानों की सदस्यता स्थगित कर दी। उन्हें पाकिस्तान निर्वाचन आयोग की पिछली अधिसूचनाओं के मार्फत आरक्षित सीट पर नियुक्त किया गया था। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने यह खबर दी है।

### मनमोहक



हिमाचल प्रदेश में कई जिलों में अंधड़ के साथ बादल बरसे। शिमला में झमाझम बारिश के बीच माल रोड से गुजरता व्यक्ति। ● एजेंसी

# आपातकालीन सेवाओं के लिए खुला रहेगा भारतीय वाणिज्य दूतावास

**न्यूयॉर्क।** यहां भारत के महावाणिज्य दूतावास ने घोषणा की है कि आपात स्थिति के मामले में लोगों की भारत यात्रा में मदद और सुविधा प्रदान करने के लिए यह सभी छुट्टियों सहित पूरे वर्ष खुला रहेगा। वाणिज्य दूतावास ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह आम जनता की आपातकालीन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शनिवार और रविवार सहित अन्य सार्वजनिक छुट्टियों के दौरान अपराह्न दो बजे से शाम चार बजे तक खुला रहेगा। यह सुविधा वास्तविक आपात स्थिति वाले लोगों के लिए है। उसने आवेदकों को सलाह दी कि किसी भी आपातकालीन सेवा के लिए आने से पहले उन्हें संबंधित सेवा से जुड़े सहायक दस्तावेजों के बारे में पता लगाने के वास्ते दूतावास के आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करना चाहिए।

# दस नेपाली पेशेवर पर्वतारोहियों ने माउंट एवरेस्ट फतह की

काठमांडू, एजेंसी

● इस मौसम में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने वाला पहला दल

नेपाल के दस पेशेवर पर्वतारोहियों ने शुक्रवार रात को माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने में सफलता हासिल की। यह इस मौसम में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने वाला पहला अभियान दल है। इस पर्वतारोहण अभियान का आयोजन करने वाले सेवन समिट ट्रैक के कर्मी थानी गुरगैन ने कहा कि डेंडी शेरपा के नेतृत्व में पर्वतारोहियों की टीम शुक्रवार रात सवा आठ बजे 8,848.86 मीटर ऊंची शिखर पर पहुंची।

पर्वतारोही रस्सियां लगाते हुए पर्वत शिखर पर पहुंचे। ये रस्सियां पर्वतारोहियों को पर्वत पर चढ़ने में सुविधा प्रदान करेंगी। पर्यटन विभाग के पर्वतारोहण अनुभाग के एक अधिकारी चुन बहादुर तमांग ने शुक्रवार रात एक नोटिस जारी करते हुए कहा कि रस्सी लगाने का काम पूरा होने के बाद माउंट एवरेस्ट अब नेपाल और विदेशी पर्वतारोहियों की चढ़ाई के लिए खुल गया है। विभाग के मुताबिक एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ने वाले अन्य पर्वतीय गाइडों में तेनजिंग ग्यालजेन शेरपा, पेम्बा ताशी शेरपा, लकपा शेरपा, दावा रिनजी शेरपा, दावा शेरपा, पाम सोरजी शेरपा, सुक बहादुर तमांग, नामग्याल दोरजे तमांग और लकपा रिनजी शेरपा शामिल हैं।

# गाजा में इजरायली बमबारी में 31 लोगों की मौत, कई घायल

गाजा, एजेंसी

● सुरक्षा की तलाश में 110,000 लोगों को राफा से विस्थापित

गाजा पट्टी के विभिन्न इलाकों में इजरायली बमबारी में करीब 31 लोग मारे गये व कई अन्य घायल हो गये। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने यह जानकारी दी। इजरायली लड़ाकू विमानों ने शुक्रवार को मध्य गाजा पट्टी के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिसमें करीब 24 लोग मारे गए। इसके गाजा के उत्तरी क्षेत्र जबालिया में सात अन्य लोग मारे गये।

मिस्र के काहिरा में गुरुवार को इजरायल-हमास संघर्ष विराम पर आयोजित वार्ता विफल होने के बाद इजराइल ने राफा पर हमले तेज कर दिये हैं। संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कहा कि शहर में इजरायली बमबारी तेज होने के कारण सुरक्षा की तलाश में लगभग 110,000 लोगों को राफा से विस्थापित होना पड़ा। एजेंसी ने बताया कि राफा में 34 यूएनआरडब्ल्यूए चिकित्सा बिंदुओं में से दस को बंद कर दिया गया था और क्षेत्र में इसके तीन परिचालन स्वास्थ्य केंद्र कम क्षमता पर काम कर रहे थे।



### इजराइल ने रफह को खाली करने का नया आदेश जारी किया

**रफह।** इजराइल ने अमेरिका और अन्य देशों की ओर से बढ़ते दबाव को दरकिनार करते हुए अपने सैन्य अभियान को बढ़ाने के लिए गाजा के दक्षिणी शहर रफह को खाली करने का नया आदेश जारी किया है, जिसके चलते हजारों और लोगों को दूसरे स्थानों पर जाने को मजबूर होना पड़ा है। इजराइल की सेना ने यह भी कहा कि वह तबाह हुए उत्तरी गाजा में घुस रही है, जहां उसके दावे के अनुसार आतंकवादी समूह हमास फिर से संगठित हो गया है। इजराइल ने अब रफह के पूर्वी तिहाई हिस्से को खाली करा दिया है, जिसे गाजा में आखिरी शरणस्थली माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य ने चेतावनी दी है कि इजराइल की योजना के अनुसार रफह पर पूरी तरह से आक्रमण होने से मानवीय कार्य ठप हो जाएंगे और हताहतों की संख्या में भारी वृद्धि होगी।

# अगरतला महिला कॉलेज में मोबाइल फोन पर लगा प्रतिबंध

**अगरतला।** त्रिपुरा के अगरतला में महिला कॉलेज की प्रधानाचार्या ने पढ़ाई में विघ्न पढ़ने के कारण मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रधानाचार्या सरबरी नाथ ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा हमारे संज्ञान में आया है कि किशोरियां मोबाइल फोन की आदी होती जा रही हैं और अगर अध्यापिका उनके पास से गुजर भी जाएं तो उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता, यानी कि शिक्षण-अधिगम गतिविधियों को प्रभावित करने के साथ-साथ छात्रों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन जाता है। ज्यादातर विद्यार्थी पूरी तरह से फोन में व्यस्त होते जा रहे हैं, हालांकि उनके आस-पास बहुत सी चीज़ें घटित होती हैं, फिर भी वे ऊपर तक नहीं देखते जो बहुत निराशाजनक है। किशोर और किशोरियां कॉलेज आते हैं और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हैं लेकिन अब कॉलेज परिसर में कोई शोर नहीं है, हर कोई मोबाइल पर व्यस्त है।


**रणनीति** — मालदीव सरकार का भारत के डॉक्टरों को हटाने का कोई इरादा नहीं

# भारतीय सैनिकों की जगह असैन्य कर्मी तैनात

मालदीव माले, एजेंसी

मालदीव सरकार ने शनिवार को कहा कि देश में 76 भारतीय सैन्यकर्मियों की जगह हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के असैन्य कर्मचारियों ने ले ली है। एचएएल ने भारत द्वारा उपहार में दिए गए दो हेलीकॉप्टर का निर्माण किया था।

इस प्रकार स्वदेश लौटने वालों की सटीक संख्या पर संशय भी समाप्त हो गया। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि मालदीव सरकार का सेनहिया में तैनात भारत के डॉक्टरों को हटाने का कोई इरादा नहीं है। नई दिल्ली में फरवरी में दोनों देशों के बीच एक समझौते के बाद निर्धारित 10 मई की समयसीमा के अनुसार, मालदीव में हेलीकॉप्टर और डोर्नियर विमान के दो मंचों के संचालन के लिए तैनात भारतीय सैन्यकर्मियों को शुक्रवार तक वापस भेज दिया गया था। यह समझौता चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की नवंबर में उनके पदभार संभालने के कुछ घंटों के भीतर की गई मांग का परिणाम था।



न तो नयी दिल्ली और न ही माले ने समझौते का विवरण सार्वजनिक किया है। मालदीव ने इसे गोपनीय करार दिया है। स्थानीय मीडिया की खबरों में जमीर के भारत की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा से लौटने के एक दिन बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किए जाने का संदर्भ दिया गया जिसमें हनीमाधू, कधधू और गान में तैनात भारतीय सैनिकों की उपस्थिति का ब्योरा दिया गया था।

इस बीच, एक समाचार पोर्टल की खबर में जमीर को उद्धृत करते हुए कहा गया 7 मार्च से 9 मार्च के बीच गान से 26 सैनिक हटाए गए, जबकि सात अप्रैल से नौ अप्रैल के बीच हनीमाधू से 25 अन्य सैनिक हटाए गए और मंगलवार को 12 सैनिक कधधू से हटाए गए। 13 जवानों का अंतिम जत्था बृहस्पतिवार को कधधू से स्वदेश वापस चला गया। खबर में कहा गया कि भारत से आया असैनिक चालक दल 2026 में देश से जाएगा। इसमें कहा गया कि गान में 26 सदस्यीय दल की अनुबंध अवधि फरवरी 2025 में समाप्त हो जाएगी। कधधू में 25 सदस्यीय दल की अनुबंध अवधि भी फरवरी 2025 में समाप्त होगी।

# पाक राष्ट्रपति जरदारी को भ्रष्टाचार के दो मामलों में छूट मिली

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को शनिवार को भ्रष्टाचार के दो मामलों में राष्ट्र प्रमुख के रूप में अभियोजन से छूट मिल गई। राष्ट्रीय भ्रष्टाचार रोधी निगरानी संस्था राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) द्वारा उनके खिलाफ पार्क लेन और तोशाखाना मामले दर्ज किए गए थे। इस्लामाबाद स्थित जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा मामलों की सुनवाई कर रहे थे। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार 68 वर्षीय जरदारी ने दो मामलों में छूट अनुरोध किया था। न्यायाधीश ने राष्ट्रपति की याचिका पर एक लिखित निर्णय जारी किया और उनके खिलाफ सभी कार्यवाही रोक दी। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष जरदारी को मार्च में पांच साल के लिए पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति के रूप में चुना गया था।